5वां तल, टॉवर बी
पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऊर्जा भवन,
प्लॉट नं. 5, वसंत कुंज,
नेल्सन मंडेला मार्ग, नई दिल्ली 110070
सीआईएन यू 74899 डीएल 1965 जीओआई 004343

ओएनजीसी विदेश लिमिटेड
निदेशक मंडल के आदेश से

ह०

(एस. बी. सिंह)
कंपनी सचिव

तिथि 28 सितंबर 2017
स्थान : नई दिल्ली

फॉर्म संख्या एमजीटी 11

परोक्षी के लिए फॉर्म

(कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 105 (6) और कंपनी (प्रबंधन एवं संचालन) नियम, 2014 के नियम 19 (3) के अनुसरण में)

सीआईएनः यू 74899 डीएल 1965 जीओआई 004343

कंपनी का नाम : ओ एन जी सी विदेश लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय : 5वां तल, टॉवर बी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऊर्जा भवन, प्लॉट सं. 5, वसंत कुंज, नेल्सन मंडेला मार्ग, नई दिल्ली – 110070

सदस्य (सदस्यों) के नाम : पंजीकृत पता : ई मेल आई डी : फोलियो संख्या / ग्राहक आई डी :

मैं / हम, उपर्युक्त उल्लिखित कंपनी के.....शेयरों के सदस्य (सदस्यों) के रूप में, एतद्द्वारा निम्नलिखित व्यक्ति

1. नामः .....

पताः .....

ई मेल आई डीः .....हस्ताक्षरः ....., अथवा उनके उपस्थित नहीं रहने पर

2. नामः .....

पताः.....

ई मेल आई डीः .....हस्ताक्षरः ....., अथवा उनके उपस्थित नहीं रहने पर

3. नामः .....

पताः.....

ई मेल आई डीः .....हस्ताक्षरः ....

को दिनांक ....., 2017 को ..... बजे बोर्ड कक्ष,5 वां तल, टॉवर बी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऊर्जा भवन, प्लॉट सं. 5, वसंत कुंज, नेल्सन मंडेला मार्ग, नई दिल्ली – 110 070 में आयोजित कंपनी की 52वीं वार्षिक आम बैठक और तत्संबंधी कार्य – स्थगन में मेरी / हमारी ओर से उपस्थित होने और ऐसे संकल्पों पर, जो नीचे दर्शाए गए हैं मेरे / हमारे लिए मत देने के लिए मेरे / हमारे परोक्षी के रूप में नियुक्त करता हूँ / करते हैं :

क्र. सं.	संकल्प	पक्ष में	विपक्ष में
1.	दिनांक 31 मार्च, 2017 को समाप्त वित्तीय वर्ष को निदेशक मंडल की रिपोर्ट के साथ कंपनी के अंकेक्षित वित्तीय विवरण (एकल और समेकित वित्तीय विवरण) तथा उसके साथ निदेशक मंडल की रिपोर्ट और उन पर सांविधिक लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट तथा कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143 (6) के अनुसार भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की टिप्पणियों को प्राप्त करने, उस पर विचार और उसे स्वीकृति प्रदान करने के लिए।		
2.	31 मार्च 2017 को समाप्त वर्ष के लिए लाभांश की घोषणा		
3.	श्री नरेन्द्र के. वर्मा, जो क्रमावर्त में सेवानिवृत्त हो रहे हैं, की पुनर्नियुक्ति।		
4.	श्री सुधीर शर्मा जो क्रमावर्त में सेवानिवृत्त हो रहे हैं, की पुनर्नियुक्ति।		
5.	सांविधिक लेखा परीक्षकों की पारिश्रमिक का निर्धारण।		
6.	श्री अजय मल्होत्रा की एक स्वतंत्र निदेशक के रूप में नियुक्ति।		
7.	श्री भार्तेन्दु नाथ श्रीवास्तव की एक स्वतंत्र निदेशक के रूप में नियुक्ति।		
8.	श्रीमती किरण ओबेरॉय वासुदेव की एक स्वतंत्र निदेशक के रूप में नियुक्ति।		
9.	श्री राकेश कक्कर की एक स्वतंत्र निदेशक के रूप में नियुक्ति।		

..... 2017 के ..... दिवस को हस्ताक्षरित

15 पैसे का राजस्व टिकट चिपकाएं

शेयरधारक के हस्ताक्षर

परोक्षी धारक (धारकों) के हस्ताक्षर

टिप्पणी : परोक्षी का यह प्रपत्र प्रभावी होने के लिए विधिवत हस्ताक्षरित होना और पूरी तरह भरा जाना चाहिए और कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में बैठक के प्रारंभ होने से न्यूनतम 48 घंटे पूर्व जमा किया जाना चाहिए।

ओएनजीसी विदेश लिमिटेड

सीआईएन : यू 74899 डीएल 1965 जीओआई 004343

पंजीकृत कार्यालयः टॉवर बी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऊर्जा भवन, प्लॉट नं. 5, वसंत कुंज
नेल्सन मंडेला मार्ग, नई दिल्ली – 110070

उपस्थिति पर्ची

कृपया उपस्थिति पर्ची भर कर बैठक कक्ष के प्रवेश पर सौंप दें:

शेयर धारक का नाम व पता :

फोलियो नं. :

शेयरों की संख्या :

मैं एतत्द्वारा 5वां तल, टॉवर बी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऊर्जा भवन, प्लॉट नं. 5, वसंत कुंज, नेल्सन मंडेला मार्ग, नई दिल्ली : 110070 पर स्थित बोर्ड कक्ष में 28 सितंबर 2017 को प्रातः 09:30 बजे आयोजित कंपनी की 52वीं वार्षिक आम बैठक में मेरी उपस्थिति दर्ज करता हूँ।

शेयर धारक/परोक्षी के हस्ताक्षर

बोर्ड की रिपोर्ट

प्रिय सदस्यगण,

आपकी कंपनी के निदेशक मंडल की ओर से 31 मार्च 2017 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष के लिए ओएनजीसी विदेश लिमिटेड (ओएनजीसी विदेश) के कारोबार और प्रचालनों की 52वीं वार्षिक रिपोर्ट को कंपनी के वार्षिक वित्तीय विवरण, उससे संबंधित लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट और संवैधानिक लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट व उनके साथ उन पर भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सी एंड एजी). की टिप्पणियों के साथ आपके समक्ष प्रस्तुत करते हुए मुझे अत्यंत प्रसन्नता का अनुभव हो रहा है।

1. प्रदर्शन के मुख्य अंश :

ओएनजीसी विदेश ने वित्त वर्ष 2017 के दौरान 242,702 बैरल तेल तथा तेल समतुल्य गैस प्रति दिन का उत्पादन किया और 31 मार्च 2017 की स्थिति के अनुसार इसके पास लगभग 703.805 एमएमटीओई कुल तेल और गैस (2पी) भंडार हैं। वित्त वर्ष 2017 के दौरान तेल एवं गैस उत्पादन में विगत राजकोषीय वर्ष वित्त वर्ष 2016 के दौरान हुए उत्पादन की तुलना में 43.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई है (तेल में 53.1 प्रतिशत तथा गैस में 28.3 प्रतिशत की वृद्धि)।

नए क्षितिज की ओर

ओएनजीसी विदेश की अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली अनुशंगी कंपनियों, नामतःओएनजीसी नाइल गंगा बीवी, ओएनजीसी अमेजन अलकनंदा लिमिटेड, इंपीरियल एनर्जी लिमिटेड, काराबोबो वन एबी तथा ओएनजीसी विदेश सिंगापुर पीटीई लि. के साथ, तेल तथा तेल समतुल्य गैस (ओ + ओ ई जी) का उत्पादन, वित्त वर्ष 2016 के दौरान के 8.916 एमएमटीओई की तुलना में वित्त वर्ष 2017 के दौरान 12.803 एमएमटीओई रहा। समग्र तेल उत्पादन वित्त वर्ष 16 के 5.510 एमएमटी की तुलना में वित्त वर्ष 17 के दौरान 8.434 एमएमटी रहा (53.1 प्रतिशत अधिक) और गैस का उत्पादन वित्त वर्ष 2016 के दौरान के 3.406 बीसीएम की तुलना में वित्त वर्ष 2017 के दौरान बढ़कर 4.369 बीसीएम हो गया (28.3 प्रतिशत अधिक)।

वित्त वर्ष 2017 के दौरान, कंपनी ने ₹7,010 मिलियन का लाभ कमाया, जबकि पिछले वर्ष ₹36,325 मिलियन का घाटा हुआ था। यह कायापलट मुख्य रूप से रूस की वैंकोरनेफ्ट परियोजना में 26 प्रतिशत हिस्से का अधिग्रहण से हुआ लाभ और वर्ष के दौरान निम्नतर क्षरण था।

2. वित्तीय परिणाम

क) समेकित इंड एएस वित्तीय विवरणः

मुख्य अंशः (₹ मिलियन में)

विवरण	2016-17	2015-16
कुल आय	118,132	115,206
व्यय	105,063	154,936
कर पूर्व लाभ / (घाटे)	13,069	(39,730)
कर के प्रावधान (लंबित व पूर्व अवधि के कर सहित)	6,094	(3,329)
लाभ का अंश – (अल्पसंख्य ब्याज)	(35)	(76)
कर पश्चात लाभ / (हानि)	**7,010**	**(36,325)**
चूकता इक्विटी अंश पूंजी	150,000	100,000
निवल मूल्य	460,247	442,547
₹100 प्रत्येक की प्रति शेयर आय (आंकड़े रुपए में)	4.95	(31.40)
तनुकृत	4.67	(24.22)

ख) एकल इंड एएस वित्तीय विवरण

(₹ मिलियन में)

विवरण	2016-17	2015-16
कुल आय	77,455	77,650
व्यय	51,043	117,190
कर पूर्व लाभ / (घाटे) कर प्रावधान (आस्थगित पूर्व अवधि कर सहित)	26,412	(39,540)
कर प्रावधान (आस्थगित पूर्व अवधि कर सहित)	8,918	(596)
कर पश्चात लाभ / (घाटे)	**17,494**	**(38,944)**
सामान्य आरक्षित निधि में अंतरण	-	-
ऋणपत्र मोचन आरक्षित निधि में अंतरण	20,461	30,039
चूकता इक्विटी अंश पूंजी	150,000	100,000
निवल मूल्य	317,332	299,402
₹100 प्रत्येक (आंकड़े ₹ में) के प्रति शेयर पर अर्जन मूल	12.34	(33.66)
तनुकृत	11.66	(25.96)

'तनुकृत साधारण आरक्षित निधि से अंतरण सहित

ग) लाभांश :

वित्त वर्ष 2016– 17 के लिए आपके निदेशकों ने ₹1.40 प्रति शेयर के लांभांश की सिफारिश की है जो ₹2,100 मिलियन बैठता है।

घ) बाजार ऋण :

(i) घरेलू बाजार में जारी किए गए ऋण पत्रों के ब्यौरे :

विवरण	राशि (₹) मिलियन में	निकासी की तिथि	परिपक्वता तिथि	अवधि (वर्ष)	प्रयोजन
8.54: प्रत्याभूत गैर परिवर्तनीय निर्मोच्य ऋणपत्र श्रृंखला	3,700	6 जनवरी 2010	6 जनवरी 2020	10	इंपेरियल एनर्जी पीएलसी, ब्रिटेन के अधिग्रहण के निधियन हेतु जारी किए वाणिज्यिक पत्रों के अंश पुनर्वित्त के लिए।

ऑफशोर फील्ड अडाप्टू, सखालिन–1

विवरण	राशि + (यूरो) मिलियन में	निकासी की तिथि	परिपक्वता तिथि	अवधि (वर्ष)	प्रयोजन
2.50 प्रतिशत 300 मिलियन अमेरिकी डॉलर बॉण्ड	300	7 मई, 2013	7 मई, 2018	5	अजरबैजान में एसीजी परियोजना में भागीदारी हित के अर्जन के लिए वित्त वर्ष 2013 में लिए गए ब्रिज लोन का पुनः वित्तीयकरण करने के लिए।
3.75 प्रतिशत 500 मिलियन अमेरिकी	550	7 मई, 2013	7 मई, 2018	5	अजरबैजान में एसीजी परियोजना में भागीदारी हित के अर्जन के लिए वित्त वर्ष 2013 में लिए गए ब्रिज लोन का पुनः वित्तीयकरण करने के लिए।
1,775 मिलियन अमेरिकी डॉलर सिंडीकेट बैंक ऋण सुविधा	1775	27 नवंबर, 2015	27 नवंबर, 2020	5	मोज़ाम्बिक में रोवूमा एरिया 1 परियोजना में 10 प्रतिशत भागीदारी हित के अर्जन के लिए वित्त वर्ष 2014 में लिए गए ब्रिज लोन का पुनः वित्तीयकरण करने के लिए।
3.25 प्रतिशत 750 मिलियन अमेरिकी डॉलर बॉण्ड	750	15 जूलाई, 2014	15 जूलाई, 2019	5	मोज़ाम्बिक में रोवूमा एरिया 1 परियोजना में 6 प्रतिशत भागीदारी हित के अर्जन के लिए वित्त वर्ष
4.625 प्रतिशत 750 मिलियन अमेरिकी डॉलर बॉण्ड	750	15 जूलाई, 2014	15 जूलाई, 2014	10	2014 में लिए गए ब्रिज लोन का पुनः वित्तीयकरण करने के लिएं।
2.75 प्रतिशत यूरो 525 मिलियन अनारक्षित यूरो बॉण्ड	525	15 जूलाई, 2014	15 जूलाई, 2021	7	मोज़ाम्बिक में रोवूमा एरिया 1 परियोजना में 6 प्रतिशत भागीदारी हित के अर्जन के लिए वित्त वर्ष
2.875 प्रतिशत 400 मिलियन अमेरिकी डॉलर बॉण्ड	400	27 जूलाई, 2016	27 जनवरी 2022	5-1/2	रूस में जेएससी वेंकोरनेफ्त में 15 प्रतिशत शेयरों के अर्जन हेतु लिए गए ब्रिज ऋण के अंश पुनर्वित के लिए।

3.75 प्रतिशत 600 मिलियन अमेरिकी डॉलर बॉण्ड	600	27 जूलाई, 2016	27 जूलाई, 2026	10	रूस में जेएससी वेंकोरनेफ्त में 15 प्रतिशत शेयरों के अर्जन हेतु लिए गए ब्रिज ऋण के अंश पुनर्वित के लिए।
87.60 मिलियन अमेरिकी डॉलर बैंक ऋण सुविधा	87.60	28 फरवरी 2017	28 जून 2017	4 माह	रूस में जेएससी वेंकोरनेफ्त में 15 प्रतिशत शेयरों के अर्जन हेतु लिए गए ब्रिज ऋण के अंश पुनर्वित के लिए।
875 मिलियन अमेरिकी डॉलर ब्रिज ऋण सुविधा	827.48	27 अक्तूबर 2016	27 अप्रैल 2017	6 माह	रूस में जेएससी वेंकोरनेफ्त में 15 प्रतिशत शेयरों के अर्जन हेतु लिए गए ब्रिज ऋण के लिए।
17 मिलियन अमेरिकी डॉलर	17	27 जनवरी 2017	27 अप्रैल 2017	3 माह	ओएनजीसी विदेश वैंकोरनेफ्त , सिंगापुर की अल्पकालिक कार्यशील पूंजी अपेक्षाओं के लिए

3. भंडार

		31 मार्च 2017 की स्थिति के अनुसार	31 मार्च 2016 की स्थिति के अनुसार
क.	1पी भंडार (प्रमाणित)		
	तेल (संघनन सहित) (एमएमटी मे)	**172.694**	108.009
	गैस (बीसीएम में)	**98.536**	91.458
	कुल 1पी भंडार (एमएमटीओई में)	**271.230**	**199.467**
ख.	2पी भंडार (प्रमाणित + संभावित)		
	तेल (संघनन सहित) (एमएमटी मे)	**320.747**	244.578
	गैस (बीसीएम में)	**383.058**	351.554
	कुल 2पी भंडार (एमएमटीओई में)	**703.805**	**596.132**
ग.	3पी भंडार (प्रमाणित + संभावित + संभव)		
	तेल (संघनन सहित) (एमएमटी मे)	**340.627**	262.281
	गैस (बीसीएम में)	**402.679**	370.371
	कुल 3पी भंडार (एमएमटीओई में)	**743.276**	**632.652**

4. नए अर्जन :

4.1 वैंकोर फील्ड, रूस

ओएनजीसी विदेश वैंकोरनेफ्ट प्रा. लि.(ओवीवीएल), ओएनजीसी विदेश सिंगापुर प्रा. लि. (ओवीएसएल) की एक पूर्ण स्वामित्व वाली अनुशंगी कंपनी है जो आगे आपकी कंपनी की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुशंगी कंपनी है, जिसने वित्त वर्ष 17 के दौरान दो अलग अलग अंतरणों में जेएससी वैंकोरनेफ्ट में कुल 26 प्रतिशत हिस्सेदारी अर्जित की है। 15 प्रतिशत हिस्सा 31 मई 2016 को 1,268 मिलियन अमेरिकी डॉलर की लागत पर अर्जित किया गया था और अतिरिक्त 11 प्रतिशत हिस्सा 28 अक्तूबर 2016 को 930 मिलियन अमेरिकी डॉलर की लागत पर अर्जित किया गया था।

रूस की राष्ट्रीय तेल कंपनी रोजनेफ्त ने अधिसंख्य (50.1 प्रतिशत) शेयरं की धारिता जारी रखी है जबकि शेष 23.9 प्रतिशत शेयर भारतीय तेल पीएसयू के परिसंघ द्वारा धारित है, जिसमें ऑयल इंडिया लिमिटेड, इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन, लिमिटेड और भारत पेट्रो रिसोर्सेज लिमिटेड शामिल हैं। वैंकोर रोजनेफ्त का (और रूस का) दूसरा सबसे बड़ा उत्पादन क्षेत्र है और जिसकी रूसी कच्चे तेल के उत्पादन का लगभग 4 प्रतिशत हिस्सेदारी है। इस क्षेत्र से दैनिक उच्चतम तेल उत्पादन लगभग 442,000 बैरल प्रति दिन(बीओपीडी) है। वित्त वर्ष 17 के दौरान इस परियोजना से आपकी कंपनी का तेल और तेल समतुल्य गैस का हिस्सा 4.545 एमएमटीओई था।

5. उत्पादक परिसंपत्तियां

5.1 ब्लॉक 06.1, वियतनाम

ब्लॉक 06.1 एक अपतट ब्लॉक है जो दक्षिणी वियतनाम के सागर तट पर वंग तौके दक्षिण पूर्व में 370 किलोमीटर स्थित है, इसका क्षेत्रफल 955 वर्ग किलोमीटर है। ब्लॉक 06.1 का अन्वेषण लाइसेंस ओवीएल द्वारा 1988 में अर्जित किया गया था। इसकी वर्तमान भागीदारों में हैं – ओएनजीसी विदेश 45 प्रतिशत, रोजनेफ्त वियतनाम 35 प्रतिशत (प्रचालक) तथा पेट्रो वियतनाम 20 प्रतिशत है। इस ब्लॉक के लान टेस्थल को विकसित किया गया है और इस स्थल ने जनवरी 2003 से वाणिज्यिक उत्पादन आरंभ कर दिया है। इस ब्लॉक के लान दो क्षेत्र का विकास कार्य वित्तीय वर्ष 2013 के दौरान 7 अक्तूबर 2012 को 2 कूपों से प्रथम गैस उत्पादन के आरंभ होने के साथ पूर्ण हो गया था। इस ब्लॉक से आपकी कंपनी के वित्तीय वर्ष 2016 के दौरान 1.688 बीसीएम संघनन और तेल समतुल्य गैस उत्पादन की तुलना में वित्त वर्ष 17 में यह 1.502 एमएमटीओई रहा।

इसके अलावा, इस ब्लॉक में अन्वेषण संबंधी गतिविधि को भी कार्यान्वित किया गया है, अन्वेषण कूप पीएलडीडी – 9 को गैस खोज के साथ वर्ष 2016 के दौरान सफलतापूर्वक वेधित कर लिया गया था। पीएलडी फील्ड और लान दो इनफिल विकास परियोजना ने प्रथम गैस लक्ष्य अक्तूबर 2018 तय किया है।

इस ब्लॉक में आपकी कंपनी का संचयी निवेश 31 मार्च 2017 तक ₹21,125.40 मिलियन (444.39 अमेरिकी डॉलर) था।

5.2 सखालिन – 1, रूसः

सखालिन – 1 रूस में दूरस्थ पूर्वी अपतट पर स्थित एक विशाल तेल और गैसक्षेत्र है, जो लगभग 1,146 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है। ओएनजीसी विदेश ने इस क्षेत्र में 20 प्रतिशत हिस्सा जुलाई, 2001 में अर्जित किया था। आपकी कंपनी के पास इस क्षेत्र का 20 प्रतिशत तथा प्रचालक के रूप में एक्कसान के पास 30 प्रतिशत भागीदारी है; सोडेको, जो जापान की कंपनियों का एक परिसंघ है के पास भी 30 प्रतिशत तथा शेष 20 प्रतिशत भागीदारी रूस की राष्ट्रीय तेल कंपनी रोज़नेफ्ट के पास है। इस परियोजना में तीन अपतटीय क्षेत्र शामिल हैंः शौयवो, ओडोप्तू और अर्कुतन डैगी। शौयवो क्षेत्र का सखालिन –1 के प्रथमचरण विकसित किया गया था और इसमें उत्पादन अक्तूबर, 2005 में आरंभ किया गया है। ओडोप्तू का प्रथम चरण उत्पादन सितंबर 2010 में आरंभ हुआ। अर्कुतन डैगी का विकास कार्य प्रगति पर है और इससे प्रथम तेल उत्पादन 4 जनवरी 2015 से आरंभ किया गया है। इस परियोजना से आपकी कंपनी का उत्पादन अंश वित्त वर्ष 2016 के दौरान 2.330 एमएमटीओई की तुलना मे वित्त वर्ष 17 के दौरान 2.364 एमएमटीओई रहा। 31 मार्च 2017 तक इस परियोजना में आपकी कंपनी का संचयी निवेश हिस्सा ₹317,645.9 मिलियन (6,455.54 मिलियन अमेरिकी डॉलर) था।

5.3 ग्रेटर नाइल तेल परियोजना (जीएनओपी), सूडान :

आपकी कंपनी ने 12 मार्च 2003 को अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली अनुशंगी कंपनी ओएनजीसी नाइलगंगा बीवी (ओएनजीबीवी) के माध्यम से जीएनओपी में 25 प्रतिशत भागीदारी अधिग्रहित की। इस परियोजना के अन्य भागीदार सीएनपीसी (40 प्रतिशत भागीदारी), पेट्रोनॉस (30 प्रतिशत भागीदारी) तथा सूडापेट (5 प्रतिशत भागीदारी) हैं। जीएनओपी मेंसूडान के खर्तोम राजधानी क्षेत्र से लगभग 780 किलोमीटर दक्षिण पश्चिम मेस्थित मुगलाड बेसिन के अंतर्गत 49,500 वर्ग किलोमीटर में फैले जमीनी ब्लॉक1, 2

और 4 की अपस्ट्रीम परिसंपत्तियां शमिल हैं।

सूडान में जीएनओपी का प्रचालन संयुक्त रूप से सभी भागीदारों द्वारा मारीशस में पंजीकृत 'ग्रेटर नील पेट्रोलियम प्रचालन कंपनी' नामक एक संयुक्त संचालित कंपनी द्वारा किया जा रहा है।

जुलाई 2011 में सूडान से दक्षिण सूडान के रूप में देश का पृथकीकरण होने पर, भौगोलिक स्थलों के अनुसार जीएनओपी के संविदा क्षेत्र का विभाजन हो गया। ब्लॉक 1, 2 और 4 के उत्तरी संविदा क्षेत्र जो अब सूडान में स्थित हैं उसमें पोर्ट सूडान में स्थित 6 पंप स्टेशनों व निर्यात टर्मिनल सहित प्रसंस्करण सुविधाएं तथा कच्चे तेल की परिवहन व्यवस्था स्थापित है।

वर्ष 2012 के पश्चात से, तेल के विदेशी भागीदारों के हिस्से का एक हिस्सा सूडान की सरकार (जीओएस) द्वारा रिफाइनरी की आवश्यकता को पूरा करने के लिए क्रय कर लिया गया है। तथापि, जीओएस द्वारा क्रय किए गए कच्चे तेल के संदर्भ में देय राशि का भुगतान अब तक प्राप्त नहीं किया गया है, और आपकी कंपनी की बकाया राशि का अंश 31 मार्च 2017 की स्थिति के अनुसार लगभग 323.73 मिलियन अमेरिकी डॉलर है। अन्य एफपीएस के साथ–साथ आपकी कंपनी द्वारा बकाया राशि के निबटारे के लिए निरंतर अनुसरण किया गया है। ओएनजीसी विदेश ने बकाया देयो के भुगतान के लिए जीओएस को वाणिज्यिक नोटिस भेजा है और देय वसूली के लिए उपलब्ध विकल्पों का अनुपालन करेगा।

विदेशी साझीदारों ने 1 मार्च 1997 को जीओएस को अन्वेषण एवं उत्पादन साझेदारी समझौता (ईपीएसए) के प्रावधानों के अनुसार सुडान के ब्लॉक 2बी की लाइसेंस अवधि में 5 वर्ष के विस्तार के लिए आवेदन किया है। परंतु जीओएस ने विस्तार प्रदान करने पर अपनी सहमति नहीं दी। तदोपरांत, ब्लॉक 2बी की 20 वर्ष की लाइसेंस अवधि 29 नवंबर 2016 को समाप्त हो गयी। जीओएस के निदेशों के अनुसार, जीएनओपीसी ब्लॉक 2बी के फील्ड प्रचालन की देखभाल करना जारी रखा है। इस बीच ब्लॉक 2बी को एक जीओएस नामित कंपनी नामतः 'पीईटीसीओ' को हस्तांतरित करने की प्रक्रिया चल रही है।

गुमलाड बेरिन में स्थित सुडान में ओएनजीसी विदेश की 25 प्रतिशत पीआई

जीएनओपी के तेल उत्पादन में आपकी कंपनी का हिस्सा वित्त वर्ष 17 के दौरान 0.481 एमएमटी रहा, जबकि वित्त वर्ष 16 के दौरान यह हिस्सा 0.627 एमएमटी था।

5.4 सुडान बहु उत्पाद पाइपलाइन, (एसपीपी)

ओएनजीसी विदेश ने ईपीसी आधार पर 12 इंच व्यास की 741 किमी लंबी खार्टोम – पोर्ट सुडान बहु उत्पाद पाइपलाइन प्रणाली के निर्माण के लिए 30 जून 2004 को तत्कालीन ऊर्जा एवं खनन मंत्रालय (एमईएम), सुडान सरकार के साथ एक पाइपलाइन संविदा समझौता (पीसीए) किया है।

यह परियोजना 31 अक्तूबर 2005 के निर्धारित संविदात्मक समापन तिथि से 2 माह पूर्व 31 अगस्त 2005 को पूरी हो गयी और 15 अक्तूबर 2005 को एमईएम द्वारा इस पाइपलाइन प्रणाली को चालू कर दिया गया था।

परियोजना का पट्टा किराया सहित सुडान सरकार द्वारा भुगतान की जाने वाली कुल राशि 254 मिलियन अमेरिकी डॉलर थी, जिसे 30 दिसंबर 2005 से 14.135 अमेरिकी डॉलर प्रत्येक के समान छमाही किस्तों में भुगतान किया जाना था। अब तक कुल 11 किस्तों के माध्यम से 30 दिसंबर 2010 तक सुडान सरकार से 155.48 मिलियन डॉलर की राशि प्राप्त हुई है। जून 2011 से जून 2014 तक देय 98.94 मिलियन अमेरिकी डॉलर की राशि की शेष 7 किस्तें अभी सुडान सरकार से प्राप्त होना शेष है। ओएनजीसी विदेश शेष किस्तों की बकाया राशि प्राप्त करने के लिए राजनयिक सहायता सहित प्रयास कर रही है। इस संबंध में, ओएनजीसी विदेश बकाया राशि का भुगतान प्राप्त करने के लिए कानूनी साधन सहित उपलब्ध विकल्पों का सहारा ले रही है।

5.5 ग्रेटर पायनियर ऑपरेटिंग कंपनी (जीपीओसी), दक्षिणी सुडान

जीएनओपी के दक्षिणी संविदा क्षेत्र में दक्षिणी सुडान में अवस्थित ब्लॉक 1,2 वं 4 शामिल हैं। यह परियोजना मॉरिशश में पंजीकृत संयुक्त प्रचालन कंपनी, 'ग्रेटर पायनियर ऑपरेटिंग कंपनी (जीपीओसी)' के माध्यम से सभी साझीदारों द्वारा संयुक्त रूप से प्रचालित है।

दक्षिणी सुडान, एक बंदरगाह विहीन देश होने के कारण पोर्ट सुडान के निर्यात टर्मिनल के माध्यम से निर्यात के लिए अपने खनिज तेल के निकास हेतु सुडान की खनिज तेल पाइपलाइन प्रणाली पर आश्रित है।

दक्षिणी सुडान में आंतरिक संघर्ष और खराब सुरक्षा स्थिति के कारण उत्पादन गतिविधियां अभी तक बंद है। रिपोर्ट के अनुसार, फील्ड सुविधाएं बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी हैं और सुरक्षा मंजूरी प्राप्त करने के पश्चात पुर्न बहाली के लिए 6 से 8 माह का समय लग सकता है।

बंदी की स्थिति के कारण वित्त वर्ष 17 के दौरान दक्षिणी सुडान से कोई उत्पादन नहीं हुआ।

दक्षिणी सुडान सरकार ने बेकार गयी अवधि की क्षतिपूर्ति के रूप में दक्षिणी सुडान के ब्लॉक 1, 2 एवं 4 की लाइसेंस अवधि में 67 माह का विस्तार प्रदान किया है। दक्षिणी सुडान सरकार ने ब्लॉक 1,2 एवं 4 की चालू अन्वेषण अवधि के जून 2018 में समाप्त हो जाने के पश्चात 612 दिन का अन्वेषण अवधि विस्तार देने पर भी सहमति दी है। इसके अलावा दक्षिणी सुडान सरकार (जीओएसएस) ने ईपीएसए के प्रावधानों के अनुसार संविदा अवधि में 5 वर्ष का विस्तार भी प्रदान किया है। जीओएसएस ने विदेशी साझीदारों को तुरंत गतिविधियां फिर से शुरु करने के लिए कहा है और ईपीएसए का विस्तार करने के लिए हस्ताक्षर बोनस के रूप में 25 मिलियन अमेरिकी डॉलर के भुगतान का अनुरोध किया है।

वर्तमान में, एफपी जीपीओसी, सुडान से उत्पादन फिर से शुरु करने से पूर्व, फील्ड में पर्याप्त सुरक्षा परिनियोजन और जीएनपीओसी से तकनीकी और सामग्री सहायता सहित परियोजना के बकाया मुद्दों के समाधान के लिए जीओएस और जीओएसएस के साथ वार्ता कर रहे हैं।

जीएनपीओसी, सुडान से विभाजन के पश्चात जीपीओसी में 31 मार्च 2017 तक संचयी निवेश ₹1,145.40 मिलियन (18.81 मिलियन अमेरिकी डॉलर) था।

सुडान में ड्रिल साइट

5.6 ब्लॉक 5ए, दक्षिणी सुडान

आपकी कंपनी दक्षिण सूडान के ब्लॉक 5 ए में 24.125 प्रतिशत भागीदारी हितधारित करती है जिसे दिनांक 12 मई, 2004 को ऑस्ट्रिया की ओएमवी एक्तिनजेसेलष्कैफ्ट से अर्जित किया गया था। ब्लॉक 5 ए प्रोलिफिक विशाल बेसिन में स्थित है और यह लगभग 20,917 वर्ग किमी. क्षेत्रफल में फैला हुआ है । इस ब्लॉक में अन्य भागीदारों में मलेशिया की पेट्रोनास (67.875 प्रतिशत भागीदारी हित) और दक्षिण सूडान की नाइलपेट (8 प्रतिशत भागीदारी हित) शामिल हैं।

ब्लॉक 5ए को सभी भागीदारों द्वारा संयुक्त रूप से एक संयुक्त संचालन कंपनी नामतः एसयूडीडी पेट्रोलियम ऑपरेटिंग कंपनी (एसपीओसी) के माध्यम सेप्रंचालित किया जा रहा है। दक्षिण सूडान सरकार भू–राजनैतिक मुद्दों के निपटारा होने तक सितंबर 2012

को हुए 'सहयोग करार' के माध्यम से 23 जनवरी 2012 से दक्षिण सूडान में तेल क्षेत्र परिचालनों को बंद करने के लिए बाध्य हो गई है और परिचालनों को अप्रैल 2013 में पुनः चालू कर दिया गया। तथापि, आंतरिक कलह तथा दक्षिण सूडान में बिगड़ी हुई सुरक्षा व्यवस्था के कारण उत्पादन गतिविधियों को दिनांक 19 दिसंबर 2013 से पुनः बंद कर दिया गया। ये क्षेत्र निरंतर बंद हैं तथा पहुंच से दूर हैं। रिपोर्टों के अनुसार, क्षेत्र की सुविधाएं बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हैं और इन्हें सुरक्षा संबंधी अनुमतियां प्राप्त होने के पश्चात पुनः संशोधित करने के लिए 8 से 12 माह का समय लग सकता है। क्षेत्र में बंदीकरण की परिस्थितियों के कारण, वित्तीय वर्ष 2015 तथा वित्तीय वर्ष 2016 के दौरान ब्लॉक 5ए दक्षिण सूडान से किसी प्रकार का उत्पादन कार्य नहीं किया गया था। इस परियोजना में 31 मार्च 2017 तक किए गए संचित निवेश ₹20,404.30 मिलियन (460.13 मिलियन अमेरिकी डॉलर) था।

5.7 सैन क्रिस्टोबल परियोजना, वेनेजुएला :

आपकी कंपनी ने 8 अप्रैल 2008 को सैन क्रिस्टोबल परियोजना, वेनेजुएला में 40 प्रतिशत हिस्सा प्राप्त करने के लिए पेट्रोलियोस डी वेनेजुएला एसए पीडीवीएसए की एक सहायक कंपनी कोर्पोरेशियन वेनेजुएला डेल पेट्रोलियो एसए (सीवीपी)के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। सैन क्रिस्टोबल परियोजना,वेनेजुएला में फैली ओरिनोको समृद्ध तेल पट्टिका के जुआटा उपखंड के 160.18 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को कवर करती है। इस परियोजना को आपकी कंपनी तथा पीडीवीएसए द्वारा ''पेट्रोलेरा इंडो वेनेजुलाना एसए'' (पीआईवीएसए) नामक संयुक्त उद्यम कंपनी के माध्यम से संयुक्त रूप से प्रचालित किया ज रहा है। सीवीपी तथा''पीडीवीएसए सोशल'' संयुक्त रूप से इस संयुक्त उद्यम कंपनी में 60 प्रतिशत की अंश धारित करता हैं तथा आपकी कंपनी ओएनजीसी नील गंगा बीवी, पूर्ण स्वामित्व वाली अनुशंगी कंपनी के माध्यम से ओएनजीसी नील गंगा (सैन क्रिस्टोबल) बीवी में 40 प्रतिशत अंश धारित करती हैं। आपकी कंपनी को वर्ष 2008 के दौरान 56.224 मिलियन अमेरिकी डॉलर का अपना लाभांश प्राप्त किया है। इसके अलावा, वर्ष 2009 से 2013 तक का बकाया लाभांश जो कि कुल 537 मिलियन अमेरिकी डॉलर बैठता है, से आपकी कंपनी को 19.753 मिलियन अमेरिकी डॉलर प्राप्त हुआ है। वर्ष 2014 के लाभांश की घोषणा अब तक शेयधारकों द्वारा नहीं की गयी है।

ओएनजीसी विदेश और पीडीवीएसए अपने अपने संबंधित अनुषंगी कंपनियों के माध्यम से वेनेजुएला की सैन क्रिस्टोबल संयुक्त उद्यम परियोजना का पुनर्विकास सुगम करने के लिए दिनांक 4 नवंबर 2016 को दो निश्चायचक समझौते किए हैं। यह समझौता पीआईवीएसए से बकाया लाभांश (537.63 मिलियन अमेरिकी डॉलर) को परिसमाप्त करने के लिए जहॉ एक एक तंत्र प्रदान करते हैं, वहीं दूसरी ओर आपकी कंपनी को इस परियोजना की उपचार योजना को क्रियान्वित करने हेतु पूंजीगत निवेश करने के लिए दीर्घावधिक वित्त पोषण (318 मिलियन अमेरिकी डॉलर) की जरुरत है। इन समझौतों के तहत आपकी कंपनी ने 31 मार्च 2017 तक 19.75 मिलियन अमेरिकी डॉलर का बकाया लाभांश का भाग प्राप्त किया है।

वित्त वर्ष 2017 के दौरान आपकी कंपनी का तेल एवं तेल समतुल्य गैस उत्पादन का हिस्सा 0.475 एमएमटीओई था, जबकि वित्त वर्ष2016 के दौरान यह 0.649 एमएमटीओई था।

31 मार्च 2017 तक इस परियोजना में आपकी कंपनी का निवेश हिस्सा ₹34,705.50 मिलियन (617.42 मिलियन अमेरिकी डॉलर) था।

5.8 इंपेरियल एनर्जी, रूस

आपकी कंपनी ने 13 जनवरी 2009 को 2.1 बिलियन अमेरिकी डॉलर की कुल लागत पर इम्पीरियल एनर्जी कारपोरेशन पीएलसी का अर्जन किया है, जो एक स्वतंत्र अपस्ट्रीम तेल अन्वेषण एवं उत्पादन कंपनी है और जिसका मुख्य कार्यक्षेत्र रूस के पश्चिमी साइबेरियाई टॉम्स्क क्षेत्र में है। इम्पीरियल के मौजूदा हित मे टॉम्स्क क्षेत्र के 9 ई एंड पी ब्लॉक शामिल हैं जिनका कुल अनुज्ञप्त क्षेत्रफल 11,038 वर्ग किलोमीटर है। इस कंपनी को उत्पादन लाइसेंस वर्ष 2005 से 2013 के दौरान प्रदान किए गए थे और वे वर्ष 2027 से वर्ष 2033 तक वैध हैं।

वेनेजुएला में मकोला क्षेत्र

1 अप्रैल 2017 की स्थिति के अनुसार, इस परियोजना कें 2पी भंडार में ओएनजीसी विदेश का हिस्सा 95.705 एमएमटीओई था। इंपीरियल एनर्जी के भंडार का अधिकांश हिस्सा सख्त संरचनाओं में है, जिसके लिए भंडारों के किफायती दोहन के लिए उन्नत प्रौद्योगिकी की आवश्यकता होती है।

इंपेरियल एनर्जी ने अमेरिका की एक ई एंड पी कंपनी जिसका इस तरह के भंडारों से उत्पादन का विशाल अनुभव है, की सहायता से उन्नत कूप समापन साथ 4 नये प्रौद्योगिकी कूपों का वेधन कर एक प्रायोगिक परियोजना क्रियान्वित की है।

यह प्रायोगिक परियोजना दो भिन्न लक्ष्यों से क्रियान्वित की गयी थी; (i) नौनाक (स्नेझनॉय फील्ड के सख्त रेत) से उत्पादन क्षमता में वृद्धि करना और (ii) बाझेनॉव शेल, एक तेल समृद्ध स्रोत चट्टान, जो इस क्षेत्र में बड़े पैमाने पर उपलब्ध है, से तेल प्रवाह की स्थापना।

सख्त रेत की प्रायोगिक परियोजना ने सफल परिणाम दिए हैं और उनके निष्पादन के आधार पर, यह परिकल्पना की गयी है कि स्नेझनॉय फील्ड सख्त रेत को प्रायोगिक कूपों में परीक्षित परियोजनाओं को नियोजित कर इष्टतम विकास किया जा सकता है। विकास योजना को क्रियान्वित करने से पूर्व फील्ड अवसंरचना सुविधा विकसित की जा रही है। सख्त भंडारों में तेल वाले अन्य फील्डों में प्रायोगिक परीक्षण निष्पादित करने के लिए चरणो प्रौद्योगिकी विस्तार करने की योजना बनाई गयी है।

वित्त वर्ष 2017 के दौरान इम्पीरियल एनर्जी का उत्पादन 0.298 एमएमटीओई था

इस परियोजना के क्रियान्वयन चरण के दोरान रूस पर यूरोपियन यूनियन / अमेरिका लगायी गयी पाबंदियों के कारण बेझेनॉव शेल परियोजना प्रभावित हुई थी।

नयी प्रौद्योगिकी प्रायोगिक कूपों के अलावा, क्षेत्र का विस्तार और एक तेल क्षेत्र नामतः, दक्षिणी मैसकोये में अतिरिक्त भंडार स्थापित किए गए थे। वर्ष 2015 में मूल्यांकन वेधन निष्पादित किया गया था, जिसने वाणिज्यिक तेल प्रवाह प्रमाणित किया। दक्षिणी मैसकोये विस्तार के विकास कार्यक्रम के तहत, वित्त वर्ष 17 मे 4 विकासात्मक कूपों का वेधन किया गया।

वित्त वर्ष 17 के दौरान, इंपेरियल एनर्जी का उत्पादन 0.298 एमएमटीओई था, जबकि वित्त वर्ष 16 के दौरन यह 0.335 एमएमटीओई था। 31 मार्च 2017 तक इस परियोजना मे संचयी निवेश ₹128,052.90 मिलियन (2,772.42 मिलियन अमेरिकी डॉलर) था।

5.9 मानसरोवर एनर्जी परियोजना, कोलम्बिया

मानसरोवर एनर्जी कोलम्बिया लिमिटेड (एमईसीएल), कोलम्बिया चीन की सिनोपेक के साथ आपकी एक 50 : 50 अनुपात की संयुक्त उद्यम कंपनी है। दिनांक 1 अप्रैल, 2006 से प्रभावी एमईसीएल की परिसंपत्तियों में वेलाज़क्युएज़फी मिनरल संपदा में 100 प्रतिशत हित शामिल है और नेयर एसोसिएशन संविदाओं में 50 प्रतिशत हित शामिल है, इसके शेष 50 प्रतिशत को कोलम्बिया की राष्ट्रीय तेल कंपनी, इकोपेट्रोल द्वारा धारित किया गया है। वेलाज़क्युएज़संपदा से इकोपेट्रोल की बैरनकाबरमेजा रिफाइनरी को जोड़ने वाली 189 किलोमीटर लम्बी वेलाज़क्युएज–गालान पाइपलाइन का 100 प्रतिशत भी एमईसीएल के स्वामित्वाधीन है। एमईसीएल द्वारा वर्ष 2012 के कोलम्बिया बोली दौर में कोलम्बियाई प्रोलिफिक लैनोस–69 (एलएलए–69) नामक एक अन्य अन्वेषण तटीय ब्लॉक का भी अर्जन किया गया।

आपकी कंपनी का एमईसीएल से तेल व तेल समतुल्य गैस उत्पादन वित्त वर्ष 2016 के 0.623 एमएमटीओई की तुलना में वित्तीय वर्ष 2017 में 0.555एमएमटीओई था।

31 मार्च 2017 तक आपकी कंपनी का इस परियोजना में संचित निवेश अंश ₹53,315.60 मिलियन (1,105.87 मिलियन अमेरिकी डॉलर) था ।

5.10 अल फुरत परियोजना, सीरिया

यह परियोजना हिमालय एनर्जी सीरिया बी.वी. (एचईएसबीवी) के स्वामित्वाधीन है, जो आपकी कंपनी की पूर्णः स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी ओएनजीसी नील गंगाबी.वी. तथा चीनी राष्ट्रीय पेट्रोलियम कंपनी इंटरनेशनल(सीएनपीसीआई) की एक सहायक कंपनी फुलीन इन्वेस्टमेंट सार्ल की एकसंयुक्त उद्यम कंपनी है, इन दोनों द्वारा इस अर्जन में 50 :– 50 प्रतिशत अंशधारित है। इस परियोजना का अर्जन जुलाई 2005 से एचईएस बीवी के लिए लगभग 36 प्रतिशत भागीदारी हित तथा शेल सीरिया पेट्रोलियम कंपनी के लिए लगभग 64 प्रतिशत भागीदारी हित के लिए उत्पादन भागीदारी समझौते के तहत हुआ था। इस क्षेत्र का प्रचालन अल फुरत पेट्रोलियम कंपनी (एएफपीसी) द्वारा किया जाताहै, जो सीरियाई पेट्रोलियम कंपनी, सीरियाई राष्ट्रीय तेल कंपनी तथा एचईएसबीवी की एक संयुक्त उद्यम कंपनी है।

सीरिया के राजनैतिक घटनाक्रम के कारण, यूरोपीय संघ (ईयू) ने सीरिया पर सितंबर 2011 में तेल व्यापार संबंधी प्रतिबंध लागू

कर दिए थे। ईयू द्वारा, विशेष तौर पर कच्चे तेल के निर्यातपर अभिलक्षित किए गए प्रतिबंध ने, समुद्री पोतों की उपलब्धता, संबंधित सुरक्षा और भुगतान को अत्यंत कठिन बना दिया। यूरोपीय संघ द्वारा 1 दिसंबर 2011को अपने प्रतिबंध को बढ़ाते हुए, इसके पश्चात सीरिया पर विस्तारित प्रतिबंध लगा दिए गए, जिसमें एएफपीसी और जनरल पेट्रोलियम कंपनी को सीरियाई कंपनियों की प्रतिबंधित कंपनियों की सूची में शामिल कर दिया गया। तब से अप्रत्याशित घटनाक्रम के कारण विदेशी भागीदारों द्वारा परिचालनों को स्थगित कर दिया गया।

वित्त वर्ष 2017 के दौरान, यह परियोजना अप्रत्याशित घटनाक्रम के तहतही चल रही है। यह समझा जा सकता है कि देश तथा तेल क्षेत्रों में निरंतर राजनैतिक व सुरक्षा संबंधी समस्याओं के कारण एएफपीसी तेल क्षेत्रों से उत्पादनकी किसी प्रकार की सूचना नहीं आ रहीं है।

अप्रत्याशित घटनाक्रम संबंधी परिस्थितियों के कारण, वित्त वर्ष 2014 सेवित्त वर्ष 2017 के दौरान राजस्व व व्यय संबंधी लेखांकन कार्य नहीं किए गए हैं। परियोजना में आपकी कंपनी द्वारा प्रचालनों को पुनः आरंभ करना सीरियाकी राजनैतिक व सुरक्षा परिस्थितियों के सामान्य होने पर ही अपेक्षित है।

इस परियोजना के निवेश में 31 मार्च 2017 तक आपकी कंपनी का हिस्सा ₹12,447 मिलियन (278.51 मिलियन अमेरिकी डॉलर) था।

ब्राजील में बीसी–10 ब्लॉक में ऑफशोर प्लेटफार्म

5.11 बलॉक बीसी – 10, ब्राजील

ब्लॉक बीसी – 10 एक गहन समुद्री अपतटीय ब्लॉक है जो ब्राज़ील के तट सेदूर विटोरिया शहर से लगभग 120 किलोमीटर दक्षिण पश्चिम कैम्पोस बेसिन में लगभग 1800 मीटर गहराई में 600 वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल में फैला हुआहै। आपकी कंपनी की इस परियोजना में कुल भागीदारी हित 27 प्रतिशत है (वर्ष 2006 में अर्जित 15 प्रतिशत तथा वर्ष 2013 में 12 प्रतिशत)। इस ब्लॉक के अन्यभागीदारों में, प्रचालक के रूप में शैल 50 प्रतिशत भागीदारी के साथ है तथाक़तर पेट्रोलियम इंटरनेशनल (क्यूपीआई) 23 प्रतिशत के भागीदारी हित धारितकरता हैं। इस ब्लॉक के चरण–1, चरण–2 और चरण–3 का विकास कार्य पूर्ण हो गयाथा।

वित्त वर्ष 2017 के दौरान आपकी कंपनी का तेल व गैस का उत्पादन अंश 0.643 एममएटीओई था जबकि , वित्त वर्ष 2016 यह 0.689 एमएमटीओई था।

इस परियोजना में आपकी कंपनी का निवेश हिस्सा 31 मार्च 2017 तक ₹114,127 मिलियन (1,902.22 मिलियन अमेरिकी डॉलर) था।

5.12 एसीजी परियोजना, अजरबैजान एवं बीटीसी पाइपलानइन परियोजना

आपकी कंपनी ने 28 मार्च 2013 को, कैस्पियन सागर के अज़रबैजान क्षेत्र में अज़ेरी, चिराग़ ओर गुनेषली के गहन समुद्री भाग के (एसीजी) क्षेत्रों के लिए हेस कॉरपोरेशन के स्वामित्वाधीन 2.72 भागीदारी हित को अर्जित किया है। इस क्षेत्र को अज़रबैजान इंटरनेशनल ऑपरेटिंग कंपनी (एआईओसी), जो कि बीपी(35.79 प्रतिशत पीआई), सोकार (11.65 प्रतिशत पीआई), शेवरॉन (11.27 प्रतिशत पीआई), इन्पैक्स(10.96 प्रतिशत पीआई), स्टेटऑयल (8.56 प्रतिशत पीआई), एक्कसॉनमोबिल (8.0 प्रतिशत पीआई),टीपीएओ (6.75 प्रतिशत पीआई), आईटोचू (4. 30 प्रतिशत पीआई) और ओएनजीसी विदेश (2.72प्रतिशत पीआई) का एक परिसंघ है, की ओर से बीपी द्वारा परिचालित किया जाता है। इस फील्ड का वर्तमान उत्पादन साझीदारी समझौता दिसंबर 2024 तक वैद्य है। पीएसए को विस्तारित के लिए पीएसए में वर्ष 2050 तक विस्तार करने संबंधी गैर आबद्धकारी आशय पत्र पर एआईओसी और एसओसीएआर के बीच 23 दिसंबर 2016 को हस्ताक्षर किए गए थे।

आपकी कंपनी ने हैस ऑयल एंड गैस होल्डिंग्स इंक द्वारा धारित बाकू –ट्बिलिसी – सैहान (बीटीसी) पाइपलाइन में भी 2.36 प्रतिशत हित अर्जित किया है। बीटीसी पाइप लाइन बीपी द्वारा प्रचालित है और इसके अन्य अंश धारक हैं सोकार, शेवरॉन, इन्पैक्स, स्टेटऑयल, एक्सॉन मोबिल, टीपीएओ और , आईटोचू, टोटल,ईएनआई और सीआईईसीओ।

एसीजी, जिसे वर्ष 1970 और 1980 के दशक में खोजा गया था, अज़रबैजान के सबसे बड़े तेल और गैस क्षेत्र हैं जो अज़रबैजान के तट से लगभग 95 किलोमीटर दूर दक्षिणी कैस्पियन सागर में स्थित हैं। एसीजी में परिचालन वर्ष 1997 से चिराग– 1 प्लेटफॉर्म (पूर्व तेल परियोजना) से उत्पादन से प्रारंभ हुआ। केंद्रीय, पश्चिमी तथा पूर्वी अज़ेरी कॉम्पलैक्स को चरण1 और 2 के तहत विकसित किया गया था और गहन समुद्री गुनेशली भाग को चरण 3 के तहत विकसित किया गया था। एसीजी क्षेत्र के विकास के चरण 4 जिसेचिराग तेल परियोजना (सीओपी) कहा जाता है का कार्य जनवरी 2014 में पूर्ण हुआ था और सीओपी से प्रथम तेल 28 जनवरी 2014 में प्राप्त हुआ था।

इस क्षेत्र से तेल की प्राप्ति बाकू के 50 किलोमीटर दक्षिण पश्चिम में स्थित सांगाचल ऑयल टर्मिनल से होती है। बीटीसी पाइपलाइन का आरभ सांगाचल टर्मिनल से होता है, अजरबैजान, जॉर्जिया और तुर्की के मार्ग से होता हुआ,यह 1,768 किमी (42 से 46 इंच व्यास) की कुल लंबाई के साथ तुर्की में सेहानटर्मिनल पर समाप्त होता है। एसीजी तेल का बड़ा भाग बीटीसी पाइप लाइन के माध्यम से भूमध्य तक ले जाया जाता है, जो एक प्रमुख अवसंरचनात्मक परियोजना है जिसे एसीजी को सेवित करने के लिए निर्मित किया गया है।

तेल की कुछ मात्रा का निर्यात पश्चिमी निर्यात एआईओसी की स्वामित्व वाली पश्चिमी मार्ग निर्यात पाइपलाइन (कुल लंबाई 830 किलोमीटर 20 इंच व्यास) द्वारा सुप्सा नामक जार्जिया के काला सागर में समुद्री पत्तन तथा बतुमि के जार्जिया के काला सागर पत्तनपर रेल के माध्यम से किया जाता है। डब्ल्यूआरईपी का जॉर्जियाई क्षेत्र का प्रबंधन कार्य जॉर्जियाई पाइपलाइन कंपनी द्वारा किया जाता है जिसके शेयर धारक वे ही हैं जो एआईओसी के हैं।

जहां बीटीसी कंपनी अजरबैजान और जॉर्जिया खंड में पाइपलाइन का परिचालन करती है वहीं बोटास इंटरनेशनल लिमिटेड, जो तुर्की की एक सरकारी कंपनी है, तुर्की क्षेत्र में पाइप लाइन का प्रचालन करती है।

आपकी कंपनी का एसीजी क्षेत्र में तेल व तेल समतुल्य गैस उत्पादन हिस्सा वित्त वर्ष 17 में 0.946 एमएमटीओई था, जो वित्त वर्ष के दौरान 0.965 एमएमटीओई था।

इस परियोजना में आपकी कंपनी का निवेश हिस्सा 31 मार्च 2017 तक ₹62,441.90मिलियन रुपए (1,112.39 मिलियन अमेरिकी डॉलर) था।

5.13 ब्लॉक ए–1 और ए–3, म्यांमार

ब्लॉक ए1 और ब्लॉक ए3 बांग्लादेश के साथ समुद्री सीमा के निकट 1500 मीटर तक की जल गहराई में राखीन राज्य के रामरी द्वीप के लगभग 110 किलोमीटर पश्चिम में स्थित है। देवू को वर्ष 2000 में ब्लॉक ए1 तथा वर्ष 2004 में ब्लॉक ए3 सुपुर्द किया गया था। तदोपरांत अन्य भागीदार – एमओजीई, ओएनजीसी विदेश लिमिटेड, गेल तथा कोगास को इन दो ब्लॉकों में शामिल किया गया। पौस्कोदावू कॉरपोरेशन (पूर्ववर्ती दावू इंटरनेशनल कॉर्प) इन ब्लॉकों के परिचालक है। ब्लॉक ए1 और ए3 का अन्वेषण व मूल्यांकन कार्य समाप्त होने के पश्चात इस परिसंघ द्वारा इन गैस क्षेत्रों में चार खोजें की गई हैं (प्रत्येक ब्लॉक में दो नामतःब्लॉक ए1 में श्वे एंड श्वे फ्यू तथा ब्लॉक ए3 में म्या नार्थ व म्या साउथ)। श्वेएंड श्वे फ्यू की खोजें क्रमशः जनवरी 2004 तथा मार्च 2005 में की गई थीं तथा म्या नार्थ व म्या साउथ की खोजें मार्च 2006 में की गईं थीं।

दक्षिण कैस्पियन समुद्र, अजरबैजान में पश्चिम्र अजेरी क्षेत्र

आपकी कंपनी ब्लॉक ए1 और ए3 में 17 प्रतिशत भागीदारीहित धारित करता है और अन्य साझीदारों में पॉस्को देवू कॉरपोरेशन (51 प्रतिशत),गेल और कोगास (प्रत्येक के पास 8.5 प्रतिशत) और म्यांमार ऑयल एंड गैसइंटरप्राइज अर्थात एमओजीई (15 प्रतिशत) द्वारा धारित करता है। एमओजीई ऊर्जा मंत्रालय के अधीन म्यांमार का एनओसी और नियामक प्रशाखा है।

ब्लॉक ए –1 उत्तरी पश्चिमी म्यांमार में अराकान अपतटीय क्षेत्र में राखिन तट के 2,129 वर्ग किलो मीटर के क्षेत्रफल में फैला हुआ है। प्राकृतिक गैस की वाणिज्यिक मात्रा इस ब्लॉक के श्वे और श्वे फ्यू नामक दो क्षेत्रों में खोजी गई है। श्वे और ष्वे फ्यू क्षेत्र के मूल्यांकन का कार्य परिसंघ द्वारा पूरा कर लिया गया है। अब तक इस ब्लॉक में 16 अन्वेषी / मूल्यांकन कूपों को वेधित किया गया है, इनमें से 9 में गैस पायी गयी है।

ब्लॉक ए –3, जो ब्लॉक ए –1 के आसन्न ब्लॉक है, राखिन अपतट पर वर्तमान में 1,500 मीटर बैथिमेट्री के साथ 3,441 वर्ग किलोमीटर के एक क्षेत्रफल कोकवर करते हैं। अब तक इस ब्लॉक में छह अन्वेषी कूपों को वेधित किया गया है जिनमें से तीन में गैस धारित है। म्या गैस क्षेत्र से प्राकृतिक गैस की वाणिज्यिक मात्रा की खोज की गई है।

ब्लॉक ए –3, जो ब्लॉक ए –1 से वाणिज्यिक गैस उत्पादन की शुरूआत क्रमशः15 जुलाई 2013 तथा 10 जनवरी 2014 से की गई थी।

वित्त वर्ष 2017 के दौरान ब्लॉक ए1 और ए3 क्षेत्र से आपकी कंपनी का संयुक्त गैस हिस्सा 0.843 बीसीएम, जबकि वर्ष 2016 में यह हिस्सा 0.891 बीसीएम था।

इस परियोजना और ए 1 और ए 3 ब्लॉकों में 31 मार्च 2017 तक आपकी कंपनी का निवेश का अंश क्रमशः ₹18,034.40 मिलियन (342.55 मिलियन अमेरिकी डॉलर) तथा ₹6,206.50 करोड़ (130.28 मिलियन अमेरिकी डॉलर) था।

5.14 श्वे अपतटीय मिडस्ट्रीम परियोजना, म्यांमार

यह मिडस्ट्रीम परियोजना इस परिसंघ के बीच अनिगमित संयुक्त उद्यम है तथा यह ए – 1 और ए –3 ब्लॉकों के संयुक्त विकास

का एक हिस्सा है। इस परियोजना के एक भाग के रूप में 960 एमएमएससीएमडी क्षमता वाली 110किमी ग 32 इंच गैस ट्रंक परिवहन पाइपलाइन का निर्माण किया गया तथा इसका उपयोग श्वे ऑफशोर प्लेटफॉर्म (एसएचपी) से रामरी द्वीप पर स्थित एक भूखंडीय बिंदु तक गैस के वहन हेतु किया जा रहा है। ऑनशोर गैस टर्मिनल(ओजीटी), आपूर्ति बेस और घाट का निर्माण कार्य एक ईपीसीआईसी अनुबंध के माध्यम से किया गया है। आपकी कंपनी का ऑफशोर पाइपलाइन परियोजना में 17 प्रतिशत भागीदारी हित धारित है।

31 मार्च, 2017 तक इस परियोजना में आपकी कंपनी का निवेश हिस्सा ₹3,649.30मिलियन (71.47 मिलियन अमेरिकी डालर) था।

5.15 तटीय गैस ट्रांसपोर्टेशन पाइपलाइन, म्यांमार

म्यांमार अपतट के ब्लॉक ए – 1 और ए –3 से निर्यात व गैस उत्पादन के लिए एक गैस विक्रय करार (जीएसए) पर दावू इंटरनेशनल संचालित परिसंघ(ब्लॉक ए – 1 और ए –3 के भागीदार) तथा चीनी नेशनल यूनाइटेड ऑयल कॉरपोरेशन (सीएनयूओसी) के बीच दिसंबर 2008 में हस्ताक्षर किए गए थे। म्यांमार से चीन तक के लिए एक सीमापारीय पाइपलाइन के माध्यम से चीनी बाजार के लिए गैस का निर्यात करने की योजना बनाई थी। एक संयुक्त ऑपरेटिंग पाइपलाइन कंपनी नामतः साउथ ईस्ट एशिया गैस पाइपलाइन लिमिटेड(एसईएजीपीसीएल) का गठन किया गया और इस परिसंघद्वारा इसे 25 जून, 2010 को हांगकांग में निगमित कर दिया गया था जिसका उद्देश्य रामरी द्वीप पर भूखंडीय बिंदु से म्यांमार – चीनी सीमा पर रूइली तक एक सीमापारीय गैस पाइपलाइन बिछाना था। सीएनपीसी 50.9 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ इस पाइपलाइन कंपनी में प्रमुख हिस्सेदार धारक है।

इस परियोजना में आपकी कंपनी का निवेश 31 मार्च 2017 तक ₹8452.30 मिलियन (155.47 मिलियन अमेरिकी डॉलर) था।

ब्लॉक ए–1 और ए – 3 अपतट, मिडस्ट्रीम परियोजना और अभितट गैस परिवहन पाइपलाइन के संयुक्त विकास में कंपनी का हिस्सा 31 मार्च 2017 तक ₹36,342.30 मिलियन (699.77 मिलियन अमेरिकी डॉलर) था।

6. खोजी गई परिसंपत्तियां / विकासशील परिसंपत्तियां

6.1 परियोजना फरजाद बी, ईरान

फारसी एक अपतटीय अन्वेषण ब्लॉक है जो 20–90 मीटर की जल गहराई में ईरान की फारस की खाड़ी में 3,500 वर्ग किलोमीटर तक फैला हुआ है। इस ब्लॉक के लिए अन्वेषण सेवा संविदा (ईएससी) पर 25 दिसंबर, 2002 को हस्ताक्षर किए गए थे। आपकी कंपनी द्वारा ऑपरेटर के रूप में 40 प्रतिशत भागीदारी हित धारित है और शेष भागीदारी हित इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (40 प्रतिशत भागीदारी हित) और ऑयल इंडिया लिमिटेड (20 भागीदारी हित) द्वारा धारित है। आपकी कंपनी द्वारा संचालित परिसंघ द्वारा एफबी संरचना (बाद में नामकरण फरज़ाद –बी के रूप में) में गैस की खोज का कार्य किया गया इस ब्लॉक की व्यावसायिक्ता 18 अगस्त 2008 को राष्ट्रीय तेल कंपनी (एनआईओसी), ईरान द्वारा घोषित की गई थी। ईएससी 24 जून 2009 को समाप्त हो गया।

फरजाद बी गैस क्षेत्र के विकास के लिए फरजाद बी गैस क्षेत्र की मास्टर विकास योजना (एमडीपी) को एनआईओसी द्वारा प्राधिकृत नामित कंपनी ईरानी ऑफशोर ऑयल कंपनी (आईओओसी) के समक्ष अप्रैल 2011 में प्रस्तुत की गयी थी। तदुपरांत फरजाद बी गैस क्षेत्र की विकास सेवा संविदा (डीएससी),पर हालांकि नवंबर 2012 तक वार्ताएं की गईं, जो डीएससी के कठिन नियमों और ईरान पर अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबंधों के प्रावधानों के कारण, अंतिम रूप से तैयार नहीं की जा सकीं।

वर्ष के दौरान, फरजाड बी गैस फील्ड के नये भूकंपी आंकड़ों और अद्यतित जी एंड जी मॉड्ल के आधार पर एक अनंतिम मास्टर विकास योजना (पीएमडीपी), फरजाड बी गैस फील्ड के विकास के लिए एनआईओसी द्वारा विनिर्दिष्ट प्राधिकरण, पार्स ऑयल एंड गैस कंपनी (पीओजीसी) को प्रस्तुत की गयी।

आपकी कंपनी अब फरजाद बी गैस क्षेत्र के विकास के लिए एनआईओसी द्वारा नामित प्राधिकरण – पार्स ऑयल एंड गैस कंपनी (पीओजीसी) के साथ लगातार चर्चा कर रही है।

आपकी कंपनी का निवेश हिस्सा 31 मार्च, 2017 तक ₹1,740 मिलियन (37.31 मिलियन अमेरिकी डॉलर) था।

6.2 रोवूमा एरिया 1 ऑफशोर ब्लॉक, मोजाम्बिक

आपकी कंपनी द्वारा रोवूमा एरिया 1 ऑफशोर ब्लॉक, मोजाम्बिक (एरिया 1), में16 प्रतिशत की हिस्सेदारी (पीआई) धारित करती है, इसमें 10 प्रतिशत पीआई प्रत्यक्ष रूप से धारित है तथा 6 प्रतिशत ब्यास रोवूमा एनर्जी मोजाम्बिक लिमिटेड (बीआरईएमएल) के माध्यम से धारित है, यह कंपनी एक बीवीआई कंपनी है जिसे ओएनजीसी विदेश तथा ओआईएल द्वारा 6 : 4 के अनुपात में

संयुक्त स्वामित्व में है। बीआरईएमएल द्वारा एरिया–1, मोजाम्बिक में 10 प्रतिशतका भागीदारी हित धारित है।

एरिया–1 में अन्य भागीदारों में अनाकार्डो (ऑपरेटर), ईएनएच (मोजाम्बिक कीराष्ट्रीय तेल कंपनी), मित्सुई, बीपीआरएल और पीटीटीईपी शामिल हैं।

एरिया–1 के लिए दूसरे और अंतिम चरण के अन्वेषण कार्य 31 जनवरी 2015 समाप्त हो गए और जिसके परिणामस्वरूप पांच क्षेत्रों अर्थात प्रोपेरिडाद,गोलफिन्हो–अतूम, ओरका, ट्यूबारओ और ट्यूबारओ टाइग्रे की खोज की गई।

एक सफल अन्वेषण और मूल्यांकन के परिणामस्वरूप एरिया–1 आज 60 ट्रिलियन घन फीट अनुमानित वसूली योग्य संसाधनों के साथ ऑफशोर ईस्ट अफ्रीका में आज की सबसे बड़ी प्राकृतिक गैस खोजों में एक है और इसके विश्व के सबसे बडो एलएनजी उत्पादन केन्द्र बनने की संभावना है।

एरिया –1 की प्रारंभ में गोल्फिन्हो–अतुम फील्ड से 6 एमएमटीपीए प्रत्येक की दो एलएनजी ट्रेन विकसित करने की योजना है।

एरिया –1 द्वारा अंतिम निवेश निर्णय (एफआईडी) लेने के लिए एफआईड के लिए अपेक्षित प्रमुख घटकों को यथाशीघ्र तैयार करने की कार्यवाही की जा रही है। एरिया –1 द्वारा एक व्यापक कानूनी और संविदात्मक ढांचे की तैयार करने के लिए मोजाम्बिक सरकार (जीओएम) के साथ समर्पित रूप से कार्य किया जा रहा है। एरिया –1 द्वारा डिक्री कानून, मोजाम्बिक सरकार द्वार पारित कर दिया गया है, जिसमें मोजाम्बिक में एलएनजी परियोजनाओं के विकास के लिए कानूनी ढांचा का प्रावधान है। इसके अलावा, जीओएम ने कई समझौते निष्पादित किए हैं, जैसे ईपीसीसी संशोधन, सरकारी एलएनजी समझौता, घरेलू गैस एमओयू, ईएनएच निधियन समझौता, ऑफशोर एसपीई शेयरधारक समझौता। मैरिन रियायत पर जीओएम के साथ महत्वपूर्ण प्रगति हुई है, जो प्रारंभिक एलएनजी परियोजना के लिए आवश्यक कानूनी और संविदात्मक अपेक्षाओं को पूरा करेगा। एरिया 1 ने गोलफिन्हो – एतम फील्ड की प्रथम 2 ट्रेनों से एलएनजी की विपणन और नौवहन का कामकाज देखने के लिए सिंगापुर में एलएनजी1 कंपपी पीटीई लि. भी निगमित किया है।

एरिया – 1 उस जमीन के लिए जीओएम के साथ एक समझौता कर लिया है जहॉ ऑनशोर एलएनजी पार्क अवस्थित किया जाएगा। फ्रंट इंड इंजीनियरिंग डिजाइन (एफईईडी) पूरी कर ली गयी है और ऑनशोर एलएनजी संयंत्र के लिए ईपीसी संविदाकार का चयन कर लिया गया है। एरिया –1 द्वारा 2 ट्रेनों की आवश्यक क्षमता के के लगभग दो तिहाई भाग के लिए बहु एशियाई उपभोक्ताओं के साथ गैर बाध्यकारी एचओए के माध्यमसे दीर्घकालीन शर्तों के आधार पर एलएनजी विपणन के संबंध में निरंतर प्रगति जारी है। एरिया –1 द्वारा परियोजना वित्त के माध्यम से 15 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक उगाही करने का लक्ष्य है और इस संबंध में प्रमुख ईसीएज़ के साथ चर्चा की जा रही है।

इस परियोजना में आपकी कंपनी का निवेश अंश 31 मार्च, 2017 तक लगभग ₹269,383.40 मिलियन (4,442.02 मिलियन अमेरिकी डॉलर) था।

6.3 काराबोबो परियोजना, वेनेजुएला

आपकी कंपनी ने इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल), ऑयलइंडिया लिमिटेड (ओआईएल), रेपसोल वाईपीएफ (रेपसोल) और पेट्रोलियमनेसेनल बेरहाड (पेट्रोनास) (सामूहिक रूप से ''परिसंघ'') को वेनेजुएला की बोलीवारियन गणराज्य सरकार द्वारा पूर्वी वेनेजुएला में ऑरिनोको हैवी ऑयलबैल्ट में स्थित काराबोबो – 1 उत्तरी (203 वर्ग किलो मीटर) और काराबोबो– 1 केंद्रीय (180 वर्ग किलो मीटर) के विकास कार्य के लिए एक ''एम्प्रेसामिक्स्टा'' में 40 प्रतिशत स्वामित्वाधिकार हित प्रदान किया गया था। आपकीकंपनी द्वारा अपनी सहायक कंपनी काराबोबो वनएबी के माध्यम से काराबोबो– 1 परियोजना में 11 प्रतिशत का भागीदारी हित धारित करती है। इस परियोजना में रेपसोल के पास 11 प्रतिशत भागीदारी हित है, आईओसीएल और ओआईएलप्रत्येक के पास 3.5 प्रतिशत भागीदारी हित धारित है। पेट्रोलिओज़ डी वेनेजुएलाएसए (पीडीवीएसए), वेनेजुएला की राष्ट्रीय तेल कंपनी की सहायक कंपनी कॉरपोरैशिअन वेनेजुलाना डेल पेट्रोलिओ (सीवीपी) के पास शेष 71 प्रतिशत इक्विटीहित धारित है। इस मिश्रित कंपनी को पेट्रो काराबोबो एसए (पीसीबी) के रूप में निगमित किया गया था।

अब तक भंडार मॉड्ल के अद्यतन के लिए पेट्रोफिजिकल डेटा संग्रहण के लिए पंद्रह कूएं वेधित किए गए हैं। सीपीएफ – 1 से कॉमोर एवं एल साल्टो तक एक पाइपलाइन कॉरिडोर के निर्माण की परियोजना अक्तूबर, 2016 में पूरी की गयी थी।

त्वरित शीघ्र उत्पादन (एईपी) योजना के अनुसार इस क्षेत्र से प्रथम तेल 27 दिसंबर 2012 को प्राप्त हुआ और वर्तमान स्थिति के अनुसार इस क्षेत्र के 66 विकासशील कूपों से लगभग 24,703 बीओपीडी (मार्च 2017 की स्थिति के अनुसार) की दर से उत्पादन किया जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2017 के दौरान तेल और तेल समतुल्य गैस उत्पादन में आपकी कंपनी का अंश 0.151 एमएमटीओई था, जबकि वित्त वर्ष 2016 के दौरान यह 0.119 एमएमटीओई था।

इस परियोजना में 31 मार्च 2017 तक आपकी कंपनी का निवेश अंश लगभग ₹11,979.30 मिलियन (228.37 मिलियन अमेरिकी डॉलर) था।

6.4 ब्लॉक 24, सीरिया

सीरिया के ब्लॉक 24 के लिए 29 मई 2004 से प्रभावी पेट्रोलियम के अन्वेषण,विकास और उत्पादन से संबंधित संविदा पर 15 जनवरी, 2004 को हस्ताक्षर किए गए। आपकी कंपनी की इस ब्लॉक में 60 प्रतिशत की भागीदारी है, इसके साथ–साथ आईपीआर मेडिटेरेनियन एक्सप्लोरेशन लिमिटेड (प्रचालक) तथा ट्राई ओशन मेडिटेरेनियन के पास इसमें क्रमशः 25 प्रतिशत और 15 प्रतिशत की अंशधारिता है।

इस ब्लॉक के अन्वेषण चरण की अवधि 28 सितंबर 2011 को समाप्त हो गयी। परिसंघ ने इस चरण के दौरान, इस ब्लॉक में कुल 14 कूपों के वेधन किए।

अन्वेषण संबंधी इन परिणामों के आधार पर, सीरिया सरकार ने अबु खसाब क्षेत्र में तीन संरचनाओं के अतिरिक्त क्षेत्रों के विकास संबंधी अधिकार प्रदानकर दिए। प्रचालक द्वारा इस क्षेत्र की विकास योजना (पीओडी) तैयार की गयी है। इसके अलावा, रोम्मान क्षेत्र के विकास संबंधी अधिकारों को प्रदान किए जाने से संबंधित परिसंघ के अनुरोध, सीरियाई प्राधिकारियों के पास सक्रिय रूप से विचाराधीन थे। अमरीका द्वारा लगाए प्रतिबंधों तथा प्रचालन क्षेत्रों में बिगड़ती कानून व्यवस्था के प्रभावों का हवाला देते हुए, प्रचालक ने 30 अप्रैल 2012 से इस ब्लॉक में 'अप्रत्याशित घटनाक्रम' की स्थिति को लागू कर दिया जिसके परिणामस्वरूप सभी गतिविधियां स्थगित कर दी गईं।

आपकी कंपनी द्वारो वित्त वर्ष 2017 के दौरान किसी भी प्रकार के तेल का उत्पादन नहीं किया गया है। आपकी कंपनी का इस परियोजना में 31 मार्च 2017 तक कुल निवेश ₹3,234.40 मिलियन (70.09मिलियन अमेरिकी डॉलर) था।

7. अन्वेषणात्मक परिसंपत्तियां

7.1 ब्लॉक एसएसजेएन – 7, कोलंबिया

ब्लॉक एसएसजेएन–7 का आवंटन कोलम्बिया के वर्ष 2008 के बोली दौर मेंपैसिफिक रूबियालेज़ एनर्जी (पीआरई) को किया गया था। इस ब्लॉक काक्षेत्रफल 2707 वर्ग किलोमीटर है जो कोलम्बिया के तटीय सैन जैसिन्टो बेसिनके दक्षिण पश्चिम भाग में स्थित है। आपकी कंपनी ओएनजीसी विदेश 50प्रतिशत भागीदारी के साथ इसकी एक भागीदार है तथा पीआरई 50 प्रतिशत भागीदारी के साथ इसकी ऑपरेटर है। इसके अलावा, अन्वेषण अवधि की एमडब्ल्यूपी को पूरा करने के लिए इस ब्लॉक के पश्चिमी भाग के 2 डी भूकंपीय सर्वेक्षण कार्य और एक कूप का वेधन किया जाना जरुरी है। अन्वेषण चरण 1 25 नवंबर 2017 को पूरा हो रहा है।

इस परियोजना में आपकी कंपनी का निदेश अंश दिनांक 31 मार्च 2017 तक ₹522.08 मिलियन था।

7.2 ब्लॉक सीपीओ – 5 कोलम्बिया

इस ब्लॉक का आवंटन कोलम्बिया के वर्ष 2008 के बोली दौर में आपकी कंपनीको किया गया था। इस ब्लॉक का क्षेत्रफल 1,992.47 वर्ग किलोमीटर है जो कोलम्बिया के तेल व गैस से संवृद्ध तटीय लानोस बेसिन के दक्षिण पश्चिम भाग में स्थित है। जून 2010 में आपकी कंपनी द्वारा ऑपरेटरशिप बनाए रखते हुए 30 प्रतिशत पीआई का विनिवेश पेट्रोडोराडो एनर्जी (पीडीक्यू) को कर दिया। इस ब्लॉक के दक्षिण पूर्वी हिस्से में 2 डी और 3 डी भूकंपीय डेटा एपीआई और अन्य जी एंड जी अध्ययनकार्यों को संपन्न करने के पश्चात 2 अन्वेषी तेल कूपों, कमल – 1 और लोटो– 1 का वेधन कार्य क्रमशः वर्ष 2012 और 2013 में किया गया। प्रथम चरण के न्यूनतम कार्य कार्यक्रम सफलतापूर्वक पूर्ण हुआ तथा आपकी कंपनी ने दिनांक 11 अप्रैल 2013 से इस ब्लॉक के द्वितीय अन्वेषण चरण में प्रवेश किया। द्वितीय चरण के न्यूनतम कार्य कार्यक्रम में 3 अन्वेषी कूप, 205 वर्ग किलोमीटर 3डी भूकंपीय एपीआई और 500 लाइन किलोमीटर 2 डी भूकंपीय पुर्न प्रसंस्करण शामिल हैं। ब्लॉक के उत्तरी पश्चिमी हिस्से में 254 वर्ग किलोमीटर 3 डीभूकंपीय आंकड़ों का अधिग्रहण और प्रसंस्करण कार्य पूर्ण हो चुका है। आपकी कंपनी को अपने मैरिपोसा : 1 कूप, जिसका इस ब्लॉक में वेधन किया जा रहा है, में रोमांचक परिणाम प्राप्त हुआ। कूप मैरिपोसा –' 1 में वेधन 24 मार्च 2017 को शुरु हुआ और इसकी दिशात्मक वेधन कुल 11,566 फीट (एमडी) की गहराई तक है। विद्युत लॉग विश्लेषण से यूने संरचना के निम्नतर रेत में तेल संतृप्त भार की उपस्थिति के संकेत मिले हैं। इस खंड का वेधन करते समय तेल और गैस का अच्छा हाईड्रोकार्बन दृश्य भी मिले थे। यह कूप वर्तमान में परीक्षण कार्यक्रम शुरु करेन के लिए अनुकूलन के अधीन है।

इस परियोजना में आपकी कंपनी का निवेश अंश 31मार्च 2017 तक ₹3,851.10 मिलियन (69.53 मिलियन अमेरिकी डॉलर) था।

7.3 ब्लॉक आर सी –9, कोलम्बिया

यह ब्लॉक कोलम्बिया के 2007 बोली दौर में इकोपेट्रोल को आवंटित किया गया था। इस ब्लॉक की जल गहराई 40–160 मीटर तक है तथा इसका क्षेत्रफल 1,060वर्ग किलोमीटर है, यह कोलंबिया के अपतटीय गुआजिरा बेसिन के उत्तर पश्चिमी भाग में चुचुपा और बालेना गैस क्षेत्रों के निकट स्थित है। इको पेट्रोल की इसमें 50प्रतिशत का भागीदारी हित धारित है और यह इसका ऑपरेटर भी है और आपकी कंपनी द्वारा इस ब्लॉक के 50 प्रतिशत शेष भागीदारी हित को धारित किया गयाहै। चूँकि 3डी भूकंपीय डेटा का अधिग्रहण और जी एंड जी अध्ययन कर लिया गया था जो अन्वेषण अवधि के पहले और दूसरे चरण की प्रतिबद्धता को पूरा करते हैं। एक कूप के वेधन की प्रतिबद्धता के साथ अन्वेषण चरण –2 के लिए नियामक द्वारा तीन वर्ष के लिए समय विस्तार प्रदान किया गया था। एक अन्वेषी स्थल कोरिलीज़ कर दिया गया है और 2017 में इसकी वेधन संबंधी प्रतिबद्धता को पूरा करने की योजना बनाई जा रही है। ऑपरेटर द्वारा इसकी वेधन पूर्व गतिविधियां की जा रही हैं।

इस परियोजना में आपकी कंपनी का निवेश अंश 31 मार्च 2017 तक ₹866 मिलियन (14.34 मिलियन अमेरिकी डॉलर) था।

7.4 ब्लॉक आरसी –10, कोलम्बिया

मोरिचल, कोलम्बिया में ड्रिल साइट

आपकी कंपनी को यह ब्लॉक कोलम्बिया के 2007 बोली दौर में आवंटित किया गया था। इसकी जल गहराई 200–2600 मीटर के बीच है तथा इस ब्लॉक का क्षेत्रफल 1340 वर्ग किलोमीटर है, जो कोलंबिया के अपतटीय गुआजिरा बेसिन के उत्तर–पश्चिमी भाग में स्थित है। आपकी कंपनी इसमें 50 प्रतिशत पीआई के साथ ऑपरेटर है। शेष 50 प्रतिशत पीआई इको पेट्रोल द्वारा धारित है। इस ब्लॉक में 2डी और 3डी भूकंपीय डेटा का अधिग्रहण और जी एंड जी अध्ययन कर लिया गया है जो अन्वेषण अवधि के पहले और दूसरे चरण की प्रतिबद्धता को पूरा करते हैं। अन्वेषण चरण –2 के लिए नियामक द्वारा तीन वर्ष के लिए 28 नवंबर 2016 तक के लिए समय विस्तार प्रदान किया गया था। आपकी कंपनी ने एएनएच द्वारा जारी किए गए नए समझौते के तहत 9 माह के समय विस्तार के लिए आवेदन किया था जिसे तदोपरांत एएनएच द्वारा प्रदान कर दिया गया था, इस प्रकार इस ब्लॉक की समय सीमा 28 अगस्त 2017 तक संशोधित हो गई।

जियोपिक, ओवल और इकोपेट्रोल द्वारा आयोजित हाल के अध्ययन से इस ब्लॉक की प्रतिकूल संभाव्यता का संकेत मिले हैं। तदनुसार, इस ब्लॉक के परित्याग और इसकी न्यूनतम वित्तीय प्रतिबद्धताओं को अन्य ब्लॉकों में हस्तांतरित करने की प्रक्रिया शुरु कर दी गयी है।

इस परियोजना में आपकी कंपनी का निवेश अंश 31 मार्च 2017 तक ₹780.30मिलियन (15.42 मिलियन अमेरिकी डॉलर) है।

7.5 ब्लॉक गुआ ऑफ 2, कोलम्बिया

कोलंबिया के वर्ष 2012 के बोली दौर में आपकी कंपनी को यह ब्लॉक आवंटित किया गया था। इस ब्लॉक की जल गहराई 1500 से 2700 मीटर के बीच है और इसका क्षेत्रफल 1171 वर्ग किलोमीटर में फैला है और यह कोलंबिया के अपतटीय गुआजिरा बेसिन के उत्तर–पश्चिमी भाग में स्थित है। आपकी कंपनी की इस ब्लॉक में 100 प्रतिशत पीआई है। अन्वेषण अवधि के चालू प्रथम चरण का एमडब्ल्यूपी 3डी भूकंपीय डेटा का अधिग्रहण और पिस्टन कोरस है। पर्यावरण और समाजीकरण की प्रक्रिया चल रही है। आपकी कंपनी ने एएनएच द्वारा जारी किए गए नए समझौते के तहत नियामक (एएनएच) के समक्ष 9 माह के समय विस्तार के लिए आवेदन किया था जिसे तदोपरांत एएनएच द्वारा प्रदान कर दिया गया था, इसलिए इस ब्लॉक की समय समाप्ति 15 नवंबर 2016 तक संशोधित कर दी गई थी जिसे बाद और बढ़ा कर 25 जनवरी 2017 कर दी गयी है। तथापि, जिस संभाव्यता से आरसी – 10 अर्जित किया गया था, के प्रतिकूल संभाव्यता को देखते हुए, इस ब्लॉक की परित्याग प्रक्रिया और इसके न्यूनतम

एमईसीएल, कोलम्बिया के केन्द्रीय प्रोसेसिंग सुविधा में स्टोरेज टैंक

वित्तीय प्रतिबद्धताओं को अन्य ब्लॉक में अंतरित करने की कार्यवाही शुरु कर दी गयी है।

इस परियोजना में आपकी कंपनी का निवेश अंश 31 मार्च 2017 तक ₹133.8मिलियन (2.15 मिलियन अमेरिकी डॉलर) था।

7.6 ब्लॉक लानोस – 69 (एलएलए – 69), कोलम्बिया

यह ब्लॉक मानसरोवर एनर्जी कोलंबिया लिमिटेड (एमईसीएल), जो आपकी कंपनी और सिनोपेक 50:50 पीआई के साथ एक संयुक्त उद्यम कंपनी है को कोलंबिया के 2012 बोली दौर में आवंटित किया गया था। इस ब्लॉक का क्षेत्रफल 226 वर्ग किलोमीटर है और यह कोलम्बिया के समृद्ध लानोस बेसिन में उत्तर पश्चिम भाग की तलहटी में स्थित है। एमईसीएल इस ब्लॉक का एक ऑपरेटर है। प्रथम चरण की अन्वेषण अवधि में चल रहे न्यूनतम कार्य कार्यक्रम को पूरा करने के लिए, 75 एसकेएम का 3डी भूकंपीय सर्वेक्षण हासिल कर लिया गया है और इसका प्रसंस्सकरण किया जा रहा है। प्रसंस्सकृत डेटा के आधार पर एक प्रतिबद्ध अन्वेषी कूप के वेधन संबंधी निर्णय की पुष्टि की जाएगी। एएनएच द्वारा 9 माह के समय विस्तार को मंजूरी प्रदान कर दी गई है और एमईसीएल द्वारा 12 सितंबर 2017 को प्रथम चरण की समय सीमा बनाने सेसंबंधित संशोधन पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

इस ब्लॉक में आपकी कंपनी का निवेश का अंश 31 मार्च 2017 तक लगभग ₹373.2 मिलियन (5.74 मिलियन अमेरिकी डॉलर) था।

7.7 सतपायेव परियोजना, कजाखस्तान

आपकी कंपनी ने कज़ाख़स्तान की राष्ट्रीय तेल कंपनी कज़मुनई गैस (केएमजी)के साथ भारत के माननीय प्रधानमंत्री और कज़ाख़स्तान के राष्ट्रपति की उपस्थिति में कज़ाख़स्तान के अस्ताना में 16 अप्रैल 2011 को सत्पायेव अन्वेषण ब्लॉक में 25 प्रतिशत भागीदारी अर्जित करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। यह अंतरण आपकी कंपनी के हाइड्रोकार्बन सम्पन्न कज़ाख़स्तान में प्रवेश का प्रतीक है। सतपायेव अन्वेषण ब्लॉक, कैस्पियन सागरके कज़ाख़स्तान क्षेत्र में स्थित है और यह 4 से 9 मीटर की समुद्री गहराई में 1482 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्रफल में फैला हुआ है। सतपायेव ब्लॉक उत्तरी कैस्पियन सागर में प्रमुख खोजों के काफी निकट स्थित है। आपकी कंपनी ने केएमजी में अपने 75 प्रतिशत पीआईवहन करती है और इसलिए इस परियोजना के अन्वेषण और मूल्यांकन चरण के दौरान सम्पूर्ण 100प्रतिशत व्यय को वहन करेगी। 2डी भूकंपीय आंकड़ों के 1200 एल के एम

के अर्जन, प्रसंस्करण तथा व्याख्या सहित जी एंड जी प्रतिबद्धताओं से संबंधित कार्य पहले ही पूर्ण हो चुके हैं, जिनके आधार पर मेसोजॉयक क्षेत्र में दो अन्वेशी कूपों के स्थलों की पहचान की गई थी।

प्रथम प्रतिबद्धता अन्वेषण कूप का वेधन वर्ष 2015 में किया गया था तथा जो शुष्क था। प्रथम कूप के वेधन परिणामों को ध्यान में रखते हुए ऑपरेटर(सतपायेव ऑपरेटिंग एलएलपी) द्वारा इस ब्लॉक क्षेत्र की संभाव्यताओं का पुनःआंकलन किया गया था। पेलियोजॉयक संभाव्यता पर कुछ 2डी भूकंपीय प्रमुख लाइनों के पुर्न प्रसंस्सकरण / व्याख्या के आधार पर, अधिक गहराई में लक्षित भंडार (पेलियोजॉयक क्षेत्र) के लिए एक वेधन योग्य स्थान एसटीपीजेड – 1 निश्चित किया गया है।

सतापायेव ई एंड पी संविदा के लिए 15 जून 2018 तक दो वर्षों के समय विस्तार भी कज़ाख़स्तान सरकार मंजूर कर दी गयी है।

जुलाई 2017 में एसटीपीजेड –1 वेधन शुरु करने के लिए प्रचालक द्वारा सामग्री और सेवा उपयोजन सहित शुरुआती कार्य चल रहा है।

इस परियोजना में आपकी कंपनी का निवेश अंश 31 मार्च 2017 तक लगभग ₹11,718.20 मिलियन (213.38 मिलियन अमेरिकी डॉलर) था।

7.8 ब्लॉक बीएम–एसईएएल –4, ब्राजील

आपकी कंपनी द्वारा आपकी कंपनी और पेट्रोब्रास के बीच अदला–बदली समझौते के हिस्से के रूप में जून, 2007 में इस ब्लॉक में स्वयं को स्थापित किया था। एक ऑपरेटर के रूप में पेट्रोब्रास के पास 75 प्रतिशत भागीदारी हित है और भागीदार के रूप में आपकी कंपनी द्वारा ब्लॉक बीएम–एसईएएल –4में 25 प्रतिशत का भागीदारी हित धारित है। आपकी कंपनी ने 2 कूपों के वेधन के एक न्यूनतम कार्य कार्यक्रम के साथ अन्वेषण चरण –2 में प्रवेश किया है। दो अन्वेषी कूपों, जपरट्यूबा –1 (शुष्क व परित्यक्त) और पोको वर्दे (कैम्पेनियन मे विरल तेल व गैस भंडार), का वेधन कार्य किया गया जिससे न्यूनतम कार्य कार्यक्रम पूर्ण हुआ।

जून 2013 में, अन्वेषण चरण –2 की समाप्ति पर, ऑपरेटर द्वारा दो मूल्यांकन योजनाओं नामतः पोको वर्डे और मोइता बोनिता को प्रस्तावित किया गया है। आपकी कंपनी द्वारा मोइता बोनिता पीएडी (खोज मूल्यांकन योजना) में भागीदारी करने का निर्णय लिया गया जिसमें बीएम–एसईएएल –4 ब्लॉक के उत्तरी पश्चिमी भाग में लगभग 1020 वर्ग किलोमीटर (320 वर्ग किलोमीटर) तक फैला एक क्षेत्र शामिल हैं तथा बीएम–एसईएएल–10 ब्लॉक (700 वर्ग किलोमीटर) रियायत शामिल हैं। ऑपरेटर ने सूचित किया है कि एएनपी ने मोयटा बोनिटा मूल्यांकन योजना की वाणिज्यिकता की घोषणा करने की प्रस्तुति के लिए समय विस्तार देते हुए 1 दिसंबर 2020 तक समय दिया है।

आपकी कंपनी पैड पोको वर्दे (1–एसईएस–159) हट गयी है और परित्याग की प्रक्रिया प्रगति पर है। मोइता बोनिता पीएडी के प्रतिबद्धकार्य कार्यक्रम में 1020 वर्ग किलोमीटर के 3 डी भूकंपीय, 3 पुष्ट कूपों तथा 2 आकस्मिक कूपों का वेधन निहित है। 1020 वर्ग किलोमीटर के 3डी भूकंपीय व 4 कूपों का वेधन (3 पुष्ट व 1 आकस्मिक) का कार्य पीएडी में संपन्न कर लियागया था।

इस परियोजना में आपकी कंपनी का निवेश अंश 31 मार्च 2017 तक ₹3,317.60मिलियन (60.46 मिलियन अमेरिकी की डॉलर) था।

7.9 कांट्रैक्ट एरिया 43, लीबिया

आपकी कंपनी ने 17 अप्रैल 2007 से प्रभावी अन्वेषण एवं उत्पादन भागीदारी समझौता (ईपीएसए) के तहत मैडिटरेनियन सागर में लीबिया के सारेनिएका अपतटीय बेसिन में स्थित संविदा क्षेत्र 43 का अर्जन किया है। कंट्रेक्ट एरिया 43 में 7,449 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्रफल में फैले चार ब्लॉक शमिल हैं। ब्लॉक की सीमाएं समुद्रतट और लगभग 2200 मीटर की समुद्री गहराई के बीच फैली हैं। आपकी कंपनी द्वारा कंट्रेक्ट एरिया 43 के प्रचालक के रूप में 100 प्रतिशत भागीदारी धारित करती है। इसमें 1011 एलकेएम 2 डी भूकंपीय तथा 4000 वर्ग किलोमीटर तक 3 डी भूकंपीय अर्जन, प्रसंस्करण तथा व्याख्या के कार्य पूर्ण हो चुके हैं। लीबिया में नागरिक अशांति के कारण, कंट्रेक्ट एरिया 43, 26 फरवरी 2011 से31 मई 2012 तक अप्रत्याशित घटनाक्रम की स्थिति के अंतर्गत रहा है। कंट्रेक्ट एरिया 43 के अन्वेषण चरण को 21 जुलाई 2013 तक (अप्रत्याशित घटनाक्रम की अवधि के संगत) के लिए समय विस्तार प्रदान किया गया है।

सुरक्षा परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए, लीबिया की राष्ट्रीय तेल कंपनी से अन्वेषण अवधि को 2.5 वर्ष अर्थात 21 जनवरी 2016 तक के लिए बढ़ाने का अनुरोध किया गया था, ताकि अन्वेषण संबंधी गतिविधियों को चलाया जा सके। तथापि, अन्वेषण अवधि को एक वर्ष तक के लिए अर्थात 21 जुलाई 2014 तक बढ़ाया गया। वर्तमान में, आपकी कंपनी द्वारा लीबिया की राष्ट्रीय तेल कंपनी के साथ अन्वेषण अवधि के विस्तार तथा 21 जुलाई 2014 से अप्रत्याशित घटनाक्रम की घोषणा के लिए विचार विमर्श किया जा रहा है।

इस परियोजना में आपकी कंपनी का निवेश अंश 31 मार्च 2017 तक लगभग ₹1,967 मिलियन (42.40 मिलियन अमेरिकी डॉलर) था।

7.10 एक्सप्लोरेशन ब्लॉक –8, इराक

आपकी कंपनी ब्लॉक –8 की एकमात्र लाइसेंस धारक है, जो कि इराक के पश्चिमी रेगिस्तान में 10,600 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ एक विशाल भूखंड है। ब्लॉक के लिए अन्वेषण और विकास संविदा (ईडीसी) पर 28 नवंबर 2000को हस्ताक्षर किए गए थे। संविदा की पुष्टि इराक सरकार द्वारा 22 अप्रैल,2001 को कर दी गई थी और यह 15 मई 2001 से प्रभावी था। तब से, मौजूदा भूकंपीय डेटा के अभिलेखीकरण, पुनर्संसाधन और व्याख्या से संबंधित कार्य पूर्णकर लिया गया है। तथापि, आपकी कंपनी ने इराक में चल रही स्थितियों के कारण अप्रैल 2003 में इराक के तेल मंत्रालय को अप्रत्याशित घटनाक्रम की स्थिति के बारे में अधिसूचित कर दिया था। वर्ष 2008 में, आपकी कंपनी को सूचित किया गया था कि इराक सरकार ने नए तेल व गैस कानून के प्रावधानों के अनुसरण में ब्लॉक 8 की संविदा पर पुनः वार्ता करने का निर्णय किया था, जिसे शीघ्र ही प्रवर्तित किए जाने की संभावना है। तथापि, पुनः वार्ता अभी आरंभ होनी है।

इस परियोजना में आपकी कंपनी का निवेश अंश 31 मार्च 2017 तक लगभग ₹48.70 मिलियन (1.03 मिलियन अमेरिकी डॉलर) था।

7.11 ब्लॉक 128, वियतनाम

आपकी कंपनी ने पेट्रो वियतनाम के साथ गहन समुद्री अन्वेषण ब्लॉक –128 जिसका क्षेत्रफल अपतटीय फ्यू खान्ह बेसिन, वियतनाम में 7,058 वर्गकिलोमीटर है के लिए मई 2006 में एक पीएससी पर हस्ताक्षर किए थे। पेट्रोलियम और उद्योग मंत्रालय (एमपीआई), वियतनाम द्वारा 16 जून 2006 को निवेश लाइसेंस जारी किया गया था जो पीएससी की तिथि से प्रभावी हुआ है। आपकी कंपनी इस ब्लॉक की 100 प्रतिशत भागीदारी हित के साथ ऑपरेटर है। इस ब्लॉक की जल गहराई 200 से 2000 मीटर तक है।

अन्वेषण अवधि के दौरान, 3 डी भूकंपीय आंकड़ों के अर्जन व 2 डी भूकंपीय आंकड़ों के पुनः प्रसंस्करण तथा जी एंड जी अध्ययन अन्वेषण अवधि के प्रथमचरण के न्यूनतम कार्य कार्यक्रम के एक भाग की पूर्ति करने के लिए किए गएथे। आगे के जी एंड जी अध्ययन किए जा रहे हैं। एक प्रतिबद्धता अन्वेशी कूप का वेधन प्रथम चरण के न्यूनतम कार्य कार्यक्रम के एक भाग की पूर्ति करने के लिए किए जाने हैं। अन्वेषण अवधि के प्रथम चरण के लिए आपकी कंपनी को अगले समय विस्तार 16 जून 2014 से 15 जून 2016 तक के लिए प्रदान किया गया था।

इस परियोजना में आपकी कंपनी का निवेश अंश 31 मार्च 2017 तक लगभग ₹2,243.9 मिलियन रुपए (51.00 मिलियन अमेरिकी डॉलर) था।

7.12 ब्लॉक एसएस– 09, बांग्लादेश

यह ब्लॉक ऑयल इंडिया लिमिटेड (ओआईएल) के साथ आपकी कंपनी के परिसंघ को बांग्लादेश के बोली दौर 2012 में प्रदान किया गया था। इसके पीएससी पर 17 फरवरी 2014 को बांग्लादेश जनवादी गणराज्य सरकार, बांग्लादेश तेल व गैस और खनिज निगम (पेट्रोबांग्ला) तथा आपकी कंपनी के ओआईएल के साथ परिसंघ व बांग्लादेश पेट्रोलियम अन्वेषण और उत्पादन कंपनी लिमिटेड (बीएपीइएक्स) के बीच हस्ताक्षर किए गए थे। आपकी कंपनी 45 प्रतिशत भागीदारी हित के साथ इसकी ऑपरेटर है; जबकि ओआईएल तथा बीएपीईएक्स के द्वारा इस ब्लॉक में क्रमशः 45 प्रतिशत तथा10 प्रतिशत भागीदारी हित धारित हैं। बीएपीईएक्स के द्वारा धारित 10 प्रतिशत भागीदारी हित को प्रथम वाणिज्यिक खोज की तिथि तक सभी व्ययों के संदर्भमें अपने संबद्ध हितों के अनुपात में ओएनजीसी विदेश तथा ओआईएल द्वारा वहन किया जा रहा है।

ब्लॉक एस एस 09, 7026 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र को कवर करता है जोअपतटीय बंगाल बेसिन में स्थित है। न्यूनतम कार्य कार्यक्रम (एमडब्ल्यूपी) के अनुसार, अन्वेषण के पहले चरण में 2850 एलकेएम 2 डी भूकंपीय डेटा के अधिग्रहण और दो कूपों के वेधन को नियोजित किया गया है। वर्तमान में, 2357.125 लाइन किलोमीटर 2डी स्टीमर भूकंपीय डाटा का अधिग्रहण किया गया है और इसका प्रसंस्करण कार्य कया गया है।

इस परियोजना में आपकी कंपनी का निवेश अंश 31 मार्च 2017 तक लगभग ₹47.9 मिलियन (0.73 मिलियन अमेरिकी डॉलर) था।

7.13 ब्लॉक एसएस 04, बांग्लादेश

यह ब्लॉक आपकी कंपनी ओएनजीसी विदेश को ऑयल इंडिया लिमिटेड(ओआईएल) के साथ परिसंघ को बांग्लादेश के बोली दौर 2012 में प्रदान कियागया था। इसके पीएससी पर दिनांक 17.02.2014 को बांग्लादेश जनवादी गणराज्य सरकार, बांग्लादेश तेल व गैस और खनिज निगम (पेट्रोबांग्ला) तथा आपकी कंपनी के ओआईएल के साथ परिसंघ व बांग्लादेश पेट्रोलियम अन्वेषण और उत्पादन कंपनी लिमिटेड (बीएपीइएक्स) के बीच हस्ताक्षरित किया गया था। आपकी कंपनी 45 प्रतिशत भागीदारी हित के साथ इसकी ऑपरेटर है; जबकि ओआईएल तथा बीएपीईएक्स के द्वारा इस ब्लॉक में क्रमशः 45 प्रतिशत तथा10 प्रतिशत भागीदारी

हित धारित हैं। बीएपीईएक्स के द्वारा धारित 10 प्रतिशत भागीदारी हित को प्रथम वाणिज्यिक खोज की तिथि तक सभी व्ययों के संदर्भ में अपने संबद्ध हितों के अनुपात में ओएनजीसी विदेश तथा ओआईएल द्वारा वहन किया जा रहा है।

ब्लॉक एस एस 04, 7,269 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र को कवर करता है जो अपतटीय बंगाल बेसिन में स्थित है। न्यूनतम कार्य कार्यक्रम (एमडब्ल्यूपी) के अनुसार में, अन्वेषण के पहले चरण में 2700 एलकेएम 2 डी भूकंपीय डेटा के अधिग्रहण और एक कूप के वेधन को नियोजित किया गया है। वर्तमान में, 653.675 लाइन किलोमीटर 2डी स्टीमर भूकंपीय डाटा और 1688 एलकेएम 2डी महासागरीय तलीय केबल (ओबीसी) भूकंपीय सर्वेक्षण अर्जित और प्रसंस्सकृत किए गए हैं।

इस परियोजना में आपकी कंपनी का निवेश अंश 31 मार्च 2017 तक लगभग ₹56.6 मिलियन (0.87 मिलियन अमेरिकी डॉलर) था।

7.14 ब्लॉक बी 2, म्यांमार

यह ब्लॉक आपकी कंपनी को म्यांमार तटवर्ती बोली दौर 2013 में आवंटित किया गया था। इसके पीएससी पर आपकी कंपनी द्वारा 97 प्रतिशत पीआई धारित एक ऑपरेटर के रूप में तथा इस ब्लॉक में 3 प्रतिशत (वहित) पीआई धारित करने वाली एमएंडएस(स्थानीय भागीदार) के रूप में 'एमओजीई' (नियामक) के साथ 8 अगस्त 2014 को हस्ताक्षर किए गए थे।

यह ब्लॉक जेबायूतौंग–नानडॉ क्षेत्र में और भौगोलिक सिंदविन बेसिन के उत्तरीभाग में स्थित है। ब्लॉक का अनुमानित क्षेत्रफल 16,996 वर्ग किलोमीटर है।

इस ब्लॉक में 2 डी भूकंपीय डेटा के फुल फोल्ड 555 एलकेएम (820 जमीनी एलकेएम)का अर्जन किया जाना है और चालू अन्वेषण के प्रथम चरण, जो 1 जनवरी 2016 को शुरु हुआ था, के न्यूनतम कार्य कार्यक्रम (एमडब्ल्यूपी) की पूर्ति करनदो प्रतिबद्धअन्वेषी कूपों का वेधन कार्य भी किया जाना है। भूकंपी पूर्व पर्यावरण प्रभाव आकलन (ईआईए) रिपोर्ट अनुमोदनार्थ नियामक को प्रस्तुत कर दी गयी है। ईआईए अनुमोदन के पश्चात भूकंपी संर्वेक्षण शुरु किए जाने की योजना है।

इस परियोजना में आपकी कंपनी का निवेश अंश 31 मार्च 2017 तक लगभग ₹187.7 मिलियन (2.27 मिलियन अमेरिकी डॉलर) था।

7.15 ब्लॉक ईपी3, म्यांमार

यह ब्लॉक आपकी कंपनी को म्यांमार तटवर्ती बोली दौर 2013 में आवंटित किया गया था। इसके पीएससी पर आपकी कंपनी द्वारा 97 प्रतिशत पीआई धारित एक ऑपरेटर के रूप में तथा ब्लॉक में 3 प्रतिशत पीआई धारित युक्त एमएंडएस (स्थानीय भागीदार) के रूप में 'एमओजीई' (नियामक) के साथ 8 अगस्त 2014 को हस्ताक्षर किए गए थे।

यह ब्लॉक केंद्रीय बर्मा बेसिन (बागो योमा उप बेसिन) में अवस्थित है और इसका अनुमानित क्षेत्रफल करीब 1,650 वर्ग किलोमीटर है।

इस ब्लॉक में 2 डी भूकंपीय डेटा के अधिग्रहण किया जाना है और दो प्रतिबद्धअन्वेषी कूपों का वेधन कार्य चल रही अन्वेषण अवधि के प्रथम चरण के न्यूनतम कार्य कार्यक्रम (एमडब्ल्यूपी) की पूर्ति के लिए किया जाना है, जिसका आरंभ 1 जनवरी 2016 को हुआ था। भूकंपी पूर्व पर्यावरणीय प्रभाव आकलन (ईआईए) की रिपोर्ट नियामक को अनुमोदनार्थ प्रस्तुत कर दी गई है। यह सर्वेक्षण ईआईए अनुमोदन के पश्चात शुरु किए जाने का प्रस्ताव है।

इस परियोजना में आपकी कंपनी का निवेश अंश 31 मार्च 2017 तक लगभग ₹153.5 मिलियन (2.33 मिलियन अमेरिकी डॉलर) था।

7.16 ब्लॉक पीईपी–57090, न्यूजीलैंड

यह ब्लॉक आपकी कंपनी को न्यूजीलैंड बोली दौर 2014 में 9 दिसंबर 2014 को12 वर्षों की अवधि के लिए, जिसकी शुरुआत1 अप्रैल 2015 से हुई, आवंटित किया गया था। इस ब्लॉक में एक ऑपरेटर के रूप में आपकी कंपनी का 100 प्रतिशत भागीदारी हित है। ब्लॉक पीईपी–57090 का क्षेत्रफल 2120.761 वर्ग किलोमीटर है और यह 300–400 मीटर तक की जल गहराईमें अपतटीय टैराना की बेसिन में स्थित है। अन्वेषण के प्रथम चरण के लिए न्यूनतम कार्य कार्यक्रम में पूर्णावृत 3डी के 1400 वर्ग किलोमीटर का अधिग्रहण, प्रसंस्करण और व्याख्या (संरचनात्मक मानचित्रीकरण और भूकंपीय विशिष्टता अध्ययन) शामिल हैं।

आपकी कंपनी ने न्यूजीलैंड में अपनी शाखा को पंजीकृत किया है और वर्तमान में 1,862 एलकेएम 3डी मैरिन भूकंपी डेटा अर्जित किया गया है और इसका प्रसंस्सकरण किया जा रहा है। ब्लॉक में भूकंपीय गतिविधियों शुरू करने के लिए विभिन्न परमिटों और लाइसेंसों को प्राप्त करने की प्रक्रिया में संलग्न है।

इस परियोजना में आपकी कंपनी का निवेश अंश 31 मार्च 2017 तक लगभग ₹344.10 मिलियन (5.21 मिलियन अमेरिकी डॉलर) था।

8. वित्तीय वर्ष 2016 –17 के दौरान परित्यक्त परियोजनाएं

8.1 ब्लॉक आरसी – 8, कोलंबिया

यह ब्लॉक अपतटीय कोलम्बिया के बोली दौर 2007 में आपकी कंपनी को आवंटित किया गया था। इस ब्लॉक की जल गहराई 20–1400 मीटर तक हैजो 1,385 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्रफल के साथ कोलंबिया के अपतटीय गुआजिराबेसिन के उत्तर–पश्चिमी भाग में स्थित है। आपकी कंपनी इस ब्लॉक में 40प्रतिशत पीआई के साथ ऑपरेटर थी। इकोपेट्रोल और पेट्रोब्रास क्रमशः 40 प्रतिशत और 20 प्रतिशत पीआई के साथ इसके भागीदार के रूप में शामिल हुए थें। 2डी और 3डी भूकंपीय डेटा प्राप्त कर लिए गए थे और इस ब्लॉक के जीएंड जी अध्ययन कर लिए गए थे, जिनके द्वारा अन्वेषण अवधि के प्रथम एवं द्वितीय चरण की प्रतिबद्धता पूर्ण कर ली गई। एक आकस्मिक कूप की प्रतिबद्धता के साथ अन्वेषण चरण –2 के लिए विस्तारित समय की मांग की गई थी परंतु एएनएच (नियामक) द्वारा यह समय विस्तार प्रदान नहीं किया गया। तदोपरांत इस ब्लॉक के 20 अक्तूबर 2016 से परित्याग की पुष्टि संबंधी पत्र प्राप्त हो गया है।

इस परियोजना में आपकी कंपनी का का निवेश अंश 31 मार्च 2017 तक ₹348.8 मिलियन (7.50 मिलियन अमेरिकी डॉलर) था।

9. ओएनजीसी विदेश लिमिटेड की प्रत्यक्ष सहायक कंपनियां

9.1 ओएनजीसी नाइल गंगा बी.वी. (ओएनजीबीवी)

ओएनजीबीवी, ओएनजीसी विदेश की एक सहायक कंपनी है जो प्रत्यक्षतः अथवाअपनी सहायक कंपनियों के माध्यम से सूडान, दक्षिण सूडान, सीरिया, वेनेजुएला, ब्राजील और म्यांमार में ई एंड पी गतिविधियों में संलग्न है।

- ओएनजीबीवी ग्रेटर नाइल तेल परियोजना (जीएनओपी) में 25 प्रतिशत भागीदारी हित धारित करती हैं, जिससे इसे वित्त वर्ष 17 के दौरान करीब 0.481 एमएमटी तेल उत्पादन प्राप्त हुआ है। ओएनजीबीवी दक्षिण सूडान की ग्रेटर पॉयनियर ऑपरेटिंग कंपनी (जीपीओसी), दक्षिण सूडान में भी 25 प्रतिशत भागीदारी हित धारित करती हैं। प्रतिकूलभू–राजनीतिक परिस्थितियों के कारण, वित्त वर्ष 2017 के दौरान जीपीओसी,दक्षिण सूडान से कोई उत्पादन नहीं किया जा सका।
- ओएनजीबीवी अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी ओएनजीसी कैम्पोस लिमिटेडा के माध्यम से ब्राजील की बीसी –10 परियोजना में 27 प्रतिशत हिस्सेदारी हित धारित करती हैं। वर्ष 2017 के दौरान इसे यहॉ से 0.643 एममएमटीओई तेल और गैस उत्पादन हिस्सा प्राप्त हुआ।
- ओएनजीबीवी अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी ओएनजीसी नाइल गंगा (सैन क्रिस्टोबल) बीवी के माध्यम से वैनेजुएला में सैन क्रिस्टोबल परियोजना में 40 प्रतिशत भागीदारी हित धारित करती है जिसमें वित्त वर्ष 17 के दौरान इसकी तेल व तेल समतुल्य गैस उत्पादन में हिस्सेदारी लगभग 0.475 एमएमटीओई है।
- ओएनजीबीवी अपनी पूर्ण स्वामित्वाधीन सहायक कंपनी ओएनजीसी कैस्पियन ई एंड पी बीवी के माध्यम से म्यांमार की पाइपलाइन परियोजना के लिए साउथ ईस्ट एशिया गैस पाइपलाइन कंपनी लिमिटेड, (एसईएजीपी) में 8.34 प्रतिशत भागीदारी हित धारित करती हैं।
- ओएनजीबीवी अल फुरत परियोजना (एएफपीसी), सीरिया की चार उत्पादन हिस्सेदारी संविदाओं में 16.66 प्रतिशत से 18.75 प्रतिशत तक भागीदारी हित धारित करती है। सीरिया में अप्रत्याशित घटनाक्रम की स्थिति के कारण, वित्तीय वर्ष 2017 के दौरान एएफपीसी परियोजना से किसी प्रकार का उत्पादन नहीं हुआ।
- ओएनजीबीवी, अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी ओएनजीसी कैम्पोस लिमिटेडा के माध्यम से ब्राजील के गहन समुद्री अपतटीय क्षेत्र में स्थित बीएम–एसईएएल–4 ब्लॉक में भी के माध्यम से 25 प्रतिशत की हिस्सेदारी धारित करती है।

9.2 ओएनजीसी अमेज़न अलकनंदा लिमिटेड (ओएएएल)

ओएएएल, ओएनजीसी विदेश की एक पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनीजिसके द्वारा मानसरोवर एनर्जी कोलम्बिया लिमिटेड (एमईसीएल), जो चीन कीसिनोपेक के साथ 50 : 50 अनुपात की एक संयुक्त उद्यम कंपनी है, के माध्यमसे कोलम्बिया की अन्वेषण एवं उत्पादन परियोजनाओं में हिस्सेदारी धारित करती है। वित्त वर्ष 2017 के दौरान, ओएनजीसी विदेश का एमईसीएल में तेल व तेल समतुल्य गैस उत्पादन का अंश लगभग 0.555 एमएमटीओई था।

9.3 ओएनजीसी नर्मदा लिमिटेड (ओएनएल)

ओएनएल, ओएनजीसी विदेश की एक पूर्ण स्वामित्वाधीन सहायक कंपनी जिसे नाइजीरिया में भावी ईएंडपी परियोजनाओं के अर्जन के लिए संस्थापित किया गया है।

9.4 इम्पीरियल एनर्जी लिमिटेड

इम्पीरियल एनर्जी लिमिटेड साइप्रस में निगमित ओएनजीसी विदेश की एक पूर्णस्वामित्व वाली सहायक कंपनी है जिसकी मुख्य गतिविधियां रूस के पश्चिमी साइबेरिया के टोमस्क क्षेत्र में हैं। वित्त वर्ष 2017 के दौरान, इम्पीरियल एनर्जी का तेल व तेल समतुल्य गैस उत्पादन लगभग 0.298 एमएमटीओई था।

9.5 काराबोबो वन एबी

काराबोबो वन एबी स्वीडन में गठित ओएनजीसी विदेश की एक पूर्ण स्वामित्वाधीन सहायक कंपनी है जिसके द्वारा वेनेजुएला की काराबोबो 1 परियोजना में 11प्रतिशत भागीदारी हित धारित हैं। वित्तीय वर्ष 2016 के दौरान, काराबोबो कातेल व तेल समकक्ष गैस उत्पादन लगभग 0.119 एमएमटीओई था।

9.6 ओएनजीसी – बीटीसी लिमिटेड

ओएनजीसी (बीटीसी) लिमिटेड ओएनजीसी विदेश की एक पूर्ण स्वामित्वाधीन सहायक कंपनी है, जो बाकू–ट्बिलिसी–पाइपलाइन ('बीटीसी') में 2.36 भागीदारी धारित करती है तथा इसे अज़रबैजान, जॉर्जिया व टर्की के मार्ग से गुजरती1,768 किलोमीटर तेल पाइपलाइन का स्वामित्वाधिकार प्राप्त है तथा यह उसे परिचालित करती है। यह पाइपलाइन मुख्य रूप से अज़रबैजान से मैडिटेरेनियन सागर तक एसीजी क्षेत्रों के लिए कच्चे तेल की ढुलाई करती है।

9.7 ब्यास रोवूमा एनर्जी मोज़ाम्बिक लिमिटेड – सहायक कंपनी

ब्यास रोवूमा एनर्जी मोज़ाम्बिक लिमिटेड (बीआरईएमएल) को ब्रिटिशवर्जिन आईलैंड (बीवीआई) में निगमित किया गया था तथा यह रोवूमा एरिया 1,मोज़ाम्बिक में 10 प्रतिशत पीआई धारित करती है। बीआरईएमएल आपकी कंपनी की एक सहायक कंपनी है जिसमें ऑयल इंडिया लिमिटेड के साथ 60 और 40 अनुपात में अंश धारित करती हैं।

9.8 ओएनजीसी विदेश अटलांटिक इंक

ओएनजीसी विदेश अटलांटिक इंक, ओएनजीसी विदेश की एक पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है, जिसका गठन अमरीका में आवश्यक तकनीकी और प्रशासनिक सहायता प्रदान करने के लिए टेक्सास, संयुक्त राज्य अमरीका में किया गयाथा। ओवीएआई द्वारा अनाडार्को (रोवूमा एरिया –1 ऑफशोर मोजाम्बिक के संचालक) के साथ समन्वय करने के लिए अपेक्षित सहायता प्रदान की जाती है। कंपनी को विशिष्ट जी एंड जी सेवा प्रदान करने के लिए अपेक्षित संरचनात्मकव मानवबल सहित ओवीएआई द्वारा एक जी एंड जी उत्कृष्टता का केंद्र की स्थापना भी ह्यूस्टन में की गई है।

9.9 ओएनजीसी विदेश रोवूमा लिमिटेड

ओएनजीसी विदेश रोवूमा लिमिटेड, ओएनजीसी विदेश की एक पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है जिसे ओएनजीसी विदेश के रोवूमा एरिया 1, मोजाम्बिक में 10 प्रतिशत भागीदारी हित की संरचना के लिए मॉरीशस में निगमित किया गया था।

9.10 ओएनजीसी विदेश सिंगापुर प्राइवेट लिमिटेड

रोवुमा क्षेत्र, मोजाम्बिक में सीएसआर गतिविधियाँ

ओएनजीसी विदेश सिंगापुर प्राइवेट लिमिटेड, ओएनजीसी विदेश की एक पूर्णस्वामित्व वाली सहायक कंपनी है जिसे 15 अप्रैल 2016 को सिंगापुर में निगमित किया गया था। सीजेएससी वैंकोरनेफ्त, रूस में इसकी 26 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

10. संयुक्त उद्यम कंपनी

10.1 ओएनजीसी मित्तल एनर्जी लिमिटेड (ओएमईएल)

आपकी कंपनी ने मित्तल इन्वेस्टमेंट्स सार्ल (एमआईएस) के साथ ओएनजीसी मित्तल एनर्जी लिमिटेड (ओएमईएल) नामक साइप्रस में निगमित एक संयुक्त उद्यम कंपनी को स्थापित किया है। ओएनजीसी विदेश और एमआईएस के पास ओएमईएल के 98 प्रतिशत अंश है जो 49.98 प्रतिशत (ओएनजीसी विदेश) और 48.02 प्रतिशत (एमआईएस) के

अनुपात में हैं तथा शेष 2 प्रतिशत शेयर एसबीआई कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड के पास अभिधारित हैं। ओएमईएल भी एएफपीसी सीरियाई परिसंपत्तियों के लिए विशिष्ट रूप से ओएनजीबीवी द्वारा जारी श्रेणी ग के अंशों के माध्यमसे ओएनजीबीवी की जारी अंश पूंजी के 1.20 प्रतिशत अंश धारित करता है।

10.2 सुड पेट्रोलियम ऑपरेटिंग कंपनी (एसपीओसी)

सुड पेट्रोलियम ऑपरेटिंग कंपनी ब्लॉक 5ए, दक्षिणी सुडान के प्रचालनों के लिए साझीदारों की संयुक्त प्रचालन कंपनी है।

आपकी कंपनी द्वारा दक्षिण सूडान के ब्लॉक 5 में 24.125 प्रतिशत पीआई धारित करती है। इस ब्लॉक में अन्य भागीदार मलेशिया के पैट्रोनास (67.875 प्रतिशत भागीदारी हित) तथा दक्षिण सूडान के नाइलपैट (8 प्रतिशत भागीदारी हित) हैं।

10.3 मोजांबिक एलएनजी1 कंपनी पीटीई लि. :

मोजांबिक एलएनजी 1 कंपनी पीटीई लि. को एरिया 1 मोजांबिक परियोजना के गोलफिन्हो – एतम फील्ड के प्रथम दो ट्रेनों से एलएनजी के विपणन एवं पोतवहन गतिविधियों की देख रेख करने के एरिया 1, ऑफशोर मोजांबिक के परिसंघ साझीदारों द्वारा सिंगापुर में निगमित किया गया था।

11. विदेशी कार्यालय और पंजीकृत कार्यालय

आपकी कंपनी के विदेशों में स्थापित कार्यालय, हो ची मिन्ह सिटी (विएतनाम),युझनो सखलिंस्क (रूस), तेहरान (इरान) त्रिपोली (लीबिया),काराकास (वेनेजुएला), अस्टाना और अटिरो (कज़ाख़स्तान), बोगोटा (कोलम्बिया),दमिश्क (सीरिया), कैलगरी (कनाडा), बाकू (अज़रबैजान), ढाका (बांग्लादेश),यंगून (म्यांमार) और वेलिंगटन (न्यूजीलैंड) और मापुटो (मोजांबिक) में स्थित हैं।

ओएनजीसी नाइल गंगा बी वी का अपना पंजीकृत कार्यालय एम्सटर्डम(नीदरलैंड), खार्तोम (सूडान), जुबा (दक्षिण सूडान) में हैं तथा इसकी सहायक कंपनियों के कार्यालय रिओ डी जनेरियो (ब्राज़ील) और निकोसिया (साइप्रस)में स्थित हैं।

ओएनजीसी नर्मदा लिमिटेड और ओएनजीसी अमेज़न अलकनंदा लिमिटेड तथा ओएनजीसी विदेश अटलांटिक इंक के अपने पंजीकृत कार्यालय क्रमशः लागोस (नाइजीरिया), हैमिल्टन (बरमुडा) और ह्यूस्टन (टेक्सास, संयुक्त राज्य अमरीका) में स्थित हैं।

इम्पीरियल एनर्जी लिमिटेड का अपना पंजीकृत कार्यालय साइप्रस में है और इसकी सहायक कंपनियों के कार्यालय साइप्रस, मॉस्को और टॉम्स्क (रूस) में स्थित हैं।

काराबोबो वन एबी का अपना पंजीकृत कार्यालय स्वीडन में है।

ओएनजीसी बीटीसी लिमिटेड का अपना पंजीकृत कार्यालय केमैन द्वीप में है।

ओएनजीसी विदेश सिंगापुर प्राइवेट लिमिटेड, ओएनजीसी विदेश वैंकोरनेफ्ट और मोजांबिक एलएनजी 1 कंपनी पीटीई लि. के पंजीकृत कार्यालय सिंगापुर में स्थित हैं।

12. आसूचना प्रौद्योगिकी

आपकी कंपनी स्वयं को आसूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में होने वाले नवीनतम विकासों से भिज्ञ रखती है, जिससे वह प्रचालनात्मक उत्कृष्टता की प्राप्ति हेतु उन्हें अपने लक्ष्य में अपेक्षित सीमा तक अपना सके।

आपकी कंपनी में विदेशी कार्यालयों के साथ ऑडियो / विडियो सहयोग के लिए अत्याधुनिक विडियों कॉन्फ्रेंसिंग प्रणाली कार्यान्वित की गयी है।

मौजूदा वर्ष के दौरान, आपकी कंपनी ने निम्नलिखित उद्देश्यों से अपेन ईआरपी सॉफ्टवेयर को उन्नत किया है :

क. नियमित आधार पर विदेशी प्रचालनों पर ऑनलाइन वित्तीय और कारोबार नियंत्रण।

ख. सतत आधार पर पोर्टफोलियो विश्लेषण और जोखिम प्रबंधन।

ग. खनिज तेल और गैस के विपणन, ऑनलाइन मॉनिटरिंग एवं नियंत्रण।

घ. आईएफआरएस का क्रियान्वयन।

ड. प्रचालित और गैर प्रचालित परियोजना प्रचालनों की मैपिंग और मॉनिटरिंग और अनुमोदन प्रक्रिया का मानकीकरण।

च. अनुषंगी कंपनियों में निर्बाध प्रचालन सुगम करने के लिए साझा सॉफ्टवेयर।

13. मानव संसाधन विकास

क. आपकी कंपनी अन्वेषण एवं उत्पादन के प्रमुख क्षेत्रों में विश्वस्तरीय रूप से, मूल कंपनी ओएनजीसी द्वारा द्वारा उपलब्ध कराए गए उच्च कुशल मानवबल समूह के साथ प्रचालनरत है। आपकी कंपनी द्वारा विश्व के विभिन्न भागों में बढ़ती हुई अपनी आवश्यकताओं और चुनौतियों के अनुसार अपने मानवबल स्तर तथा गुणवत्ता की क्षमता निर्धारित की जाती है। आपकी कंपनी की 31 मार्च 2017 को दिल्ली मुख्यालय में तैनात कुल मानवबल संख्या 254 थी। इसके अलावा, विदेश में विदेशी परियोजनाओं द्वारा आपकी कंपनी के नियोजित वैश्विक मानव बल संख्या 31 मार्च 2017 की स्थिति के अनुसार 2,263 (विदेश में तैनात ओएनजीसी विदेश के 86 अधिकारी सहित) थर (विदेशी परियोजनाओं में आपकी कंपनी के आनुपातिक भागीदारी हित के आधार पर गणना की गई है)।

ख. कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 के तहत प्रकटन :वर्ष 2016–17 के दौरान प्राप्त और निपटाई गई यौन उत्पीड़न की शिकायतों का सार इस प्रकार है :

क्रम सं.	वर्ष	प्राप्त शिकायतों की संख्या	निपटाई गयी शिकायतों की संख्या
1.	2016-17	शून्य	शून्य

14. राजभाषा नीति का कार्यान्वयन

आपकी कंपनी राजभाषा के प्रसार और प्रोत्साहन के लिए निरंतर ठोस प्रयास करती है। वर्ष के दौरान, 14 से 28 सितंबर, 2016 तक हिन्दी पखवाड़ा आयोजित किया गया था। इस हिन्दी पखवाड़े के दौरान, बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने हिन्दी प्रतियोगिताओं में भाग लिया और सफल रहे प्रतियोगियों को पुरस्कार दिए गए थे। आपकी कंपनी की गृह पत्रिका ''आधारशिला'' और ''समेकन'', हिन्दी पखवाड़े के पुरस्कार विजेताओं के संकलन, कॉरपोरेट विवरणिका तथा वार्षिक रिपोर्ट भी हिन्दी में मुद्रित की गईं थीं। राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक नियमित रूप से आयोजित की जाती हैं। सांविधिक विज्ञापन भी हिन्दी भाषा में जारी किए गए थे। कंपनी की तिमाही हिन्दी प्रगति रिपोर्ट नियमित तौर पर मुख्यालय को भेजी जाती हैं और हिन्दी कार्यशालाएं आयोजित की जा रही हैं। नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकों में आपकी कंपनी का प्रतिनिधित्व इसके वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा किया जाता है तथा अधिकारीगण राजभाषा सम्मेलन व कार्यशाला में भी भाग लेते हैं।

15. निदेशक मंडल

15.1 1 अप्रैल 2015 के पश्चात निदेशकों में परिवर्तन का विवरण

- श्री विवेकानंद ने ओएनजीसी विदेश में श्री एस पी गर्ग, जो 31 अगस्त 2016 को अधिवर्षिता की आयु प्राप्त कर सेवानिवृत्त हो गए, के स्थान पर 1 सितंबर, 2016 को निदेशक (वित्त) के रूप में आपकी कंपनी में कार्यभार संभाला।
- श्री अजय मल्होत्रा को पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय, भारत सरकार के 16 जनवरी 2017 के पत्र सं. सी – 31034 / 1 / 2016 – सीए / एफटीएस : 41858 के अनुसार 16 जनवरी 2017 से ओएनजीसी विदेश लिमिटेड के निदेशक मंडल में एक स्वतंत्र निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया।
- श्री भार्तेन्दु नाथ श्रीवास्तव को पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय, भारत सरकार के 8 सितंबर 2017 के पत्र सं. सी – 31034 / 3 / 2017– सीए / एफटीएस : 49128 के अनुसार 15सितंबर 2017 से ओएनजीसी विदेश लिमिटेड के निदेशक मंडल में एक स्वतंत्र निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया।
- सुश्री किरण ओबेरॉय वासुदेव को पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय, भारत सरकार के 8 सितंबर 2017 के पत्र सं. सी – 31034 / 3 / 2017 – सीए / एफटीएस : 49128 के अनुसार 15 सितंबर 2017 से ओएनजीसी विदेश लिमिटेड के निदेशक मंडल में एक स्वतंत्र निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया।
- श्री राकेश कक्कर को पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय, भारत सरकार के 8 सितंबर 2017 के पत्र सं. सी – 31034 / 3 / 2017 – सीए / एफटीएस : 49128 के अनुसार 15 सितंबर 2017 से ओएनजीसी विदेश लिमिटेड के निदेशक मंडल में एक स्वतंत्र निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया।

15.2 आपके निदेशक श्री एस पी गर्ग, पूर्व निदेशक (वित्त) द्वारा दिए गए उत्कृष्ट योगदान के लिए उनकी निष्ठापूर्वक सराहना करते हैं।

15.3 आपकी कंपनी के किसी भी निदेशक को कंपनी (निदेशकों की नियुक्ति एवं योग्यता) नियम 2014 के साथ पठित कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 164 के प्रावधानों के तहत अयोग्य घोषित नहीं किया गया है।

16. लेखा परीक्षक

मेसर्स प्रेम गुप्ता एंड कंपनी, सनदी लेखाकरों और मेसर्स बी सी जैन एंड कंपनी, सनदी लेखाकरों की नियुक्ति भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक(नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक) द्वारा वित्त वर्ष 2016–17 के लिए आपकी कंपनी के संयुक्त सांविधिक लेखा परीक्षक के रूप में की गई है।

17. सचिवीय लेखा परीक्षक

बोर्ड द्वारा मेसर्स मीनू गुप्ता एंड एसोसिएट्स, कंपनी सचिव को वित्त वर्ष 2016–17 के लिए सचिवीय लेखा परीक्षा की कार्यवाही के लिए नियुक्त किया गया था। 31 मार्च, 2017 को समाप्त वित्त वर्ष के लिए सचिवीय लेखा परीक्षा रिपोर्ट को इस रिपोर्ट के साथ अनुबंधित किया गया है। आपके सचिवीय लेखा परीक्षक द्वारा इस रिपोर्ट में निम्नलिखित टिप्पणियां की गई हैं :

आपके सचिवीय लेखा परीक्षक ने स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति के संबंध में गैर अनुपालना और परिणामस्वरूप स्वतंत्र निदेशकों की पृथक बैठक के गैर आयोजन और लेखा परीक्षा समिति और पारिश्रमिक एवं नामांकन समिति से संबंधित गैर अनुपालना के संबंध में टिप्पणी की है।

आपकी कंपनी द्वारा 4 जून 2015 तक बोर्ड और बोर्ड समितियों की संरचना का अनुपालन किया गया था। एक सरकार कंपनी होने के नाते स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति भारत सरकार द्वारा की जाती हैं। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय (एमओपीएनजी) ने 16 जनवरी 2017 को एक स्वतंत्र निदेशक नियुक्त किया है। इसके अलावा एमओपीएनजी ने 8 सितंबर 2017 के अपने पत्र के तहत तीन और स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति के लिए सक्षम प्राधिकारी का अनुमोदन संसूचित किया है और बोर्ड ने भी उन्हें 15 सितंबर 2017 से निदेशक मंडल में शामिल कर लिया है। इस प्रकार, निदेशक मंडल और बोर्ड समिति (समितियों) की संरचना के विनियमित कर दिया गया है।

18. वित्तीय विवरणों और बोर्ड रिपोर्ट की तारीख के बीच होने वाले वास्तविक परिवर्तन और कंपनी की वित्तीय स्थिति को प्रभावित करती प्रतिबद्धताओं के ब्यौरे

वित्तीय विवरणों और बोर्ड रिपोर्ट की तारीख के बीच इस प्रकार के कोई महत्वपूर्ण परिवर्तन नहीं हुए हैं जिससे किसी प्रकार के वास्तविक परिवर्तन और कंपनी की वित्तीय स्थिति प्रभावित हो।

19. धारा 186 के तहत ऋण, गारंटी या निवेश के ब्यौरे

आपकी कंपनी कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस के अन्वेषण एवं उत्पादन के कारोबार में संलग्न है, जिसे कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 186 (11) के तहत प्रदान छूट के तहत कवर किया जाता है। तदनुसार, आपकी कंपनी द्वारा अपनी सहायक कंपनियों और सहयोगियों को दिए गए ऋण, किए गए निवेशया गारंटी या संरक्षण के ब्यौरों के बारे में सूचित किया जाना आवश्यक नहीं है।

20. संबंधित पक्षकारों के सौदों के ब्यौरे

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 188 के अनुसार संबंधित पक्षकारों के सौदों से संबंधित प्रकटन वित्तीय विवरणों का भाग बन जाते हैं और इन्हें एकल वित्तीय विवरण की टिप्पणी – 42 तथा समेकित वित्तीय विवरणों के टिप्पणी – 44में दिया जाता है।

21. सतर्कता व्यवस्था का कार्यान्वयन

ओएनजीसी विदेश एक सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम होने के नाते यहॉ पूरी सतर्कता संरचना है, जो ऐसे माहौल सुगम करती है जिसमें लोग निष्ठापूर्वक, दक्ष और पारदर्शी तरीके से काम कर सकें और संगठन के लिए उच्चतम नैतिक मानक कायम रख सकें। इस उद्देश्य को हासिल करने के लिए सतर्कता विभाग निवाराक, सक्रिय और दण्डात्मक कार्रवाई करती है, जिसमें निवारक और सक्रियात्मक प्रकार्यों पर अधिक जोर होता है।

ओएनजीसी विदेश लिमिटेड द्वारा कर्मचारियों को व्हिसल ब्लोअर बनने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए पर्याप्त अवसर प्रदान किए जाते हैं (वे कर्मचारी जो संगठन और राष्ट्र के अत्याधिक हित के लिए संगठन में अनैतिक तरीकों,वास्तविक या संदिग्ध धोखाधड़ी की कार्यवाहियों को स्वेच्छा से और अत्यंत गुप्तरूप से सक्षम प्राधिकारी के संज्ञान में लाना चाहते हैं)। किसी भी प्रकार की क्षति से उन्हें (व्हिसल ब्लोअर) बचाने के लिए उसी ढांचे के भीतर एक मजबूत तंत्र सुनिश्चित किया जाता है। यह एतद्द्वारा पुष्टि की जाती है कि किसी भी कार्मिक को लेखा परीक्षा समिति तक पहुंचने से रोका नहीं जाता है।

सतर्कता मामलों की देखभाल करने के लिए एक उप महाप्रबंधक स्तर के अधिकारी जो सीधे ही सीवीओ, ओएनजीसी को रिपोर्ट करते हैं, को ओएनजीसी से ओएनजीसी विदेश में तैनात किया गया है।

22. संवैधानिक प्रकटन

22.1 बोर्ड की बैठकें

वर्ष के दौरान निदेशक मंडल की दस बैठकें आयोजित की गईं थीं। अधिक जानकारी के लिए, कृपया निगमित अभिशासन रिपोर्ट का अवलोकन करें।

22.2 वार्षिक विवरणी का सार

कंपनी की वार्षिक रिटर्न का सार इस रिपोर्ट के अनुलग्नक – क के रूप में यहां संलग्न है।

22.3 कर्मचारी और उनसे संबंधित प्रकटन के ब्यौरे:

ओएनजीसी विदेश का एक सरकारी कंपनी होने के नाते, उसे कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 197 से छूट प्रदान की गई है। इसलिए, कर्मचारियों और संबंधित खुलासे के ब्यौरों के बारे में संसूचित किया जाना आवश्यक नहीं है।

22.4 समेकित वित्तीय विवरण में शामिल प्रत्येक सहायक कंपनी, संबद्ध कंपनी व संयुक्त उद्यम कंपनी के कार्य निष्पादन व वित्तीय स्थिति की रिपोर्ट का प्रकटीकरण :

एओसी – 1 स्वरूप में एकल वित्तीय विवरण में शामिल प्रत्येक सहायक कंपनी,संबद्ध कंपनी व संयुक्त उद्यम कंपनी के कार्य निष्पादन व वित्तीय स्थिति की रिपोर्ट के प्रकटीकरण वित्तीय विवरणों के भाग के रूप में होते हैं।

22.5 वर्ष 2016 –17 के लिए ऊर्जा के संरक्षण, प्रौद्योगिकी अवशोषण और विदेशी मुद्रा आय और व्यय :

वित्तीय वर्ष 2016–17 के दौरान ऊर्जा संरक्षण, प्रौद्योगिकी अवशोषण और विदेशी मुद्रा आय और व्यय से संबंधित कंपनी (लेखा) नियम 2014 के नियम 8(3) केसाथ पठित कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 134 (3) (ड) के तहत आवश्यक सूचना नीचे दी गई है :

(क) ऊर्जा संरक्षण: आपकी कंपनी के परिचालन भारत में नहीं है और इस प्रकार से यह खंड प्रासंगिक/लागू नहीं है।

क. ऊर्जा के संरक्षण उठाए गए कदम या प्रभाव : लागू नहीं

ख. ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों के उपयोग के लिए कंपनी द्वारा उठाए गए कदम : लागू नहीं

ग. ऊर्जा संरक्षण उपकरण पर पूंजीगत निवेश : शून्य

(ख) विदेशी मुद्रा आय और व्यय :

क वर्ष के दौरान वास्तविक अंतप्रवाह (उपचय आधार पर) के मामले में विदेशी मुद्रा का अर्जन : ₹78,388.78 मिलियन।

ख वर्ष के दौरान विदेशी मुद्रा व्यय : ₹41,482.78 मिलियन।

23. निगमित अभिशासन से संबंधित रिपोर्ट

आपकी कंपनी निगमित अभिशासन के उच्चतम मानकों को प्राप्त करने का प्रयास करती है। कॉरपोरेट गवर्नेंस के संदर्भ में एक पृथक खंड को अनुबंधित कियागया है तथा यह बोर्ड रिपोर्ट के भाग के रूप में है।

24. निगमित अभिशासन से संबंधित रिपोर्ट

आपकी कंपनी द्वारा अपने कर्मचारियों को सदैव स्वस्थ और सक्रिय जीवन शैली की संस्कृति को पैदा करने और बड़े पैमाने पर इसे समाज में फैलाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। इस प्रयास में आपकी कंपनी द्वारा वित्तीय वर्ष 2016–17 के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जैसे कि 5 जून 2016 को विश्व पर्यावरण दिवस, 16 से 30 जून 2016 स्वच्छता पखवाड़ा, 21 जून 2016 को विश्व योग दिवस तथा 4 से 10 मार्च 2017 के दौरान राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह। इन सभी कार्यक्रमों में विदेशी कार्यालयों /स्थलों सहित इसके सभी स्थलों पर कर्मचारियों / परिवारों ने काफी संख्या में भाग लिया।

25. एक स्वस्थ समुदाय का निर्माण

वित्त वर्ष 2016 –17 के दौरान, आपकी कंपनी को निम्नलिखित पुरस्कार और सम्मान प्रदान किए गए:

1. इंडिया रिस्क मैनेजमेंट अवार्ड के तृतीय संस्करण में वर्ष के लोक क्षेत्र यूनिट वर्ग में आईसीआईसीआई लोम्बार्ड एंड सीएनबीसी टीवी 18 'इंडिया रिस्क मैनेजमेंट अवार्ड' से सम्मानित किया गया।
2. द एसेट ट्रिपल ए कंट्री अवार्ड 2016 में ओवीवीएल के 1 बिलियन अमेरिकी डॉलर डुअल ट्रांचि बॉड डील को ''सर्वश्रेष्ठ निगमित बॉड' से सम्मानित किया गया।
3. गवर्नेंस नाउ अवार्ड – 2016 के 4थे संस्करण में मिनी रत्न श्रेणी में पर्यावरण संवहनीयता, आईसीटी पहल और कर्मचारी उत्पादकता पुरस्कार।
4. सार्वजनिक क्षेत्र प्रबंधन में उत्कृष्ट और असाधारण योगदान प्रतिष्ठित स्कॉप अवार्ड से सम्मानित किया गया – संस्थागत श्रेणी II (मिनी रत्न –I एवं II पीएसई), वर्ष 2015 – 15 के लिए।

26. उद्यम जोखिम प्रबंधन तथा स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरण

26.1 उद्यम जोखिम प्रबंधन नीति

आपकी कंपनी ने वर्ष 2012 में उद्यम जोखिम प्रबंधन (ईआरएम) प्रणाली बनायी है, जिसे जोखिम प्रबंधन संबंधी मानकों के विश्व भर में मान्य आईएसओ : 31000 : 2009 से संरेखित किया है।

आपकी कंपनी ने निदेशक (वित्त) की अध्यक्षता में जोखिम प्रकोष्ठ की स्थापना की है। वित्त वर्ष 2016 – 17 में सभी परियोजनाओं की जोखिमों को उनके जोखिम संचालकों और शमनकारी कारकों का जोखिम सर्वेक्षण किया है और साथ ही जोखिमों का मूल्यांकन किया है।

आपकी कंपनी ने एसएपी प्रणाली के माध्यम से इसकी मासिक जोखिम रिपोर्टिंग संसूचित करने के लिए वर्ष के दौरान एसएपी – जीआरसी जोखिम मॉड्यूल भी क्रियान्वित किया है। जोखिम रजिस्टरों को एसएपी प्रणाली में शामिल किया गया है और अब जोखिमों की सावधिक निगरानी एसएपी प्रणाली के माध्यम से की जा रही है। जोखिम रिपोर्टिंग संरचान स्थापित कर दी गयी है।

26.2 स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरण (एचएसई)

आपकी कंपनी सुरक्षा प्रचालन सुनिश्चित करने का प्रयास करती है जो लोग, लोक, समुदाय और सामग्री का संरक्षण करते हैं। क्यूएचएसई प्रबंधन व्यवस्था कंपनी की एकीकृत क्यूएचएसई और जोखिम प्रबंधन नीति में संस्थापित है।

वर्ष 2016 – 17 के दौरान आपकी कंपनी ने अपनी क्यूएचएसई प्रणाली को संशोधित किया है और आईएसओ 9001 : 2015, आईएसओ 14001 :2015 से संरेखित किया है और आईएसओ 9001 : 2015; आईएसओ 14001 : 2015 और ओएचएसएएस 18001 : 2007 के लिए समेकित प्रमाण पत्र प्राप्त किया है जो 28 दिसंबर 2019 तक वैद्य है।

ओएनजीसी समूह की वित्त वर्ष 16 की संवहनीयता रिपोर्ट जारी की गयी है, जो तेल एवं गैस क्षेत्र अनुपूरक के साथ जीआरआई जी 4 दिशानिर्देशों पर आधारित है और वाह्यतः आश्वासित 'मूल' रिपोर्ट है। इसे ओएनजीसी विदेश और ओएनजीसी वेबसाइट के माध्यम से देखा जा सकता है।

27 निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर)

आपकी कंपनी, जिसके परिचालन विदेशों में हैं वह उन देशों के समुदायों और अर्थव्यवस्थाओं के लिए योगदान करना अपना उत्तरदायित्व समझता है जिनमें यह प्रचालनरत होती है। आपकी कंपनी ने सीएसआर समिति की नीति संरचना और निर्णयों में लागू कारकों पर आधारित आर्थिक, पर्यावरणीय और सामाजिक अनिवार्यता के एक उत्कृष्ट संतुलन को प्राप्त किया है। आपकी कंपनी द्वारा विभिन्न प्रकार के महत्वपूर्ण योगदान प्रदान किए गए हैं जैसे कि सरकारों कोकर राजस्व के भुगतान; नागरिकों के लिए शिक्षा और प्रशिक्षण के क्षेत्र में निवेशतथा रोजगार के अवसरों में सुधार करना; स्थानीय समुदायों को चिकित्सा /खेल / कृषि सुविधाएं प्रदान करना, आदि।

कंपनी अधिनियम, 2013 की अपेक्षाओं के अनुसारं, आपकी कंपनी ने एकनिगमित सामाजिक दायित्व और संवहनीयता समिति का गठन किया है और इस समिति के अध्यक्ष एक स्वतंत्र निदेशक हैं।

जैसे कि आपकी कंपनी के अपने सभी परिचालन भारत के बाहर हैं,सीएसआर के प्रयोजन के लिए वित्त वर्ष 2017 के इसके अर्हक 'निवल लाभ'शून्य थे और भविष्य के वर्षों में भी इनके इसी प्रकार बने रहने की अपेक्षा है।

तथापि, ओएनजीसी विदेश ने अपने परियोजना स्थलों (अर्थात भारत के बाहर)में तथा उनके आसपास, परिचालन के देशों की स्थानीय आवश्यकताओं /दिशानिर्देशों / प्रचलित प्रथाओं के अनुसार सामुदायिक विकास परियोजनाएं क्रियान्वित किया है।

28 सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्रालय के विनियमन का अनुपालन

1 वित्त वर्ष 2016 –17 के दौरान, ओएनजीसी विदेश ने एमएसई से 20 प्रतिशत वार्षिक खरीद लक्ष्य का अनुपालन किया है।

2 ओएनजीसी विदेश के भारतीय कार्यालय ने कुल वार्षिक खरीद का 29.62 प्रतिशत खरीद एमएसईसे की है, जिनमें से 1.44 प्रतिशत खरीद अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति के उद्यमियों के स्वामित्व वाली एमएसई से की थी।

29 निदेशकों के दायित्व से संबंधित वक्तव्य

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134 (3) (ग) के प्रावधानों के अनुसरण में, 31मार्च, 2017 को समाप्त वित्त वर्ष के लेखा परीक्षित वार्षिक लेखों के संबंध में आपके निदेशक (निदेशकों) निम्नलिखित की पुष्टि करते है:

1 यह कि वार्षिक लेखों को तैयार करने में, लागू लेखा मानकों का पालन किया गया है और इनमें किसी प्रकार की महत्वपूर्ण विचलन नहीं हैं;

2 यह कि निदेशकों ने जो वित्तीय विवरणों के लेखों की टिप्पणियों मे यथां वर्णित इस प्रकार की लेखांकन नीतियों का चयन किया है और उन्हें सतत रूप से उसी प्रकार लागू किया गया है जैसा कि वार्षिक लेखों में उल्लिखित हैं तथा निर्णय व अनुमान इस प्रकार किए गए है जो उचितव विवेकपूर्ण हैं ताकि वे 31 मार्च 2017 की स्थिति के अनुसार कंपनी के मामलों के बारे में तथा उस तिथि को समाप्त वर्ष के लिए कंपनी के घाटे के बारे में वास्तविक व उचित दृष्टिकोण प्रदान करें;

3 यह कि निदेशकों द्वारा कंपनी की संपत्ति की सुरक्षा के लिए और धोखाधड़ी और अन्य अनियमितताओं को रोकने व उनका पता लगाने के लिए कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अनुसार पर्याप्त लेखा अभिलेखों के रखरखाव के लिए उचित और पर्याप्त देखभाल की गई है;

4. यह कि निदेशकों ने ''चालू समुत्थान'' आधार पर वार्षिक लेखों को तैयार किया है;

5 यह कि निदेशकों ने कंपनी द्वारा अनुपालन किए जाने के लिए आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों का उपयोग किया है तथा इस प्रकार के आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर्याप्त हैं तथा वे प्रभावी ढंग से कार्य कर रहे हैं; तथा

6 निदेशकों द्वारा सभी प्रकार के लागू कानूनों के प्रावधानों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए उचित व्यवस्था तैयार की गयी है और इस प्रकार की व्यवस्थाएं पर्याप्त हैं तथा वे प्रभावी ढंग से कार्यकर रही हैं।

30 समिति (समितियां)

समितियों के ब्यौरे कॉरपोरेट प्रशासन रिपोर्ट में पृथक रूप से दिए जाते हैं।

31 लेखा परीक्षा समिति

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 177 (8) के अनुपालन में, लेखा परीक्षा समिति के बारे में जानकारी कॉरपोरेट प्रशासन रिपोर्ट में प्रदान की जाती है, जो वार्षिक रिपोर्ट का एक हिस्सा बनती है।

32 आभार :

आपके निदेशक, भारत सरकार का, विशेष तौर पर पेट्रोलियम और प्राकृतिकगैस मंत्रालय, वित्त मंत्रालय, विदेश मंत्रालय, लोक उद्यम विभाग, विदेशों में स्थित भारतीय दूतावासों / उच्चायोगों तथा भारतीय रिज़र्व बैंक आदि का उनके द्वारा दिए गए बहुमूल्य मार्गदर्शन तथा सहयोग के लिए हार्दिक आभार प्रकट करते हैं। आपके निदेशक, सांविधिक लेखा परीक्षक (परीक्षकों) तथा भारतके नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की ओर से प्राप्त रचनात्मक सुझावों के लिए उनके प्रति आभार प्रकट करते हैं और उनके निरंतर समर्थन और सहयोग के लिए उनके प्रति आभारी हैं। आपके निदेशक, कंपनी के कर्मचारियों द्वारा प्रदान की गई समर्पित सेवाओं के लिए उनकी भी हार्दिक प्रशंसा करना चाहते हैं। आपके निदेशकों यह मानते हैं कि आपकी कंपनी की उपलब्धियां अपनी मूल कंपनी,ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन लिमिटेड से प्राप्त उदार एवं पूरी सहायता के बिना संभव नहीं हो सकती थीं।

निदेशक मंडल की ओर से

हस्ताक्षरित

(डी के सर्राफ)
अध्यक्ष

स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः 28 सितंबर 2017

प्रपत्र संख्या एमजीटी 9
वार्षिक विवरणी का सार
दिनांक 31. 03. 2017 की स्थिति के अनुसार
कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 92 (3) तथा कंपनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियम 2014 के नियम 12 (1) के अनुसरण में

I पंजीकरण तथा अन्य ब्यौरे

i	सीआईएन	सी आई एन प्रतिशत यू 74899 डी एल 1965 जी ओ आई 004343
ii	पंजीकरण की तिथि	5 मार्च 1965
iii	कंपनी का नाम	ओएनजीसी विदेश लिमिटेड
iv	कंपनी का वर्ग / उप वर्ग	सरकारी कंपनी
v	पंजीकृत कार्यालय का पता तथा संपर्क विवरण	5वां तल, टॉवर बी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऊर्जा भवन,प्लॉट सं. 5, वसंत कुंज, नेल्सन मंडेला मार्ग, नई दिल्ली110 070
vi	क्या कंपनी सूचीबद्ध है (केवल कर्ज सूचीबद्ध)	जी हॉ
vii	रजिस्ट्रार तथा अंतरण एजेंट का नाम, पता और संपर्क विवरणे, यदि हों (ऋण पत्रंधारकों के लिए)	कार्वी कंप्यूटर शेयर प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट संख्या 17 – 24, विट्ठल राव नगर,माधापुर, हैदराबाद – 50008

II कंपनी की मुख्य व्यावसायिक गतिविधियां

उन सभी व्यावसायिक गतिविधियों का उल्लेख करें जिनका योगदान कंपनी के कुल कारबार के 10 प्रतिशत या उससे अधिक है

क्रम संख्या	मुख्य उत्पादों/सेवाओं का नाम व ब्यौरा	उत्पाद / सेवा का एनआईसी कोड	कंपनी के कुल कारोबार का प्रतिशत
1	कच्चा तेल	27090000	
2	प्राकृतिक गैस	27112100	

III नियंत्रक, अनुशंगी व सहायक कंपनियों के विवरण

क्रम संख्या	कंपनी का नाम व पता	सीआईएन / जीएलएन	नियंत्रक /अनुषंगी /सहायक कंपनियों के विवरण	धारित शेयरों का प्रतिशत	लागु खंड
नियंत्रक कंपनी					
1	5वां तल, टॉवर बी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऊर्जा भवन, प्लॉट सं. 5, वसंत कुंज, नेल्सन मंडेला मार्ग, नई दिल्ली 110 070	एल 74899 डीएल 1993 जीओआई 054155	नियंत्रक	ओएनजीसी विदेश का 100 प्रतिशत शेयर	2(46)
ओएनजीसी विदेश लिमिटेड की प्रत्यक्ष अनुषंगी कंपनियां					
2	ओएनजीसी नाइल गंगा बी वी (ओएनजीबीवी) नीदरलैंड	लागू नहीं	अनुषंगी	ओएनजीसी विदेश द्वारा इसके वर्ग ए तथा वर्ग ब प्रत्येक की 100 प्रतिशत शेयर पूंजी धारित करती है तथा वर्ग ग की 55 प्रतिशत शेयर पूंजी धारित करती है	2(87)

क्रम संख्या	कंपनी का नाम व पता	सीआईएन / जीएलएन	नियंत्रक /अनुषंगी /सहायक कंपनियों के विवरण	धारित शेयरों का प्रतिशत	लागु खंड
नियंत्रक कंपनी					
3	इंपीरियल एनर्जी लिमिटेड (आईईएल), साइप्रस	लागू नहीं	अनुषंगी	ओनजीसी विदेश लिमिटेड द्वारा धारित 100 प्रतिशत (89.48 प्रतिशत) और इसकी सहायक कंपनी ओएनजीबीवी द्वारा धारित 10.52 प्रतिशत हैं	2(87)
4	ओएनजीसी अमेजन अलकनंदा लिमिटेड, बरमुडा	लागू नहीं	अनुषंगी	100%	2(87)
5	ओएनजीसी नर्मदा लिमिटेड, नाइजीरिया	लागू नहीं	अनुषंगी	100%	2(87)
6	काराबोबो वन एबी, स्वीडन	लागू नहीं	अनुषंगी	100%	2(87)
7	ओएनजीसी (बीटीसी) लिमिटेड, कैमन द्वीप	लागू नहीं	अनुषंगी	100%	2(87)
8	ओएनजीसी विदेश अटलांटिक इंक, संयुक्त राज्य अमरीका	लागू नहीं	अनुषंगी	100%	2(87)
9	ओएनजीसी विदेश रोवूमा लिमिटेड, मॉरीशस	लागू नहीं	अनुषंगी	100%	2(87)
10	ब्यास रोवूमा एनर्जी मोजाम्बिक लिमिटेड, ब्रिटिश वर्जिन द्वीप समूह (बीवीआई)	लागू नहीं	अनुषंगी	60%	2(87)
11	ओएनजीसी विदेश सिंगापुर पीटीई लि.	लागू नहीं	अनुषंगी		2(87)
ओएनजीसी विदेश लिमिटेड की अप्रत्यक्ष अनुषंगी कंपनियां ;ओएनजीबीवी की अनुषंगी कंपनियां)					
12	ओएनजीसी कैंपोस लिमिटेडा, ब्राज़ील	लागू नहीं	अनुषंगी	100%	2(87)
13	ओएनजीसी नाइल गंगा (सैन क्रिस्टोबल) बी. वी., नीदरलैंड	लागू नहीं	अनुषंगी	100%	2(87)
14	ओएनजीसी कैस्पियन ई एंड पी बी.वी., नीदरलैंड	लागू नहीं	अनुषंगी	100%	2(87)
15	ओएनजीसी नाइल गंगा (साइप्रस) लिमिटेड, साइप्रस	लागू नहीं	अनुषंगी	100%	2(87)
ओएनजीसी विदेश लिमिटेड की अप्रत्यक्ष अनुषंगी कंपनियां;आईईएल की अनुषंगी कंपनियां)					
16	बियांकस होल्डिंग लिमिटेड, साइप्रस	लागू नहीं	अनुषंगी	100%	2(87)
17	इंपीरियल एनर्जी टोमस्क लिमिटेड, साइप्रस	लागू नहीं	अनुषंगी	100%	2(87)
18	इंपीरियल फ्रेक सर्विसिज़ (साइप्रस) लिमिटेड, साइप्रस	लागू नहीं	अनुषंगी	100%	2(87)
19	इंपीरियल एनर्जी (साइप्रस) लिमिटेड, साइप्रस	लागू नहीं	अनुषंगी	100 प्रतिशत (अपनी सहायक आईईएल 99.99 प्रतिशत धारित तथा 0.01 प्रतिशत इंपीरियल एनर्जी नॉर्ड लिमिटेड के माध्यमसे)	2(87)
20	एलएलसी एलियनसेनेफ्टिगेज़, रूसी गणराज्य	लागू नहीं	अनुषंगी	100 प्रतिशत (अपनी सहायक इंपीरियलएनर्जी (साइप्रस) लिमिटेड के माध्यम से)	2(87)
21	एलएलसी सिबिन्टेनेफ्ट, रूसी गणराज्य	लागू नहीं	अनुषंगी	55.9 प्रतिशत (अपनी सहायक इंपीरियलएनर्जी टोम्स्क लिमिटेड के माध्यम से)	2(87)
22	एलएलसी रस इंपीरियल समूह, रूसी गणराज्य	लागू नहीं	अनुषंगी	100 प्रतिशत (अपनी सहायक रैडक्लिफहोल्डिंग्स लिमिटेड के माध्यम से)	2(87)

ओएनजीसी विदेश लिमिटेड की अप्रत्यक्ष अनुषंगी कंपनियां (आईईएल की सहायक कंपनी)					
23	एलएलसी नोर्ड इंपीरियल, रूसी गणराज्य	लागू नहीं	अनुषंगी	100 प्रतिशत (अपनी सहायक इंपीरियलएनर्जी नार्ड लिमिटेड के माध्यम से)	2(87)
24	इंपीरियल एनर्जी नोर्ड लिमिटेड, साइप्रस	लागू नहीं	अनुषंगी	100 प्रतिशत (अपनी सहायक आईइएल99.99 प्रतिशत धारित तथा 0.01 प्रतिशतइंपीरियल एनर्जी (साइप्रस) लिमिटेड केमाध्यम से)	2(87)
25	रेडक्लिफ़ होल्डिंग्स लिमिटेड, साइप्रस	लागू नहीं	अनुषंगी	100 प्रतिशत (अपनी सहायक इंपीरियलएनर्जी लिमिटेड 99.99 प्रतिशत धारिततथा 0.01 प्रतिशत इंपीरियल एनर्जी नार्डलिमिटेड के माध्यम से)	2(87)
26	सैन एगियो इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड, साइप्रस	लागू नहीं	अनुषंगी	100 प्रतिशत (अपनी सहायक रैडक्लिफहोल्डिंग्स लिमिटेड के माध्यम से)	2(87)
27	एलएलसी इंपेरियल फ्रेक सर्विसेज, रूसी गणराज्य	लागू नहीं	अनुषंगी	50 प्रतिशत (इसकी अनुषंगी कंपनी रेडक्लिफ होल्डिंग्स इंपेरियल फ्रेक सर्विसेज (साइप्रस) लिमिटेड के माध्यम से)	2(87)
ओएनजीसी विदेश लिमिटेड की अप्रत्यक्ष अनुषंगी कंपनियां (काराबोबो वन एबी की अनुषंगी कंपनिया)					
28	पेट्रो काराबोबो गंगा बी.वी., नीदरलैंड	लागू नहीं	अनुषंगी	100 प्रतिशत (100 प्रतिशत सामान्य शेयर का स्वामित्व काराबोबो वन एबी तथा100 प्रतिशत अधिमान शेयर स्वामित्वओएनजीबीवी के के माध्यम से)	2(87)
ओएनजीसी विदेश लिमिटेड की अप्रत्यक्ष अनुशंगी कंपनियां (ओएनजीसी विदेश सिंगापुर पीटीई लि. की अनुषंगी कंपनिया)					
29	ओएनजीसी विदेश वेंकोरेनेफ्ट पीटीई लि.	लागू नहीं	अनुषंगी		2(87)
ओएनजीसी विदेश लिमिटेड की अप्रत्यक्ष सहयोगी कंपनिया					
30	ओएनजीसी मित्तल एनर्जी लिमिटेड, साइप्रस	लागू नहीं	सहयोगी	ओएनजीसी विदेश द्वारा 49.98 प्रतिशतधारित हैं और मित्तल इंवेस्टमेंट सार्ल 48.02 प्रतिशत धारित करती है)	2(6)
31	सूड पेट्रोलियम ऑपरेटिंग कंपनी दक्षिणी सूडान	लागू नहीं	सहयोगी	24.125%	2(6)
32	मोजांबिक एलएनजी 1 कंपनी पीटीई लि.	लागू नहीं	सहयोगी	16 प्रतिशत (10 प्रतिशत प्रत्यक्ष रूप से और 6 प्रतिशत अनुषंगी कंपनी ब्यास रोवूमा एनर्जी मोजांबिक लिमिटेड)	2(6)

IV शेयर धारिता स्वरूप (कुल इक्विटी के प्रतिशत के रूप में इक्विटी शेयर पूंजी का अलग अलग विवरण)

शेयर धारकों की श्रेणी	वर्ष के आरंभ में धारित शेयरो की संख्या				वर्ष के अंत में धारित शेयरो की संख्या				वर्ष के दौरान प्रतिशत परिवर्तन	
	डिमैट	भौतिक	कुल	कुल शेयरों का प्रतिशत	डिमैट	भौतिक	कुल	कुल शेयरों का प्रतिशत		
क संस्थापक										
(1) भारतीय										
क) व्यक्ति /एचयूएफ	0	7	7	0%	0	7	7	0%	0.00	0.00
ख) केंद्रीय सरकार अथवा राज्य सरकार	0	0	0	0%	0	0	0	0%	0.00	
ग) निकाय कॉरपोरेट	0	99,99,99,993	99,99,99,993	100%	0	1,49,99,99,993	1,49,99,99,993	100%	0.00	0.00
घ) बैंक / वित्त संस्था	0	0	0	0%	0	0	0	0%	0.00	0.00
ड़) अन्य	0	0	0	0%	0	0	0	0%	0.00	0.00
उप योग प्रतिशत (क) (1)		1,00,00,00,000	1,00,00,00,000	100%	0	1,50,00,00,000	1,50,00,00,000	100%	0.00	0.00
2 विदेशी										
क) एनआरआई व्यक्ति	0	0	0	0%	0	0	0	0%	0.00	0.00
ख) अन्य व्यक्ति	0	0	0	0%	0	0	0	0%	0.00	0.00
ग) निकाय	0	0	0	0%	0	0	0	0%	0.00	0.00
घ) बैंक / वित्त संस्था	0	0	0	0%	0	0	0	0%	0.00	0.00
ड़) अन्य	0	0	0	0%	0	0	0	0%	0.00	0.00
उप योग प्रतिशत (क) (2)	0	0	0	0%	0	0	0	0%	0.00	0.00
संस्थापकों की कुल शेयरधारिता (क) – (क) (1) + (क) (2)	0	1,00,00,00,000	1,00,00,00,000	100%	0	1,50,00,00,000	1,50,00,00,000	100%	0.00	0.00

शेयर धारकों की श्रेणी	वर्ष के आरंभ में धारित शेयरों की संख्या				वर्ष के अंत में धारित शेयरो की संख्या				वर्ष के दौरान प्रतिशत परिवर्तन	
	डिमैट	भौतिक	कुल	कुल शेयरों का प्रतिशत	डिमैट	भौतिक	कुल	कुल शेयरों का प्रतिशत		
ख सार्वजनिक शेयर धारिता										
1 संस्थान	0	0	0	0%	0	0	0	0%	0.00	0.00
क) म्यूचुअल फंड	0	0	0	0%	0	0	0	0%	0.00	0.00
ख) बैंक / वित्त संस्थान	0	0	0	0%	0	0	0	0%	0.00	0.00
ग) केंद्रीय सरकार	0	0	0	0%	0	0	0	0%	0.00	0.00
घ) राज्य सरकार	0	0	0	0%	0	0	0	0%	0.00	0.00
ड़) उद्यम पूंजीगत निधि	0	0	0	0%	0	0	0	0%	0.00	0.00
च) बीमा कंपनियां	0	0	0	0%	0	0	0	0%	0.00	0.00
छ) एफ आई आईएस	0	0	0	0%	0	0	0	0%	0.00	0.00
ज) विदेशी उद्यम पूंजीगत निधि	0	0	0	0%	0	0	0	0%	0.00	0.00
ड़) अन्य (उल्लेख करें)	0	0	0	0%	0	0	0	0%	0.00	0.00
उप योग (ख) (1)प्रतिशत	0	0	0	0%	0	0	0	0%	0.00	0.00
2 गैर संस्थागत										
क) निकाय कॉरपोरेट										
i) भारतीय	0	0	0	0%	0	0	0	0%	0.00	0.00
ii) विदेशी	0	0	0	0%	0	0	0	0%	0.00	0.00
ख) व्यक्ति	0	0	0	0%	0	0	0	0%	0.00	0.00
i) भारतीय एक लाख रुपए तक की सामान्य शेयर पूंजीधारक व्यक्तिगत शेयर धारक	0	0	0	0%	0	0	0	0%	0.00	0.00
ii) क लाख रुपए से अधिक की सामान्य शेयर पूंजी धारक व्यक्तिगत शेयर धारक	0	0	0	0%	0	0	0	0%	0.00	0.00
ग) अन्य (विशिष्ट)	0	0	0	0%	0	0	0	0%	0.00	0.00
उप योग प्रतिशत (ख) (2)	0	0	0	0%	0	0	0	0%	0.00	0.00
कुल सार्वजनिक शेयर धारिता (ख) – (ख) (1)+ (ख) (2)	0	0	0	0%	0	0	0	0%	0.00	0.00
ग) जीडीआर वएडी आर के लिए संरक्षक धारिता शेयर	0	0	0	0%	0	0	0	0%	0.00	0.00
कुल योग (क+ख+ग)	0	1,00,00,00,000	1,00,00,00,000	100%	0	1,50,00,00,000	1,50,00,00,000	100%	0.00	0.00

(iii) संस्थापकों की शेयर धारिता

क्रम संख्या	शेयर धारक का नाम	शेयर धारक का नाम			वर्ष के अंत में धारित शेयरों की संख्या			वर्ष के दौरान परिवर्तन प्रतिशत
		शेयरों की संख्या	कंपनी के कुल शेयरों का प्रतिशत	कुल शेयरों के प्रतिभूत बाधित शेयरों का प्रतिशत	शेयरों की संख्या	कंपनी के कुल शेयरों का प्रतिशत	कुल शेयरों के प्रतिभूत बाधित शेयरों का प्रतिशत	
1	ऑयल एंड नेचुरल गैस	99,99,99,993	100%	0%	1,49,99,99,993	100%	0%	100%
2	कॉरपोरेशन लिमिटेड	1	0%	0%	1	0%	0%	0%
3	श्री डी के सर्राफ+	1	0%	0%	0	0%	0%	0%
4	श्री एस पी गर्ग+	1	0%	0%	0	0%	0%	0%
5	श्री के एस जेमेस्टीन +	1	0%	0%	0	0%	0%	0%
6	श्री ए के बनर्जी +	1	0%	0%	1	0%	0%	0%
7	श्री शशि शंकर +	1	0%	0%	1	0%	0%	0%
8	श्री नरेंद्र के वर्मा +	1	0%	0%	1	0%	0%	0%
9	श्री टी के सेनगुप्ता+	0	0%	0%	1	0%	0%	0%
10	श्री डी डी मिश्रा+	0	0%	0%	1	0%	0%	0%
	श्री ए के श्रीनिवासन+	1,00,00,00,000	0%	0%	1,50,00,00,000	100%	0%	100%
	योग							

+ ऑयल एण्ड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन लिमिटेड के नामिति के रूप में ओएनजीसी विदेश के शेयर धारित कर रहे हैं।

(iii) संस्थापकों की शेयरधारिता में परिवर्तन (उल्लेख करें यदि कोई परिवर्तन नहीं है) : वित्त वर्ष के दौरान कोई परिवर्तन नहीं है।

(iv) शीर्ष दस शेयरधारकों की शेयरधारिता का स्वरूप (निदेशक, संस्थापक एवं जीडीआर एवं एडीआर के धारक को छोड़कर)

V निदेशकों तथा केएमपी की शेयर धारिता

क्रम सं.		वर्ष के आरंभ में धारित शेयरों की संख्या		वर्ष के अंत में धारित शेयरों की संख्या	
	प्रत्येक निदेशकं तथा के एमपी के लिए	अंशों की संख्या	कंपनी के कुल अंशों का प्रतिशत	अंशों की संख्या	कंपनी के कुल अंशों का प्रतिशत
	श्री दिनेश कुमार सर्राफ'				
	(क) वर्ष के आरंभ में	1	0	1	0
	(ख) वर्ष के दौरान संस्थापकों की अंश धारिता में दिनांक वार बढ़ोतरी / कमी को बढ़ोतरी / कमी के कारण बताते हुए दर्शाएं (अर्थात आवंटन/ अंतरण/ बोनस / स्वीट इक्विटी आदि)	0	0	0	0
	(ग) वर्ष के अंत में	1	0	1	0
	श्री नरेंद्र के वर्मा'				
	(क)	1	0	1	0
	(ख)	0	0	0	0
	(ग)	1	0	1	0
	श्री विवेकानंद '				
	(क)	1	0	1	0
	(ख)	0	0	0	0
	(ग)	1	0	1	0

*ऑयल एण्ड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन लिमिटेड के नामिति के रूप में ओएनजीसी विदेश के शेयर धारित कर रहे हैं।

V ऋणग्रस्तता

(₹ मिलियन में)

ब्याज देय / अर्जित सहित कंपनी की ऋणग्रस्तता परंतु जो भुगतान के लिए देय न हो				
वित्त वर्ष के आरंभ में ऋणग्रस्तता	प्रत्याभूत ऋण, जमा के अलावा	अप्रत्याभूत ऋण	जमाएं	कुल ऋणग्रस्तता
i) मूल राशि		318,154.40	-	318,154.40
ii) देय ब्याज परंतु अदा नहीं किया गया।		-	-	-
पपपद्ध उपार्जित ब्याज परंतु देय नहीं		2,755.51	-	2,755.51
कुल (i+ii+iii)		**320,909.91**	-	**320,909.91**
वित्तीय वर्ष के दौरान ऋणग्रस्तता में परिवर्तन		-	-	-
परिवर्द्धन		116,516.02	-	116,516.02
ह्रास		6,524.20	-	6,524.20
निवल परिवर्तन		**10,383.60**	-	**10,383.60**
वित्त वर्ष के अंत में ऋणग्रस्तता		-	-	-
पद्ध मूल राशि		427,417.17	-	427,417.17
पपद्ध ब्याज देय परंतु अदत्त		-	-	-
पपपद्ध याज प्रोद्भूत परंत अदत्त		3,484.56	-	3,484.56
कुल (i+ii+iii)		**430,901.73**	-	**430,901.73**

VI निदेशकों तथा प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिकों का पारिश्रमिक

क. प्रबंध निदेशक, पूर्णकालिक निदेशक और / अथवा प्रबंधक का पारिश्रमिक

क्रम संख्या	पारिश्रमिक का विवरण	प्रबंध निदेशक / पूर्णकालिक निदेशक / प्रबंधक के नाम					
	सकल वेतन	श्री नरेंद्र के वर्मा	श्री पी के राव	श्री सुधीर शर्मा	श्री विवेकानंद	श्री सतपाल गर्ग (पूर्व निदेशक वत्त)	कुल राशि
1	क आयकर अधिनियम 1961 की धारा 17 (1) में निहित प्रावधानों क अनुसार वेतन	3.29	2.97	3.13	1.45	4.91	15.75
	ख आयकर अधिनियम 1961 की धारा 17 (2) के तहत अनुलाभों का मूल्य	2.98	2.39	2.04	1.10	0.02	8.53
	ग आयकर अधिनियम 1961 की धारा 17 (3) के तहत वेतन के बदले लाभ	0.63	0.61	0.58	0.37	0.24	2.43
2	स्टॉक विकल्प	-	-	-	-	-	-
3	स्वीट इक्विटी	-	-	-	-	-	-
4	लाभ अन्य के प्रतिशत के रूप में कमीशन, ब्यौरा	-	-	-	-	-	-
5	अन्य, कृपया ब्यौरा दें (प्रदार्शन प्रोत्साहन राशि पहलें)	0.70	0.59	0.41	0.15	0.09	1.94
	कुल (क)	**7.60**	**6.56**	**6.16**	**3.07**	**5.26**	**28.65**
	अधिनियम के अनुसार अधिकतम	लागू नहीं					

ख. अन्य निदेशकों के पारिश्रमिक : स्वतंत्र निदेशकों की भाग लेने के लिए प्रशुल्क

क्रम संख्या	पारिश्रमिक का विवरण	निदेशक का नाम	कुल राशि
	स्वतंत्र निदेशक	श्री अजय मल्होत्रा	
1	क बोर्ड / समिति बैठकों में भाग लेने की फीस	0.19	0.19
	ख कमीशन	-	-
	ग अन्य, कृपया ब्यौरा दें	-	-
	कुल (1)	-	0.19
2	अन्य गैर कार्यकारी निदेशक		-
	क बोर्ड / समिति बैठकों में भाग लेने की फीस	-	-
	ख कमीशन	-	-
	ग अन्य, कृपया ब्यौरा दें	-	-
	कुल (2)	-	-
	कुल (ख) – (1 + 2)	0.19	0.19
	कुल प्रबंधकीय पारिश्रमिक		**0.19**
	अधिनियम के अनुसार समग्र सीमा	लागू नही	

(₹ मिलियन में)

क्रम संख्या	पारिश्रमिक का विवरण	प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक
1	सकल वेतन	कंपनी सचिव
	क आयकर अधिनियम 1961 की धारा 17 (1) में निहित प्रावधानों के अनुसार वेतन	1.65
	ख आयकर अधिनियम 1961 की धारा 17 (2) के तहत अनुलाभों का मूल्य	-
	ग आयकर अधिनियम 1961 की धारा 17 (3) के तहत वेतन के बदले लाभ	0.30
2	स्टॉक विकल्प	-
3	स्वीट इक्विटी	-
4	लाभ अन्य के प्रतिशत के रूप में कमीशन, ब्यौरा दें	-
5	अन्य, कृपया ब्यौरा दें	0.17
	कुल	2.12

प्रबंधकीय विचार विमर्श तथा विश्लेषण

1. परिचय

ओएनजीसी विदेश लिमिटेड (ओएनजीसी विदेश), पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय (एमओपीएनजी) के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन भारत सरकार के एक केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम / उपक्रम (सीपीएसई/सीपीएसयू) प्रमुख राष्ट्रीय तेल कंपनी ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉरपोरशन लिमिटेड (ओएनजीसी), की एक पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी है । ओएनजीसी विदेश तेल और गैस के अन्वेषण, विकास और उत्पादन के लिए भारत के बाहर स्थित तेल और गैस के रकबों की संभावनाओं की तलाश और अर्जन के कार्य में संलग्न है । ओएनजीसी विदेश का गठन 5 मार्च 1965 को हाइड्रोकॉर्बन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के रूप में नई दिल्ली स्थित पंजीकृत कार्यालय के पते पर अंतर्राष्ट्रीय अन्वेषण और उत्पादन कारोबार करने के लिए किया गया था । 15 जून 1989 को कंपनी का नाम बदल कर ओएनजीसी विदेश लिमिटेड कर दिया गया था। घरेलू उत्पादन से ऊर्जा मांग / आपूर्ति के बढ़ते अंतर के आलोक में देश की ऊर्जा सुरक्षा को बढ़ाने की दिशा में तेल इक्विटी के लिए विदेशों में स्थित तेल और गैस परिसंपत्तियों में भागीदारी को एक विकल्प के रूप में देखा गया ।

जनवरी, 2000 में, ओएनजीसी विदेश को भारत सरकार द्वारा विशेष अधिकार प्रदान किए गए जिससे कंपनी को अंतर्राष्ट्रीय वातावरण में बेहतर और सुचारू संचालन करने में सुविधा हुई जैसा कि जनवरी 2000 के पश्चात के लगातार सफल अर्जनों से प्रमाणित होता है । आपकी कंपनी की प्रत्यक्ष रूप सेअथवा अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली अनुशंगी कंपनी / संयुक्त उद्यम कंपनियों के माध्यम से 17 देशों की 37 अन्वेषण एवं उत्पादन परियोजनाओं, नामतः वियतनाम (2परियोजनाएं), रूस (3 परियोजनाएं), सूडान (2 परियोजनाएं), दक्षिण सूडान (2परियोजनाएं), ईरान (1 परियोजना), इराक (1 परियोजना), लीबिया (1 परियोजना), म्यांमार (6 परियोजनाएं), सीरिया (2 परियोजनाएं), ब्राजील (2 परियोजनाएं),कोलम्बिया (7 परियोजनाऐं), वेनेजुएला (2 परियोजनाएं), कजाखस्तान (1परियोजना), अज़रबैजान (2 परियोजनाएं), मोजाम्बिक (1 परियोजना), बांग्लादेश(2 परियोजनाएं) और न्यूज़ीलैंड (1 परियोजना) में भागीदारी की है । इन 38परियोजनाओं में से ओएनजीसी विदेश 14 परियोजनाओं में प्रचालक है, 6परियोजनाओं में संयुक्त प्रचालक है और शेष 19 परियोजनाओं में गैर प्रचालित परियोजनाएं हैं। आपकी कंपनी ने एक संतुलित पोर्टफोलियो दृष्टिकोण को अपनाया है और 14 उत्पादक, 4 अन्वेषित, 16 अन्वेषण परियोजनाओं और 2पाइपलाइन परियोजनाओं के एक संयोजन को बनाए रखा है।

आपकी कंपनी ने 31 मई 2016 को रोसनेफ्त तेल कंपनी से 15 प्रतिशत इक्विटी का अधिग्रहण कार्य पूरा किया और 28 अक्तूबर 2016 को, वैंकोर फील्ड और नॉर्थ वैंकोर लाइसेंस के स्वामी रूसी परिसंघ के कानूनों के तहत गठित एक कंपनी जेएससी वैंकोरनेफ्त में अतिरिक्त 11 प्रतिशत इक्विटी अर्जित किया। कंपनी विश्व भर में और अधिक तेल और गैस परिसंपत्तियोके अर्जन हेतु सक्रियता से तलाश कर रही है।

2. औद्योगिक परिदृष्य

पेट्रोलियम उद्योग अपने सबसे परिवर्तनकारी और महत्वपूर्ण चरणों में से गुजर रहा है। खनिज तेल मूल्य जो जनवरी, 2016 में करीब 30 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल के सबसे निचले स्तर पर चला गया था, वर्ष 2017 में अब तक सुधार हुआ है, और यह 45 से 55 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल की सीमा में रहा है। ऐसा प्रतीत होता है कि सबसे बुरा वक्त गुजर गया है, हालांकि अभी भी कुछ महत्वपूर्ण चुनौतियां शेष हैं जिनका समाधान किया जाना है।

सकारात्मक पक्ष यह है कि उद्योग ने इन कठिनाईयों का उत्तर वर्द्धित दक्षता और प्रतिस्पर्द्धा, पणधारकों के बीच बेहतर सहयोग, वित्तीय विवेक और प्रौद्योगिकीय नवाचार से दिया है। वहीं दूसरी ओर उभरी

ओएनजीसी विदेश में जेएससी वेंकरनेफट, रुस में कुल 26 प्रतिशत अधिग्रहण किया

अर्थव्यवस्थाओं की आर्थिक संवृद्धि में मंदी, नवीकरणीय ऊर्जा की बढ़ती व्याप्तता, विद्युत वाहनों में उभरते नवाचार, वाहनों और उपकरणों की बढ़ती ईंधन दक्षता और अमेरिकी शेल उत्पादन की घटती लागत इस उद्योग के लिए मध्य अवधि से दीर्घ अवधि में काफी आशंका उत्पन्न कर रहा है।

ओपेक इस उद्योग के उतार – चढ़ाव में अपना वर्चस्व पुनर्स्थापित करने का प्रयास कर रहा है और यह मूल्य को संवहनीय स्तर पर बनाए रखने के लिए सक्रियता से प्रयास कर रहा है। ओपेक ने वियना, आस्ट्रिया में अपनी 171वीं मंत्रालयी सम्मेलन में 1 जनवरी 2017 से अपने उत्पादन में 1.2 मिलियन बैरल प्रतिदिन (एमएमबी/दिन) की कमी करने और इसकी अधिकतम सीमा 32.5 एमएमबी/दिन तक लाने का निर्णय लिया है। यह समझौता रूस सहित प्रमुख गैर ओपेक देशों के साथ व्यापक परामर्श और इस पर सहमति कि वे 600 हजार बैरल प्रतिदिन उत्पादन की कमी कर योगदान करेंगे, संभव हो पाया है।

ओपेक द्वारा उत्पादन कमी का निर्णय का कच्चे तेल बाजार की रूझानों पर प्रारंभ में साकारात्मक प्रभाव पड़ा। इसके मूल्य में दिसंबर, 2016 के 50 अमेरिकी डॉलर / बैरल से बढ़कर जनवरी, 2017 में 57 अमेरिकी डॉलर / बैरल हो गया, परंतु जनवरी, 2017 के बाद की अधिकांश अवधि में यह 45 अमेरिकी डॉलर से 55 अमेरिकी डॉलर के बीच घटता – बढ़ता रहा है। इस अवधि के दौरान उत्पादन कमी प्रतिबद्धता का ओपेक देशों द्वारा पालन किया गया है, जिसमें सउदी अरब, जो सबसे बड़ा उत्पादक है, अग्रणी रहा जबकि अन्य देश जैसे कतर, यूएई, कुवैत और ईराक ने अपना अपना योगदान दिया।

मूल्यों में सुधार ने अमेरिका में शेल तेल और गैस कारोबार की गतिविधियों

को तेजी दी है। यूएस शेल उद्योग के बंद होने के बजाय बाद के दो वर्ष के मूल्य युद्ध ने मौजूदा निम्न मूल्य परिवेश में भी शेल को ज्यादा मजबूत प्रतिद्वंदी बना दिया है। प्रति बैरल हानिरहित, औसतन, वेलहेड पर बक्केन शेल उत्पादित करने की लागत वर्ष 2014 के 59.03 अमेरिकी डॉलर से गिरकर वर्ष 2016 में 29.44 अमेरिकी डॉलर हो गया है और यह अपेक्षा है कि प्रौद्योगिकी प्रगति से हानिरहित बिन्दु में और कमी हो सकती है2। शेल गैस का उत्पादन दिसंबर, 2016 के करीब 4.8 मिलियन बैरल प्रतिदिन से बढ़कर मई, 2017 में करीब 5.3 मिलियन बैरल प्रति दिन हो गया है और आशा की जाती है कि जून, 2017 में इसमें 122 हजार बैरल और जुड़ जाएगा। इसी प्रकार, अमेरिकी गैस उत्पादन में भी पिछले सात माह में लगातार वृद्धि हुई है और जून, 2017 तक इसमें 51.3 बिलियन घन फीट प्रति दिवस होने की उम्मीद है। भूत में शेल उद्योग द्वारा प्रदर्शित दक्षता, नवाचार और समुत्थानशक्ति को देखते हुए भविष्य में परंपरागत कंपनियों को इसके द्वारा काफी चुनौती देते रहने की उम्मीद है।

निम्न मूल्यों से अन्वेषण गतिविधियों को काफी धक्का पहुँचा है। वूड मेकेंजी की रिपोर्ट से पता चलता है कि अन्वेषण एवं मूल्यांकन व्यय वर्ष 2014 के 100 बिलियन अमेरिकी डॉलर से घटकर वर्ष 2016 में 40 बिलियन अमेरिकी डॉलर रह गया है और वर्ष 2017 तक इसमें और गिरावट होने की अपेक्षा हैं। वर्ष 2014 में गहरे समुद्र में वेधित कूपों की संख्या 250 से अधिक थी, हालांकि वह संख्या वर्ष 2016 में घटकर करीब 100 रह गयी है और यह वर्ष 2017 के दौरान भी इसके कम रहने की संभावना है। निम्न अन्वेषण बजट के कारण उद्योग सरलतम कूपों के वेधन पर ध्यान केन्द्रित कर रहे हैं। दूर्गम भंडार, कठिन संभरण और कम महत्वपूर्ण डेटा संग्रहण से बचा जा रहा है। वूड मैकेंजी के अनुसार अन्वेषण लागतें वर्ष 2017 के मध्य तक, वर्ष 2014 के शीर्ष की तुलना में आधा रह जाने की दिशा में है।

निम्न रिग दरों और परियोजना इष्टतमीकरण के कारण भी विकास लागत इष्टतमीकरण से कुछ सफलता हासिल हुई है। मूल्यों में सुधार और कम होते लागत से गहरे समुद्र क्षेत्रों में, बहुत समय तक गतिविधियों में मंदी के पश्चात्, फिर से रूचि जागृत हो रही है। वूड मैकेंजी के अनुसार, तीन गहरे समुद्र की परियोजनाएं, नोबल एनर्जी की लेवियाथन – अपतट इजरायल, शेल की कायकियास और बीपी की मैड डॉग फेज 2, दोनों मेक्सिको की अमेरिकी खाड़ी में, ने पहले ही वर्ष 2017 में एफआईडी की है और सभी तीन की एनपीवी (15 प्रतिशत) हानिरहित 50 / बीओई अमेरिकी डॉलर से नीचे है।

जबकि उद्योग कठिन समय से गुजर रहा है, राजकोषीय शब्दों में सुधार के लिए बढ़ती मांग इन परियोजनओं को व्यवहार्य और संवहनीय बनाए रखेंगे। ज्यादातर पेट्रोलियम राजस्व निर्भर देश अपने अपने बजट से जूझ रहे हैं और सरकारें अपनी वित्तीय स्थितियों को आलंब प्रदान करने के लिए तेल और गैस कराधान पर ऑख गड़ा रहे हैं। रूस और ब्राजील जैसे देशों में निम्न मूल्य के कारण राष्ट्रों की राजस्व हानि की क्षतिपूर्ति करने के लिए कर बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं। कई सरकारों को उनकी कराधान में परिवर्तन करने की जरुरतों और समय की इस मांग कि निवेश को बनाए रखा जाए और उनके देशों में इस उद्योग के भविष्य से खिलवाड़ नहीं करने का आभास हुआ है। कुछ देश जैसे ब्रिटेन, कजाकिस्तान, अंगोला इत्यादि ने अपनी राजकोषीय शर्तों को और आकर्षक बनाने के लिए सुधार शुरु किया है।

निम्न मूल्य परिवेश में अच्छी आय बहाल रखने के लिए चालू संघर्ष के परिणामस्वरूप पूरे उद्योग में पोर्टफोलियो पुनर्संरचना अभियान चल पड़ा है। उद्योग रुझान मूल क्षेत्रों और परंपरागत परिसंपत्तियों पर केन्द्रित हो रहा है जबकि अपारंपरिक क्षेत्रों पर सावधानी बरती जा रही है। पूंजीगत प्राथमिकीकरण और अन्वेषण बजट को औचित्यपूर्ण बनाने का एक अभिमान चल रहा है।

कंपनियां परिमाण की बजाय मूल्य को प्राथमिकता दे रहीं हैं और यथेष्ट नकद प्रवाह जारी रखने के लिए उच्च मार्जिन परियोजनाओं पर ध्यान केन्द्रित कर रही हैं। प्रवृति पूंजीगत व्यय को कम करने और पूंजी को अल्प अवधि में नकद प्रवाह प्रदाताओं की ओर भेजने की दिशा में भेजने की हैं। हालांकि पूंजी प्रधान गहन समुद्र, तेल रेत अभी भी कंपनियों की दीर्घकालिक संवृद्धि घटक है, परंतु इन क्षेत्रों में अल्पकालिक फोकस में मंदी है।

कंपनियों का रूझान पूरे भू–भाग के उच्च प्रभाव फोकस क्षेत्रों पर संकेन्द्रण और कम महत्वपूर्ण परिसंपत्तियों से विनिवेश करने की ओर है। मूल्य उतार – चढ़ाव की दिशा में समनुत्थानशक्ति में सुधार लाने के लिए कंपनियां अपस्ट्रीम और डाउन स्ट्रीम निवेश में संतुलन लाकर, समेकित कारोबार मॉड्ल को सशक्त करने और इसका लाभ उठाने का प्रयास कर रहीं हैं।

पेट्रोलियम मंत्री श्री धर्मेन्द्र प्रधान वियतनाम में ऑफशोर प्लेटफार्म पर

समग्र रूप से यह उद्योग अनिश्चित माहौल के प्रति सावधानी बरत रहा है और अल्पकालिक, बेहतर पूर्वाभासी, उच्च मार्जिन, कम पूंजी प्रधान परियोजनाओं पर ध्यान केन्द्रित कर रहा है।

3. ताकत और कमजोरी

आपकी कंपनी भारत के बाहर तेल व गैस इक्विटी उत्पादित करने वाली प्रथम भारतीय अंतर्राष्ट्रीय अन्वेषण एवं उत्पादन कंपनी है।

आपकी कंपनी ने ज्यादातर राष्ट्रीय तेल कंपनियों (एनओसी) और अंतर्राष्ट्रीय तेल कंपनियों (आईओसी) के साथ संबंध विकसित किया है और उनमें से कई कंपनियों द्वारा इसे पसंदीदा साझीदार माना जाता है। कुछ प्रमुख आईओसी जैसे कि एक्कसॉन, शेल, बीपी शेवरॉन, रोसनेफ्ट, टोटल, ईएनआई, रेपसोल, सोकर, पेट्रोब्रास, पीडीवीएसए, पेट्रोवियतनाम, सीएनपीसी, सिनोपेक, इकोपेट्रोल, पेट्रोनॉस, कज़मुनईगैस, एमओजीई आदि के साथ भागीदारी कर पहले ही उचित स्तर जोखिम शमन क्षमता विकसित कर ली गयी है। आपकी कंपनी ने प्रतिष्ठित बैंकरों, परामर्शदाताओं, सेवा प्रदाताओं के साथ कार्यकारी संबंध विकसित कर लिया हैं।

इस प्रकार,आपकी कंपनी अपने आप में अंतर्राष्ट्रीय ईएंडपी बाजार में एक विश्वसनीय कंपनी के रूप उभर कर आयी है, जो इस तथ्य से स्पष्ट है कि यह कई तेल उत्पादक प्रांतों में अपनी उपस्थिति दर्ज करने में सक्षम रही है। आपकी कंपनी ने एक महत्वकांक्षी अर्जन रणनीति अपनाई है और आकर्षक परियोजनाओं के लिए अपने आंतरिक संसाधनों के आवंटन के माध्यम से अपने अन्वेषण प्रयासों को जारी रखने का लक्ष्य बनाया है। अभिलक्षित किया है।

तथापि, एक सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम होने के कारण कंपनी की कुछ सीमाएं भी हैं, जहॉ तक निर्णय लेने की प्रक्रिया है। कंपनी अपने बोर्ड के अधिकारों को बढ़ाने के लिए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय पर जोर डालती रहती है, क्योंकि मौजूदा अधिकार अन्वेषी परिसंपत्तियों में न्यूनतम कार्य कार्यक्रम को कार्यान्वित के लिए भी अपर्याप्त है।

4. अवसर और आशंका:

ओएनजीसी विदेश विभिन्न पद्धतियों, जैसे कि बोली दौर, प्रत्यक्ष वाताओं, विवेचित अर्जन आदि, के अवसरों में प्रतिभागिता कर रहा है । आपकी कंपनी जहॉ एक ओर अपनी तकनीकी क्षमता को बढ़ाने के लिए दृढ़ प्रयास करती है, वहीं इसे अपनी मूल कंपनी ओएनजीसी की तकनीकी और वित्तीय क्षमताओं से काफी बल प्राप्त होता है। ओएनजीसी की गहरे समुद्र की विशेषज्ञता से तकनीकी क्षमता प्राप्त करते हुए आपकी कंपनी ने अप्रैल, 2017 में प्रथम लेबनान अपतट बोली दोर में और इरान ऑयल एंड गैस अपस्ट्रीम प्रोजेक्ट्स टेंडर राउंड में आपकी कंपनी ने प्रचालक अधिकार धारक के रूप में अर्हक हुआ है। आपकी कंपनी को देश की ऊर्जा सुरक्षा के अपने प्रयासों में भारत सरकार से भी काफी सहायता मिली है।

आपकी कंपनी ने अपनी परियोजनाओं में एक प्रामाणिक और विश्वसनीय साझीदार के रूप में स्थापित किया है। आपकी कंपनी की विश्व भर में फैली उत्पादनकारी, विकासशील और अन्वेषणात्मक परिसंपत्तियों का एक विविध पोर्टफोलियो है और यह महात्वाकांक्षी लक्ष्यों को हासिल करने के लिए अपने कारोबार का सक्रियता से विस्तार कर रही है। निम्न मूल्य परिवेश में जब बाजार में बिरले ही कुछ अवसर उपलब्ध थे, आपकी कंपनी ने रूस की जेएससी वैकोरनेफ्त परियोजना में 26 प्रतिशत शेयरधारिता हासिल की, जिससे कंपनी के उत्पादन में काफी वृद्धि हुई।

आपकी कंपनी का प्रदर्शन एक ओर जहॉ राजस्व की दृष्टि से तेल मूल्यों पर और निविष्टि की दृष्टि से कच्ची सामग्री, उपकरण, सेवाओं इत्यादि की लागत पर निर्भर करता है । तेल कीमतों में निरंतर गिरावट जैसा कि पिछले वर्ष देखा गया था और तेल कीमतों में अत्यधिक उतार चढ़ाव तथा निविष्टि कारकों के अभाव या उनकी अत्यधिक लागत का कंपनी के प्रदर्शन पर प्रभाव पड़ना स्वाभाविक है। तथापि, आपकी कंपनी दक्षता को बढ़ाने के लिए और इस निम्न मूल्य परिवेश में लागतो के इष्टतमीकरण और वहीं इस निम्न मूल्य परिवेश का उपयोग कंपनी की भावी संवृद्धि के लिए अच्छे सौदे करने के लिए अनवरत प्रयास कर रही है।

5. दृष्टिकोण:

आपकी कंपनी ने विश्व के विभिन्न तेल प्रांतों में अपनी उपस्थिति दर्ज की है और निरंतर आकर्षक परिसंपत्तियों की खोज जारी रखी है। इसने अपने लिए एक साख हासिल किया है और इसलिए इसके विचारन हेतु अवसर आते रहते हैं। आपकी कंपनी ने अपनी विदेशी परिसंपत्तियों से वित्त वर्ष 18 तक 20 एमएमटीओई और वित्त वर्ष 2030 तक 60 एमएमटीओई तेल और गैस प्राप्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया है ।

इस संवृद्धि को हासिल करने के लिए वित्त वर्ष 2030 तक अतिरिक्त 48 एमएमटीओई प्राप्ति के लिए नए अर्जनों से प्राप्त किया जाना होगा और कुछ फोकस क्षेत्रों में इस स्तर की स्थिति बनानी होगी। आपकी कंपनी को प्रारंभ में विकासात्मक और उत्पादक चरण वाली परिसंपत्तियों संकेद्रण करने की जरुरत है और फिर उच्च उत्पादन अन्वेषण रकबों और उद्यम सर्मायादार प्रकार के अन्वेषण अवसरों पर ध्यान केन्द्रित करने की जरुरत है।

इन लक्ष्यो को हासिल करने की दिशा में आपकी कंपनी ने 31 मई 2016 को रूस में वैंकोरनेफ्त 15 प्रतिशत की शेयरधारिता हासिल कर महत्वपूर्ण प्रगति की है और 28 अक्तूबर 2016 को इसने अतिरिक्त 11 प्रतिशत शेयरधारिता हासिल की है और इस प्रकार इसकी शेयरधारिता 26 प्रतिशत हो गयी । इस परियोजना से आपकी कंपनी के वार्षिक उत्पादन में 5.5 एमएमटीओई और जुड़ जाएगा।

इस संवृद्धि के लिए काफी निधि की आवश्यकता होगी और आपकी कंपनी ओएनजीसी और ओएनजीसी विदेश के तुलन पत्र की पूरी शेष का इक्विटी और परियोजना वित्तपोषण के साथ इन अर्जनों के वित्त पोषण के लिए उपयोग करना चाहता है। इसके लिए विशिष्ट कौशल वाले जनबल को प्राप्त करना, प्रतिधारित करना और प्रशिक्षण देने, आंतरिक प्रक्रियाओं की पुनर्संरचना करने और गतिशील कारोबार विकास रणनीति बनाने की जरुरत होगी।

आगे बढ़ने के लिए मुख्य प्राथमिकताओं में निम्नलिखित शामिल हैं :

5.1) नए उद्यम

आपकी कंपनी ने पिछले कुछ वर्षों में निम्न संयोजन को बनाए रखते हुए एक संतुलित पोर्टफोलियो दृष्टिकोण अपनाया है :

(क) उत्पादक, अन्वेषित तथा अन्वेषण परिसंपत्तियां;

(ख) जोखिम तथा राजनैतिक रूप से स्थिर देश; और

(ग) तेल व गैस परिसंपत्तियां।

उत्पादक परिसंपत्तियां हासिल करते समय, अन्वेषणात्मक प्रयासों के माध्यम से आपकी कंपनी की ऑर्गेनिक संवृद्धि पर भी जोर दिया जा रहा है। आपकी कंपनी यह रूख और फोकस बनाए रखना चाहती है।

आपकी कंपनी अन्य हाईड्रोकार्बन प्रचुर देशों / क्षेत्रों के आकर्षक रकबों में प्रवेश करने का प्रयास करते हुए उन क्षेत्रों / देशों जहॉ यह पहले से मौजूद है, अपनी स्थिति सुदृढ़ करने का प्रयास करेगी।

5.2) अन्वेषण :

आपकी कंपनी को अपने कूप मारिपोसा – 1 में उत्साहवर्द्धक परिणाम प्राप्त हुए हैं, जो कोलंबिया के सीपीओ – 5 ब्लॉक में वेधन अधीन है। आपकी कंपनी इस ब्लॉक का प्रचालक है और 70 प्रतिशत पीआई धारित करती है और अमेरिसुर रिर्सोसेज शेष 30 प्रतिशत पीआई धारित करती है।

कूप मारिपोसा – 1 में 24 मार्च 2017 को वेधन प्रारंभ हुआ था और 11,556 फीट (एमडी) की कुल गहराई तक दिशात्मक वेधन किया गया था। विद्युत लॉग विश्लेषण से यूने संरचना के लोअर सैंड यूनिट में तेल संतृप्त निवल पे का करबी 120 फीट की मौजूदगी का संकेत मिलता है। तेल और गैस की अच्छी हाईड्रोकार्बन झलक इस खंड को वेधित करते समय भी दिखी थी।

5.3) कारोबार संवृद्धि के लिए अंतर्राष्ट्रीय गठबंधन :

आपकी कंपनी ने अन्य समरूचि वैश्विक साझीदारों के साथ अपने गठबंधनों को सुदृढ़ करने के लिए पिछले वर्ष के दौरान निम्नलिखित समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं :

1. **सोकर ट्रेडिंग एसए के साथ एमओयू :** ओएनजीसी विदेश और सोकर ट्रेडिंग एसए ने अजेरी खनिज तेल, और अन्य पारस्परिक रूप से सहमत खनिज तेल / गैस इत्यादि के संयुक्त विपणन में सहयोग जैसे निर्धारित क्षेत्रों में सहयोग के लिए 27 मई 2016 को एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है।

2. **डाना एनर्जी के साथ समझौता ज्ञापन :** ओएनजीसी विदेश और डाना एनर्जी ने इरान की संभावित परियोजनाओं के विकास के लिए 18 अगस्त 2016 को एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

3. **रोजनेफ्त के साथ समझौता ज्ञापन :** ओएनजीसी विदेश और रोजनेफ्त ने शिक्षा और प्रशिक्षण के क्षेत्र में आपसी सहयोग के लिए 15 अक्तूबर 2016 को एक समझौता पर हस्ताक्षर किए हैं।

4. **इकोपेट्रोल के साथ समझौता ज्ञापन :** ओएनजीसी विदेश और इकोपेट्रोल ने ब्लॉक आरसी 10 के परित्याग और ब्लॉक आरसी 10 की लंबित न्यूनतम वित्तीय प्रतिबद्धताओं को नये ब्लॉक (ब्लॉकों) में अंतरित के साझे इरादे को मूर्त रूप देने के लिए आगे के मार्ग के रूप में 8 मार्च 2017 को एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है।

5. **मुबाडाला के साथ समझौता ज्ञापन :** तीसरे देशों में अपस्ट्रीम तेल एवं गैस अन्वेषण, विकास और उत्पादन परियोजनओं में भावी सहयोग के लिए ओएनजीसी विदेश और मुबाडाला पेट्रोलियम के बीच 6 फरवरी 2017 को एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए।

6. **गजप्रोम नेफ्त पीजेएससी के साथ समझौता ज्ञापनः** रूसी परिसंघ और तीसरे देशों के महादेशीय शेल्फ के हाईड्रो कार्बन के लिए भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण, अन्वेषण, मूल्यांकन, विकास और उत्पादन में सहयोग के लिए ओएनजीसी विदेश औरगजप्रोम नेफ्त पीजेएससी ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

आपकी कंपनी समझौतों और संयुक्त उद्यमों के माध्यम से ऐसे गठबंधन में शामिल होना जारी रखेगी।

6 जोखिम और आशंका

वैश्विक पेट्रोलियम उद्योग भविष्य में कीमतों की अनिश्चितता के सामना करना पड़ रहा है और अक्षय ऊर्जा, विद्युत वाहन, अमेरिकी शेल गतिविधि इत्यादि पर विचार करते हुए आपकी कंपनी भी भावी मूल्य परिदृश्य में अनिश्चितता को प्राथमिक जोखिम और काफी आशंका का विषय मानती है।

इसके अलावा, आपकी कंपनी राजनीतिक, भौगोलिक और तकनीकी रूप से चुनौतीपूर्ण परिवेश में काम करती है। उन परियोजनाओं और देशों जहॉ आपकी कंपनी का भारी निवेश है, स्वामित्वहरण, राजकोषीय व्यवस्था में बदलाव, अतिरिक्त कर और सरकारी हिस्सेदारी में वृद्धि या तेल निर्यात पर प्रतिबंध से प्रदर्शन पर काफी प्रभाव पड़ सकता है। तथापि, स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं में तेल और गैस उद्योग के महत्व के कारण, मेजबान सरकार अपने स्वयं के हित में तेल कंपनियों को अस्थिर नहीं करना चाहेगी।

पूर्व के कई निवेश संयुक्त उद्यम के स्वरूप में थे, जहॉ आपकी कंपनी प्रचालक नहीं थी। ऐसे निवेशों के प्रक्रिया में आपकी कंपनी संयुक्त उद्यम की सफलता सहित काफी हद तक प्रचालन साझीदारों पर निर्भर है। हालांकि ऐसी परियोजनाओं में प्रवेश करते समय प्रचालकों / साझीदारों की पर्याप्त जॉच की जाती है। हाल में, आपकी कंपनी परियोजनाओं में प्रचालन अधिकार प्राप्त कर और अधिक सक्रिय भूमिका निभा रही है।

कुछ परियोजनाएं उन देशों में हैं जहॉ अनसुलझे संघर्ष, अशांति, प्रशासन के बड़े मुद्दे और प्रादेशिक / जातीय विभाजन हैं; कुछ परियोजनाओं को सतत आधार पर आतंकवाद और प्रतिक्रियावादी विरोधों का सामना करना पड़ रहा है। कुछ ऐसे देशों जैसे सीरिया, दक्षिणी सुडान और सुडान आपकी कंपनी का परिचालन इनमें से कुछ कारकों से प्रभावित हैं और भविष्य में भी ये चुनौतीपूर्ण बने रह सकते हैं। इसके अलावा, तेल और गैर कारोबार में उच्च अन्वेषण और प्रौद्योगिकी जोखिम होते हैं और तेल एवं गैस कारोबार में, विशेष रूप से अपतट में, अंतर्निहित एचएसई जोखिम होते हैं।

7 आंतरिक नियंत्रण प्रणाली तथा उनकी पर्याप्तता :

आपकी कंपनी मे यह सुनिश्चित करने के लिए सभी अंतरण प्रक्रिया अनुरूप हैं और सांविधिक अपेक्षाओं की पूर्ति कर रहीं हैं, पर्याप्त आंतरिक लेखा परीक्षण तथा आंतरिक नियंत्रण प्रणाली है। कंपनी ने विभिन्न व्यवसायिक प्रक्रियाओं के समेकन के लिए पहले ही एसएपी आर/3 ईआरपी व्यवस्था को कार्यान्वित किया है। आंतरिक नियंत्रण व्यवस्था में नियमित प्रचालन निष्पादन संबंधी मूल्यांकन तथा उनके सुधारात्मक उपायों की युक्तियां तथा भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएंडएजी) द्वारा लेखा परीक्षण सहित समग्र आंतरिक एवं बाह्य लेखा परीक्षण किए जाने शामिल हैं। वर्ष 2016 –17 के दौरान, आंतरिक लेखा परीक्षण प्राइस वाटर हाउस कूपर्स (पीडब्ल्यूसी) द्वारा चरणबद्ध तरीके से किया गया था, जिसने आंतरिक नियंत्रण प्रणाली का स्वतंत्र मूल्यांकन किया था। लेखा परीक्षण टिप्पणियों की लेखा परीक्षा समिति द्वारा सावधिक समीक्षा की जाती है और जब कभी भी अपेक्षित होता है, आवश्यक निर्देश जारी किए जाते हैं।

8 वास्तविक प्रदर्शन :

क) भण्डार :

1 अप्रैल, 2017 की स्थिति के अनुसार, ओएनजीसी विदेश का कुल तेल तथा तेल समतुल्य गैस भंडार 743.276 एमएमटीओई था भंडार और उत्पादन का अनुपात (आर /पी)21.52 है।

ख) उत्पादन :

वर्ष 2016 –17 के दौरान कच्चा तेल (कंडेन्सेट सहित) उत्पादन 8.434 एमएमटी रहा जबकि वर्ष 2015 – 16 के दौरान यह 5.510 एमएमटी था। वर्ष 2016 – 17 के दौरान प्राकृतिक गैस का उत्पादन 4.369 बीसीएम था जबकि वर्ष 2015 – 16 के दौरान यह 3.406 बीसीएम था। इस प्रकार वित्त वर्ष 17 के दौरान कुल तेल और गैस उत्पादन 12.803 एमएमटीओई था, एमओयू बहुत अच्छा लक्ष्य का 114.6 प्रतिशत है और पिछले वर्ष के उत्पादन से 43.6 प्रतिशत अधिक है पिछले ग्यारह वर्ष के दौरान हुए उत्पादन का ब्यौरा इस प्रकार है :

विवरण	खनिज तेल (एमएमटी)	गैस (बीसीएम)	कुल (ओ. ओईजी) (एमएमटीओई)
वित्त वर्ष 17	8.434	4.369	**12.803**
वित्त वर्ष 16	5.510	3.406	**8.916**
वित्त वर्ष 15	5.533	3.341	**8.874**
वित्त वर्ष 14	5.486	2.871	**8.357**
वित्त वर्ष 13	4.343	2.917	**7.260**
वित्त वर्ष 12	6.220	2.532	**8.753**
वित्त वर्ष 11	6.771	2.696	**9.467**
वित्त वर्ष 10	6.513	2.357	**8.870**
वित्त वर्ष 09	6.556	2.220	**8.776**
वित्त वर्ष 08	6.840	1.962	**8.802**
वित्त वर्ष 07	5.804	2.148	**7.952**

'कंडेसेंट सहित

9 वित्तीय प्रदर्शन

(₹ मिलियन में)

	विवरण	समाप्त वर्ष के लिए अनंकेक्षित		प्रतिशत परिवर्तन
		31मार्च 2017	31मार्च 2016	
क	आय			
i	परिचालन राजस्व	100,799.79	98,670.31	2
ii	ब्याज आय	1,058.17	2,074.71	(49)
iii	अन्य आय	1,373.72	6,776.65	(80)
iv	इक्विटी निवेशिती लाभ हिस्सा, कर के निवल	14,900.04	7,684.49	94
	कुल राजस्व (क)	**118,131.72**	**115,206.16**	**3**
ख	व्यय			
i	उत्पादन, परिवहन, विक्रय और वितरण व्यय	37,576.19	38,808.47	(3)
ii	तैयार माल की मालसूची में परिवर्तन	259.79	(100.80)	(358)
iii	अन्य व्यय (अपलेखित अन्वेषण लागत को छोड़कर)	1,703.53	4,428.50	(62)
iv	अधिउठान / अल्पउठान के कारण कमी / वृद्धि	9.43	(679.16)	(101)
v	अन्य क्षरण एवं अपलेखन	1,398.29	3,361.22	(58)
	कुल व्यय (ख)	**40,947.23**	**45,818.23**	**(11)**
ग	ब्याज, कर, मूल्यह्रास एवं परिशोधन (ईबीडीआईटीए) पूर्व अर्जन (क .ख)	**77,184.49**	**69,387.93**	**(11)**
i	वित्त	11,148.19	18,974.41	(41)
ii	मूल्यह्रास, निःशेषण और परिशोधन	42,904.84	42,976.51	-
घ	असाधारण मदो ंऔर कर पूर्व लाभ	**23,131.46**	**7,437.01**	**211**
ङ	अपवादात्मक – आय / व्यय (निवल)	**10,062.78**	**47,166.83**	**(79)**
च	कर व्यय			
i	चालू वर्ष	5,891.26	5,882.95	-
ii	आस्थगित कर	479.18	(9,575.94)	(105)

	विवरण	समाप्त वर्ष के लिए अनंकेक्षित		प्रतिशत परिवर्तन
iii	पूर्व वर्ष कर	(276.20)	364.15	(176)
	कुल कर व्यय (च)	**6,094.24**	**(3,328.84)**	**(283)**
छ	घटाएं : लाभ हिस्सा या (हानि) – नियंत्रण रहित ब्याज	**(35.41)**	**(75.67)**	**(53)**
ज	करोपरांत समूह लाभ / (हानि) (घ –ङ– च– छ)	**7,009.85**	**(36,325.31)**	**-**

31 मार्च 2017 और 31 मार्च 2016 की स्थिति के अनुसार समेकित तुलन पत्र में प्रमुख मदों की स्थिति :

(₹ मिलियन में)

		31 मार्च 2017	31 मार्च 2016	प्रतिशत परिवर्तन
	इक्विटी और देयताएं			
I	इक्विटी			
(क)	इक्विटी शेयर पूंजी	150,000.00	100,000.00	50
(ख)	अन्य इक्विटी	310,246.64	342,547.10	(9)
(ग)	अनियंत्रित ब्याज	14,208.66	9,297.49	53
	कुल इक्विटी	**474,455.30**	**451,844.59**	**5**
	देयताएं			
	गैर चालू देनदारियां			
(1)	वित्तीय देनदारियों			
(ङ)	उधार	389,273.42	344,790.40	13
(i)	अन्य वित्तीय देनदारियां	1,425.74	1,499.70	(5)
(ii)	प्रावधान	35,791.03	33,199.39	8
(ख)	आस्थगित कर देनदारियां (निवल)	83,020.57	85,216.46	(3)
(ग)	अन्य गैर चालू देनदारियां	144.68	121.98	19
(घ)	कुल गैर चालू देनदारियां	**509,655.44**	**464,827.93**	**10**
	चालू देनदारियां			
2	वित्तीय देनदारियां			
(क)	उधार	60,444.27	5,135.54	1,077
(i)	व्यापार प्राप्य	35,266.89	36,963.45	(5)
(ii)	अन्य वित्तीय देनदारियां	14,927.26	13,655.04	9
(iii)	अन्य चालू देनदारियां	3,724.47	3,311.44	12
(ख)	प्रावधान	1,734.88	1,719.33	1
(ग)	चालू कर देनदारियां	2,688.91	2,054.43	31
(घ)	कुल चालू देनदारियां	**118,786.68**	**62,839.23**	**89**
	कुल देनदारियां	**628,442.12**	**527,667.16**	**19**
	कुल इक्विटी एवं देनदारियां	**1,102,897.42**	**979,511.75**	**13**
ख	परिसंपत्तियां			
1	गैर मौजूदा परिसंपत्तियां			
i	अचल परिसंपत्तियां			
क	संपत्ति, संयंत्र और उपकरण			
(i)	तेल एवं गैस परिसंपत्तियां	338,917.59	342,128.37	(1)

		31 मार्च 2017	31 मार्च 2016	प्रतिशत परिवर्तन
(ii)	अन्य संपत्ति, संयंत्र और उपकरणं	16,761.10	16,917.15	(1)
(ख)	प्रगतिधीन पूंजी कार्य			
(i)	तेल एवं गैस परिसंपत्तियां			
1	प्रगति अधीन विकासात्मक कूप	7,930.44	8,072.85	(2)
2	प्रगति अधीन तेल एवं गैस सुविधाएं	27,749.27	39,865.48	(30)
(ii)	अन्य	23.40	3,143.33	(99)
(ग)	शुभेच्छा	**132,677.86**	**144,241.71**	**(8)**
(ग)	अन्य अमूर्त परिसंपत्तियां	**552.19**	**343.66**	**61**
(ङ)	विकास अधीन अमूर्त परिसंपत्तियां			
(i)	प्रगति अधीन अन्वेषणात्मक कूप	34,794.39	34,905.19	-
(ii)	अर्जन लागत	149,437.21	150,489.11	(1)
(च)	वित्तीय परिसंपत्तियां			
(i)	निवेश	239,769.14	100,241.12	139
(ii)	व्यापार प्राप्य	13,630.08	11,695.42	17
(iii)	ऋण	8,472.37	11,689.53	(28)
(iv)	स्थल पुनर्स्थापन निधि के लिए जमा	555.81	393.69	41
(v)	अन्य वित्तीय परिसंपत्तियां	7,905.10	8,127.76	(3)
(छ)	गैर चालू कर परिसंपत्तियां (निवल)	4,840.05	4,670.11	4
(ज)	आस्थगित कर परिसंपत्तियां (निवल)	12,155.61	7,739.83	57
(झ)	अन्य गैर चालू परिसंपत्तियां	7,867.29	7,547.47	4
	कुल गैर चालू परिसंपत्तियां	**1,004,038.90**	**892,211.78**	**13**
2	चालू परिसंपत्तियां			
(क)	मालसूची	10,099.55	10,142.08	-
(ख)	वित्तीय परिसंपत्तियां			
(i)	व्यापार प्राप्य	16,183.71	11,582.42	40
(ii)	रोकड़ एवं रोकड़ समतुल्य	8,240.05	4,630.82	78
(iii)	ऋण	122.22	96.93	26
(iv)	अन्य वित्तीय परिसंपत्तियां	62,717.31	58,704.85	7
(ग)	अन्य चालू परिसंपत्तियां	1,495.68	2,142.87	(30)
(घ)	कुल चालू परिसंपत्तियां	**98,858.52**	**87,299.97**	**13**
	कुल परिसंपत्तियां	**1,102,897.42**	**979,511.75**	**13**

10 मानव संसाधन / औद्योगिक संबंध :

यह कंपनी अपनी मूल कंपनी ओएनजीसी की मानव संसाधन नीतियों का अनुसरण करती है और अंतर्राष्ट्रीय परिवेश में प्रचालन करने के लिए अपेक्षित आवश्यक कौशल को अंतर्ग्रहित करने के उद्देश्य से अपेक्षित प्रशिक्षण प्रदान करती है तथा विकासात्मक कार्यक्रमों का आयोजन करती है। इसके अतिरिक्त, प्रमुख तेल एवं गैस कंपनियों के साथ संयुक्त उद्यम परियोजनाओं के दौरान कंपनी अपने कार्मिकों की तैनाती अन्य अंतर्राष्ट्रीय स्तर के विशेषज्ञों के साथ करती है, जो उन्हें नई प्रौद्योगिकियों, अंतर्राष्ट्रीय परिवेश में कार्य करने के लिए उनके कौशल के उन्नयन को सक्षम बनाते हैं। कंपनी मुख्यतया मूल कंपनी द्वारा उपलब्ध कराए गए मानव बल के साथ ही प्रचालन कार्य करती है। आपकी कंपनी ने अपने मानव बल स्तर तथा गुणवत्ता को विश्व के विभिन्न भागों में अपनी वृद्धि शील आवश्यकता ओंव चुनौतियों के अनुरूप अपने मानव बल की व्यवस्था करती है। 31 मार्च, 2017 की स्थिति के अनुसार कंपनी का कुल मानव बल में 254 अधिकारी थे जो दिल्ली स्थित मुख्यालय में तैनात हैं। इसके अतिरिक्त 31 मार्च, 2016की स्थिति के अनुसार आपकी कंपनी के विभिन्न विदेशी परियोजनाओं मे नियोजित मानव बल की संख्या 2,263 थी (ओएनजीसी विदेश के विदेशों में तैनात 86 अधिकारियों सहित)। आपकी कंपनी ने सुगम औद्योगिक संबंध परिवेश बनाने तथा किसी भीऔद्योगिक संबंध (आईआर) के कारण किसी मानव–दिवस की क्षति नहोने के अपने लक्ष्य को प्राप्त किया है।

11 पर्यावरण

आपकी कंपनी, जहां भी प्रचालनरत् है वहां अपनी नीति के अनुसार सभी लागू पर्यावरणीय कानून संबंधी अपेक्षाओं का अनुपालन करती है। यह प्रदूषण,घात तथा अस्वस्थता को रोकने के लिए प्रतिबद्ध है।

वित्त वर्ष 2013 से, ओएनजीसी विदेश द्वारा संवहनीयता रिपोर्ट का प्रकाशन आरंभ किया गया है, जो आर्थिक, सामाजिक, पर्यावरणीय संवहनीयता माध्यम सेव्यापार को आयोजित करने के लिए अपने हितधारकों के प्रति इसकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है जो पारदर्शी व नैतिक है।

वित्त वर्ष 2016 की संवहनीयता रिपोर्ट जारी की गयी थी, जो तेल एवं गैस क्षेत्र संपुरक के साथ जीआरआई– जी 4 दिशानिर्देशों पर आधारित थी तथा यह वाह्य आश्वासित 'कोर'इ रिपोर्ट है। इसे ओएनजीसी विदेश और ओएनजीसी वेबसाइट पर देखा जा सकता है।

12 कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व

आपकी कंपनी, जिसके परिचालन विदेशों में हैं, यह उन देशों के समुदायों व अर्थव्यवस्थाओं के प्रति योगदान के अपने दायित्वों को मानती है, जिनमें यह प्रचालनरत होती है । कंपनी ने सीएसआर समिति की नीति संरचना व निर्णयों में कार्यान्वित घटकों के आधार पर आर्थिक, पर्यावरणीय व सामाजिक अपेक्षाओं का उचित संतुलन बनाया है। आपकी कंपनी द्वारा विभिन्न प्रकार से बहुमूल्य योगदान प्रदान किया जाता है जैसे कि उन सरकारों को कर राजस्व के रूप में भुगतान, नागरिकों के लिए शिक्षण और प्रशिक्षण में निवेश तथा रोजगार अवसरों में सुधार करना, स्थानीय समुदायों को चिकित्सा / खेल / कृषि सुविधाएं प्रदान करना आदि।

कंपनी अधिनियम, 2013 की अपेक्षाओं के अनुसार, आपकी कंपनी ने एक निगमित सामाजिक दायित्व और संवहनीयता समिति गठित की है ओर इस समिति के अध्यक्ष एक स्वतंत्र निदेशक हैं।

चूंकि आपकी कंपनी के अपने प्रचालन भारत के बाहर स्थापित हैं, इसलिए वित्तीय वर्ष 2017 के लिए सीएसआर के प्रयोजन के लिए पात्र ''निवल लाभ''शून्य था तथा भविष्य में भी इसके ऐसे ही बने रहने की संभावना है।

तथापि, ओएनजीसी विदेश द्वारा प्रचालन के देशों में प्रचलित स्थानीय आवश्यकताओं / दिशानिर्देशों / पद्धतियों के अनुसार अपने परियोजना स्थलों (अर्थात भारत के बाहर) में तथा उनके आसपास सामुदायिक विकास की परियोजनाओं को कार्यान्वित किया जाता है।

13 सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 (आरटीआई अधिनियम) :

कंपनी के नियंत्रणाधीन सूचना को किसी भी नागरिक द्वारा प्राप्त करने को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से और पारदर्शिता एवं विश्वसनीयता लाने के लिए सूचना का अधिकार अधिनियम की आवश्यकताओं के अनुसरण में एक उचितप्रणाली को कंपनी के नई दिल्ली स्थित पंजीकृत कार्यालय में स्थापित किया गया है। वर्ष 2016 –17 के दौरान सूचना का अधिकार के लिए किए गए अनुरोधों की स्थिति निम्ननुसार है:

विवरण	वर्ष के दौरान प्राप्त (अन्य लोक प्राधिकरणों द्वारा स्थांतरित मामलों सहित)	अन्य लोक प्राधिकरणों को सथांतरित मामलों की संख्या
आवेदन	45	18
प्रथम अपील	1	Nil

14 सचेतक वक्तव्य

इस प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण में दिए गए विवरण लागू कानून और विनियमों के आशय के तहत ''भावी दृष्टिकोण'' हो सकता है। वास्तविक प्रदर्शन स्पष्ट अथवा अस्पष्ट अपेक्षाओं से अलग हो सकते हैं।

वियतनाम ऑफशोर में ब्लॉक 06.1 में लेन टे प्लेटफार्म

कार्पोरेट अभिशासन रिपोर्ट

ओएनजीसी विदेश लिमिटेड, निगमित अभिशासन और उत्तरदायी प्रबंधन पद्धतियों के उच्चतम मानक प्राप्त करने की दिशा में निरंतर प्रयासरत् रहता है और यह सब सभी पणधारकों के साथ मूल्यवान संबंध ओर विश्वास को बनाए रखने के लिए है। कंपनी द्वारा निगमित अभिशासन के दिशा–निर्देशों का अनुपालन करने संबंधी विवरण निम्नलिखित खंडों में दिए गए हैं :

1. निगमित अभिशासन के संबंध में कंपनी का दर्शन

कंपनी का दृष्टिकोण (विज़न) ऐसी विश्वस्तरीय अन्वेषण एवं उत्पादन (ई एंडपी) कंपनी बनना है जो देश को तेल सुरक्षा प्रदान करे। निगमित अभिशासन के संबंध में कंपनी का विचार दर्शन अपने कारोबार का संचालन दक्ष, पारदर्शी,नैतिक एवं उत्तरदायी तरीके से करना है। कंपनी का यह मत है कि निगमित अभिशासन विभिन्न कानूनों के अनुपालन तक सीमित नहीं है और इसलिए यहव्यवस्था में सर्वत्र अंतर्निहित होता है ।

2. निदेशक मंडल

2.1 बोर्ड का गठन

कंपनी का प्रबंधन निदेशक मंडल द्वारा किया जाता है जो कार्य–नीतियां बनाते हैं और नीतियां तय करते हैं और आवधिक अंतरालों पर कंपनी के निष्पादन की समीक्षा करते हैं। कंपनी के नियमावली (एओए) के अनुसार निदेशकों की संख्या तीन से कम और पंद्रह से अधिक नहीं होगी। कंपनी के एओए के अनुसार, मूल कंपनी ऑयल एंड नेचुरल गैस कार्पोरेशन लिमिटेड (ओएनजीसी) द्वारा अध्यक्ष की और सभी अंशकालिक निदेशकों की नियुक्ति की जाती है और भारत के राष्ट्रपति द्वारा कंपनी के बोर्ड में प्रबंध निदेशक सहित सभी पूर्णकालिक निदेशकों की नियुक्ति की जाती है।

वर्तमान में, आपकी कंपनी के बोर्ड में चार पूर्णकालिक निदेशक और सात गैर कार्यकारी निदेशक (एक गैर कार्यकारी अध्यक्ष, दो अंशकालिक आधिकारिक नामित निदेशक और चार स्वतंत्र निदेशक) शामिल हैं। श्री अजय मल्होत्रा 16 जनवरी 2017 से ओएनजीसी विदेश लिमिटेड के निदेशक मंडल में स्वतंत्र निदेशक नियुक्त किए गए हैं। इसके अलावा, तीन स्वतंत्र निदेशक नामतः भार्तेन्दु नाथ श्रीवास्तव, श्रीमती किरण ओबेरॉय वासुदेव और श्री राकेश कक्कर 15 सितंबर 2017 से स्वतंत्र निदेशक के रूप में नियुक्त किए गए हैं। नये स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति से आपकी कंपनी का निदेशक मंडल, कंपनी अधिनियम, 2013 और निगमित अभिशासन संबंधी डीपीई दिशानिर्देश, 2010 के प्रावधानों के अनुरूप हो गया है।

ओएनजीसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक कंपनी के अध्यक्ष भी हैं। प्रबंध निदेशक जो कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) भी हैं और तीन पूर्णकालिक निदेशक अर्थात निदेशक (वित्त), निदेशक (प्रचालन) और निदेशक (अन्वेषण), बोर्डके समग्र अधीक्षण, नियंत्रण एवं मार्ग–निर्देशन के अधीन कंपनी के कारोबार का प्रबंध करते हैं। इसके अलावा पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय संयुक्त सचिव (अंतर्राष्ट्रीय सहयोग), पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय (एमओपी एंड एनजी), भारत सरकार और संयुक्त सचिव, आर्थिक कार्य विभाग, वित्त मंत्रालय (एमओएफ) कंपनी के बोर्ड में अंशकालिक निदेशक होते हैं।

व्यापक क्षेत्र विशेषज्ञता के लाभ प्राप्त करने के लिए ओएनजीसी बोर्ड के सभी पूर्णकालिक निदेशक बोर्ड की बैठकों के विशेष आमंत्रिती होते हैं।

कम्पनी के निदेशक मंडल का मौजूदा गठन इस प्रकार है :

गैर कार्यकारी अध्यक्ष	
श्री डी. के. सर्राफ	अध्यक्ष
पूर्णकालिक निदेशक :	
श्री नरेन्द्र क. वर्मा	प्रबंध निदेशक
श्री पी. के. राव	निदेशक (परिचालन)
श्री सुधीर शर्मा	निदेशक (अन्वेषण)
श्री विवेकानंद	निदेशक (वित्त) (1 सितंबर 2016 से)
श्री एस. पी. गर्ग	निदेशक (वित्त) (31 अगस्त 2016 तक)
अंशकालिक आधिकारिक नामित निदेशक :	
श्री संजय सुधीर, संयुक्त सचिव(अंतर्राष्ट्रीय सहयोग)	निदेशक
सुश्री शर्मिला चवाले, संयुक्त सचिव, डीईए, एमओएफ	निदेशक
अंशकालिक गैर अधिकारी निदेशक	
श्री अजय मल्होत्रा	स्वतंत्र निदेशक (16 जनवरी 2017 से)

श्री भार्तेन्दु नाथ श्रीवास्तव	स्वतंत्र निदेशक (15 सितंबर 2017 से)
श्रीमती किरण ओबेरॉय वासुदेव	स्वतंत्र निदेशक (15 सितंबर 2017 से)
श्री राकेश कक्कर	स्वतंत्र निदेशक (15 सितंबर 2017 से)
विशेष आमंत्रिती :	
श्री शशि शंकर	विशेष आमंत्रिती
श्री टी. के. सेनगुप्ता	विशेष आमंत्रिती
श्री डी. डी. मिश्रा	विशेष आमंत्रिती
श्री ए. के. द्विवेदी	विशेष आमंत्रिती
श्री वी. पी. महावर	विशेष आमंत्रिती
श्री ए. के. श्रीनिवासन	विशेष आमंत्रिती(23 सितंबर 2015 से)

2.2 बोर्ड / समिति की बैठक में हुई कार्यवाही के कार्यवृत्त को दर्ज करना :

बोर्ड / समिति (समितियों) की प्रत्येक बैठक की कार्यवाहियों के कार्यवृत्त को कंपनी सचिव द्वारा दर्ज किया जाता है। कार्यवृत्त का प्रारूप बोर्ड / समिति (समितियों) के सभी सदस्यों को परिचालित किया जाता है और इन्हें अध्यक्ष द्वारा अनुमोदित किया जाता है। बोर्ड/ समिति (समितियों) की अगली बैठक में इस कार्यवृत्त की पुष्टि की जाती /नोट किया जाता है। बैठकों की कार्यवाही के अनुमोदित कार्यवृत्त को कार्यवृत्त पुस्तिका में दर्ज किया जाता है।

2.3 अनुवर्तन तंत्र

बोर्ड / समिति (यों) की बैठकों से संबंधित दिशा–निर्देश, बैठक के उपरांत प्रभावी अनुवर्ती कार्रवाई करने, समीक्षा करने और बोर्ड एवं समिति के निर्णयों पर की गई कार्रवाई के लिए रिपोर्टिंग प्रक्रिया में सहायक होते हैं। बोर्ड तथा लेखा परीक्षण समितियों के निर्णयों/ अनुदेशों/निदेशों पर की गई कार्रवाई रिपोर्ट (एटीआर) बोर्ड और लेखा परीक्षण समितियों को नियमित रूप से प्रस्तुत की जाती है।

2.4 अनुपालन

कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 134 (5) (च) में अन्य बातों के साथ साथ सभी लागू कानूनों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए उचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करनेके प्रावधान किए गए हैं । विभिन्न प्रकार के लागू होने योग्य अधिनियमों /कानूनों /नियमों / विनियमनों / सचिवीय मानकों / दिशा निर्देशों आदि जैसे भारत में लागू होने योग्य हैं के लागू होने योग्य कानूनी अनुपालन के आधार पर यथा स्थान अनुपालन रिपोर्टिंग प्रणाली ओएनजीसी विदेश में निर्दिष्ट है । शुरूआत में रिपोर्टिंग को वार्षिक आधार पर आरंभ किया गया था और समयोपरांत इसे सुधार कर अर्द्धवार्षिक किया गया और तत्पश्चात तिमाही आधार पर किया गया है ।

अनुपालन रिपोर्टिंग प्रणाली की सुदृढ़ता के अलावा, कंपनी ने स्वेच्छा से कंपनी द्वारा धारित अपने विदेशों में स्थित कार्यालयों, परियोजनाओं की अनुपालन स्थिति का प्रावधानकिया और विदेशों में सहायक कंपनियों तथा परियोजनाओं की अनुपालन स्थिति को इसके अधीन किया गया।

2.5 बोर्ड के सदस्यों का प्रशिक्षण एंव मूल्यांकन

क. बोर्ड के सदस्यों का प्रशिक्षण

लोकउपक्रम विभाग (डीपीई) ने निगमित अभिशासन दिशा–निर्देश, 2010 जारी किए हैं जिनके अनुसार कंपनी अपने व्यावसायिक मॉडल मेंअपने बोर्ड सदस्यों अर्थात कार्यात्मक, सरकारी मनोनीत और स्वतंत्र निदेशकों क`लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करेगी, जिसमें कंपनी के व्यवसाय में जोखिम की जानकारी संबंधित निदेशकों का उत्तरदायित्व और किस प्रकार ऐसे उत्तरदायित्वका निर्वहन किया जाएगा आदि भी शामिल होंगे। उनको निगमित अभिशासन, व्यावसायिक नीति के मॉडल कोड और संबंधित निदेशकों पर लागू आचरण का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

डीपीई के दिशा–निर्देशों का पालन करते हुए ओएनजीसी विदेश ने निदेशकों के प्रशिक्षण के लिए एक नीति अपनाई है जिसमें निदेशकों को तीन टियर प्रशिक्षण देने की व्यवस्था है।

- प्रवेश प्रशिक्षण,
- बाह्य प्रशिक्षण, और
- बोर्ड प्रस्तुतिकरण ।

गैर कार्यकारी बोर्ड सदस्य प्रतिष्ठित व्यक्ति होते है जिनके पास प्रशासन अंतर्राष्ट्रीय संबंधों, शिक्षा, उद्योग और वाणिज्य का व्यापक अनुभव होता है। बोर्ड में उनकी उपस्थिति कारोबारी निर्णय लेने के लिए लाभप्रद व प्रभावी होती है।

ज्यों ही कोई निदेशक ओएनजीसी विदेश के निदेशक मंडल में शामिल होते हैं, संयोजन दस्तावेज, बोर्ड सदस्यों पर लागू आचरण संहिता और कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट आदि, उन्हें ओएनजीसी विदेश के कारोबार और परिचालन से अवगत कराने हेतु, उपलब्ध कराए जाते हैं। इसके अलावा नए निदेशक को ओएनजीसी विदेश के

प्रचालनों की जानकारी प्रदान करने के लिए ओएनजीसी विदेश के इतिहास, इसके वैश्विक कार्यों, वित्तीय निष्पादन आदि को शामिल करते हुए एक व्यापक प्रस्तुतिकरण दिया जाता है।

श्री अजय मल्होत्रा, स्वतंत्र निदेशक को पूर्णकालिक निदेशकों के साथ वार्तालाप के साथ ओएनजीसी विदेश की गतिविधियों पर एक संक्षिप्त प्रस्तुति दी गयी थी।

ख निदेशकों के कार्य निष्पादन मूल्यांकन संबंधी नीति

ओएनजीसी विदेश के एक सरकारी कंपनी होने के कारण, कंपनी अधिनियम2013 की धारा 134 (3)(ड़) और (ण), 149 (6) और (ग), तथा 178 (2), (3)और (4) के नियुक्ति, कार्य निष्पादन मूल्यांकन आदि के प्रावधानों से कंपनी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा दिनांक 5 जून 2015 की राजपत्रित अधिसूचना के द्वारा छूट प्रदान कर दी गई है ।

2.6 बोर्ड बैठक

(क) बोर्ड और समिति बैठकों के लिए कार्यसूची की प्रस्तुति :

ओएनजीसी विदेश द्वारा बोर्ड और समिति की बैठकों की सामग्री के वितरण व उसे सुगमता से प्राप्त करने के लिए एक सुरक्षित वैब पोर्टल प्रारंभ किया गया है यह पोर्टल सरुक्षित है तथा इसे केवल उपयोगकर्ता की पहचान के माध्यम से ही देखा जा सकता है यह पोर्टल बोडे / समितियों की बैठकों से सबंधित सामगिग्रों का प्रसार करने के लिए सदस्यों/आमंत्रितों के लिए एक अतिरिक्त सुविधा है। यह सभी स्थानों से सामग्रियों को सुगमता से प्राप्त करने की सुविधा प्रदान करता है।

(ख) वित्त वर्ष के दौरान आयोजित बोर्ड बैठकें

वित्त वर्ष 2016–17 के दौरान बोर्ड की दस बैठकें निम्नलिखित तिथियों को आयोजित की गईं :–

5 अप्रैल 2016	21 मई 2016	28 जून 2016
26 जुलाई 2016	11 अगस्त 2016	5 सितंबर 2016
22 अक्तूबर 2016	21 नवंबर 2016	13 दिसंबर 2016
28 मार्च 2017		

किन्हीं दो बोर्ड बैठकों के बीच न्यूनतम और अधिकतम अंतराल क्रमशः 15 दिन (26 जुलाई 2016–11 अगस्त 2016) और 104 दिन (13 दिसंबर 2016– 28 मार्च 2017) था।

2.7 बोर्ड उपस्थिति :

वित्तीय वर्ष 2016 –17 के दौरान, उपस्थिति और अन्य कंपनियों आदि में निदेशक पदधारिता आदि से संबंधित निम्नानुसार हैं :

निदेशकों के नाम	उनके कार्यकाल के दौरान आयोजित बोर्ड बैठकों की संख्या	बोर्ड बैठकों की संख्या जिनमें उपस्थित हुए	पिछली वार्षिक आम बैठक में उपस्थिति	अन्य कंपनियों में धारित निदेशक पद के विवरण+	ओएनजीसी विदेश सहित समितियों में धारित सदस्यता++
श्री डी. के. सर्राफए अध्यक्ष	10	08	हां	7	3
श्री नरेन्द्र क. वर्मा, प्रबंध निदेशक	10	10	हां	-	1
श्री पी. के. राव, निदेशक (परिचालन)	10	10	हां	-	2
श्री सुधीर शर्मा, निदेशक (अन्वेषण)	10	09	हां	-	2
श्री विवेकानंद, निदेशक (वित्त) (1 सितंबर 2016 से)	05	05	हां	-	1
श्री एस. पी. गर्ग, निदेशक (वित्त) (31 अगस्त 2016 तके)	05	05	-	-	1
श्री संजय सुधीर, निदेशक	10	09	हां	2	6
सुश्री शर्मिला चवाली, निदेशक	10	08	-	2	4

श्री अजय मल्होत्रा (स्वतंत्र निदेशक) (16 जनवरी, 2017 से)	01	01	-	1	3

*भारत से बाहर निगमित कंपनियों, खंड 8 कंपनियां और प्राइवेट लिमिटेड कंपनियां (लोक कंपनी के नियंत्रक / अनुशंगी कंपनी नहीं होने के कारण) के निदेशक पद इसमें शामिल नहीं हैं।

**सीमित लोक संवाय (ओएनजीसी विदेश सहित) की लेखा परीक्षा समिति और पारिश्रमिक समिति की अध्यक्षता / सदस्यता

टिप्पणियां :

(i) यह कंपनी एक सरकारी कंपनी होने के नाते, इसके सभी निदेशक भारत सरकार / मूल कंपनी द्वारा नियुक्त / नामित किए जाते हैं।

(ii) निदेशक एक – दूसरे से संबंधित नहीं हैं;

(iii) निदेशको का कंपनी से कोई मौद्रिक रिश्ता नहीं है या कोई लेन – देन नहीं है।

(iv) निदेशक पद / समिति सदस्यता निदेशकों से प्राप्त नवीनतम प्रकटन पर आधारित है।

(v) कोई भी निदेशक उन सभी कंपनियों को मिलाकर जिनमें वे निदेशक हैं, 10 से अधिक समितियों के सदस्य या 5 से अधिक समितियों के अध्यक्ष नहीं हैं।

सनेझनोए क्षेत्र, रुस में तेल एवं गैस उत्पादन आपरेटर द्वारा

2.8 नियुक्ति / पुनर्नियुक्ति के लिए प्रस्तावित निदेशकों का संक्षिप्त जीवन परिचय

उन निदेशकों के विशिष्ट प्रकार्यात्मक क्षेत्रों में उनके अनुभव सहित उनका संक्षिप्त जीवन परिचय, जिनकी नियुक्ति पिछली रिपोर्ट की तिथि के पश्चात की गयी है और उन कंपनियों के नाम जिनमें में वे निदेशक का पद / बोर्ड / समिति की सदस्यता / अध्यक्षता धारित करते हैं, इस प्रकार है :

2.8.1 नियुक्ति के लिए प्रस्तावित निदेशक :

नाम	श्री अजय मल्होत्रा	श्री भार्तेन्दु नाथ श्रीवास्तव	श्रीमती किरण ओबेरॉय वासुदेव	श्री राकेश कक्कर
जन्म तिथि एवं उम्र	21. 11. 1953, 63 वर्ष	22. 05. 1954 63 वर्ष	05. 09. 1954 63 वर्ष	15. 04. 1953 64 वर्ष
नियुक्ति की तिथि	16 जनवरी 2017	15 सितंबर 2017	15 सितंबर 2017	15 सितंबर 2017
योग्यता	एम. ए. (अर्थशास्त्र)	एम. ए. (मनोविज्ञान) पीएचडी (मनोविज्ञान)	मानव भूगोल, एलएलबी,	एम. ए. (अर्थशास्त्र)
धारित शेयरों की संख्या	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
विशिष्ट प्रकार्यात्मक क्षेत्रों में अनुभव	श्री अजय मल्होत्रा भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) के वर्ष 1977 बैच के सेवानिवृत्त अधिकारी हैं। वे भारतीय दूतावास, वाशिंगटन डीसी (1999 – 2003) में मिनिस्टर थे, साथ साथ वे, वर्ष 2002 – 2003 के दौरान अंतर्राष्ट्रीय सूती सलाहकार समिति के अध्यक्ष के रूप में सेवा दे रहे थे। 37 वर्ष की उत्कृष्ट सेवा के पश्चात 30 नवंबर 2013 को सेवानिवृत्त होने से पूर्व वे रोमानिया में भारत के राजदूत रहे, साथ साथ अल्बानिया और मोलडोवा से भी प्रत्यायित थे (2003 – 2005), संयुक्त राष्ट्रसंघ, न्यूयॉर्क में भारत के राजदूत और स्थायी उप प्रतिनिधि (2005 – 2009), कुवैत में भारत के राजदूत (2009 – 2011) और रूस परिसंघ में भारत के राजदूत (2011 – 2013) रहे।	श्री भार्तेन्दु नाथ श्रीवास्तव, उच्च क्षमता के एक प्रतिभाशाली शिक्षाविद हैं, वर्तमान में आईआईएम, कोलकाता में संगठन व्यवहार के प्रोफेसर हैं। वे एक सुविज्ञ प्रशिक्षक और परामर्शदाता हैं और उन्होंने आईआईएम कलकत्ता या विविध प्रकार के फर्मों में कंपनी के आंतरिक प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों के कुछ सौ प्रबंधन विकास कार्यक्रमों का निर्देशन किया।	श्रीमती किरण ओबेरॉय वासुदेव का भारतीय राजस्व सेवा (आय कर) में 35 वर्षों का अनुभव है और वर्तमान में वे, अध्यक्षा, गुणवत्ता समीक्षा बोर्ड, भारतीय कंपनी सचिव संस्थान (आईसीएसआई) हैं। वे क्षमता वर्द्धन प्रभाग का नेतृत्व करते हुए प्रधान, मुख्य आय कर आयुक्त के रूप में सेवानिवृत्त हुईं। कर प्रशासन के अतिरिक्त, उन्होंने विविध पोर्टफोलियो की देखरेख में, जिसमें आईटी आधारित समाधान से ले कर विभाग की व्यापार प्रक्रिया पुनर्संरचना परियोजना तक शामिल है। मालदीव सरकार के राष्ट्रमंडल कार्यभार पर, उन्होंने कर सूचना प्रबंधन डिजाइन किया। वासुदेव अमेरिका, ब्रिटेन और मलयेशिया के राजस्व प्रशासन में प्रतिनिधिमंडल की सदस्या रहीं हैं।	श्री राकेश कक्कर ने वर्ष 1974 से वर्ष 1977 तक दिल्ली विश्वविद्यालय में पूर्वस्नातक स्तर पर अर्थशासत्र पढ़ाया और तत्पश्चात वर्ष 1977 में भारतीय प्रशासनिक सेवा में शामिल हो गए और सचिव, खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय सहित भारत सरकार के विभिन्न पदों को सुशोभित किया।
अन्य कंपनियों में धारित निदेशक के पद	1.ऑयल एण्ड नेचुरल गैस कॉर्पोरेशन लिमिटेड	1. बर्न स्टैंडर्ड कंपनी लिमिटेड	शून्य	1.पीटीसी इंडिया लि. 2.एनआईएफटीईएम
ओएनजीसी विदेश लि. सहित समितियों की सदस्यता / अध्यक्षता	लेखा परीक्षा समिति सदस्य 1. ऑयल एण्ड नेचुरल गैस कॉर्पोरेशन लिमिटेड 2. ओएनजीसी विदेश लिमिटेड (अध्यक्ष) मानव संसाधन प्रबंधन और पारिश्रमिक समिति ओएनजीसी विदेश लिमिटेड (अध्यक्ष)	शून्य	शून्य	शून्य

2.8.2 पुनर्नियुक्ति के लिए प्रस्तावित निदेशक

नाम	श्री नरेन्द्र के. वर्मा	श्री सुधीर शर्मा
जन्म तिथि एवं उम्र	02 जनवरी, 1959 59 वर्ष	07 सितंबर, 1958 58 वर्ष
नियुक्ति की तिथि	27 अगस्त 2014	01 अगस्त, 2015
योग्यता	.–एमएससी (भू–विज्ञान) विशेष, –एम. टेक, पेट्रोलियम अन्वेषण –एमबीए (वित्त); – वैश्विक कारोबार प्रबंधक, आईआईएमसी – कारोबार अग्रणी कार्यक्रम, आईएसबी हैदराबाद	– एमएससी (भू–विज्ञान), लखनउ विश्वविद्यालय – एम. टेक (पेट्रोलियम अन्वेषण), आईएसएम विश्वविद्यालय, धनबाद
धारित शेयरों की संख्या	1 (ओएनजीसी के नामिति के रूप में)	शून्य
ओएनजीसी विदेश लि. सहित समितियों की सदस्यता / अध्यक्षता	1	2
ओएनजीसी विदेश लि.**		

' भारत से बाहर निगमित कंपनियों, खंड 8 कंपनी और प्राइवेट लिमिटेड (पब्लिक कंपनी के नियंत्रक / अनुषंगी कंपनी नही रहते हुए) के निदेशक पद शामिल नहीं हैं।

'' पब्लिक लिमिटेड कंपनियों (ओएनजीसी विदेश सहित) की लेखा परीक्षा समिति और पारिश्रमिक समिति की अध्यक्षता / सदस्यता।

3. बोर्ड समितियां

आपकी कंपनी ने निम्नलिखित बोर्ड समितियों का गठन किया है :

3.1 लेखा परीक्षा समिति

3.1.1 लेखा परीक्षा समिति का गठन :

वित्तीय वर्ष 2016 –17 के दौरान लेखा परीक्षा समति की संरचना इस प्रकार थी :

- श्री अजय मल्होत्रा, 16 जनवरी 2017 से सदस्य और अध्यक्ष;
- श्री संजय सुधीर;निदेशक : सदस्य (दिनांक 16 जनवरी, 2017तक अध्यक्ष)
- श्री पी. के. राव; निदेशक (प्रचालन) : सदस्य तथा
- श्री सुधीर शर्मा; निदेशक (अन्वेषण) : सदस्य

लेखा परीक्षा समिति के सभी सदस्यों के पास अपेक्षित वित्तीय और प्रबन्धन संबंधी अनुभव है। सभी पूर्ण कालिक निदेशक, कॉरपोरेट लेखा के प्रमुख तथा लेखा परीक्षक समिति की बैठकों में स्थायी रूप से आमंत्रित हैं। सांविधिक लेखा–परीक्षकों के प्रतिनिधि भी बैठकों में उपस्थित होने तथा भाग लेने के लिए आमंत्रित हैं। वित्त और अन्य विभागों के अधिशासी अधिकारियों को आवश्यकता के अनुसार आमंत्रित किया जाता है।

कम्पनी सचिव, समिति के सचिव के रूप में कार्य करते हैं।

3.1.2 लेखा–परीक्षा समिति की भूमिका :

लेखा–परीक्षा समिति के कार्यों में निम्नलिखित शामिल हैं :

i) कंपनी की वित्तीय रिपोर्ट प्रक्रिया पर नजर रखना तथा इसकी वित्तीय जानकारियां प्राप्त करना तथा सुनिश्चिता करना कि कंपनी के वित्तीय विवरण सही, पर्याप्त एवं विश्वसनीय हैं।

ii) कंपनी के लेखा परीक्षकों की नियुक्ति, पारिश्रमिक तथा नियुक्ति की शर्तों की सिफारिश करना।

iii) सांविधिक लेखा–परीक्षकों द्वारा कंपनी अधिनियम 2013 के तहत निषिद्ध सेवाओं के अतिरिक्त प्रदत्त अन्य सेवाओं के लिए सांविधिक लेखा परीक्षकों के लिए भुगतान का अनुमोदन करना।

iv) प्रबंधन वार्ताओं की पुनरीक्षा तथा परिचालनों की वित्तीय परिस्थितियों वपरिणामों का आंकलन ।

v) वार्षिक वित्तीय विवरणों तथा उनसे संबंधित लेखा परीक्षा रिपोर्ट की,निम्नलिखित के संदर्भ में विशेष ध्यान देते हुए बोर्ड के समक्ष अनुमोदन के लिए प्रस्तुत करने से पहले प्रबंधन के साथ समीक्षा करना :

क कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 134 के खण्ड (ग) की उप धारा (3) में निदेशकों के कार्य दायित्व के विवरण और निदेशक की रिपोर्ट में शामिल किए जाने के लिए अपेक्षित मामले,

ख लेखाकरण नीतियों तथा व्यवहार में परिवर्तन, यदि कोई हो, और परिवर्तन करने के कारण,

ग प्रबंधन द्वारा लिए निर्णयों पर आधारित आकलनों वाली प्रमुख लेखाकरण प्रविष्टियां,

घ लेखा–परीक्षा निष्कर्षों से प्राप्त वित्तीय विवरणों में किए गए महत्वपूर्ण समायोजन,

ड़ वित्तीय विवरणों से संबंधित सूचीकरण व अन्य कानूनी अपेक्षाओं का अनुपालन,

च संबद्ध पक्षकार लेन – देनंका प्रकटन करना, और

छ मसौदा लेखा–परीक्षा रिपोर्ट में विशेषक यदि कोई हों तो ।

vi) बोर्ड के समक्ष अनुमोदन के लिए प्रस्तुत करने से पूर्व त्रैमासिक/छमाही वित्तीय विवरणों की प्रबंधन के साथ यथापेक्षित समीक्षा करना।

vii) आंतरिक लेखा–परीक्षकों के निष्पादन और आंतरिक नियंत्रण प्रणालियों की पर्याप्तता के निष्पादान की प्रबंधन के साथ समीक्षा करना।

viii) आंतरिक नियंत्रण प्रणाली के बारे में लेखा परीक्षकों के दृष्टिकोणों सहित टिप्पणियों की मांग करना, बोर्ड के समक्ष उनकी प्रस्तुति से पूर्व वित्तीय विवरणों के लेखा परीक्षण व पुनरीक्षा के स्कोप और आंतरिक व सांविधिक लेखा परीक्षकों तथा कंपनी के प्रबंधकों के साथ किसी संबद्ध मुद्दों परविचार विमर्श भी किया जा सकता है।

ix) आंतरिक लेखा–परीक्षा विभाग की संरचना, विभाग के प्रमुख अधिकारियों की तैनाती और वरिष्ठता सहित आंतरिक लेखा–परीक्षा कार्यों की पर्याप्तता की समीक्षा करना, स्ट्रक्चर कवरेज की आंतरिक लेखा–परीक्षा की आवधिकता के विषय में सूचित करना।

x) किन्हीं महत्वपूर्ण निष्कर्षों पर आंतरिक लेखा परीक्षकों और/या लेखा परीक्षकों के साथ विचार–विमर्श करना तथा उस पर अनुवर्ती कार्यवाही करना।

xi) आंतरिक लेखा परीक्षकों के साथ आंतरिक नियंत्रण प्रणाली की कमजोरियों की समीक्षा तथा विचार विमर्श करना।

xii) प्रबंधन के पत्रों / सांविधिक लेखा परीक्षकों द्वारा जारी आंतरिक नियंत्रण प्रणाली के पत्रों की पुनरीक्षा करना।

xiii) उन मामलों में आंतरिक लेखा परीक्षकों / लेखा परीक्षकों/ एजेंसियों द्वारा किसी प्रकार की आंतरिक जांच के निष्कर्ष की पुनरीक्षा करना जहां किसी विशिष्ट प्रकृति के आंतरिक नियंत्रण प्रणाली के धोखे अथवा अनियमितता अथवा किसी चूक की आषंका हो तथा बोर्ड को इस मामले की रिपोर्ट देना।

xiv) लेखा–परीक्षा शुरू होने से पहले ही लेखा–परीक्षा के प्रकृति एवं क्षेत्र केविषय में सांविधिक लेखा–परीक्षकों के साथ चर्चा के साथ–साथ विशिष्ट चिंता धारित क्षेत्र का पता लगाने के लिए लेखा–परीक्षा उपरांत चर्चा करना।

xv) लेखा परीक्षकों की स्वायत्तता, कार्य निष्पादन तथा लेखा परीक्षा प्रक्रिया की प्रभाविता की पुनरीक्षा व निगरानी करना।

xvi) निवेशकों, डिबेंचर धारकों, शेयरधारकों (घोषित लाभांशों की गैर भुगतानके मामले में) और लेनदार, यदि कोई है, के भुगतान में महत्वूपर्ण चूक के कारणों को देखना।

xvii) अंतर कॉरपोरेट ऋणों व निवेशों की जांच करना ।

xviii) सार्वजनिक प्रस्तावों व संबंधित मामलों के माध्यम से जुटाई गई निधियोंके अंतःप्रयोग पर प्रबंधन के साथ पुनरीक्षा व निगरानी करना,

xix) सचेतक कार्य प्रणाली (व्हिस्ल ब्लोअर मैकेनिज्म) की समीक्षा व निरीक्षण करना।

xx) नियंत्रक एवं महालेखा–परीक्षक की लेखा परीक्षा के दौरान लेखा–परीक्षा प्रेक्षणों पर अनुवर्ती कार्रवाई की समीक्षा करना।

xxi) सीवीसी के दिशा–निर्देशों के अनुसार नामांकन आधार पर संविदाओं की समीक्षा/जांच करना।

xxii) संसदीय लोक उपक्रम समिति (सीओपीयू) की सिफारिशों पर की गई अनुवर्ती कार्रवाई की समीक्षा करना।

xxiii) स्वतंत्र लेखा–परीक्षक, आंतरिक लेखा–परीक्षक और निदेशक मंडल केबीच निर्बाध बातचीत की व्यवस्था करना।

xxiv) सभी संबद्ध पक्षकारों के संव्यवहारों की समीक्षा व अनुमोदन करना तथा कंपनी में प्रबंधन द्वारा संसूचित किए गए संबद्ध पक्षकारों से संबंधितसं व्यवहारों में किसी प्रकार के तदुपरांत संशोधन करना । इस प्रयोजन के लिए, लेखा–परीक्षा समिति किसी सदस्य को पद नामित कर सकतीहै जो संबंधित पक्षकार के व्यवहारों की पुनरीक्षा के लिए जिम्मेदार हो।

xxv) स्वतंत्र लेखा–परीक्षकों के साथ लेखा–परीक्षा प्रयासों के समन्वय की समीक्षा करना ताकि कवरेज की पूर्णता, बेकार प्रयासों में कमी तथा सभी लेखा–परीक्षा संसाधनों के प्रशवी प्रयोग को सुनिश्चित किया जा सके।

xxvi) स्वतंत्र लेखा–परीक्षक और प्रबंधन के साथ निम्नलिखित पर विचार करना तथा समीक्षा करना :

- कंप्यूटरीकृत सूचना प्रणाली नियंत्रण एवं सुरक्षा सहित आंतरिक नियंत्रणों की पर्याप्तता, और
- प्रबंधन प्रतिक्रियाओं के साथ–साथ स्वतंत्र लेखा–परीक्षक और आंतरिक लेखा परीक्षक से संबंधित निष्कर्ष तथा सिफारिशें ।

xxvii) आंतरिक वित्तीय नियंत्रण तथा जोखिम प्रबंधन व्यवस्था / संरचना का मूल्यांकन करना ।

xxviii) प्रबंधन, आंतरिक लेखा–परीक्षक और स्वतंत्र लेखा–परीक्षक के साथ निम्नलिखित पर विचार–विमर्श तथा समीक्षा करना :

- पूर्ववर्ती लेखा–परीक्षा की सिफारिशों की वर्तमान स्थिति सहित वर्ष के दौरान ज्ञात किए गए विशिष्ट परिणाम ।
- क्रियाकलापों के कार्यक्षेत्र पर प्रतिबंध अथवा अपेक्षित सूचना प्राप्त करने में किसी कठिनाई आदि सहित लेखा–परीक्षा कार्य के दौरान सामने आई किसी प्रकार की कठिनाइयां। 29 कंपनी के कार्य या संपत्तियों के मूल्यांकन पर विचार करना, जहां भी आवश्यकता है ।

xxix) कंपनी के उपकर्मो या परिसंपत्तियों के मूल्याकनं के बारे में विचार करने के लिए जहां कही भी आवश्यकता है।

3.1.3 परीक्षा समिति का कार्यवृत

लेखा परीक्षा समिति की बैठकों का कार्यवृत्त, लेखा परीक्षा समिति अध्यक्ष द्वारा अनुमोदित किया जाता है और अगली लेखा परीक्षा समिति द्वारा इसकी पुष्टि की जाती है (तैयार किए जाने की स्थिति में) और अनुवर्ती बैठक में निदेशकमंडल द्वारा नोट किया जाता है।

3.1.4 बैठकें :

वित्त वर्ष 2016 –17 के दौरान लेखा–परीक्षा समिति की निम्नलिखित तिथियों पर आठ बैठकें आयोजित की गई :

4 अप्रैल, 2016	21 मई, 2016	12 जुलाई, 2016	25 जुलाई, 2016
10 अगस्त, 2016	21 नवंबर, 2016	11 दिसंबर, 2016	24 मार्च, 2017

3.1.5 उपस्थिति :

सदस्य	कार्यकाल के दौरान आयोजित बैठको की संख्या	बैठकों में भाग लिया
श्री अजय मल्होत्रा, स्वतंत्र निदेशक और 16 जनवरी 2017 तक अध्यक्ष	01	01
श्री संजय सुधीर; सदस्य (16 जनवरी,2017 तक अध्यक्ष)	08	08
श्री पी. के. राव, निदेशक (परिचालन) और सदस्य	08	08
श्री सुधीर शर्मा, निदेशक (अन्वेषण) और सदस्य	08	06

4. परियोजना मूल्यांकन व एचएसई समिति

4.1 परियोजना मूल्यांकन, एचएसई समिति (पीएसी) की संरचना :

परियोजना मूल्यांकन और एचएसई समिति की संरचना वित्त वर्ष 2016 –17 के दौरान इस प्रकार थी :

- श्री संजय सुधीर, दिनांक 7 जनवरी, 2016 से सदस्य व अध्यक्ष;
- श्री अजय मल्होत्रा; स्वतंत्र निदेशक और 16 जनवरी 2017 से सदस्य
- श्री नरेंद्र के वर्मा, प्रबंध निदेशक एवं सदस्य;
- श्री पी के राव, निदेशक (प्रचालन) एवं सदस्य;
- श्री सुधीर शर्मा; निदेशक (अन्वेषण) तथा सदस्य
- श्री विवेकानंद, निदेशक एवं दिनांक 1सितंबर, 2016 से सदस्य;
- श्री एस. पी. गर्ग, निदेशक (वित्त) एवं दिनांक 31 अगस्त, 2016 तक सदस्य;

कंपनी सचिव समिति के सचिव के रूप में कार्य करते हैं ।

4.2 परियोजना मूल्यांकन व एचएसई समिति की भूमिका :

पीएसी की भूमिका में निम्नलिखित शामिल हैं :

1 व्यवसाय विकास परियोजनाओं के लिए सभी बोली मानदंडों की आवधिक समीक्षा करना और उनको अंतिम रूप देना,

2 बोर्ड के निदेशकों द्वारा विचारित किए जाने से पूर्व अन्वेषण, खोजी गई तथा उत्पादक परियोजनाओं की समीक्षा/जानकारी प्राप्त करना,

3 मौजूदा परियोजना (परियोजनाओं) में अतिरिक्त निवेश की समीक्षा करना और उनके अनुमोदन की सिफारिश करना,

4 परियोजना (परियोजनाओं) की गतिविधियों तथा प्रचालन निष्पादन की आवधिक समीक्षा करना,

5 परियोजनाओं के उत्पादन निष्पादन की आवधिक समीक्षा करना, और

6 सुरक्षा स्वास्थ्य पर्यावरण और परिस्थितिकी पहलुओं संबंधी नीति प्रक्रियाओं और प्रणालियों की समीक्षा करना।

4.3 परियोजना मूल्यांकन, एचएसई और जोखिम प्रबंधन समिति का कार्यवृत्त :

पीएससी की बैठकों के कार्यवृत्त, समिति के अध्यक्ष द्वारा अनुमोदित किए जाते हैं और समिति की अगली बैठक में उनकी पुष्टि की जाती है और अनुवर्ती बैठक में निदेशक मंडल द्वारा नोट किए जाते हैं।

4.4 बैठकें:

वित्तीय वर्ष 2016 –17 के दौरान निम्नलिखित तिथियों को ग्यारह बैठकें आयोजित की गईं:

4 अप्रैल, 2016	17 मई, 2016	21 मई, 2016	25 जुलाई, 2016
10 अगस्त, 2016	5 सितंबर, 2016	22 अक्तूबर, 2016	17 नवंबर, 2016
21 नवंबर, 2016	11 दिसंबर, 2016	24 मार्च, 2017	–

4.5 उपस्थिति :

सदस्य	कार्यकाल के दौरान आयोजित बैठको की संख्या	बैठकों में भाग लिया
श्री अजय मल्होत्रा, स्वतंत्र निदेशक और 16 जनवरी 2017 तक अध्यक्ष	01	01
श्री संजय सुधीर; सदस्य (16 जनवरी, 2017 तक अध्यक्ष)	11	11
श्री नरेन्द्र के. वर्मा, प्रबंध निदेशक एवं सदस्य	11	11
श्री पी. के. राव, निदेशक (परिचालन) और सदस्य	11	11
श्री सुधीर शर्मा, निदेशक (अन्वेषण) एवं सदस्य	11	09
श्री विवेकानंद, निदेशक (वित्त) एवं सदस्य प्रभावी 1 सितम्बर, 2016	06	06
श्री एस. पी. गर्ग, निदेशक (वित्त) एवं सदस्य प्रभावी 31 अगस्त, 2016 तक	05	05

5. वित्तीय प्रबंधन समिति

5.1 वित्तीय प्रबंधन समिति की संरचना (एफएमसी)

वित्त वर्ष 2016 – 17 के दौरान वित्त प्रबंधन समिति की संरचना इस प्रकार थी :

- श्री संजय सुधीर, सदस्य एवं 7 जनवरी 2016 से अध्यक्ष;
- श्री अजय मल्होत्रा, स्वतंत्र निदेशक और 16 जनवरी 2017 से सदस्य;
- श्री नरेन्द्र के. वर्मा, प्रबंध निदेशक और सदस्य;
- श्री पी. के. राव, निदेशक (परिचालन) एवं सदस्य;
- श्री सुधीर शर्मा, निदेशक (अन्वेषण) एवं सदस्य;
- श्री विवेकानंद, निदेशक (वित्त) एवं 1 सितंबर 2016 से सदस्य;
- श्री एस. पी. गर्ग; निदेशक (वित्त) एवं 31 अगस्त 2016 तक सदस्य

कंपनी सचिव इस समिति के सचिव के रूप में कार्य करते हैं।

5.2 वित्तीय प्रबंधन समिति की भूमिका :

एफएमसी की भूमिका में बजट पर विचार, शक्तियों का प्रत्यायोजन (सशक्तिकरण),वाणिज्यिक मामले, विदेशी विनिमय और कोष प्रबंधन, पूंजी संरचना, अल्पावधिक और दीर्घावधिक ऋण, सहायक कंपनियों की आवधिक निष्पादन समीक्षा शामिल होते हैं।

5.3 वित्तीय प्रबंधन समिति का कार्यवृत्त :

वित्तीय प्रबंधन समति का कार्यवृत्त एफएमसी की बैठकों के कार्यवृत्त समिति के अध्यक्ष द्वारा अनुमोदित किया जाता है और समिति की अगली बैठक में उनकी पुष्टि की जाती है और बोर्ड की अनुवर्ती बैठक में उनको नोट किया जाता हैं।

5.4 बैठकें :

वर्ष 2016 –17 के दौरान निम्नलिखित तिथियों को सात बैठकें आयोजित कीगईं :

4 अप्रैल, 2016	17 मई, 2016	28 जून, 2016
10 अगस्त, 2016	17 नवंबर, 2016	11 दिसंबर, 2016
23 मार्च, 2017		

5.5 उपस्थिति :

सदस्य	कार्यकाल के दौरान आयोजित बैठक	बैठकों में भाग लिया
श्री संजय सुधीर, दिनांक 7 जनवरी, 2016 सेसदस्य व अध्यक्ष	07	07
श्री अजय मल्होत्रा, स्वतंत्र निदेशक एवं 16 जनवरी 2017 से सदस्य	01	01
श्री नरेंद्र के वर्मा, प्रबंध निदेशक एवं सदस्य	07	07
श्री पी के राव, निदेशक (परिचालन) एवं सदस्य	07	07
श्री सुधीर शर्मा; निदेशक (अन्वेषण) तथा सदस्य	07	05
श्री विवेकानंद, निदेशक (वित्त) एवं 1 सितंबर 2016 से सदस्य	03	03
श्री एस पी गर्ग, निदेशक (वित्त) एवं 31 अगस्त 2016 तक सदस्य	04	04

6. मानव संसाधन प्रबंधन और पारिश्रमिक समिति

6.1 मानव संसाधन प्रबंधन और पारिश्रमिक (एचआरएम एवं आर) समिति की संरचनाः

वित्त वर्ष 2016 –17 के दौरान एचआरएम एवं आर समितिकी संरचना इस प्रकार थी :

- श्री अजय मल्होत्रा, स्वतंत्र निदेशक एवं दिनांक 16 जनवरी 2017 से सदस्य;
- श्री संजय सुधीर, निदेशक व दिनांक 16 जनवरी 2017 तकसदस्य;
- श्री नरेंद्र के वर्मा, प्रबंध निदेशक एवं सदस्य;
- श्री पी के राव, निदेशक (प्रचालन) एवं सदस्य;
- श्री सुधीर शर्मा; निदेशक (अन्वेषण) व सदस्य;
- सुश्री शर्मिला शावले, निदेशक एवं सदस्य;
- श्री विवेकानंद, निदेशक (वित्त) एवं 1 सितंबर, 2016 से सदस्य
- श्री एस पी गर्ग, निदेशक (वित्त) एवं 31 अगस्त 2016 तक सदस्य;

कंपनी सचिव, इस समिति के सचिव के रूप में कार्य करते हैं।

6.2 मानव संसाधन प्रबंधन और पारिश्रमिक समिति की भूमिका :

एचआरएम एवं आर समिति की भूमिका में निम्नलिखित शामिल हैं :

6.2.1 मानव संसाधन नियोजन और प्रबंधन, मानव संसाधन नीतियों तथा पहलों और जीजीएम और ईडी के स्तर पर पदोन्नतियों व प्रत्यक्ष भर्तियों सेसंबंधित सभी मामलों/विषयों, यदि कोई,पर विचार करने ;

6.2.2 अधिशासियों और गैर–संघीय पर्यवेक्षकों को वार्षिक बोनस/परिवर्तनीय वेतन समूह की निर्धारित सीमा तथा इसके संवितरण की नीतियों पर निर्णय लेना।

6.2.3 अधिशासी निदेशकों और गैर अधिशासी निदेशकों को देय पारिश्रमिक के विभिन्न पहलुओं पर विचार करना और निदेशक मंडल को उसकी सिफारिश करना।

6.2.4 स्वतंत्र निदेशकों को देय बैठक प्रशुल्क पर विचार करना और कंपनी अधिनियम 2013 के प्रावधानों के अनुसार उसकी निदेशक मंडल को सिफारिश करना।

6.2.5 डीपीई के मौजूदा दिशा–निर्देशों के अनुसार पारिश्रमिक समिति में केवल अंशकालिक निदेशक शामिल होने चाहिएं (मनोनीत निदेशक अथवा स्वतंत्र निदेशक)। अतः, बोर्ड ने यह निर्णय लिया कि समिति जब पारिश्रमिक समिति से संबंधित कार्यसूची की मदों पर विचार किया जाएगा, पूर्णकालिक निदेशक उसमें भाग नहीं लेंगे ।

6.3 मानव संसाधन प्रबंधन और पारिश्रमिक समिति की बैठकों के कार्यवृत

एचआरएम एवं आर समिति की बैठकों के कार्यवृत, समिति के अध्यक्ष द्वारा अनुमोदित किए जाते हैं और समिति की अगली बैठक में उसकी पुष्टि की जाती है और अनुवर्ती बैठक में निदेशक मंडल द्वारा उन्हें नोट किया जाता है।

6.4 बैठकें

वित्त वर्ष 2016 – 17 के दौरान एचआरएम एवं आर समिति की दो बैठकें निम्नलिखित तिथियों को आयोजित की गयी थी :

26 जुलाई 2016	28 मार्च 2017

6.5 उपस्थिति :

सदस्य	कार्यकाल के दौरान आयोजित बैठक	बैठकों में भाग लिया
श्री अजय मल्होत्रा, स्वतंत्र निदेशक एवं 16 जनवरी 2017 से सदस्य	1	1
श्री संजय सुधीर, दिनांक 7 जनवरी, 2016 सेअध्यक्ष	2	2
श्री नरेंद्र के वर्मा, प्रबंध निदेशक एवं सदस्य	2	2
श्री पी के राव, निदेशक (परिचालन) एवं सदस्य	2	2
श्री सुधीर शर्मा; निदेशक (अन्वेषण) तथा सदस्य	2	2
सुश्री शर्मिला चावलि, निदेशक एवं सदस्य	2	2
श्री विवेकानंद, निदेशक (वित्त) एवं 1 सितंबर 2016 से सदस्य	1	1
श्री एस पी गर्ग, निदेशक (वित्त) एवं 31 अगस्त 2016 तक सदस्य	1	1

7. निगमित सामाजिक दायित्व एवं संवहनीयता समिति

ओएनजीसी विदेश, जिसके परिचालन विदेशों में हैं वह उन देशों के समुदायों और अर्थव्यवस्थाओं के लिए योगदान करना अपना उत्तरदायित्व समझता है जिनमें यह प्रचालनरत होती है। कंपनी ने सीएसआर समिति की नीति संरचना और निर्णयों में लागू कारकों पर आधारित आर्थिक, पर्यावरणीय और सामाजिक अनिवार्यता के एक उत्कृष्ट संतुलन को प्राप्त किया है। कंपनी द्वारा सरकारों को कर राजस्व के भुगतान; नागरिकों के लिए शिक्षा और प्रशिक्षण के क्षेत्र में निवेश तथा रोजगार के अवसरों में सुधार करना; स्थानीय समुदायों को चिकित्सा /खेल / कृषि सुविधाएं प्रदान कर विभिन्न प्रकार के महत्वपूर्ण योगदान प्रदान कर रही हैं।

कंपनी अधिनियम, 2013 की अपेक्षाओं के अनुसार ओएनजीसी विदेश ने एक निगमित सामाजिक दायित्व और संवहनीयता समिति का गठन किया है और एक स्वतंत्र निदेशक इस समिति के अध्यक्ष हैं।

ओएनजीसी विदेश के सभी प्रचालन भारत से बाहर अवस्थित हैं, सीएसआर के लिए प्रस्तावित ''निवल लाभ'' वित्त वर्ष 17 के लिए शून्य है और भविष्य में ऐसा ही रहने की अपेक्षा है।

तथापि, ओएनजीसी विदेश प्रचालन के देशों में प्रचलित स्थानीय अपेक्षाओं / दिशानिर्देशों / प्रथाओं के अनुसार परियोजना स्थलों पर और उसके (अर्थात् भारत से बाहर) आसपास समुदाय विकास परियोजनाएं क्रियान्वित कर रहा है ।

7.1 निगमित सामाजिक दायित्व एवं संवहनीयता (सीएसआर एवं एस) समिति :

ओएनजीसी विदेश 21 अगस्त 2013 को आयोजित निदेशक मंडल की 381 वीं बैठक में निगमित सामाजिक दायित्व एवं संवहनीयता (सीएसआर एंड एस) समिति का गठन किया है।

वित्त वर्ष 2016 –17 के दौरान सीएसआर एवं एस समिति की संरचना इस प्रकार थी :

- श्री अजय मल्होत्रा, स्वतंत्र निदेशक व दिनांक 16 जनवरी, 2017 से अध्यक्ष;
- श्री संजय सुधीर, निदेशक व दिनांक 17 जनवरी, 2016 से सदस्य;
- श्री नरेंद्र के वर्मा, प्रबंध निदेशक एवं सदस्य;
- श्री पी के राव, निदेशक (प्रचालन) एवं सदस्य;
- श्री विवेकानंद, निदेशक (वित्त) एवं1 सितंबर 2016 से सदस्य;
- श्री एस पी गर्ग, निदेशक (वित्त) एवं 31 अगस्त 2016 तक सदस्य;

कंपनी सचिव, इस समिति के सचिव के रूप में कार्य करते हैं।

7.2 निगमित सामाजिक दायित्व एवं संवहनीयता समिति की भूमिका

निगमित सामाजिक दायित्व एवं संवहनीयता समिति का कार्य सीएसआर व संवहनीयता संबंधी गतिविधियों के कार्यान्वयन की निगरानी करना है ।

7.3 निगमित सामाजिक दायित्व एवं संवहनीयता समिति का कार्यवृत

कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व एवं संवहनीयता (सीएसआर एवं एस) समिति कीबैठकों के कार्यवृत समिति के अध्यक्ष द्वारा अनुमोदित किए जाते हैं और समिति की अगली बैठक में उसकी पुष्टि की जाती है और अनुवर्ती बैठक में निदेशक मंडल द्वारा नोट किया जाता है।

8. अन्य कार्यात्मक समिति (समितियां)

उपर्युक्त के अलावा, बोर्ड समय–समय पर विचारार्थ विषयों, जिन्हें वह उचित समझे, के साथ साथ कार्यातमक समितियां भी गठित करता है और जब मामलों पर चर्चा की आवश्यकता होती है। तद्नुसार ऐसी समितियों की बैठक के आयोजन का कार्यक्रम को समिति सदस्यों के परामर्श से अंतिम रूप दिया जाता है।

9. निदेशकों द्वारा धारित इक्विटी शेयर (31 मार्च 2017 की स्थिति के अनुसार)

श्री डी के सर्राफ, श्री नरेंद्र के वर्मा तथा श्री एस पी गर्ग प्रत्येक द्वारा ऑयलएंड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन लिमिटेड के नामिती के रूप में कंपनी का एक एक शेयर धारित है।

10. बोर्ड सदस्यों तथा वरिष्ठ प्रबंधन के लिए आचार संहिता

कंपनी उच्चतम व्यावसायिक मानकों के अनुसार अपना कार्य करने और लागू विधि नियमों और विनियमों का पालन करने के लिए प्रतिबद्ध है। बोर्ड द्वारा, तेल एवं प्राकृतिक गैस कॉरपोरेशन, मूल कंपनी के दिशा–निर्देशों के आधार पर बनाई गई आचार संहिता अपनाई गई थी जो बोर्ड के सदस्यों तथा वरिष्ठ प्रबंधन के उनसभी अधिकारियों पर लागू है जिनके द्वारा समीक्षाधीन वर्ष में आचार संहिता के अनुपालन की पुष्टि प्राप्त हो गई है। आचार संहिता की प्रति कंपनी की वेबसाइट www.ongcvidesh.com पर उपलब्ध है।

अध्यक्ष द्वारा हस्ताक्षरित घोषणापत्र निम्नानुसार है :

''मैं एतद्द्वारा पुष्टि करता हूँ कि :

कंपनी ने बोर्ड सदस्यों तथा वरिष्ठ प्रबंधकों से इस बात की पुष्टि प्राप्त कर लीहै कि उन्होंने वित्त वर्ष 2016 –17 के दौरान निदेशक और वरिष्ठ प्रबंधन के लिए आचार संहिता का पालन किया है।''

दिनांक : 28 सितंबर 2017

हस्ता0 / –
(दिनेश के सर्राफ)
अध्यक्ष

11.1 सहायक कम्पनी निगरानी ढांचा

कम्पनी की सभी अनुषंगी कम्पनियां, सिवाए ब्राजील की एक अनुषंगी कम्पनी के, का संचालन उनके संबंधित बोर्ड द्वारा किया जाता है, जिसका दायित्व है कि वे अपने शेयरधारकों के सर्वोत्तम हित में ऐसी कम्पनियों का संचालन करें। ब्राजीलियन कम्पनी का संचालन स्थानीय कानूनों के अंतर्गत यथा अनुमत प्रशासकों के जरिए किया जाता है। 100 प्रतिशत शेयरधारक होनेके नाते, कम्पनी अनुषंगी कम्पनियों के बोर्ड में अपने प्रतिनिधि नामित करती है और अपनी अनुषंगी कम्पनी के कार्य–निष्पादन की आवधिक रूप से निगरानी करती है।

31 मार्च, 2017 को ओएनजीसी विदेश की अठाइस अनुषंगी कम्पनियाँ (जिसमें दस प्रत्यक्ष अनुषंगी कम्पनियां तथा अठारह अप्रत्यक्ष अनुशंगी कम्पनियाँ) हैं। अनुशंगी कम्पनियो का ब्यौरा इस प्रकार है:

क. सं.	अनुषंगी कंपनी का नाम	निगमन / अधिग्रहण की तिथि	जिस देश में निगमित है
ओएनजीसी विदेश लि. की प्रत्यक्ष अनुषंगी कंपनियां			
1.	ओएनजीसी नील गंगा बीवी	12. 03. 2003 (गठन की तारीख 29. 09. 1995)	नीदरलैंड
2.	ओएनजीसी नर्मदा लिमिटेड	07.12.2005	नाईजीरिया
3.	ओएनजीसी अमेजन अलकनंदा लिमिटेड	08.08.2006	बरमुदा
4.	इम्पीरियल एनर्जी लिमिटेड	12.08.2008	साइप्रस
5.	कारबोबो वन एबी	05.02.2010	वीडन
6.	ओएनजीसी (बीटीसी) लिमिटेड	28.03.2013	केमैन द्वीप
7.	ब्यास रोवूमा एनर्जी मोजाम्बिकलिमिटेड	07.01.2014	ब्रिटिश विरजिनद्वीप (बीवीआई)
8	ओएनजीसी विदेश अटलांटिक इंक	14.08.2014	टैक्सास, अमेरिका
9.	ओएनजीसी विदेश रोवूमा लिमिटेड	24.03.2015	मारीशस
10.	ओएनजीसी विदेश सिंगापुर पीटीई लि.	15.04.2016	सिंगापुर
अप्रत्यक्ष अनुषंगी कंपनियां (ओएनजीसी नील गंगा बीवी की अनुषंगी कंपनियां)			
11.	ओएनजीसी कैम्पोस लिमिटेड	16. 03. 2007 (गठन कीतारीख : 06. 09. 2000)	ब्राज़ील
12.	ओएनजीसी नील गंगा (सेन क्रिस्टोबल) बी.वी	29.02.2008	नीदरलैंड
13.	ओएनजीसी केस्पियन ईएण्डपी बी.वी.	07.06.2010	नीदरलैंड
14.	ओएनजीसी नील गंगा (साइप्रस)लि.	26.11.2007	साइप्रस
अप्रत्यक्ष अनुषंगी कंपनियां (इंपीरियल एनर्जी लिमिटेड की अनुषंगी कंपनियां)			
15.	बियानकस होल्डिंग्स लिमिटेड	13.01.2009	साइप्रस
16.	इम्पीरियल एनर्जी टॉम्सक लिमिटेड	13.01.2009	साइप्रस
17.	इम्पीरियल एनर्जी (साइप्रस) लिमिटेड	13.01.2009	साइप्रस

18.	इम्पीरियल एनर्जी नॉरड लिमिटेड	13.01.2009	साइप्रस
19.	इम्पीरियल फ्रेक सर्विसेज (साइप्रस)लि.	13.01.2009	साइप्रस
20.	रेडक्लिफ होल्डिंग्स लिमिटेड	13.01.2009	साइप्रस
21.	सेन एगियो इन्वेस्टमेंट लिमिटेड	13.01.2009	साइप्रस
22.	एलएलसी सिबिनटरनेफट लिमिटेड	13.01.2009	रूस परिसंघ
23.	एलएलसी एलाएन्सनेफटेगज	13.01.2009	रूस परिसंघ
24.	एलएलसी नॉरड इम्पीरियल	13.01.2009	रूस परिसंघ
25.	एलएलसी रस इम्पीरियल ग्रुप	13.01.2009	रूस परिसंघ
26.	एलएलसी इंपेरियल फ्रैक सर्विसेज	13.01.2009	रूस परिसंघ
अप्रत्यक्ष अनुषंगी कंपनी (काराबोबो वन एबी के माध्यम से)			
27.	पेट्रो काराबोबो गंगा बी. वी.	26.02.2010	नीदरलैंड
अप्रत्यक्ष अनुषंगी कंपनी (ओएनजीसी विदेश सिंगापुर पीटीई लि. के माध्यम से)			
28.	ओएनजीसी विदेश वैंकोरनेफ्ट पीटीई लि.		सिंगापुर

11.2 अनशंगी कंपनियां, संयुक्त उद्यम और संबद्ध कंपनियां जो वर्ष के दौरान बनी / समाप्त हो गयीं :

क. कंपनियां जो वित्त वर्ष के दौरान अनुषंगी कंपनी बनीं

1. ओएनजीसी विदेश सिंगापुर पीटीई लि.
2. ओएनजीसी विदेश वैंकोरनेफ्ट पीटीई लि.

ख. वित्त वर्ष 2016 – 17 के दौरान वे सहायक कम्पनियाँ जो समाप्त हो गयीं : शून्य।

ग. वित्त वर्ष 2016–17 के दौरान जो कम्पनी संयुक्त उद्यम अथवा सम्बद्ध कम्पनी बन गयीं : शून्य

1. मोजांबिक एलएनजी1 कंपनी पीटीई लि.

घ. वित्त वर्ष 2016–17 के दौरान जो संयुक्त उद्यम अथवा सम्बद्ध कम्पनी समाप्त हो गयी : शून्य।

12. वार्षिक आम बैठक (एजीएम)

12. पिछले तीन वर्षों के दौरान वार्षिक आम बैठक आयोजित करने का स्थान, उसकी तिथि एवं समयः

वर्ष	स्थान	तिथि	समय (भा. मा. स.)
2013-14	4था तल, कैलाश बिल्डिंग, 26, कस्तुरबा गॉधी मार्ग, नई दिल्ली – 110001	28 अगस्त 2014	02:00 दोपहर
2014-15	4था तल, कैलाश बिल्डिंग, 26, कस्तुरबा गॉधी मार्ग, नई दिल्ली – 110001	1 सितंबर 2015	02:00 दोपहर
2015-16	4था तल, कैलाश बिल्डिंग, 26, कस्तुरबा गॉधी मार्ग, नई दिल्ली – 110001	5 सितंबर 2016	02:00 दोपहर

12. (ख) वित्त वर्ष 2016 –17 के दौरान असाधारण आम बैठक (ईजीएम)

शून्य।

13. प्रकटन

13.1 निदेशकों का पारिश्रमिक

ओएनजीसी विदेश लिमिटेड एक सरकारी कम्पनी होने के नाते कार्यपालक निदेशकों (पूर्णकालिक कार्यात्मक) की नियुक्ति तथा पारिश्रमिक की शर्तें पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय, प्रशासनिक मंत्रालय के जरिए सरकार द्वारा निधार्रित की जाती हैं। गैर कार्यपालक अंशकालिक अधिकारिक निदेशकगण कोई पारिश्रमिक नहीं लेते। अंशकालिक गैर– सरकारी निदेशकगण को 31 दिसंबर 2016 तक हुई बैठकों के लिए ₹20,000 प्रति बैठक का भुगतान किया गया।

अब, बोर्ड ने वित्त वर्ष 2016 – 17 के दौरान 1 जनवरी 2017 से स्वतंत्र निदेशकों के बैठक शुल्क को ₹20,000 से बढ़ाकर ₹40,000 कर दिया गया है और बोर्ड और समिति बैठक (बैठकों) के लिए ₹30,000 कर दिया गया है

31 मार्च, 2017 को समाप्त वर्ष के लिए निदेशको के पारिश्रमिक इस प्रकार थे :

क. कार्यपालक निदेशक (पूर्णकालिक कार्यात्मक)

(₹ मिलियन में)

क. सं०	नाम	मंहगाइ भत्ता सहितवेतन	अन्य लाभए वं सुविध ाएं	कार्य– निष्पादन प्रोत्साहन	भविष्य निधि एवं अन्य निधियों में अंशदान	कुल योग
1	श्री नरेन्द्र क. वर्मा	3.29	2.98	0.70	0.63	7.60
2	श्री पी.के. राव	2.97	2.39	0.59	0.61	6.56
3	श्री सुधीर शर्मा	3.13	2.04	0.41	0.58	6.16
4	श्री विवेकानंद (1 सितंबर 2016 से)	1.45	1.10	0.15	0.37	3.07
5	श्री सतपाल गर्ग पूर्व निदेशक (वित्त) 31 अगस्त 2016 तक	4.91	0.02	0.09	0.24	5.26

ख. गैर–कार्यपालक निदेशकगण (अंशकालिक गैर–सरकारी)

वर्ष 2016 –17 के दौरान गैर–कार्यपालक गैर–सरकारी निदेशकों की दिया गया बैठक प्रशुल्क इस प्रकार है:

नाम	बैठकप्रशुल्क (मिलियनमें)
अजय मल्होत्रा	0.19

13.2 कुल खर्चों की प्रतिशतता के रूप में प्रशासनिक तथा कार्यालय खर्चों का ब्यौरा और वृद्धि का कारण

(₹ मिलियन में)

विवरण	2016-17	2015-16	परिवर्तन के कारण
कुल व्यय '	22,170.31	22,788.23	प्रशासनिक एवं कार्यालय व्यय में वृद्धि मुख्यतः उच्चतर कर्मचारी लागत और उच्चतर मरम्मत और रख रखाव व्यय के कारण हुई है।
प्रशासनिक एवं कार्यालय व्यय''	2,340.04	2,190.42	
कुल व्यय के प्रतिशत के रूप में प्रशासनिक एवं कार्यालय व्यय	10.55%	9.61%	

' उत्पादन, परिवहन, विक्रय एवं वितरण व्यय

'' कर्मचारी व्यय, बीमा, पट्टाधृत किराया, मरम्मत एवं रखरखाव शामिल हैं।

13.3 कंपनी ने वित्त वर्ष 2016 –17 के दौरान इस प्रकार का कोई व्यय नहीं किया है, जो कंपनी के व्यापार के उद्देश्य के लिए न हो अथवा जो व्यक्तिगत प्रकृति का था और जिसे निदेशक मंडल के सदस्यों और वरिष्ठ प्रबंधन कार्मिकों के लिए व्यय किया गया।

14. अनुपालन

कंपनी ने लागू नियमों और नियामक प्राधिकरणों की अपेक्षाओं का अनुपालन किया है और पिछले तीन वर्षों में सरकार द्वारा जारी किसी भी दिशा–निर्देशों से संबंधित किसी भी मामले में कंपनी पर किसी भी प्रकार का दण्ड अथवा निंदा आरोपित नहीं की गई है। वित्तीय वर्ष 2016 –17 के दौरान कोई अध्यक्षीय निर्देश जारी नहीं किया गया।

15. संचार के साधन

- छमाही परिणाम : भारतीय नेशनल स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड में ऋणप्रतिभूतियों के सूचीकरण के अनुसरण में कंपनी ने अर्द्धवार्षिक वित्तीय परिणाम / लेखा–परीक्षित वार्षिक वित्तीय परिणामों को वित्त वर्ष 2016 –17 के दौरान उन्हें रिकार्ड पर लिए जाने तथा बोर्ड द्वारा अनुमोदित किए जाने के तुरंत पश्चात् उनके संबंध में स्टॉक एक्सचेंज को सूचित किया था। इन वित्तीय परिणामों को व्यापक रूप से प्रसारित होने वाले प्रमुख अंग्रेजी व हिन्दी समाचार पत्रों में प्रकाशित किया गया था। परिणामों को ऋण–पत्र ट्रस्टी आईडीबीआई ट्रस्टीशिप सर्विसेज लिमिटेड को भी भेजा गया था तथा कंपनी वेबसाइट www.ongcvidesh.com पर प्रदर्शित कर दिया गया था।

- समाचार विज्ञप्ति, प्रस्तुति आदि : अधिकारिक समाचार विज्ञप्तियां कंपनी की वेबसाइट www.ongcvidesh.com पर प्रदर्शित की जाती हैं।
- वेबसाइट : कंपनी की वेबसाइट www.ongcvidesh.com है। पूरी वार्षिक रिपोर्ट तथा लेखा परीक्षित वित्तीय विवरण भी वेबसाइट पर उपलब्ध है।
- वार्षिक रिपोर्ट: वार्षिक रिपोर्ट जिसमें अन्य बातों के साथ–साथलेखा परीक्षित लेखे, समेकित वित्तीय विवरण, निदेशकों की रिपोर्ट, लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट और अन्य महत्वपूर्ण सूचना सहित वार्षिक रिपोर्ट सदस्यों को तथा उसके हकदार अन्य व्यक्तियों को परिचालित की जाती हैं। प्रबंधन विचार–विमर्श एवं विश्लेषण रिपोर्ट (एमडी एंड ए) और निगमित अभिशासन रिपोर्ट वार्षिक रिपोर्ट में निदेशक रिपोर्ट का हिस्सा होती है।
- अनुपालन अधिकारी : कंपनी ने ऋण पत्र निवेशकों की सुविधा हेतु श्री एस बी सिंह, कम्पनी सचिव को अनुपालन अधिकारी के रूप में पदनामित किया है। ई–मेल आईडी secretariat@ongcvidesh.in को कम्पनी के ऋण पत्र निवेशकों की पूछताछ के लिए बनाया गया है।

16. वार्षिक साधारण बैठक

दिनांक : 28 सितंबर, 2017

समय : 09.30 बजे

स्थान : बोर्ड कक्ष, 5वां तल, टॉवर ए, पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऊर्जा भवन, 5, नेल्सन मंडेला मार्ग, वसंत कुंज, नई दिल्ली – 110 070।

17. 31 मार्च, 2017की स्थिति के अनुसार शेयर स्वामित्व का स्वरूप

श्रेणी	₹100 प्रत्येक के धारित शेयरों की संख्या	शेयर धारिता का प्रतिशत
ऑयल एण्ड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन लिमिटेड और इसके नामिति	1,500,000,000	100%

18. जोखिम प्रबंधन

कंपनी में उद्यम व्यापक जोखिम प्रबंधन (ईआरएम) संरचना को कार्यान्वित कियागया है और जोखिम रिपोर्टिंग ढ़ॉचा को निर्धारित कर दिया गया है।

19. सीईओ / सीएफओ का प्रमाणपत्र

लोक उद्यम विभाग के निगमित अभिशासन संबंधी दिशा–निर्देशों के अनुसार,वित्तीय वर्ष 2016 –17 के लिए वित्तीय रिपोर्टिंग से संबंधित वित्तीय विवरणों एवं आंतरिक नियंत्रणों के लिए सीईओ / सीएफओ द्वारा प्रमाण पत्र को समीक्षाहेतु 22 मई, 2017 को लेखा परीक्षा समिति / निदेशक बोर्ड को प्रस्तुत किया गया था।

20. सचिवालीय लेखा परीक्षा रिपोर्ट

कंपनी अधिनियम, 2013 में अन्य बातों के साथ साथ यह प्रावधान किया गया है कि प्रत्येक सूचीबद्ध कंपनी और विशिष्ट वर्ग अथवा वर्गों से संबंधित कंपनियां अपनी बोर्ड रिपोर्ट की कार्यवाही में एक कंपनी सचिव द्वारा प्रदान की गई एक सचिवीय लेखा परीक्षा रिपोर्ट संलग्न करेंगीं। तदनुसार, बोर्ड द्वारा मेसर्स मीनू गुप्ता एंड एसोसिएट्स, कंपनी सचिव को 31 मार्च 2017 को समाप्त हुए वित्तवर्ष 2016 –17 के लिए सचिवीय लेखा परीक्षा रिपोर्ट, जिसे यहां अनुबंधित किया गयाहै को तैयार करने के लिए बोर्ड में नियुक्त किया गया है।

मेसर्स मीनू गुप्ता एंड एसोसिएट्स, कंपनी सचिव द्वारा कंपनी अधिनियम,2013; निक्षेपागार अधिनियम, 1996; सेबी (सूचीकरण दायित्वों और प्रकटीकरण अपेक्षाओं) विनियम 2015 और ऋण सूचीकरण करार; विदेशी मुद्रा प्रबंध अधिनियम, 1999 और कंपनी पर लागू अन्य कानूनों एवं इन अधिनियमों के तहत दिए गए नियमों के विभिन्न लागू प्रावधानो के अनुपालन के संबंध में सचिवीय लेखा परीक्षा की गई है।

इसके अलावा, मेसर्स मीनू गुप्ता एंड एसोसिएट्स, सचिवालयी लेखा परीक्षक द्वारा आडिट का भी आयोजन किया गया और निगमित अभिशासन 2010 पर डीपीई दिशा निर्देशों के अनुपालन की जांच की गई।

मेसर्स मीनू गुप्ता एंड एसोसिएट्स, कंपनी सचिवों की रिपोर्ट बोर्ड के रिपोर्ट का एक हिस्सा है।

आपके सचिवालयी लेखा परीक्षक द्वारा उनकी रिपोर्ट में स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति के संबंध में गैर अनुपालना और परिणामस्वरूप स्वतंत्र निदेशकों की पृथक बैठक आयोजित नहीं होने और लेखा परीक्षा समिति और पारिश्रमिक एवं नामांकन समिति के संबंध में गैर अनुपालना के संबंध में टिप्पणी की है।

आपकी कंपनी ने 4 जून 2015 तक बोर्ड और बोर्ड समितियों की संरचनाका अनुपालन कर रही थी। एक सरकारी कंपनी होनेके नाते स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति भारत सरकार द्वारा की जाती है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने 16 जनवरी 2017 को एक स्वतंत्र निदेशक की नियुक्ति की है। इसके अलावा, एमओपीएनजी ने 8 सितंबर 2017 के उनके पत्र के तहत 15 सितंबर 2017 से तीन और निदेशक के लिए सक्षम प्राधिकारी का अनुमोदिन संसूचित किया है। इस प्रकार बोर्ड संरचना और बोर्ड समितियों को विनियमित कर दिया गया है।

21. एकल और समेकित वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा संबंधी अर्हता

आपकी कंपनी को भारत के नियंत्रक एवं महानिदेशक की ओर से तथा वर्ष2016 –17 के लिए एकल और समेकित वित्तीय विवरणों की संवैधानिक लेखापरीक्षा के लिए 'शून्य' टिप्पणी प्राप्त हुई है।

22. व्हिसल ब्लोअर नीति

हमारी मूल कम्पनी ओएनजीसी द्वारा व्हिसल ब्लोअर नीति कार्यान्वित की गईहै जो कि 1 दिसम्बर, 2009 से लागू है। यह नीति सुनिश्चित करती है कि वास्तविक व्हिसल ब्लोअर को किसी उत्पीड़न से पर्याप्त सुरक्षा उपलब्ध कराई जाती है।

23. सांविधिक लेखा परीक्षक शुल्क

वित्त वर्ष 2016 –17 में सांविधिक लेखा–परीक्षकों को दिया गया/देय कुल शुल्क ₹ 7.19 मिलियन (विगत वर्ष ₹5.57 मिलियन) था।

24. सामान्य निवेशक (ऋण पत्र धारक) सूचना :

- स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्धता :

  (i) कम्पनी की ऋण प्रतिभूतियां भारतीय नेशनल स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड(एनएसई) के थोक ऋण बाजार (डब्ल्यूडीएम) खंड में सूचीबद्ध है।

  (ii) कंपनी ने मई, 2013 और जुलाई, 2014 में अंतर्राष्ट्रीय ऋण पूंजी बाजार में नोट जारी किए थे। अमरीकी डॉलर मुद्रा में नोट सिंगापुर एक्सचेंज सिक्युरिटिज ट्रेडिंग लिमिटेड की अधिकारिक सूची में सूचीबद्ध हैं। इसके अलावा जूलाई 2014 में जारी किए गए यूरो बॉड फ्रैंकफर्ट स्टॉक एक्सचेंज (फ्रैंकफर्टर वर्टपेपियरबॉर्ज) के खुले बाजार (फ्रेवरकह्र) खंड में सूचीबद्ध हैं।

• भारत में जारी किए गए ऋण पत्र
आईडीबीआई ट्रस्टीशिप सर्विसेज लिमिटेड,
एशियन बिल्डिंग, भूतल,
17, आर कमानी मार्ग, ब्लार्ड एस्टेट,
मुम्बई– 400 023.

• भारत से बाहर जारी की गईं ऋण प्रतिभूतियां
सिटीकॉर्प इंटरनेशनल लिमिटेड,
39वां तल, सिटी बैंक टॉवर
सिटी बैंक प्लाजा, 3 गार्डेन रोड,
सेंट्रल, हॉंगकॉंग

• सूचीकरण शुल्क का भुगतान :
कंपनी द्वारा नेशनल स्टॉक एक्सचेंज को वित्त वर्ष 2016 –17 तक के लिएवार्षिक सूचीकरण शुल्क का भुगतान कर दिया गया है। नोट्स के लिए लागू प्रत्यक्ष सूचीकरण फीस का भुगतान सिंगापुर एक्सचेंजसिक्योरिटीज़ ट्रेडिंग लिमिटेड के साथ साथ फ्रैंकफुर्त स्टॉक एक्सचेंज को भी किया गया है ।

सचिवीय
लेखा परीक्षण रिपोर्ट

फार्म संख्या – एम आर 3

सचिवीय लेखा परीक्षा रिपोर्ट

31 मार्च 2017 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 204 (1) तथा कंपनियों के (प्रबंधकीय कार्मिकों की नियुक्ति व पारिश्रमिक) नियम 2014 के नियम 9 के अनुसरण में

सेवा में,
सदस्यगण
ओएनजीसी विदेश लिमिटेड,
पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऊर्जा भवन,
टॉवर बी, प्लॉट नं. 5ए – 5बी, नेल्सन मंडेला मार्ग,
वसंत कुंज, नई दिल्ली – 110 070

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 204 (1) तथा कंपनियों के (प्रबंधकीय कार्मिकों की नियुक्ति व पारिश्रमिक) नियम 2014 के नियम 9 के प्रावधानों, भारत सरकार के भारी उद्योग मंत्रालय और सार्वजनिक उपक्रम मंत्रालय के दिनांक 14 मई 2010 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 18 (8) 2005 – जीएम में अनुबंधित अनुसार

केन्द्रीय सार्वजनिक उपक्रम के लिए निगमित अभिशासन संबंधी दिशानिर्देशों (निगमित अभिशासन संबंधी डीपीई दिशानिर्देश) और अन्य लागू प्रावधानों, यदि कोई हों तो, के अनुसरण में हमारे द्वारा लागू वैधानिक प्रावधानों का अनुपालन करते हुए और सीआईएन : यू 74899 डी एल 1965 जीओआई 004343 द्वारा कंपनी अधिनियम, 1956 के प्रावधानों के तहत निगमित एक कंपनी ओएनजीसी विदेश लिमिटेड (इसमें इसके पश्चात ''कंपनी'' कहा गया है) जिसका पंजीकृत कार्यालय पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऊर्जा भवन, टॉवर बी, प्लॉट नं. 5ए – 5बी, नेल्सन मंडेला मार्ग, वसंत कुंज, नई दिल्ली – 110 070 स्थितहै जिसके द्वारा उत्कृष्ट कॉरपोरेट कार्यवाहियों का पालन किया जाता है, के सचिवालीय लेखापरीक्षा का आयोजन किया है। यह सचिवालीय लेखा परीक्षा इस प्रकार की गई थी कि जिसमें हमें कॉर्पोरेट आचार / सांविधिक अनुपालन के मूल्यांकन के लिए तथा मुझे इस पर अपनी राय प्रकट करने के लिए एकउचित आधार प्रदान किया है।

कंपनी द्वारा रखी गई बहियों, दस्तावेज़ों, कार्यवृत पुस्तिकाओं, फॉर्मों व जमा की गई विवरणियों व अन्य अभिलेखों तथा इसके अलावा सचिवीय लेखा परीक्षा के आयोजन के दौरान कंपनी, इसके अधिकारियों द्वारा प्रदान की गई सूचना केआधार पर हम एतद्द्वारा सूचित करते हैं कि हमारे मतानुसार, कंपनी ने 31 मार्च 2016 को समाप्त वित्तीय वर्ष को कवर करती लेखा परीक्षा अवधि के दौरान निम्नलिखित सूचीबद्ध संवैधानिक प्रावधानों का पालन किया है तथा इसके साथ साथ कंपनी में उचित व्यापक प्रक्रियाएं व अनुपालन संबंधी व्यवस्थाएं यहां कीगई रिपोर्टिंग की सीमा व प्रकार व आधार पर स्थापित हैं।

हमने इन प्रावधानों के अनुसार 31 मार्च 2017 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए कंपनी की बहियों, दस्तावेज़ों, कार्यवृत पुस्तिकाओं, फॉर्मों व जमा की गई विवरणियों के साथ साथ कंपनी द्वारा रखे गए अन्य अभिलेखों की जांच की है :

I. कंपनी अधिनियम, 2013 (अधिनियम) तथा उसके अंतर्गत बनाए गए नियम;

II. प्रतिभूति संविदा (विनियमन) अधिनियम, 1956 ('एससीआरए') और उसके अधीन बनाए गए नियम;

III. निक्षेपागार अधिनियम, 1996 तथा अधिनियम के अंतर्गत बनाए गए विनियम;

IV. विदेशी मुद्रा प्रबंध अधिनियम, 1999 और इसके अंतर्गत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश, प्रवासी प्रत्यक्ष निवेश और बाह्य वाणिज्यिक उधार की सीमा तक उसके अधीन बनाए गए नियम और विनियम;

V. भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय अधिनियम, 1992 (सेबी अधिनियम) के तहत निर्धारित निम्नलिखित नियम और दिशा निर्देश : –

क भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (शेयर व अधिग्रहण का पर्याप्त अर्जन) विनियम, 2011; यह तब तक लागू नहीं जब तक समीक्षाधीन अवधि के दौरान शेयरों और अधिग्रहण के पर्याप्त अर्जन से संबंधितकोई गतिविधि नहीं होती है।

ख भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (इनसाइडर ट्रेडिंग के निषेध) विनियमन, 1992;

ग भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (पूंजी निर्गम एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2009 : यह तब तकलागू नहीं होगा जब तक समीक्षाधीन अवधि के दौरान पूंजी के निर्गम सेसंबंधित कोई गतिविधि नहीं होती है।

घ भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (एक्सचेंज स्टॉक विकल्प योजना और कर्मचारी अंश क्रय योजना) दिशा निर्देश, 1999: यह तब तकलागू नहीं जब तक समीक्षाधीन अवधि के दौरान कंपनी द्वारा किसी एक्सचेंज स्टॉक विकल्प योजना और कर्मचारी अंश क्रय योजना कोजारी नहीं किया जाता / योजना को जारी करने का प्रस्ताव करने से संबंधित कोई गतिविधि नहीं होती है।

ड भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (ऋण प्रतिभूतियों का निर्गमव सूचीकरण) विनियमन, 2008;

च कंपनी अधिनियम और ग्राहक के साथ सौदा करने से संबंधित भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (किसी मुद्दे का पंजीकरण और शेयर अंतरण एजेंट) विनियम, 1993 लागू नही

छ भारतीय भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (इक्विटी शेयरों कागैर–सूचीकरण) विनियमन, 2009; लागू नहीं

क्योंकि कंपनी द्वारा समीक्षाधीन वित्तीय वर्ष के दौरान किसी भी शेयर बाजार से अपनी इक्विटी हिस्सेदारी हटाया नहीं गया / न ही ऐसा प्रस्तावित है।

ज भारतीय भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (प्रतिभूति की पुर्न खरीद) विनियम, 1998; लागू नहीं है क्योंकि कंपनी द्वारा समीक्षाधीन वित्तीयवर्ष के दौरान अपनी किन्हीं प्रतिभूतियों को वापस नहीं खरीदा गया/ न ही ऐसा प्रस्तावित है।

VI. कंपनी द्वारा किसी भी कानून की पहचान नहीं की गई है, जो कंपनी परविशेष रूप से लागू होता है। क्योंकि कंपनी के सभी प्रचालन भारत से बाहर स्थापित हैं और इस प्रकार संबंधित देशों के कानूनों के आधार पर हमने भारत से बाहर लागू कानूनों के संबंध में अनुपालनों की पुनरीक्षा नहीं की है।

VII. भारी उद्योग और सार्वजनिक उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार के कार्यालय ज्ञापन संख्या – 18 (8) 2005–जीएम दिनांक 14 मई 2010 में यथा उपबंधित केन्द्रीय सार्वजनिक उपक्रम के लिए निगमित अभिशासन संबंधी दिशा निर्देश (निगमित अभिशासन संबंधी डीपीई दिशा निर्देश)।

हमने निम्नलिखित की लागू धाराओं के अनुपालन की भी जांच की है:

i. दिनांक 01 जुलाई, 2015 से प्रभावी भारतीय कंपनी सचिव संस्थान द्वारा जारी किए गए सचिवीय मानक।

ii. ऋण प्रतिभूतियों के सूचीकरण के लिए राष्ट्रीय स्टॉक एक्सचेंज के साथ जुड़ी कंपनियों द्वारा किए गए सूचीकरण समझौते।

आलोच्य अवधि के दौरान कंपनी द्वारा निम्नलिखित टिप्पणियों के लिए उपर्युक्त निर्दिष्ट अधिनियमों, नियमों, विनियमों, निर्देशों, मानकों आदि के प्रावधानों का अनुपालन किया गया है।

1. वित्त वर्ष 2016–17 के दौरान कंपनी के निदेशक मंडल की संरचना में स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति से संबंधित इस अधिनियम की धारा 149 के उपबंध और निगमित अभिशासन संबंधी डीपीई दिशानिर्देशों का अनुपालन नहीं किया गया और परिणामस्वरूप लेखा परीक्षा अवधि के दौरान स्वतंत्र निदेशकों की कोई पृथक बैठक आयोजित नहीं की जा सकी। लेखा परीक्षा समिति व पारिश्रमिक तथा नामांकन समिति की संरचना भी अधिनियम की आवश्यकताओं के अनुसार नहीं थी।

हम आगे रिपोर्ट करते हैं कि ऊपर क्रम सं. 1 की हमारी टिप्पणी के अध्यधीन, समीक्षाधीन अवधि के दौरान, कार्यकारी निदेशकों, गैर कार्यकारी निदेशकों के उचित संतुलन को बनाते हुए कंपनी के निदेशक मंडल का विधिवत गठन किया गया था। निदेशक मंडल की संरचना में परिवर्तन जो समीक्षाधीन अवधि के दौरान किया गया था अधिनियम के प्रावधानों के अनुपालन में किया गया था।

बोर्ड बैठक को अनुसूचित करने के लिए सभी निदेशकों को पर्याप्त नोटिस दिए गए हैं, बोर्ड की बैठक से कम से कम सात दिन पूर्व एजेंडा और एजेंडे पर विस्तृत नोट भेजे गए थे। तथापि, यदि आवश्यक होता है, बोर्ड के सदस्यों की जानकारी के लिए अल्प नोटिस पर एजेंडा के अनुपूरक नोट बाद में भेजे जाते हैं तथा बैठक से पूर्व एजेंडा की अतिरिक्त सूचना व स्पष्टीकरणों को प्राप्त करने के लिए तथा बैठक में सार्थक भागीदारी के लिए एक व्यवस्था मौजूद है।

सदस्यों के विचारों में असहमति की स्थिति में बहुमत के निर्णय लिए जाते हैं तथा जहां भी प्रयोज्य होता है उन्हें संज्ञान में लेते हुए कार्यवृत के भाग के रूपमें रिकॉर्ड किया जाता है।

हम इसके अतिरिक्त सूचित करते हैं कि लागू कानूनों, नियमों, विनियमों और दिशा निर्देशों के साथ अनुपालन की निगरानी करने तथा सुनिश्चित करने के लिए कंपनी में आकार व परिचालनों के अनुरूप कंपनी में पर्याप्त व्यवस्था और प्रक्रियाएं संस्थापित हैं।

हम इसके अतिरिक्त सूचित करते हैं कि लेखा परीक्षा की अवधि के दौरान कंपनी द्वारा निम्नलिखित कोई ऐसी विशिष्ट कार्यक्रम / कार्यवाहियां नहीं की गई हैं जिनका कंपनी की कार्यवाहियों पर एक बड़ा प्रभाव हो सकता है।

कृते मीनू गुप्ता एंड एसोसिएट्स
कंपनी सचिव

दिनांक : 28 सितंबर, 2017 ह./–
स्थान : नई दिल्ली (मीनू गुप्ता)
स्वत्वधारी
एफसीएस : 5422, सीपी संख्या – 4552

इस रिपोर्ट को हमारे समतिथि पत्र के साथ पढ़ा जाए जिसे अनुलग्नक क के रूप में अनुबंधित किया गया है तथा यह रिपोर्ट का एक अभिन्न हिस्से के रूप में है।

अनुलग्नक क

सेवा में,
सदस्यगण
ओएनजीसी विदेश लिमिटेड,
पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऊर्जा भवन,
टॉवर बी, प्लॉट नं. 5ए – 5बी, नेल्सन मंडेला मार्ग,
वसंत कुंज, नई दिल्ली – 110 070

हमारी समतिथि रिपोर्ट के साथ इस पत्र को पढ़ें।

1 सचिवीय अभिलेखों का रखरखाव करना कंपनी के प्रबंधन की जिम्मेदारी है। हमारी जिम्मेदारी हमारे लेखा परीक्षण के आधार पर इन सचिवीय अभिलेखों पर एक राय व्यक्त करने की है।

2 हमने लेखा परीक्षा प्रक्रियाओं और पद्धतियों का अनुपालन किया है जो सचिवीय अभिलेखों की सामग्री की शुद्धता के बारे में उचित आश्वासन प्राप्त करने के लिए उपयुक्त थे। ये सत्यापन, परीक्षण आधार पर यह सुनिश्चित करने के लिए किया गया था कि सचिवीय अभिलेखों में सही तथ्यं में परिलक्षित होते हैं। हम मानते हैं कि इन पद्धतियों और प्रक्रियाओं में, हम अपनी राय को एक उचित आधार प्रदान करने का अनुसरण कर रहे हैं।

3 हमने कंपनी के वित्तीय अभिलेखों व लेखा बहियों की सटीकता व औचित्य का सत्यापन नहीं किया है।

4 कंपनी के सभी प्रचालन भारत के बाहर आधारित हैं और इस प्रकार से संबंधित देशों के कानूनों पर आधारित हैं। हमने भारत से बाहर लागू कानूनों केसंबंध में अनुपालन की समीक्षा नहीं की है।

5 जहां कहीं भी अपेक्षित था, हमने कानूनों, नियमों और विनियमों के अनुपालन के बारे में और घटनाक्रमों आदि के लिए प्रबंधकीय प्रतिवेदन प्राप्त किया है।

6 कॉर्पोरेट और अन्य लागू कानूनों, नियमों, विनियमों, मानकों के प्रावधानों के अनुपालन करना प्रबंधन का दायित्व है। हमारे परीक्षण प्रक्रिया के सत्यापन के लिए, परीक्षण आधार पर सीमित था।

7 सचिवीय लेखा परीक्षा रिपोर्ट न तो कंपनी के भविष्य की अर्थक्षमता के लिए आश्वासन के रूप में है और न ही दक्षता या प्रभावशीलता के लिए है जिसकी सहायता से प्रबंधन कंपनी द्वारा कार्यवाहियों का आयोजन किया गया है।

कृते मीनू गुप्ता एंड एसोसिएट्स
कंपनी सचिव

दिनांक : 28 सितंबर, 2017
स्थान : नई दिल्ली

ह./–
(मीनू गुप्ता)
स्वत्वधारी
एफसीएस : 5422, सीपी संख्या – 4552

वेनेजुएला में ड्रिलिंग कार्यकलाप

नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की टिप्पणियां– एकल

नियंत्रक एवं महा लेखा परीक्षक की टिप्पणियॉ – एकल

31 मार्च 2017 को समाप्त वर्ष के लिए ओएनजीसी विदेश लिमिटेड के वित्तीय विवरणों के संदर्भ में कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143 (6) (ख) के अंतर्गत भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक की टिप्पणियां

31 मार्च 2017 को समाप्त वर्ष के लिए कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत उल्लिखित वित्तीय रिपोर्टिंग ढ़ॉचे के अनुसार ओएनजीसी विदेश लिमिटेड के विवरणों को तैयार करना कंपनी के प्रबंधन की जिम्मेदारी है। अधिनियम की धारा 139 (5) के तहत भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक द्वारा नियुक्त किए गए सांविधिक लेखा परीक्षक, अधिनियम की धारा 143 (10) के तहत निर्दिष्ट लेखा परीक्षण संबंधी मानकों के अनुसार स्वतंत्र लेखा परीक्षा पर आधारित अधिनियम की धारा 143 के तहत वित्तीय विवरणों पर अपनी राय प्रकट करने के लिए ही उत्तरदायी हैं। यह कहा जाता है कि उनके द्वारा यह दिनांक 22 मई 2017 की संशोधित लेखा परीक्षा रिपोर्ट के द्वारा किया गया है।

मैंने, भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की ओर से अधिनियम की धारा 143 (6) (क) के तहत 31 मार्च 2017 को समाप्त वर्ष के लिए ओएनजीसी विदेश लिमिटेड के वित्तीय विवरणों की एक अनुपूरक लेखा परीक्षा का आयोजन किया है। यह अनुपूरक लेखापरीक्षा सांविधिक लेखा परीक्षकों के कार्यात्मक दस्तावेज़ों को उपयोग में लिए बिना तथा सांविधिक लेखा परीक्षकों तथा कंपनी के कार्मिकों की प्राथमिक जानकारियों तथा कुछ लेखांकन रिकॉर्डों की चुनिंदा जांच तक सीमित है। मेरी लेखा परीक्षा जांच के आधार पर कुछ भी ऐसा महत्वपूर्ण मेरी जानकारी में नहीं आया है जो सांविधिक लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट पर टिप्पणी करने में वृद्धि करे अथवा उसे अनुपूरित करे।

कृते और की ओर से भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक

(नंदाना मुंशी)
व्यावसायिक लेखा परीक्षा महानिदेशक
और पदेन सदस्य, लेखा परीक्षा बोर्ड – द्वितीय,
नई दिल्ली

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 18.07.2017

कैम्प मोरिच, कोलम्बिया में कार्यरत कर्मचारी

लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट– एकल

स्वतंत्र लेखा परीक्षक रिपोर्ट

सेवा में सभी सदस्यगण ओएनजीसी विदेश लिमिटेड

एकल वित्तीय विवरण रिपोर्ट

हमने ''ओएनजीसी विदेश लिमिटेड'' ('कंपनी') के संलग्न एकल इंड एएस वित्तीय विवरणों का लेखा परीक्षण किया हैं, जिन्हें 31 मार्च 2017 के तुलन पत्र, उस तिथि को समाप्त हुए वर्ष के लाभ और हानि विवरण (अन्य व्यापक आय सहित), नकद प्रवाह विवरण और उस समाप्त वर्ष के लिए इक्विटी परिवर्तन विवरण और महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियों व अन्य व्याख्यात्मक जानकारी के सारांश के रूप में शामिल किया गया है।

एकल वित्तीय विवरणों के संदर्भ में प्रबंधन का दायित्व

कंपनी का निदेशक मंडल कंपनी अधिनियम, 2013 ('अधिनियम') की धारा 134 (5) में उल्लिखित मामलों के लिए उत्तरदायी है जो इन एकल इंड एएस वित्तीय विवरणों को तैयार करने व उनकी प्रस्तुति से संबंधित है जिनमें कंपनी अधिनियम की धारा 133 के तहत निर्दिष्ट लेखा मानक सहित भारत में सामान्यतः स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों के अनुसार कंपनी की कार्य दशा (वित्तीय स्थिति), लाभ (अन्य व्यापक आय सहित वित्तीय प्रदर्शन), नकद प्रवाह और कंपनी की इक्विटी में परिवर्तन की एक वास्तविक और निष्पक्ष स्थिति दर्शायी गई है।

इन उत्तरदायित्वों में कंपनी की परिसंपत्तियों की सुरक्षा तथा धोखाधड़ी व अन्य अनियमितताओं का पता लगाने व उन्हें रोकने के लिए अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार पर्याप्त लेखांकन रिकॉर्डों का रखरखाव; उचित लेखांकन नीतियों का चयन और अनुप्रयोग; वे निर्णय और अनुमान जो उचित और विवेकपूर्ण हों; पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों को तैयार, कार्यान्वित व उनका रखरखाव करना जो लेखा अभिलेखों की सटीकता और पूर्णता सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी ढंग से कार्य कर रहे थे, वे वित्तीय विवरणों को तैयार करने व उनकी प्रस्तुति से प्रासंगिक है जो एक वास्तविक व उचित स्थिति को दर्शातें हैं तथा वास्तविक गलत बयानी से मुक्त हैं चाहे वह धोखाधड़ी अथवा त्रुटिपूर्ण हो के संदर्भ में हो, भी शामिल हैं।

लेखा परीक्षकों की जिम्मेदारी

हमारी जिम्मेदारी हमारे लेखा परीक्षण के आधार पर इन एकल इंड एएस वित्तीय विवरणों पर एक राय व्यक्त करने के लिए है।

हमने अधिनियम के प्रावधानों, लेखांकन और लेखा परीक्षा मानकों और उन मामलों को शामिल किया है जो अधिनियम और उसके अधीन बनाए गए नियमों के प्रावधानों के तहत लेखा परीक्षण रिपोर्ट में शामिल किए जाने आवश्यक हैं।

हमने हमारे लेखा परीक्षा का आयोजन अधिनियम की धारा 143 (10) के तहत निर्दिष्ट लेखा परीक्षा मानकों के अनुसार किया है। उन मानकों की आवश्यकता के अनुसार हमने नैतिक आवश्यकताओं के अनुपालन किया है तथा उचित आश्वासन प्राप्त करने के लिए लेखा परीक्षा का नियोजन व निष्पादन किया है कि क्या ये वित्तीय विवरण वास्तविक गलत ब्यानी से मुक्त हैं।

एक लेखा परीक्षा में एकल इंड एएस वित्तीय विवरणों में राशियों और प्रकटनों के बारे में लेखा परीक्षण साक्ष्य प्राप्त करने के लिए निष्पादन पद्धतियां शामिल होती हैं। चुनी गई प्रक्रियाएं लेखा परीक्षक के निर्णय पर निर्भर करती है, जिसमें एकल इंड एएस वित्तीय विवरण में वास्तविक गलत बयान के जोखिम के आकलन भी शामिल होते हैं, चाहे वे धोखाधड़ी या त्रुटि के कारण हो। उन जोखिमों का आकलन करने में, लेखा परीक्षक द्वारा कंपनी के आंतरिक एकल इंड एएस वित्तीय विवरणों पर विचार किया जाता है जो परिस्थितियों के अनुसार उचित हों जो एकल इंड एएस वित्तीय विवरणों को तैयार करने के लिए लेखा परीक्षण प्रक्रियाओं का तैयार करने के क्रम में एक वास्तविक व उचित दृष्टिकोण प्रदान करते हैं। एक लेखा परीक्षा में उपयोग की जा रही लेखांकन नीतियों की उपयुक्तता तथा कंपनी के निदेशकों द्वारा किए गए लेखा अनुमानों के औचित्य के साथ साथ एकल इंड एएस वित्तीय विवरणों की समग्र प्रस्तुति के मूल्यांकन भी शामिल होते हैं।

हम मानते हैं कि लेखा परीक्षा साक्ष्य जो हमारे द्वारा प्राप्त किए गए हैं वे एकल इंड एएस वित्तीय विवरणों पर हमारी लेखा परीक्षा से संबंधित राय के लिए एक आधार प्रदान करने के लिए पर्याप्त और उचित है।

राय

हमारी राय में और हमारी जानकारी के अनुसार तथा हमें दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार, उक्त एकल इंड एएस वित्तीय विवरण अधिनियम द्वारा अपेक्षित जानकारी इस प्रकार प्रदान करते हैं जिस प्रकार यह अपेक्षित है तथा इंड एएस सहित भारत में सामान्यता स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों के अनुपालन में 31 मार्च 2017 की स्थिति के अनुसार कंपनी के कार्यों (वित्तीय स्थिति) तथा उस तिथि को समाप्त वर्ष के इसके लाभ (अन्य व्यापक आय सहित वित्तीय प्रदर्शन), इसके नकद प्रवाह और वर्ष के दौरान इक्विटी परिवर्तनों से संबंधित सच्चे और निष्पक्ष विचार प्रस्तुत करते हैं।

मामलों पर जोर

हम नोट संख्या 48 की ओर ध्यान आकर्षित करते हैं जो एक नकदी उत्पादक इकाई (सीजीयू) में क्षरण और दो नकदी उत्पादक इकाई (सीजीयूज) के क्षरण का अपलेखन के संबंध में है। कंपनी ने वर्ष के दौरान, 7,217.49 मिलियन के क्षरण का निवल अपलेखन दर्शाया है। हम प्रबंधन द्वारा आयोजित क्षरण परीक्षण के परिणामों पर विश्वास किया है।

इस संबंध में हमारी राय को संशोधित नहीं किया जाता है।

अन्य मामले

इस तथ्य पर विचार करते हुए कि वास्तविक प्रचालन भारत के बाहर निष्पादित किए जा रहे हैं और संयुक्त परिचालन समझौते के अनुसार

सभी सदस्यों की ओर से खाते का मूल बहियों का रखरखाव करने के लिए ऑपरेटर जिम्मेदार होता है, हमने लेखा परीक्षित विवरणों के आधार पर इस प्रकार की जानकारी पर विश्वास करते हुए अथवा जहां सयुंक्त उद्यमों का लेखा परीक्षण नहीं किया गया है वहां प्रबंधन द्वारा प्रदान की गई सूचना पर आश्वस्त होकर अपने लेखा परीक्षण का आयोजन किया है। एकल इंड एएस वित्तीय विवरण में विदेशी संयुक्त उद्यम परिसंपत्तियों में कंपनी का हिस्सा, देनदारियों, व्यय और लाभ /हानि के कुल मूल्य में कंपनी की हिस्सेदारी शामिल होती है। 31 मार्च 2017 की स्थिति के अनुसार 5 संयुक्त प्रचालनों का लेखा परीक्षण किया गया है और 5 संयुक्त प्रचालनों का लेखा परीक्षण संबंधित स्थानीय कानूनों / उत्पादन साझीदारी करार / संयुक्त प्रचालन समझौतों के अंतर्गत 31 दिसंबर 2016 की स्थिति के अनुसार संबंधित संयुक्त प्रचालनों / कंपनी के प्रबंधन द्वारा किया गया है, हालांकि, इन्हें 31 मार्च 2017 की स्थिति के अनुसार प्रबंधन द्वारा अद्यतित किया गया है और 11 संयुक्त प्रचालन लेखा अपरीक्षित हैं। इन 10 लेखा परीक्षित संयुक्त प्रचालन (31 दिसंबर 2016 को समाप्त अविध के लिए किए गए सहित), कुल संयुक्त प्रचालनों से संबंधित कुल राजस्व के 74.50 प्रतिशत, लाभ का 58.34 प्रतिशत, कुल व्यापक आय का 58.34 प्रतिशत, चालू आस्तियों का 76.13 प्रतिशत, गैर चालू आस्तियों का 55.11 प्रतिशत, चालू देनदारियों के 83.32 प्रतिशत को कवर करता है।

हमने कार्यान्वाधीन अन्वेषण और विकास कूपों की परियोजनाओं, चालू तेल एवं गैस परिसंपत्तियों तथा पूंजीगत कार्यों, कूप स्थिति, उनके लिए व्यय की गई आवंटित लागतों, मूल कंपनी की भंडार आंकलन समिति (आरईसी) द्वारा अनुमानित प्रमाणित विकसित हाइड्रोकॉर्बन भण्डारों पर आधारित तेल व गैस परिसंपत्तियों के घाटे, परित्यक्तता लागत के लिए प्रावधान, सहमति प्राप्त न्यूनतम कार्य कार्यक्रम के लिए मूर्त / अमूर्त परिसंपत्तियों व देयताओं के लिए मूल्यह्रास / ऋण परिशोधन के आवंटन पर व्यय के वर्गीकरण के संदर्भ में प्रबंधन द्वारा किए गए तकनीकी /वाणिज्यिक मूल्यांकन पर विश्वास किया है।

इन अन्य विषयों के संबंध में हमारी राय संशोधित नहीं की गयी है।

अन्य कानूनी और नियामक आवश्यकताओं की रिपोर्ट

1. 1. अधिनियम की धारा 143 की उपधारा (11) की शर्तों के अनुसर भारत की केन्द्रीय सरकार द्वारा जारी कंपनीं (लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट) आदेश, 2016 ('आदेश') द्वारा अपेक्षा अनुसार हम उक्त आदेश के पैरा 3 और 4 में निर्दिष्ट माामले के संदर्भ में एक विवरण 'अनुलग्नक क' के रूप में संलग्न कर रहे हैं।

2. 2. कंपनी की बहियों और अभिलेखों को इस प्रकार जांचने के आधार पर जैसा कि हमारे द्वारा उचित माना गया है तथा उस सूचना और स्पष्टीकरणों के अनुसार जो कि हमें प्रदान किए गए हैं, हमने अधिनियम की धारा 143 (5) की शर्तों के अनुसार अपनी रिपोर्ट भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक द्वारा दिए गए निदेशों व उप निदेशों के आधार पर 'अनुलग्नक ख' के रूप में यहां संलग्न की है।

3. 3. अधिनियम की धारा 143 (3) द्वारा अपेक्षा अनुसार, हम सूचित करते हैं कि :

(क) हमने सभी सूचनाएं व व्याख्याएं मांगी व प्राप्त कर ली हैं, जो हमारी जानकारी तथा विश्वास के अनुसार हमारे लेखा परीक्षण के प्रयोजन के लिए आवश्यक थे।

(ख) हमारे मतानुसार, कानून द्वारा अपेक्षित उचित लेखा बहियों को कंपनी द्वारा रखा गया है, जहां तक हमारे द्वारा उन बहियों की जांच से ज्ञात होता है।

(ग) इस रिपोर्ट द्वारा लिए गए तुलन पत्र तथा लाभ– घाटा विवरण (अन्य व्यापक आय सहित), नकद प्रवाह विवरण और इक्विटी परिवर्तन विवरण लेखा बहियों के अनुसार हैं।

(घ) हमारी राय में, उक्त एकल इंड एएस वित्तीय विवरण कंपनी (लेखा) नियम, 2014 के नियम 7 के साथ पठित अधिनियम की धारा 133 में निर्दिष्ट लेखांकन मानकों का अनुपालन करते हैं।

(ङ) 31 मार्च 2017 को निदेशकों की ओर से प्राप्त लिखित अभ्यावेदन के आधार पर, जिसे निदेशक मंडल द्वारा रिकॉर्ड पर लिया गया है, कि कोई भी निदेशक 31 मार्च 2017 को अधिनियम की धारा 164 (2) के अनुसार नियुक्त किए जाने के लिए अयोग्य नहीं है।

(च) कंपनी की वित्तीय रिपोर्टिंग के लिए आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की पर्याप्तता और इस प्रकार के नियंत्रण की प्रचालन प्रभाविता के संदर्भ में 'अनुलग्नक ग' में संदर्भित हमारी पृथक रिपोर्ट को देखें।

(छ) कंपनी (लेखापरीक्षा और लेखा परीक्षक) नियम, 2014, के नियम 11 के अनुसार लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट में संलग्न अन्य मामलों के संबंध में हमारी राय है ओर हमारी जानकारी के अनुसार तथा हमें प्रदान किए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार :

i) कंपनी ने अपने वित्तीय विवरणों में अपनी वित्तीय स्थिति पर लंबितमुकदमों के प्रभाव का खुलासा किया है –एकल इंड एएस वित्तीय विवरणों कीटिप्पणी संख्या 48 देखें।

ii) कंपनी द्वारा दीर्घकालीन संविदाओं जिनमें व्युत्तपन्न संविदाएं शामिल हैं में वास्तविक पूर्वानुमानित घाटों, यदि हों, के लिए लागू कानूनों अथवा लेखांकन मानकों के तहत अपेक्षानुसार प्रावधान किए गए हैं – एकल इंड एएस वित्तीय विवरणों की टिप्पणी संख्या 49 देखें।

iii) इनमें कोई भी ऐसी राशि नहीं है जिसे कंपनी द्वारा निवेशक शिक्षण और संरक्षण कोष के लिए स्थानांतरित किया जाना आवश्यक था – एकल इंड एएस वित्तीय विवरणों की टिप्पणी सं. 23.1 देखें।

iv) कंपनी ने एकल इंड एएस वित्तीय विवरणों में 8 नवंबर 2016 से 30 दिसंबर 2016 की अवधि के दौरान 8 नवंबर 206 की अधिसूचना सां. आ. 3407 (अ) में यथा परिभाषित विनिर्दिष्ट बैंक नोट मे धारिता और लेन देन के संबंध में अपेक्षित प्रकटन उपलब्ध करवाए हैं। 8 नवंबर 2016 से 30 दिसंबर 2016 की अवधि के दौरान विनिर्दिष्ट बैंक नोट में कंपनी की कोई धारिता या लेन देन नहीं था : एकल इंड एएस वित्तीय विवरणों की टिप्पणी सं. 19.3 देखें।

कृते प्रेम गुप्ता एन्ड कम्पनी
सनदी लेखाकार
फर्म पंजीकरण सं. 000425एन

कृते बीसी जैन एन्ड कम्पनी
सनदी लेखाकार
फर्म पंजीकरण सं. 001099सी

ह0
(शकुन गुप्ता)
भागीदार (सदस्य सं0 097379)

ह0
(श्यामजी गुप्ता)
भागीदार (सदस्य संख्या 416155)

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 22 मई, 2017

विश्व श्रेणी की रिग क्रेचेट ने सखालिन–1 परियोजना में अडाप्टू क्षेत्र में अपना पहला कूप खोदा

स्वतंत्र लेखा–परीक्षकरिपोर्ट का अनुलग्नक ''क''

(31 मार्च 2017 को समाप्त वर्ष के लिए एकल इंड एएस लेखों पर ओएनजीसी विदेश लिमिटेड के सदस्योंको हमारी समतिथि रिपोर्ट के 'अन्य कानूनी और विनियामकीय अपेक्षाए संबंधी रिपोर्ट' खंड के अंतर्गत अनुच्छेद 1 में उल्लिखित अनुलग्नक)

i) अचल परिसंपत्तियों के संबंध में

(क) कंपनी ने आमतौर पर भारत में अचल परिसंपत्तियों के मात्रात्मक ब्यौरों तथा स्थिति सहित पूर्ण ब्यौरे और भारत के बाहर परिचालित परियोजनाओं और शाखाओं के मामले में पूर्ण विवरण दर्शानेवाले उचित अभिलेख मुख्यालय में रखे हैं। भारत से बाहर गैर–प्रचालित उद्यमों के संबंध में भारत के बाहर की अचल परिसंपत्तियां संयुक्त उद्यमों के संबंधित प्रचालकों द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना के आधार पर लेखे मेंली जाती हैं और ये परिसंपत्तियां संबंधित करारों की पूरी अवधि के दौरान व्यवसाय प्रचालन के लिए साझेदारों की ओर से कंसोर्टियम और/या प्रचालक की अभिरक्षा में हैं। हालांकि हम सलाह देते हैं कि अचल आस्तियों के स्थान नियमित रूप से अद्यतित किए जाने चाहिए।

(ख) जैसा कि हमें स्पष्टीकरण दिया गया है, वर्ष के दौरान प्रबंधन द्वारा कोलम्बिया, वियतनाम, इरान, म्यांमार तथा कॉरपोरेट कार्यालय में स्थित अचल परिसंपत्तियों का वास्तविक सत्यापन किया गया है। इन परियोजनाओं/ कार्यालयों से संबंधित अचल परिसंपत्तियों के इस प्रकार किए गए वास्तविक सत्यापनों के दौरान प्राप्त विसंगतियो का मिलान किया जाना शेष है।

(ग) अचल संपत्तियों के हकदारी विलेखों को कंपनी के नाम में रखा गया है

ii) इसकी मालसूचियों के संबंध में :

क) कंपनी के पास भारत में कोई मालसूची नहीं है। तथापि,गैर–प्रचालित / प्रचालित परियोजनाओं में भारत के बाहर पड़ी माल सूचियां कंसोर्टियम के साझेदारों की ओर से कंसोर्टियम और/या प्रचालक की अभिरक्षा में हैं। लेखा–परीक्षा के अधीन वर्षके दौरान गैर–प्रचालित / प्रचालित परियोजनाओं में पड़ी अधिकांश माल सूचियों का वास्तविक सत्यापन संयुक्त उद्यमों के प्रचालक द्वारा संबंधित करारों की शर्तों के अनुसार किया गया था। यह सूचितकिया गया था कि भारत के बाहर संयुक्त उद्यमों में सहभागिता हित के कंपनी के हिस्से को प्रदर्शित करने वाली कंपनी द्वारा रखी गई मालसूची संबंधित प्रचालकों द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना के आधार पर लेखा बहियों में शामिल की गई है। जैसा कि प्रबंधन द्वारा सूचित किया गया है, प्रचालित और गैर–प्रचालित संयुक्त उद्यमों के संबंध में प्रबंधन द्वारा अपनाई गई, भारत के बाहर पड़ी मालसूची के वास्तविक सत्यापन की प्रक्रियाएं कंपनी के आकार और इसके व्यवसाय के स्वरूप के हिसाब से तर्क संगत और उपयुक्त हैं।

ख) जैसा कि प्रबंधन द्वारा सूचित किया गया है, सूची से संबंधित समुचित रिकॉर्डों का रखरखाव विदेशों में प्रचालित और गैर प्रचालित संयुक्त उपक्रमों द्वारा किया गया है और किसी भी प्रकार की वास्तविक विसंगतियां इन वास्तविक सत्यापनों के दौरान नहीं पाई गई थी।

iii) हमें प्रदान की गई सूचना और दिए गए स्पष्टीकरण के अनुसार कंपनी द्वारा अपनी सहायक कंपनियों को लंबी अवधि के लिए ऋण प्रदान किए गए हैं, और 31 मार्च 2017 की स्थिति के अनुसार बकाया राशि ₹9,796.15 मिलियन (31 मार्च, 2016 की स्थिति के अनुसार ₹17,768.20मिलियन) है जिसमें से ₹198.88 मिलियन (31 मार्च 2016 की स्थिति के अनुसार ₹7,906 मिलियन)बिना ब्याज वाले हैं तथा इसके लिए ₹2,036.60 मिलियन (31 मार्च 2016 की स्थिति के अनुसार ₹2,083.60 मिलियन)का प्रावधान रखा गया है। इन ऋणों की निबंधनें एवं शर्तें कंपनी के हितों के प्रतिकूल नहीं हैं। इसके अलावा मूलधन और ब्याज की अदायगी की कोई निर्धारित समय सीमा नहीं है।

iv) हमारी राय में और हमें दी गयी सूचना और स्पष्टीकरण के अनुसार, कंपनी ने उन निदेशकों / या किसी ऐसी कंपनी को ऋण प्रदान किए नहीं हैं जिनमें निदेशक का हित हो जिस पर कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 185 के उपबंध लागू होते हैं। इसके अलावा, कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 186 इस कंपनी के लिए लागू नहीं होती है।

v) कंपनी ने किसी प्रकार का सार्वजनिक जमा स्वीकार नहीं किया है।

vi) जैसा कि हमें सूचित किया गया है, केन्द्र सरकार द्वारा कंपनी की गतिविधियों के लिए कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 148 (1) के तहत लागत संबंधी अभिलेखों का रखरखाव करने को विनिर्दिष्ट नहीं किया गया है।

vii) क) भविष्य निधि अंशदानों को कंपनी द्वारा अपनी मूल कंपनी ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन लिमिटेड (ओएनजीसी) को हस्तांतरित कर दिया जाता है। ओएनजीसी उपयुक्त प्राधिकरण में उसे जमा करने के लिए जिम्मेदार है। आयकर, बिक्री कर, वैट, कस्टम ड्यूटी, एक्साइज ड्यूटी और सर्विस टैक्स और अन्य वैधानिक बकाया राशियों सहित निर्विवाद सांविधिक देय राशियों को सामान्यतः नियमित रूप से उचित प्राधिकरणों में जमा कर दिया जाता है और 31 मार्च 2017 की स्थिति के अनुसार किसी भी प्रकार की निर्विवाद राशि अपनी देय तिथि से छह माह से अधिक अवधि के लिए बकाया नहीं पाई गई है। हमें जानकारी प्रदान की गई है कि इस कंपनी के लिए कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई) लागू नहीं होता है।

ख) कंपनी के रिकॉर्ड के अनुसार, आयकर और सेवा कर बकाया राशि जो विवाद के कारण लंबित हैं इस प्रकार हैं :

विधान का नाम	देयों के प्रकार	राशि (मिलियन ₹ में)	राशि जिस अवधि से संबंधित है	जिस फोरम में विवाद लंबित है
आय कर अधिनियम 1961	विवादित आय कर मांग	6,771.10	नि. वर्ष. 06–07 से नि. वर्ष 10–11 तक	आईटीएटी
आय कर अधिनियम 1961	विवादित आय कर मांग	4,987.02#	नि. वर्ष. 11–12 से नि. वर्ष 11–14 तक	सीआईटी (ए)
सेवा कर – वित्त अधिनियम, 1994	सेवा कर के तहत मांग सह कारण बताओ	61,026.75	वि. व. 06–07 से वि.व. 14–15	आयुक्त – सेवा कर
कुल		**72,784.87**		

₹5,329.07मिलियन आय कर मांग प्राधिकारियों द्वारा समायोजित की गयी है या समय समय पर विरोध के तहत कंपनी द्वारा भुगतान किया गया है।

viii) कंपनी द्वारा वर्ष के दौरान किसी भी वित्तीय संस्था, बैंकों, सरकार और डिबेंचर धारक के प्रति देय राशि की अदायगी में चूक नहीं की गई है।

ix) कंपनी ने वर्ष के दौरान आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) या अन्य सार्वजनिक पेशकश (ऋण पत्र सहित) के माध्यम से पैसा नहीं जुटाया है। हमें प्रदान की गयी सूचना और स्पष्टीकरण के अनुसार, आवधिक ऋणों को उन प्रयोजनों के लिए व्यापक रूप से कार्यान्वित किया गया था जिनके लिए उन्हें प्राप्त किया गया था।

x) प्रबंधन द्वारा हमें प्रदान की गयी सूचना और स्पष्टीकरण के अनुसार और हमारी उचित जानकारी तथा विश्वसनीयता के आधार पर लेखा परीक्षाके दौरान कंपनी द्वारा या उसके अधिकारी या कर्मचारी द्वारा कंपनी मेंकिसी भी प्रकार की धोखाधड़ी पाई अथवा बताई नहीं गई है।

xi) कंपनी कार्य मंत्रालय द्वारा जारी 5 जून 2015 के सा. सां. नि. 463 (अ) के अनुसार प्रबंधकीय पारिश्रमिक से संबंधित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 197 इस कंपनी पर लागू नहीं होते हैं, क्योंकि यह एक सरकारी कंपनी है।

xii) यह कंपनी एक निधि कंपनी नहीं है।

xiii) संबंधित पक्षकारों के साथ सभी प्रकार के लेनदेन कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 177 और 188 के अनुपालन में किए गए हैं जहां लागू होते हैं और इनके विवरणों को एकल इंड एएस वित्तीय विवरणों आदि में प्रकट कर दिया गया है जैसा कि लागू लेखा मानकों में आवश्यक होता है।

xiv) कंपनी द्वारा समीक्षाधीन वर्ष के दौरान किसी भी प्रकार के अधिमान्य आवंटन या शेयरों या पूर्ण अथवा आंशिक रूप से परिवर्तनीय डिबेंचरों की निजी संस्थापना नहीं की गई हैं

xv) हमें प्रदान की गयी सूचना और स्पष्टीकरण के अनुसार, कंपनी द्वारा निदेशकों या उनसे संबंधित व्यक्तियों के साथ कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 192 के तहत विनिर्दिष्ट किसी भी प्रकार के गैरनकदी लेनदेन नहीं किए गए हैं।

xvi) कंपनी का भारत रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 45.1 क के तहत भारतीय रिजर्व बैंक में पंजीकृत होना आवश्यक नहीं है।

कृते प्रेम गुप्ता एन्ड कम्पनी
सनदी लेखाकार
फर्म पंजीकरण संख्या 000425एन

कृते बीसी जैन एन्ड कम्पनी
सनदी लेखाकार
फर्म पंजीकरण संख्या 001099सी

ह0
(शकुन गुप्ता)
भागीदार (सदस्य सं0 506838)

ह0
(श्यामजी गुप्ता)
भागीदार (सदस्य संख्या 416155)

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 22 मई 2017

स्वतंत्र लेखा–परीक्षक रिपोर्ट का अनुलग्नक ख

(31 मार्च 2017 को समाप्त वर्ष के लिए एकल इंड एएस वित्तीय विवरणों पर ओएनजीसी विदेश के सदस्यों के लिए हमारी समतिथि रिपोर्ट के खंड 'अन्य विधिक और विनियामकीय अपेक्षाओं संबंधी रिपोर्ट' के तहत अनुच्छेद 2 में उल्लिखित अनुलग्नक)

क्र. स.	निदेश	कृत कार्रवाई	एकल इंड एएस वित्तीय विवरणों परइसका प्रभाव
I.	क्या कंपनी द्वारा क्रमशः फ्रीहोल्ड और पट्टे के लिए स्पष्ट हकदारी/ पट्टानामा धारित है? यदि नहीं है तो कृपया उन फ्रीहोल्ड और पट्टाधारित भूमि के क्षेत्र का उल्लेख करें जिनकी स्पष्ट हकदारी /	कंपनी द्वारा अपने नाम में एक सर्वकालिक पट्टा धारित भूखंड व पट्टानामा धारित है।	शून्य
2.	पट्टानामा उपलब्ध नहीं है।	हमें प्रदान की गई जानकारी और स्पष्टीकरणों के अनुसार देनदारी /ऋण / ब्याज आदि छूट / हटाने का कोई भी मामला नहीं हैं।	शून्य
3.	कृपया बताएं कि क्या देनदारी / ऋण / ब्याज आदि छूट / हटाने के कोई भी मामले हैं, यदि हैं तो इसने कारण तथा इनकी राशि बताएं।	कंपनी की भारत में किसी भी प्रकार की माल सूची नहीं है। जैसा किहमें सूचित किया गया है, भारत के बाहर गैर प्रचालित / प्रचालित परियोजनाओं में तीसरे पक्षकारों के पास रखे माल के संबंध में रिकॉर्ड को उचित तरीके से परिसंघीय भागीदार की ओर से परिसंघ और / अथवा प्रचालक द्वारा रखा जाता है। प्रबंधन द्वारा प्रदान की गई जानकारी के अनुसार, कंपनी द्वारा सरकार अथवा अन्य प्राधिकरणों से उपहारों के रूप में किन्हीं भी परिसंपत्तियों को प्राप्त नहीं किया गया है।	शून्य
I.	क्या तीसरे पक्षकार के पास रखे गए माल के लिए तथा सरकार अथवा अन्य प्राधिकरणों से उपहारों के रूप में प्राप्त परिसंपत्तियों का उचित रिकॉर्ड रखा गया है।	कंपनी ने 1 अप्रैल 2015 की पारगमन तिथि से इंड एएस अंगीकृत किया है और तदनुसार, सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी तेल एवं गैस उत्पादनकारी गतिविधियों (इंड एएस) के लिए लेखांकन संबंधी मार्गदर्शी टिप्पणी की अपेक्षाओं के अनुरूप एकल इंड एएस वित्तीय विवरणों में टिप्पणी 3.9 (पप) में अर्जन लागत के लिए लेखांकन नीति को शामिल किया गया है।	शून्य
2.	सटीकता से प्रदान की गई जानकारी / सूचनाओं अर्थात कर्मचारियों की संख्या, औसत वेतन, सेवानिवृत्ति की आयु, और ग्रेच्युटी, अवकाश नकदी करण, सेवानिवृति पश्चात चिकित्सा लाभ आदि जैसे सेवानिवृति लाभों की देयताओं के प्रावधान तैयार करने के लिए छूट की दर, भविष्य लागत में वृद्धि, मृत्यु दर, आदि से संबंधित सटीक अनुमानों की स्वतंत्र जांच की जा सकती है।	कंपनी के कर्मचारियों की प्रतिनियुक्ति मूल कंपनी ऑयल एंड नेचुरलगैस कॉरपोरेशन लिमिटेड की जाती है और इसे कर्मचारियों के लाभके लिए मूल कंपनी की नीति के अनुसार संचालित किया जाताहै। कर्मचारियों के लाभ से संबंधित सभी प्रकार की योजनाएं मूलकंपनी द्वारा संचालित की जाती हैं और तदनुसार मौजूदा वर्ष के लिए कर्मचारियों के लाभों के प्रावधान मूल कंपनी को स्थानांतरित करते हुए समायोजित किए जाते हैं (इसके अलावा एकल इंड एएस वित्तीय विवरणों की टिप्पणी संख्या 40 का अवलोकन करें)	शून्य

कृते प्रेम गुप्ता एन्ड कम्पनी
सनदी लेखाकार
फर्म पंजीकरण संख्या 000425एन

ह0
(शकुन गुप्ता)
भागीदार (सदस्य सं0 506838)

कृते बीसी जैन एन्ड कम्पनी
सनदी लेखाकार
फर्म पंजीकरण संख्या 001099सी

ह0
(श्यामजी गुप्ता)
भागीदार (सदस्य संख्या 416155)

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 22 मई 2017

लेखापरीक्षक रिपोर्ट का अनुलग्नक ''ग''

(31 मार्च 2017 को समाप्त वर्ष के लिए एकल इंड एएस वित्तीय विवरणों पर ओएनजीसी विदेश के सदस्यों के लिए हमारी समतिथि रिपोर्ट के खंड 'अन्य विधिक और विनियामकीय अपेक्षाओं संबंधी रिपोर्ट' के तहत अनुच्छेद 2 में उल्लिखित अनुलग्नक)

कंपनी अधिनियम, 2013 (''अधिनियम'')की धारा 143 की उपधारा 3 के खंड (1) के तहत आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों से संबंधित रिपोर्ट

1. हमने 31 मार्च 2017 की स्थिति के अनुसार ''ओएनजीसी विदेश लिमिटेड''(''कंपनी'') का इसी तिथि को समाप्त वर्ष के लिए कंपनी के एकल इंड एएस वित्तीय विवरणों के हमारे द्वारा किए गए लेखा परीक्षण का संयोजन करते हुए वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों का लेखा परीक्षण किया है।

आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के लिए प्रबंधन का दायित्व

2. कंपनी के प्रबंधन का दायित्व भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (''आईसीएआई'')द्वारा जारी किए गए वित्तीय रिपोर्टिंग संबंधी आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों का लेखा परीक्षण करने से संबंधित मार्ग दर्शक टिप्पणी में उल्लिखित आंतरिक नियंत्रण के अनिवार्य घटको पर विचार करते हुए कंपनी द्वारा स्थापित वित्तीय रिपोर्टिंग मानदंडो पर आंतरिक नियंत्रण पर आधारित आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की स्थापना व रख रखाव करने का है। इन जिम्मेदारियों में पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों को तैयार करने, कार्यान्वित करने तथा रखरखाव करने को शामिल किया गया है जो इसके व्यवसाय को क्रमबद्ध तरीके से व कुशलतापूर्वक संचालित करना सुनिश्चित करने के लिए कुशलतापूर्व प्रचालन कार्य कर रहे थे इनमें अपनी संपत्ति की सुरक्षा, धोखाधड़ी और त्रुटियों की रोकथाम और उनका पता लगाने, लेखा अभिलेखों की सटीकता और पूर्णता, और विश्वसनीय वित्तीय सूचनाओं की समयबद्ध तैयारी शामिल हैं जो कंपनी अधिनियम 2013 के तहत अपेक्षित हैं।

लेखा परीक्षकों की जिम्मेदारी

3. हमारा दायित्व हमारे लेखा परीक्षण के आधार पर वित्तीय रिपोर्टिंग पर कंपनी के आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के बारे में राय व्यक्त करना है। हम अपना लेखापरीक्षण आईसीएआई द्वारा जारी किए गए वित्तीय रिपोर्टिंग (''मार्गदर्शक टिप्पणी'') संबंधी आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की लेखा परीक्षण दिशा निर्देश टिप्पणी तथालेखा परीक्षण मानकों और आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों के लेखा परीक्षण की लागू सीमा तक कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 143 (10) के तहत उल्लिखित मान्यताओं के अनुसार आयोजित करते हैं, ये दोनों ही किसी भी आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों के लेखा परीक्षण पर लागू होते हैं तथा दोनों को भारतीय सनदी लेखकार संस्थान द्वारा जारी किया गया है। उन मानकों और दिशा निर्देश टिप्पणी के लिए आवश्यकता होता है कि हम नैतिक आवश्यकताओं और योजनाका अनुपालन करें तथा इन उचित आश्वासनों को प्राप्त करने के लिए लेखापरीक्षा निष्पादित करते हैं कि क्या वित्तीय रिपोर्टिंग पर पर्याप्त आंतरिक वित्तीयनियंत्रण स्थापित किया गया था और किया जा रहा है तथा क्या इस प्रकार के नियंत्रणों को कुशलता पूर्वक सभी वास्तविक मामलों में प्रचालित किया जा रहा है।

4. हमारे लेखा परीक्षण में वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की सटीकता के बारे में लेखा परीक्षण साक्ष्य प्राप्त करने के लिए निष्पादन पद्धतियां और उनकी प्रचालन संबंधी कुशलता शामिल होती हैं। वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के हमारे लेखा परीक्षण में वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण को समझना, जोखिम का आंकलन करना कि क्या इसमें कोई वास्तविक क्षीणता मौजूद है, और आंकलित जोखिम पर आधारित आंतरिक नियंत्रण की रूप रेखा व प्रचालन प्रभावशीलता का परीक्षण व मूल्यांकन करना शामिल होते हैं। प्रक्रियाओं का चयन लेखा परीक्षक के निर्णय पर निर्भर करता है, जिसमें वित्तीय विवरणों के वास्तविक गलत बयान के जोखिम का आकलन शामिल होता है,चाहे इसका कारण धोखाधड़ी या त्रुटि हो।

5. हम मानते हैं कि लेखा परीक्षा साक्ष्य जिन्हें हमारे द्वारा प्राप्त किया गया है वे वित्तीय रिपोर्टिंग पर कंपनी की आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली के लिए हमारी लेखा परीक्षा राय को एक आधार प्रदान करने के लिए पर्याप्त और उचित है।

वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों का तात्पर्य

6. एक कंपनी की वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण, एक प्रक्रिया है जिसे वित्तीय रिपोर्टिंग की विश्वसनीयता के संदर्भ में उचित आश्वासन प्रदान करने के लिए और सामान्यता स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों के अनुसार बाहरी प्रयोजनों के लिए वित्तीय विवरणें को तैयार करने के लिए तैयार किया जाता है।किसी कंपनी की वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण में वे नीतियां व प्रक्रियाएं शामिल होती हैं जो (1) उन अभिलेखों के रखरखाव से संबंधित होती है जो उचित विस्तार युक्त, सटीक होते हैं तथा कंपनी की परिसंपत्तियों के सौदों व निपटान को उचित तौर पर प्रतिबिंबित करते हैं; (2) उचित आश्वासनप्रदान करते हैं कि वित्तीय विवरणों को सामान्यता स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों के अनुसार तैयार करने के लिए अनुमत किए जाने की अनिवार्यता के साथ लेनदेन को दर्ज किया

गया है, तथा कंपनी की उन प्राप्तियों व व्ययों को कंपनी के प्रबंधन व निदेशकों के प्राधिकारों के अनुसार ही तैयार किया जा रहा है; तथा (3)कंपनी की उन परिसंपत्तियों के अनाधिकृत अर्जन, उपयोग अथवा निपटान को रोकने अथवा समय पर उनकी खोज के संदर्भ में उचित आष्वासन प्रदान करेजिनका वित्तीय विवरणों पर काफी अधिक प्रभाव हो।

वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की निहित सीमाए

7. वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की निहित सीमाओं के कारण,जिसमें मिलीभगत या अनुचित प्रबंधन की संभावना हावी होती हैं, त्रुटियों और धोखाधड़ी के होने तथा उनके ज्ञात न होने के कारण अत्याधिक गलत बयानी होती हैं। इसके अलावा, भावी अवधियों के लिए वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों के किसी भी मूल्यांकन के पूर्वानुमान जोखिम पर आधारित होते हैं जिससे परिस्थितियों में परिवर्तन के कारण वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण अपर्याप्त हो सकते हैं अथवा जिससे नीतियों व प्रक्रियाओं के अनुपालन के स्तर दूषित हो सकते हैं।

राय

8. हमारी राय में, कंपनी के पास सभी वास्तविक आयामों में वित्तीय रिपोर्टिंग के लिए एक पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली निहित है तथा वित्तीय रिपोर्टिंग के लिए इस प्रकार की आंतरिक नियंत्रण प्रणाली 31 मार्च 2017 तक भारतीय चार्टर्ड एकाउंटेंट संस्थान द्वारा जारी किए गए वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की लेखा परीक्षण संबंधी दिशा निर्देश टिप्पणीमें निर्दिष्ट आंतरिक नियंत्रण के अनिवार्य घटकों पर विचार करते हुए कंपनी द्वारा वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों के मानदंडों की स्थापना के आधार पर प्रभावी ढंग से कार्य कर रहीं थीं।

	कृते प्रेम गुप्ता एन्ड कम्पनी सनदी लेखाकार फर्म पंजीकरण संख्या 000425एन	कृते बीसी जैन एन्ड कम्पनी सनदी लेखाकार फर्म पंजीकरण संख्या 001099सी
	ह0	ह0
स्थान : नई दिल्ली दिनांक : 22 मई 2017	(शकुन गुप्ता) भागीदार (सदस्य सं0 506838)	(श्यामजी गुप्ता) भागीदार (सदस्य संख्या 416155)

सखालिन–1, रुस में ओरलैंड प्लेटफार्म का एक दृष्य

वित्तीय विवरण– एकल

31 मार्च 2017 को स्टैंड अलोन तुलन पत्र

(₹ मिलियन में)

विवरण	टिप्पणी सं.	31 मार्च 2017 को	31 मार्च 2016 को	1 अप्रैल 2015 को
I. परिसंपत्तियां				
(1) गैर – चालू परिसंपत्तियां				
क) परिसंपत्ति, संयंत्र और उपकरण				
(i) तेल एवं गैस परिसंपत्तियां	5	**246,656.91**	232,679.35	244,361.15
(पप) अन्य परिसंपत्ति, संयंत्र और उपकरण	6	**16,379.40**	16,467.31	18,062.26
ख) निर्माणाधी पूंजीगत कार्य				
(i) तेल एवं गैस परिसंपत्तियां	7			
1) निर्माणाधीन विकासात्मक कूप		**6,359.96**	6,881.57	7,847.79
2) निर्माणाधीन तेल एवं गैस सुविधाएं		**16,956.20**	29,786.39	17,902.25
(पप) अन्य		**23.40**	3,143.33	2,239.80
ग) अमूर्त परिसंपत्तियां	8	**412.93**	164.97	109.63
घ) विकासाधीन अमूर्त परिसंपत्तियां	9			
(प) प्रगति अधीन अन्वेषी कूप		**19,215.56**	18,939.04	16,481.42
(पप) अर्जन लागत		**149,437.22**	150,489.11	152,091.64
ङ) वित्तीय परिसंपत्तियां				
(प) निवेश	10	**281,844.34**	276,273.78	277,031.62
(पप) ट्रेड प्राप्य	11	**-**	-	-
(पपप) ऋण	12	**7,907.57**	15,872.07	11,425.30
(पअ) स्थल पुनर्स्थापन निधि के लिए जमा	13	**555.81**	393.69	206.49
(अ) वित्त पट्टा प्राप्य	14	**-**	-	-
(अप) अन्य वित्तीय परिसंपत्तियां	15	**509.23**	707.28	642.51
च) गौर चालू कर परिसंपत्तियां (निवल)	16	**3758.28**	3,570.81	6,874.48
छ) अन्य गौर चालू परिसंपत्तियां	17	**7,169.77**	7,546.52	6,536.42
कुल गौर चालू परिसंपत्तियां		**757,186.58**	**762,915.22**	**761,812.76**
(2) चालू परिसंपत्तियां				
(क) मालसूचियां	18	**6,493.12**	6,497.52	4,692.39
(ख) वित्तीय परिसंपत्तियां				
(प) ट्रेड प्राप्य	11	**8,525.76**	6,038.16	8,199.58
(पप) नकद एवं नकद समतुल्य	19	**3,732.25**	1,327.38	7,338.29
(पपप) ऋण	12	**60.08**	35.65	31.46
(पअ) अन्य वित्तीय परिसंपत्तियां जमा	15	**28,659.33**	19,765.34	15,950.24
(ग) अन्य चालू परिसंपत्तियां	17	**1,201.76**	2,008.46	1,789.25
कुल चालू परिसंपत्तियां		**48,672.30**	**35,672.51**	**38,001.21**
कुल परिसंपत्तियां		**805,858.88**	**798,587.73**	**799,813.97**
II. इक्विटी और देयताएं				
(1) इक्विटी				
(क) इक्विटी और शेयर पूंजी	20	**150,000.00**	100,000.00	100,000.00
(ख) अन्य इक्विटी	21	**167,332.40**	199,402.13	224,340.24
कुल इक्विटी		**317,332.40**	299,402.13	**324,340.24**

विवरण	टिप्पणी सं.	31 मार्च 2017 को	31 मार्च 2016 को	1 अप्रैल 2015 को
देयताएं				
(2) गौर चालू देयताएं				
(क) वित्तीय देयताएं				
(प) उधार	22	302,425.76	318,264.52	306,227.80
(पप) अन्य वित्तीय देयताएं	23	1,425.74	1,499.70	1,213.38
(ख) प्रावधान	24	32,364.17	29,514.39	26,618.97
(ग) आस्थगित कर देयताएं (निवल)	25	113,972.39	110,337.38	103,954.44
कुल गौर चालू देयताएं		**450,188.06**	**459,615.99**	**438,014.59**
(3) चालू देयताएं				
(क) वित्तीय देयताएं				
(प) ट्रेड प्राप्य	26	25,737.22	28,767.64	26,315.53
(पप)अन्य वित्ज्ञीय देयताएं	23	7,030.12	6,265.28	7,177.65
(ख) अन्य चालू देयताएं	27	1,325.37	912.41	1,586.04
(ग) प्रावधान	24	1,621.25	1,658.75	-
(घ) चालू कर देयताएं (निवल)	16	2,624.46	1,965.53	2,379.92
कुल चालू देयताएं		**38,338.42**	**39,569.61**	**37,459.14**
कुल देयताएं		**488,526.48**	**499,185.60**	**475,473.73**
कुल इक्विटी और देयताएं		**805,858.88**	**798,587.73**	**799,813.97**
एकल भारतीय लेखांकन मानक वित्तीय विवरण के सहब' टिप्पणियां देखना				

वित्तीय व्यक्तियों के रुप मे स्टैडअलोन इंड के साथ टिप्पणी देखें।

कृते और की ओर से निदेशक मंडल

ह०
(एस बी सिंह)
कंपनी सचिव

ह०
(विवेकानंद)
निदेशक (वित्त)

ह०
(नरेन्द्र कु. वर्मा)
प्रबंध निदेशक

समतिथि की हमारी रिपोर्ट के अनुसार
कृते प्रेम गुप्ता एंड कं.
सनदी लेखाकार
फर्म पंजी. सं. 000425एन

कृते बी सी जैन एंड कं.
सनदी लेखाकार
फर्म पंजी. सं. 001099सी

स्थान : दिल्ली
तिथि : 22 मई 2017

ह०
(शकुन गुप्ता)
साझीदार (स. सं. 506838)

ह०
(श्यामजी गुप्ता)
साझीदार(स.सं. 416155)

31 मार्च 2017 को समाप्त वर्ष के लिए लाभ एवं हानि का एकल विवरण

(₹ मिलियन में)

मद	टिप्पणी सं.	31 मार्च 2017 को समाप्त वर्ष	31 मार्च 2016 को समाप्त वर्ष
I प्रचालनों से राजस्व	28	**73,324.63**	71,117.40
II अन्य आय	29	**4,130.08**	6,532.70
III कुल आय **(I+II)**		**77,454.71**	**77,650.10**
IV व्यय			
तैयार माल की मालसूची में विवरण	30	**12.56**	(10.86)
ओवरलिफ्ट / अंडर लिफ्ट परिमाण के कारण कमी / (वृद्धि)		**274.01**	(605.88)
उत्पादन, परिवहन, विक्रय और वितरण व्यय	31	**22,170.31**	22,788.23
बट्टे खाते डाली गयी अन्वेषण लागत			
(क) सर्वेक्षण लागत		**1,254.63**	1,428.97
(ख) अन्वेषी कूप लागत		**22.77**	779.28
मूल्यह्रास, निःशेषण, परिशोधन और क्षति	32	**27,379.84**	29,921.46
वित्तीय लागत	33	**5,939.44**	11,358.53
अन्य क्षति और बट्टे खाते डालना	34	**475.74**	4,077.64
अन्य व्यय	35	**730.53**	286.32
कुल व्यय **(IV)**		**58,259.83**	**70,023.69**
V लाभ पूर्व असधारण मदें और कर (III-IV)		**19,194.88**	7,626.41
VI असधारण (आय) / व्यय	36	**(7,217.49)**	47,166.83
VII कर पूर्व **(V-VI)** लाभ / (हानि)		**26,412.37**	**(39,540.42)**
VIII कर व्यय :			
(क) चालू कर	37		
– चालू वर्ष से संबंधित		**4,340.16**	4,164.70
– पूर्व के वर्षों से संबंधित		**(366.66)**	438.51
(ख) आस्थगित कर	37	**4,945.07**	(5,199.31)
कुल कर व्यय **(VIII)**		**8,918.57**	**(596.10)**
IX वर्ष की लाभ (हानि)		**17,493.80**	**(38,944.32)**
अन्य सविवरण आय			
(क) मदें जिन्हें लाभ या हानि में पुनर्वर्गीकृत नहीं किया जाएगा			
(i) परिभाषित हितलाभा दायित्व		**(18.12)**	(0.79)
–उपर्युक्त से संबंधित आय कर		**6.27**	0.27
(ख) मदें जिन्हें लाभ या हानि के रूप में पुनर्वर्गीकृतकिया जाएगा			
(i) विदेशी प्रचालनों के वित्तीय विवरण को परिवर्तित करने में मुद्रा अंतर		**1,408.56**	21,140.38
– उपर्युक्त से संबंधित आय कर		**(487.47)**	(7,316.26)
ग कुल अन्य सविवरण आय		**909.24**	**13,823.60**
XI इस वर्ष के लिए कुल सविवरण आय/(हानि) **(IX+X)**		**18,403.04**	**(25,120.72)**
XII प्रति इक्विटी शेयर आय : (₹100 प्रत्येक के अंकित मूल्य पर)	38		
मूल (₹)		12.34	(33.66)
तनुकृत (₹)		11.66	(25.96)

वित्तीय व्यक्तियों के रुप मे स्टैडअलोन इंड के साथ टिप्पणी देखें 1-53

कृते और की ओर से निदेशक मंडल

ह०
(एस बी सिंह)
कंपनी सचिव

ह०
(विवेकानंद)
निदेशक (वित्त)

ह०
(नरेन्द्र के. वर्मा)
प्रबंध निदेशक

कृते प्रेम गुप्ता एंड कं.

सनदी लेखाकार
फर्म पंजी. सं. 000425एन

कृते बी सी जैन एंड कं.
सनदी लेखाकार
फर्म पंजी. सं. 001099सी

स्थान : दिल्ली
तिथि : 22 मई 2017

ह०
(शकुन गुप्ता)
साझीदार (स. सं. 506838)

ह०
(श्यामजी गुप्ता)
साझीदार(स.सं. 416155)

31 मार्च 2017 को समाप्त वर्ष को इक्विटी परिवर्तन का एकल विवरण

(i) इक्विटी शेयर पूंजी

(₹ मिलियन में)

मद	राशि
1 अप्रैल 2015 को शेष	**100,000.00**
वर्ष के दौरान परिवर्तन	-
31 मार्च 2016 को शेष	**100,000.00**
अधिकार निर्गम के माध्यम से इक्विटी शेयर निर्गम	50,000.00
31 मार्च 2017 को शेष	**150,000.00**

31 मार्च 2017 को समाप्त वर्ष इक्विटी परिवर्तन का एकल विवरण (जारी.....)

(ii) अन्य इक्विटी

(₹ मिलियन में)

			आरक्षित निधि एवं अधिशेष					
मद	शेयरों के लंबित आवंटन के प्रति शेयरधारकों का अग्रिम	धारित कंपनी से पूंजीगत योगदान माने गए	पूंजीगत आरक्षित निधि	ऋण पत्र शोधन आरक्षित निधि	सामान्य आरक्षित निधि	प्रतिधारित अर्जन	विदेशी प्रचालनों के वित्तीय विवरण को रूपांतरित करने पर विनिमय अंतर	कुल
1 अप्रैल 2015 को शेष	**50,000.00**	**4,616.85**	**174.08**	**28,675.17**	**37,034.82**	**45,708.26**	**58,131.06**	**224,340.24**
वर्ष के दौरान हानि		-	-	-	-	(38,944.32)	-	(38,944.32)
परिभाषित हितलाभ दायित्व का पुनर्मापन, आय कर के निवल	-	-	-	-	-	(0.52)	-	(0.52)
वर्ष के दौरान अन्य सविवरण आय, आय कर के निवल	-	-	-	-	-	-	13,824.12	13,824.12
वर्ष के दौरान कुल सविवरण आय	**-**	**-**	**-**	**-**	**-**	**(38,944.84)**	**13,824.12**	**(25,120.72)**
वर्ष के दौरान परिवर्तन	-	182.61	-	-	-	-	-	182.61
ऋण पत्र शोधन आरक्षित निधि में अंतरण	-	-	-	30,039.12	(23,275.70)	(6,763.42)	-	-
31 मार्च 2016 को शेष	**50,000.00**	**4,799.46**	**174.08**	**58,714.29**	**13,759.12**	**-**	**71,955.18**	**199,402.13**
वर्ष के दौरान लाभ						17,493.80	-	17,493.80
परिभाषित हितलाभ दायित्व का पुनर्मापन, आय कर के निवल	-	-	-	-	-	(11.85)	-	(11.85)
वर्ष के दौरान अन्य सविवरण आय, आय कर के निवल	-	-	-	-	-	-	921.09	921.09
वर्ष के दौरान कुल सविवरण आय, आय कर के निवल	**-**	**-**	**-**	**-**	**-**	**17,481.95**	**921.09**	**18,403.04**
अधिकार निर्गम के माध्यम से इक्विटी निर्गम	(50,000.00)		-	-	-	-	-	(50,000.00)

(ii) अन्य इक्विटी

(₹ मिलियन में)

			आरक्षित निधि एवं अधिशेष					
मद	शेयरों के लंबित आवंटन के प्रति शेयरधारकों का अग्रिम	धारित कंपनी से पूंजीगत योगदान माने गए	पूंजीगत आरक्षित निधि	ऋण पत्र शोधन आरक्षित निधि	सामान्य आरक्षित निधि	प्रतिधारित अर्जन	विदेशी प्रचालनों के वित्तीय विवरण को रूपांतरित करने पर विनिमय अंतर	कुल
निर्गम	-	-	-	-	-	-	-	-
वर्ष के दौरान परिवर्तन	-	(472.77)	-	-	-	-	-	(472.77)
ऋणपत्र शोधन आरक्षित निधि में अंतरण	-	-	-	20,460.91	(2,978.96)	(17,481.95)	-	-
सामान्य आरक्षित निधि में अंतरण	-	-	-	-	-	-	-	-
31 मार्च 2017 को शेष	**-**	**4,326.69**	**174.08**	**79,175.20**	**10,780.16**	**-**	**72,876.27**	**167,332.40**

' धारित कंपनी के ऋण को इक्विटी शेयरों में रूपांतरित करने के लिए प्रस्तावित ऋण को दर्शाता है। वित्त वर्ष 2014 – 15 के दौरान, कंपनी के निदेशक मंडल और धारित कंपनी ने भारत सरकार के अपेक्षित अनुमोदन के अध्यधीन □50,000 मिलियन की ऋण राशि को इक्विटी शेयरों में रूपांतरण को सैद्धांतिक अनुमोदन दे दिया था। भारत सरकार से अपेक्षित अनुमोदन जनवरी, 2016 में प्राप्त हुआ और, आवश्यक निगमित कार्रवाईयों के पश्चात्, जून, 2016 में शेयर आवंटित कर दिए गए।

कृते और की ओर से निदेशक मंडल

ह०
(एस बी सिंह)
कंपनी सचिव

ह०
(विवेकानंद)
निदेशक (वित्त)

ह०
(नरेन्द्र कु. वर्मा)
प्रबंध निदेशक

समतिथि की हमारी रिपोर्ट के अनुसार
कृते प्रेम गुप्ता एंड कं.
सनदी लेखाकार
फर्म पंजी. सं. 000425एन

कृते बी सी जैन एंड कं.
सनदी लेखाकार
फर्म पंजी. सं. 001099सी

स्थान : दिल्ली
तिथि : 22 मई 2017

ह०
(शकुन गुप्ता)
साझीदार (स. सं. 506838)

ह०
(श्यामजी गुप्ता)
साझीदार(स.सं. 416155)

31 मार्च 2017 को समाप्त वर्ष का नकद प्रवाह एकल विवरण

(₹ मिलियन में)

मद	31 मार्च, 2017 की स्थिति के अनुसार		31 मार्च 2016 की स्थिति के अनुसार	
क. प्रचालन गतिविधियों से नकद प्रवाह :				
वर्ष के दौरान लाभ		**17,493.80**		**(38,944.32)**
निम्नलिखित के लिए समायोजन				
– कर व्यय	8,918.57		(596.10)	
– मूल्यह्रास, निःशेषण, परिशोधन और	{kfr		29,921.46	
– वित्तपोषण लात	5,939.44		11,358.53	
–ब्याज आय	257.76		1,393.38	
–सहायक कंपनियों द्वारा इक्विटी की वापसी खरीद पर लाभ	1,368.52		1,989.94	
–परिभाषित हितलाभ दायित्व का पुनर्निधारण, आय कर के निवल	(11.85)		(0.52)	
–अन्य क्षति और बट्टे खाते डाली गयी राशि	475.74		4,077.64	
–विनिमय दर परिवर्तन लाभ (निवल)	521.79		213.95	
– व्युत्पन्न संविदाओं के उचित मूल्य पर निवल हानि	96.49	**44,946.30**	(77.39)	**48,280.89**
		62,440.10		**9,336.57**
कार्यशील पूंजी परिवर्तनों के पूर्व प्रचालन लाभ				
कार्यशील पूंजी में परिवर्तनः				
–ट्रेड प्राप्यों में (वृद्धि) / कमी	(2,461.72)		881.84	
– अन्य चालू देनदारियों में (वृद्धि)/कमी	448.44		(757.57)	
–अल्पावधिक वित्तीय देनदारियों में (वृद्धि)/कमी	719.98		(1,907.34)	
–ट्रेड प्राप्यों में (वृद्धि) / कमी	(2,714.13)		2,612.48	
–मालसूचियों में (वृद्धि) / कमी	(191.62)		(1,394.37)	
–अल्पावधिक ऋणों और अग्रिमों में (वृद्धि) / कमी	(1.63)		23.10	
– अन्य चालू परिसंपत्तियों में (वृद्धि)/कमी	1,111.68		(612.62)	
– अल्पावधिक अन्य वित्तीय आस्तियों में (वृद्धि) / कमी	560.20	**2,528.80**	(4,424.02)	**(5,578.50)**
प्रचालनों से सृजित नकद		**59,911.30**		**3,758.07**
आय कर भुगतान (निवल कर प्रतिदाय)		(3,524.44)		(1,420.02)
प्रचालन गतिविधियों से सृजित निवल नकद ''क''		**56,386.86**		**2,338.05**
ख. निवेश गतिविधियों से नकद प्रवाह :				
संपत्ति, संयंत्र और उपस्कर के लिए भुगतान		(29,669.40)	(11,304.89)	
अमूर्त आस्तियों के लिए भुगतान /से प्राप्त धनराशि		(3,495.24)	8,902.78	
प्राप्त ब्याज		503.00	1,703.67	
सहायक कंपनियों मे निवेश		(5,708.98)	19,933.88	
स्थल पुनर्स्थापन निधि के लिए म्यूचुअल फंड में निवेश		(5,147.38)	(1,010.84)	

स्थल पुनर्स्थापन निधि में जमा		(176.89)	(172.69)	
सहायक कंपनियों को ऋण		7,861.38	(3,736.01)	
निवेश गतिविधियों में (प्रयुक्त) /द्वारा जनित निवल नकद ''ख''		**(35,833.51)**	**14,315.90**	
ग. वित्तपोषण गतिविधियों से नकद प्रवाह :				
शेयर पूंजी के निर्गम से प्राप्त धनराशि		(469.92)	166.71	
दीर्घावधिक उधारों से वापसी अदायगी (निवल)		(8,972.90)	(6,052.24)	
उधारों पर ब्याज का भुगतान		(4,683.51)	(9,417.79)	
वित्तपोषण गतिविधियों में प्रयुक्त निवल नकद ''ग''		**(14,126.33)**	**(15,303.32)**	
नकद और नकद समतुल्यों में निवल वृद्धि (क + ख + ग)		6,427.02	1,350.63	
वर्ष के प्रारंभ में नकद और नकद समतुल्य		1,327.38	7,338.29	
विनिमय अंतरों का प्रभाव		**(4,022.15)**	**(7,361.54)**	
वर्ष के अंत में नकद और नकद समतुल्य		**3,732.25**	**1,327.38**	

कृते और की ओर से निदेशक मंडल

ह०
(एस बी सिंह)
कंपनी सचिव

ह०
(विवेकानंद)
निदेशक (वित्त)

ह०
(नरेन्द्र कु. वर्मा)
प्रबंध निदेशक

समतिथि की हमारी रिपोर्ट के अनुसार
कृते प्रेम गुप्ता एंड कं.
सनदी लेखाकार
फर्म पंजी. सं. 000425एन

कृते बी सी जैन एंड कं.
सनदी लेखाकार
फर्म पंजी. सं. 000425एन

स्थान : दिल्ली
तिथि : 22 मई 2017

ह०
(शकुन गुप्ता)
साझीदार (स. सं. 506838)

ह०
(श्यामजी गुप्ता)
साझीदार(स.सं. 416155)

31 मार्च 2017 को समाप्त वर्ष के लिए वित्तीय विवरणों की टिप्पणियां

1. निगमित सूचना

''ओएनजीसी विदेश लिमिटेड (कंपनी) भारत में अधिवासित और स्थापित एक निगमित पब्लिक लिमिटेड कम्पनी है, जिसका पंजीकृत कार्यालय पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऊर्जा भवन, टॉवर बी, प्लॉट नं. 5ए – 5बी, नेल्सन मंडेला मार्ग, वसंत कुंज, नई दिल्ली : 110070 में अवस्थित है। ओएनजीसी विदेश, ऑयल एण्ड नेचुरल गैस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (''ओएनजीसी'') की पूर्ण स्वामित्व वाली कंपनी और एक विदेशी प्रशाखा है।

यह कंपनी कच्चे तेल और प्राकतिक गैस के अन्वेषण, विकास और उत्पादन के लिए भारत के बाहर तेल एवं गैस रकबों को ढुंढ़ने और अर्जन के काम में लगा है।

2. नये भारतीय लेखांकन मानक ('इंड ए एस') का प्रर्वतन

इन एकल इंड ए एस वित्तीय विवरणों को तैयार करते समय वित्तीय विवरण प्राधिकृत किए जाने तक कारपोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा कंपनी (भारतीय लेखांकन मानक) नियम, 2015 (यथा संशोधित) के तहत जारी और अधिसूचित सभी भारतीय लेखांकन मानकों का ध्यान रखा गया है।

2.1. जारी किए गए मानक / संशोधन जो अभी तक प्रभावी नहीं हुए

मार्च, 2017 में, कोरपोरेट कार्य मंत्रालय ने इंड एस 7, 'नकद प्रवाह विवरण' और इंड ए एस 102, 'शेयर आधारित संदाय' में संशोधन अधिसूचित करते हुए कंपनी (भारतीय लेखांकन मानक) (संशोधन) नियम, 2017 जारी किया है। ये संशोधन अंतर्राष्ट्रीय लेखांकन मानक बोर्ड (आईएएसबी) द्वारा क्रमशः आईएएस 7, 'नकद प्रवाह विवरण' और आईएफआरएस 2, 'शेयर आधारित संदाय' हाल में किए गए संशोधन के अनुरूप है। ये संशोधन कंपनी पर 1 अप्रैल 2017 से प्रवर्तनीय हैं।

इंड एएस– 7 में संशोधन :

इंड एएस 7 में संशोधन में प्रकटन अपेक्षा को पूरा करने के लिए वित्त पोषण गतिविधियों से उत्पन्न देनदारियों के लिए एकल तुलन पत्र के प्रारंभिक शेष और अंतिम शेष के बीच एक मिलान शामिल करने का सुझाव देते हुए, कंपनियों से वे प्रकटन अपेक्षित है जो वित्तीय विवरणों के प्रयोक्ताओं को नकद प्रवाहों और गैर नकद प्रवाहों, दोनों से उत्पन्न परिवर्तनों सहित वित्तीय गतिविधियों से उत्पन्न देनदारियों में परिवर्तनों का मूल्यांकन करने में सक्षम बनाते हैं।

कंपनी इस संशोधन की अपेक्षाओं और एकल इंड ए एस वित्तीय विवरणों पर इसके प्रभावों का आकलन कर रही है।

इंड एएस 102 में संशोधन :

इंड एएस 102 का संशोधन नकद – निपटान पंचाटों के मापन, नकद निपटान पंचाटों में सुधार और वे अधिनिर्णय जिसमें करों को रोके रखने के संबंध में एक निवल समाधान शामिल होता है, के लिए विशिष्ट मार्गदर्शन प्रदान करता है।

चूँकि कंपनी ने कोई स्टॉक विकल्प योजना जारी नहीं की है, इसलिए इस संशोधन का कंपनी के एक इंड ए एस वित्तीय विवरणों पर कोई प्रभाव नहीं होगा।

3. महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियां

3.1. अनुपालन का विवरण

कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा जारी की गयी दिनांक 16. 02. 2015 की अधिसूचना के अनुसरण में कंपनी ने 1 अप्रैल 2016 से कंपनी (भारतीय लेखांकन मानक) नियम, 2015 (यथा संशोधित) के अधीन अधिसूचित भारतीय लेखांकन मानक अंगीकृत किया है।

एकल इंड एएस वित्तीय विवरणों को कंपनी (भारतीय लेखांकन मानक) नियम, 2015 (यथा संशोधित) के अधीन अधिसूचित भारतीय लेखांकन मानक और भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा तेल एवं गैस उत्पादनकारी गतिविधियों (इंड ए एस) के लिए जारी किए गए लेखांकन संबंधी मार्गदर्शी टिप्पणी के अनुसार तैयार किए गए हैं। इंड एएस में पारगमन की तिथि 1 अप्रैल 2015 है। पहली बार अपनाने पर कंपनी द्वारा प्राप्त अपवाद और वैकल्पिक छूट को टिप्पणी 3.33 में विस्तार पूर्वक बताया गया है।

एकल वित्तीय विवरणों के पूर्व अवधि आंकड़ों को इंड एएस की अनुपालना में फिर से प्रस्तुत किया गया है।

31 मार्च 2016 को समाप्त वर्ष तक, कंपनी ने एकल वित्तीय विवरणों को सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी तेल एवं गैस उत्पादन गतिविधियां (वर्ष 2013 में संशोधित) के लिए लेखांकन मार्गदर्शी टिप्पणी और कंपनी (लेखा) नियम, 2014 के साथ पठित कंपनी अधिनियम , 2013 के प्रावधानों के अंतर्गत यथा विहित लागू लेखांकन मानकों का अनुप्रयोग करते हुए भारत में लागू सामान्यतः स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों ('पहले के जीएएपी') के अनुसरण में तैयार किया था।

इंड एएस 101 – 'भारतीय लेखांकन मानकों का प्रथम बार अंगीकरण' के अनुसार, कंपनी ने 31 मार्च 2016 और 1 अप्रैल 2015 को यथा स्थिति पिछले जीएएपी और इंड एएस के अंतर्गत शेयर धारकों की इक्विटी का एक मिलान और पिछले जीएएपी के अनुसार करोपरांत निवल हानि और 31 मार्च 2016 को समाप्त वर्ष के लिए इंड एएस के अंतर्गत कुल व्यापक आय प्रस्तुत किया है (टिप्पणी 52 देखें)।

3.2. तैयार करने और प्रस्तुत करने के आधार

एकल इंड एएस वित्तीय विवरणों को ऐतिहासिक लागत आधार पर तैयार किया गया है, सिवाय कुछ वित्तीय विवरण जिन्हें प्रत्येक प्रत्येक रिपोर्टिंग अवधि के अंत में उचित मूल्यों पर मापा गया है, जैसा कि नीचे लेखांकन नीतियों में वर्णित किया गया है।

एकल इंड एएस वित्तीय विवरण, सिवाय नकद प्रवाह सूचना के, लेखांकन के उपचय आधार का उपयोग करते हुए तैयार किए गए हैं।

ऐतिहासिक लागत सामान्यतः सेवाओं एवं वस्तुओं के विनिमय में दिए गए विचारन के उचित मूल्य पर आधारित होते हैं।

चूंकि परिचालन चक्र को उद्योग की विशिष्ट प्रकति के कारण सामान्य क्रम में निर्धारित नहीं किया जा सकता है, इसे 12 माह की अवधि के अनुरूप अनुमानित किया गया है। तदनुसार, सभी परिसंपत्तियों और देनदारियां कंपनी अधिनियम, 2013 की संशोधित अनुसूची 3 में निर्धारित कंपनी परिचालन चक्र तथा इंड एएस – 1 'वित्तीय विवरणों की प्रस्तुति' और कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची III में निर्धारित अन्य मानदंडों के अनुसार सभी परिसंपत्तियों व देनदारियों को मौजूदा अथवा गैर मौजूदा के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

कंपनी का कार्यात्मक मुद्रा अमेरिकी डॉलर ('यूएसडी') है (टिप्पणी 4.1 (क) देखें)। एकल इंड एएस वित्तीय विवरणों को भारतीय रुपये ('₹') में प्रस्तुत किया गया है (टिप्पणी 3.18 देखें) और सभी मूल्यों को निकटतम मिलियन रुपए में, सिवाय अन्यथा वर्णित, पूर्णांकित किया गया है।

उचित मूल्य माप

उचित मूल्य वह मूल्य है जो चालू बाजार स्थितियों के अधीन माप तिथि को किसी परिसंत्ति की बिक्री से प्राप्त होगी अथवा बाजार प्रतिभागियों के बीच एक व्यवस्थित लेन–देन में किसी देनदारी को अंतरित करने के लिए भुगतान किया जाएगा।

कंपनी उचित मूल्य पर निर्धारित आस्तियों और देनदारियों को उनके निर्धारण में नियोजित आदानों को प्रेक्षित करने की क्षमता पर निर्भर करते हुए तीन स्तरों में से किसी एक स्तर में वर्गीकृत करती है, जिनका नीचे वर्णन किया गया है :

(क) स्तर 1 आदान समान आस्तियों अथवा देनदारियों के लिए सक्रिय बाजारों में तयशुदा मूल्य (गैर समायोजित) हैं।

(ख) स्तर 2 आदान आस्ति अथवा देनदारी के लिए स्तर – 1 के अंतर्गत शामिल तयशुदा मूल्य को छोड़कर, वे आदान हैं जो या तो प्रत्यक्षतः या अप्रत्यक्षतः प्रेक्षणीय हैं।

(ग) स्तर 3 आदान आस्ति अथवा देनदारी के प्रेक्षणीय आदान हैं, जो प्रेक्षणीय संबंधित बाजार आंकड़ों अथवा बाजार प्रतिभागियों द्वारा मूल्य निर्धारण के बारे में कंपनी के आकलनों को दर्शाते हैं।

3.3 अनुषंगी, सहायक कंपनियों और संयुक्त उद्यमों में निवेश

कंपनी अनुषंगी कंपनियों, सहायक कंपनियों और संयुक्त उद्यमों में लागत रहित क्षति नुकसान, यदि कोई, पर अभिलेखित करती है।

विदेशी अनुषंगी कंपनियों को ऋण, जिनके लिए कोई अदायगी नहीं की गयी है और न ही प्रबंधन प्रयोजन के आधार पर निकट भविष्य में अदायगी की संभावना है, को 'विदेशी प्रचालनों में निवल निवेश' के रूप में लेखांकित किया गया है और 'अनुषंगी कंपनियों में निवेश' के भाग के रूप में दिखाया गया है।

प्रारंभिक परिज्ञान के पश्चात्, कंपनी यह निर्धारित करती है कि किसी अनुषंगी कंपनी अथवा संयुक्त उद्यम अथवा किसी सहायक कंपनी में निवल निवेश के प्रारंभिक परिज्ञान के पश्चात् हुई किसी एक घटना या अधिक घटनाओं के परिणामस्वरूप किसी क्षति का कोई वस्तुनिष्ठ साक्ष्य है या नहीं और यह कि उस घटना (अथवा धटनाओं) का निवल निवेश, जिसे विश्वसनीय रूप से आकलित किया जा सकता है, से प्राक्कलित भावी नकद प्रवाह पर कोई प्रभाव पड़ता है या नहीं। यदि क्षति का कोई वस्तुनिष्ठ साक्ष्य मौजूद होता है तो क्षति नुकसान को किसी अनुषंगी कंपनी अथवा किसी संयुक्त उद्यम अथवा सहायक कंपनी में कंपनी के निवेश के संबंध में क्षति नुकसान मान लिया जाता है। जब कभी भी आवश्यक होता है, निवेश लागत को इसकी निहित राशि से इसके वसूली योग्य राशि (उपयोग मूल्य और उचित मूल्य से इसके निपटान को घटाकर, जो भी अधिक हो) के साथ तुलना कर एक एकल आस्ति के रूप में इंड एएस 36 'परिसंत्तियों की क्षति' के अनुसार क्षति के लिए जॉच की जाती है। उस क्षति नुकसान के किसी विपर्यय को इंड एएस 36 'परिसंपत्तियों की क्षति' के अनुसार, निवेश की वसूली योग्य राशि जो बाद में बढ़ जाती है, की सीमा तक मान्य है।

अनुषंगी कंपनियों, सहायक कंपनियों और संयुक्त उद्यमों में निवेश के व्ययन के पश्चात्, निवल व्ययन राशि और निहित राशि को लाभ और हानि एकल विवरण में दर्शाया जाता है।

3.4. संयुक्त प्रचालनों में हित

कोई संयुक्त प्रचालन वह संयुक्त व्यवस्था है जिसके तहत उन पक्षकारों का आस्तियों का अधिकार होता है, और इस व्यवस्था से संबंधित देनदारियों का दायित्व होता है।

इस कंपनी का विदेश में अन्वेषण, विकास और उत्पादन गतिविधियों के लिए विभिन्न निगमित निकायों और / अथवा मेजबान देश की सरकारों के साथ संयुक्त प्रचालन है।

संयुक्त प्रचालनों से हुई आय और व्यय के साथ परिसंत्तियों और देनदारियों में कंपनी के हिस्से को इसके भाग के आउटपुट की बिक्री से हुई कंपनी की आय और कोई देनदारियां और व्यय जो कंपनी ने संयुक्त प्रचालनों के लिए वहन किया है, सिवाय पट्टों, मूल्यह्रास, ओवर लिफ्ट / अंडर लिफ्ट , निःशेषण, सर्वेक्षण, शुष्क कूप, सेवा मुक्ति, देयता, क्षति और कंपनी की लेखांकन नीतियों के अनुरूप साइडट्रेकिंग के कारण हुए व्यय के, के साथ व्यवस्था के अनुसार कंपनी के एकल वित्तीय विवरणों में उसी तरह के मदों के साथ लाइन दर लाइन आधार पर विलयित किया जाता है।

ऐसे क्षेत्रों के हाईड्रोकार्बन भंडारों को कंपनी के भागीदारी लाभ के अनुपात में शामिल किया जाता है।

किसी संयुक्त प्रचालन में हित बिक्री से हुए लाभ अथवा हानि को एकल लाभ और हानि विवरण में मान्यता दी जाती है, सिवाय इसके कि ऐसी बिक्री के समय किसी लाभ को शामिल नहीं किया जाता है यदि प्रतिधारित हित पर लागू लागत की वसूली के बारे में कोई ठोस अनिश्चित्ता हो अथवा यदि भावी निष्पादन के लिए कंपनी की ठोस देयता हो।

3.5. बिक्री के लिए धारित गौर चालू परिसंपत्तियां

बिक्री हेतु धारित के रूप में वर्गीकृत गैर–वर्तमान परिसंपत्तियों या निपटान समूहों का मापन वहन मूल्य के निम्नतर स्तर तथा उचित मूल्य घटा बिक्री लागत पर किया जाता है। गैर–वर्तमान परिसंपत्तियों अथवा निपटान समूहों को बिक्री हेतु धारित के रूप में तब वर्गीकृत किया जाता है यदि उनकी वहन राशि को प्रधान रूप से एक बिक्री कारोबार के माध्यम से वसूला जाएगा बजाए उनके सत्त उपयोग के माध्यम से। इस शर्त को केवल तब ही पूरा माना जाता है जब बिक्री अत्यधिक संभाव्य हो और परिसंपत्ति या निपटान समूह अपने वर्तमान स्थिति में त्तकाल बिक्री के लिए उपलब्ध हो जो केवल उन्हीं शर्तों के अधीन होगा जो ऐसी परिसंपत्तियों की बिक्री के लिए सामान्य तथा प्रचलित हैं। प्रबंधन बिक्री के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए जिसे बिक्री हेतु धारित के रूप में वर्गीकरण की तिथि से एक वार्ष के भीतर एक पूर्ण बिक्री के रूप में मान्यता देने के लिए अर्हक होने की प्रत्याशा की जाती है, और बिक्री की योजना को पूरा करने के लिए अपेक्षित कार्रवाइयों में यह दर्शाया गया होना चाहिए कि इसकी संभावना नहीं है कि योजना में बड़े परिवर्तन किए जाएंगे अथवा योजना को वापिस ले लिया जाएगा।

3.6. संपत्ति, संयंत्र और उपकरण (तेल एवं गैस आस्तियों को छोड़कर)

वस्तुओं अथवा सेवाओं के उत्पादन अथवा आपूर्ति, अथवा प्रशासनिक प्रयोजनों हेतु उपयोग के लिए धारित भूमि और भवनोंको एकल तुलन पत्र में संचित लागत मूल्य ह्रास और क्षरण हानि, यदि कोई, पर दिखाया जाता है। पूर्ण स्वामित्व भूमि और चिरस्थायी पट्टा के तहत भूमि का मूल्य ह्रास नहीं किया जाता है।

उत्पादन, आपूर्ति अथवा प्रशासनिक प्रयोजनों के लिए निर्माण क्रम में संपत्ति, संयंत्र और उपकरण (पीपीई) को लागत, ह्रास कोई मान्य क्षरण हानि पर दर्शाया जाता है। किसी आस्ति की लागत में इसका क्रय मूल्य अथवा इसके निर्माण की लागत (लागू कर समंजन के निवल), उस स्थान पर आस्ति को लाने और प्रबंधन द्वारा इच्छित तरीके से परिचालन में सक्षम बनाने के लिए अनिवार्य अवस्था में लाने के लिए कोई प्रत्यक्ष लागत और टिप्पणी 3.13 के अनुसार डिकमिशनिंग लागत शामिल होती है। इसमें वत्तिक शुल्क शामिल होता है और, अर्हक परिसंपतियां, उधार लागत को कंपनी की लेखांकन नीति के अनुसार पूंजीकृत किया जाता है। ऐसी संपत्तियों को जब ये अभीष्ट उपयोग के लिए पूर्ण और तैयार हो जाते हैं, पीपीई क उपयुक्त श्रेणी में वर्गीकृत किया जाता है। पीपीई के किसी मद के भाग, जिनके भिन्न उपयोगी जीवन काल होते हैं और महत्वपूर्ण मूल्य होता है और संपत्ति, संयंत्र और उपकरण पर पूंजीगत सुधार अथवा अन्य कारकों से प्रोद्भूत बाद के व्यय को पथक घटक के रूप में दर्शाया जाता है।

इन पीपीई में मूल्य ह्रास तब शुरु होता है जब परिसंपतियां अभीष्ट उपयोग के लिए तैयार हो जाती है।

मूल्य ह्रास पीपीई (पूर्ण स्वामित्व भूमि, तेल एवं गैस परिसंपतिया और निर्माणाधीन संपत्तियों को छोड़कर) की लागत ह्रास उनके अवशिष्ट मूल्य पर, कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची प्प में यथा उल्लिखित पीपीई के उपयोगी जीवन काल पर बट्टे खाते डाले गए मूल्य पद्धति का उपयोग करते हुए या कंपनी के तकनीकी आकलन के आधार पर प्रदान किया जाता है। इन परिसंत्तियों का आकलित उपयोगी जीवन काल इस प्रकार है :

विवरण	वर्ष
भवन	3 से 60
संयंत्र और उपकरण	3 से 40
फर्निचर एवं जुड़नार	3 से 10
वाहन	5 से 20
कार्यालय उपकरण	3 से 15

अनुमानित उपयोगी जीवनकाल, अपशिष्ट मूल्यों तथा मूल्यह्रास पद्धति की समीक्षा वार्षिक आधार पर की जाती है और आवश्यक होने पर अनुमानों में परिवर्तन संदर्शी रूप से किए जाते हैं।

वर्ष के दौरान पीपीई (तेल तथा गैस परिसंपत्तियों के अतिरिक्त) पर वर्धन/कटौती के संबंध में मूल्यह्रास का प्रावधान यथानुपात आधार पर वर्धन/हटाए जाने की तिथि के संदर्भ में किया जाता है सिवाय 100 अमेरिकी डॉलर' से अधिक न होने वाली निम्न मूल्य मदों के जिनका पूर्ण मूल्यह्रास वर्धन के समय पूरी तरह से कर दिया जाता है।

'100 अमेरिकी डॉलर = 31 मार्च 2017 को ₹6,485.00।

पीपीई (तेल तथा गैस परिसंपत्तियों के अतिरिक्त) पर पूंजीगत सुधार या अन्य कारकों के चलते बाद में किए जाने वाले व्यय हेतु उसके शेष उपयोगी जीवनकाल पर संदर्शी रूप से मुहैया करवाया जाता है।

नवीकृत/पुनःस्थापन किए गए पीपीई (तेल तथा गैस परिसंपत्तियों के अतिरिक्त) पर मूल्यह्रास, जिन्हें पथक रूप से पूंजीकृत किया जाता है, पुनः आंकलित उपयोगी जीवनकाल पर किया जाता है।

अन्वेषणात्मक/विकास ड्रिलिंग हेतु प्रयुक्त सपोर्ट उपकरण तथा सुविधाओं सहित पीपीई (तेल तथा गैस परिसंपत्तियों के अतिरिक्त) पर मूल्यह्रास को प्रारंभ में ड्रिलिंग लागत के भाग के रूप में पूंजीकृत किया जाता है और उसका व्यय/निपटान नोट 3.11 के अनुसार किया जाता है। सर्वेक्षण क्रियाकलापों हेतु नियोजित उपकरण/परिसंपत्तियों पर मूल्यह्रास को लाभ एवं हानि के विवरण पर प्रभारित किया जाता है।

वित्त पट्टों के अंतर्गत धारित परिसपंतियों का मूल्यह्रास उनके उपयोगी जीवनकाल पर स्वामित्व वाली परिसपंत्तियों के समान आधार पर ही किया जाता है।

पीपीई की किसी मद को निपटान के समय अथवा परिसंपत्ति के सत्त उपयोग से भविष्य में कोई आर्थिक लाभ प्रत्याशित न होने पर विमान्य कर दिया जाता है। पीपीई की किसी मद के निपटान या हटाए जाने पर होने वाले किसी लाभ या हानि का निर्धारण बिक्री प्राप्तियों तथा परिसंपत्ति की वहन राशि के मध्य अंतर के रूप में किया जाता है और उसे लाभ एवं हानि के एकल विवरण में मान्यता प्रदान की जाती है।

3.7. अमूर्त परिसंपत्तियां

(i) अलग से खरीदी गई अमूर्त परिसंपत्तियां :

निश्चित उपयोगी जीवनकाल वाली अमूर्त परिसंपत्तियां जिन्हें पथक रूप से खरीदा जाता है, उन्हें लागत ह्रास संचित परिशोधन तथा क्षरण हानियो पर लिया जाता है। परिशोधन को पूंजीकरण की तिथि से 5 वार्ष से अधिक न होने वाली उनके उपयोगी जीवनकाल पर सीधी रेखा आधार पर मान्यता दी जाती है। अनुमानित उपयोगी जीवनकाल की समीक्षा प्रत्येक रिपोर्टिग अवधि के अंत में की जाती है और अनुमान में किसी परिवर्तन के प्रभाव को संदर्शी रूप से रेखांकित किया जाता है।

किसी अमूर्त परिसंपत्ति को निपटान अथवा उपयोग या निपटान से भविष्य मे कोई आर्थिक लाभ न होने की संभावना पर विमान्य किया जाता है। किसी अमूर्त परिसंपत्ति को विमान्य किए जाने से उत्पन्न होने वाले लाभों तथा हानियों का मापन निवल निपटान प्राप्तियों तथा परिसंपत्ति की वहन राशि के मध्य अंतर के रूप में किया जाता है और इसे परिसंपत्ति को विमान्य किए जाने पर लाभ एवं हानि विवरण में दर्शाया जाता है।

(ii) विकास के अधीन अमूर्त परिसंपत्तियां – निर्माणाधीन अन्वेषणात्मक कुएं :

अन्वेषणात्मक तथा मूल्यांकन कुओं के ड्रिलिंग तथा उन्हें उपकरण प्रदान किए जाने में वहन की गई सारी अन्वेषण तथा मूल्यांकन लागतों को प्रारंभ में विकास के अधीन अमूर्त परिसंपत्तियों–निर्माणाधीन अन्वेषणात्मक कुएं के रूप में पूंजीकृत किया जाएगा जब तक कि इन्हें या तो नोट संख्या 3.11 के अनुसार पूर्णता पर तेल तथा गैस परिसंपत्तियों को अंतरित करवाया जाए अथवा शुष्क या और उपयोग न होने, जैसा भी मामला हो, वाले के रूप में निर्धारित किए जाने के पश्चात अन्वेषण तथा मूल्यांकन लागत (आवंटित मूल्यह्रास सहित) के रूप में व्यय दर्शाया जाए।

अन्वेषणात्मक प्रकार के स्ट्रेटीग्राफिक जांच कुओं की ड्रिलिंग की लागत को प्रारंभ में विकास के अधीन अमूर्त परिसंपत्तियों–निर्माणाधीन अन्वेषणात्मक कुएं के रूप में पूंजीकृत किया जाएगा जब तक कि इन्हें या तो नोट संख्या 3.11 के अनुसार पूर्णता पर तेल तथा गैस परिसंपत्तियों को अंतरित करवाया जाए अथवा शुष्क या पेट्रोलियम अन्वेषण लाइसेंस के परित्याग के रूप में निर्धारित किए जाने के पश्चात अन्वेषण तथा मूल्यांकन लागत (आवंटित मूल्यह्रास सहित) के रूप में व्यय दर्शाया जाए।

अन्वेषणात्मक कुओं की लागत को तब तक अग्रेणित नहीं किया जाता है जब तक यह तर्कसंगत रूप से दर्शाया न जाए कि पर्याप्त मात्रा भडारो के संकेत है, भंडारो का आकलन करने मे पर्याप्त प्रगति हुई है तथा परियोजना आर्थिक एव प्रचालन रूप से अर्थक्षम है। अग्रेणित की गयीं ऐसी सारी लागतें कंपनी की नीति के अनुसार क्षति हेतु समीक्षा के अधीन हैं।

3.8. मूर्त तथा अमूर्त परिसंपत्तियों का क्षरण

कंपनी प्रत्येक रिपोर्टिंग अवधि के अंत में किसी "रोकड़ सजक इकाई" (सीजीयू) की अपनी मूर्त (तेल तथा गैस परिसंपत्तियां, निर्माणाधीन विकास कुएं (डीडब्ल्यूआईपी)), और संपत्ति, संयंत्र और उपकरण (निर्माणाधीन पूंजीगत कार्यों सहित) तथा अमूर्त परिसंपत्तियों के प्रदर्शित मूल्य की समीक्षा यह निर्धारित करने के लिए करती है कि क्या इसका कोई संकेत है कि ऐसी परिसंपत्तियों को क्षरण हानि हुई है। यदि ऐसा कोई संकेत मौजूद होता है तो परिसंपत्ति की वसूली योग्य राशि का

अनुमान क्षरण हानि (यदि कोई हो) की सीमा के निर्धारण के लिए लगाया जाता है। जब किसी पथक संपत्ति की वसूली योग्य राशि का अनुमान लगाना संभव नहीं होता तो कंपनी उस परिसंपत्ति के रोकड़ उत्पादन इकाई की वसूली योग्य राशि का अनुमान लगाता है।

वसूली योग्य राशि उचित मूल्य ह्रास निपटान की लागत तथा उपयोग के मूल्य में से उच्चतर होगी। उपयोग में होने वाले मूल्य का आकलन करते समय अनुमानित भविष्य के नकदी प्रवाहों को एक कर–पूर्व छूट दर का उपयोग करते हुए उनके वर्तमान मूल्य पर छूट दी जाती है जो धन के समय मूल्य के वर्तमान बाजार आकलन और उस परिसपंत्ति से जुड़े विशिष्ट जोखिमों को दर्शाता है जिसके लिए भविष्य के नकदी प्रवाह के अनुमानों को समायोजित नहीं किया गया है।

यदि किसी परिसंपत्ति (अथवा नकदी उत्पादन इकाई) की वसूली योग्य राशि का अनुमान इसकी वहन राशि से कम लगाया गया हो तो परिसंपत्ति (अथवा रोकड़ उत्पादन इकाई) की वहन राशि को कम करके उसकी वसूली योग्य राशि तक लाया जाता है। क्षरण हानि को तत्काल लाभ एवं हानि एकल विवरण में मान्यता दी जाती है।

प्रत्येक वित्त वर्ष के अंत में यह देखने के लिए एक आकलन किया जाता है कि इसके कोई संकेत हैं कि पहले पहचान की गई क्षरण हानि के कोई संकेत अब मौजूद हैं अथवा कम हो गए हैं। पिछली क्षरण हानि को मान्यता दिए जाने के समय से परिसंपत्ति की वसूली योग्य राशि के निर्धारण में प्रयुक्त अनुमानों में कोई परिवर्तन होने से क्षरण हानि को वापिस किया जाता है। यदि ऐसा हो तो परिसंपत्ति की वहन राशि को बढ़ाकर इसके वसूली योग्य मूल्य से कम पर लाया जाता है और मूल्यह्रास के निवल निर्धारित की गई वहन राशि में पिछले वर्षों हेतु किसी क्षति हानि को मान्यता नही दी जाती है। वापिस किए जाने के पश्चात मूल्यह्रास प्रभार को भविष्य की अवधियों में परिसंपत्ति की संशोधित वहन राशि को आवंटित किया जाता है, किसी अपशिष्ट मूल्य को घटाते हुए, इसके शेष उपयोगी जीवनकाल में एक व्यवस्थित आधार पर क्षरण हानि की वापिसी को लाभ एवं हानि विवरण में मान्यता दी जाती है।

अन्वेषणात्मक चरण के दौरान क्षरण हानि को क्षेत्र स्तर पर किया जाता है जब निकट भविष्य में आगे के अन्वेषण क्रियाकलापों की योजना नहीं बनाई जाती अथवा जब यह दर्शाने के लिए पर्याप्त डाटा मौजूद होता है, यद्यपि विशिष्ट क्षेत्र में विकास के होने की संभावना है, अन्वेषण परिसंपत्ति की वहन राशि को सफल विकास या बिक्री द्वारा पूरी तरह से वसूले जाने की संभावना नहीं है। क्षति को बाद में इस सीमा तक वापिस किया जाता है कि क्षति हेतु स्थितियों अब मौजूद नहीं हैं।

3.9. अन्वेषण एवं मूल्यांकन, विकास और उत्पादन लागत

(i) अधिग्रहण पूर्व लागत

तेल एवं गैस के अन्वेषण, विकास और उत्पादन के अधिकार को प्राप्त करने से पूर्व किए गए व्यय` जब जब वहन किया जाता है, व्यय में दिखया जाता है।

(ii) अर्जन लागत

अर्जन लागत में, किसी संपत्ति अथवा प्रमाणित या अप्रमाणित खनिज अधिकार क्रय करने, पट्टे पर लेने अथवा अन्यथा अर्जन करने पर आने वाली सारी लागतें शामिल होती हैं। किसी तेल और गैस परिसंपत्ति में भागीदारी हित के अर्जन के मामले में क्रय प्रतिफल और परिसंपत्ति का निवबल बुक मूल्य ह्रास अर्जन की तारीख को तेल और गैस परिसंपत्ति में भागीदारी हित में कंपनी के हिस्से से संबंधित अर्जित दायित्वों में अंतर अर्जन लागत माना जाएगा और इनका लेखांकन कार्य निम्नानुसार किया जाता है :

अन्वेषण और विकास चरण :

अन्वेषण या विकास के अंतर्गत होने वाली परियोजनाओं से संबंधित अधिग्रहण लागत को प्रारंभ में क्रमशः विकासाधीन अमूर्त परिसंपत्तियां – निर्माणाधीन अन्वेषणात्मक कुएं अथवा विकासाधीन तेल और गैस परिसंपत्तियां – निर्माणाधीन विकास कुएं के रूप में लेखांकित किया जाता है। ऐसी लागतों को तब तेल और गैस परिसंपत्तियों को अंतरित करते हुए पूंजीकृत किया जाता है जब कूप वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ करने के लिए तैयार हो जाता है। परित्याग/छोड़ दिए जाने के मामले में, ऐसी लागतों को बट्टे खाते में डाला जाता है।

उत्पादन चरण :

उत्पादनशील तेल एवं गैस परिसंपत्ति की अधिग्रहण लागत को तेल तथा गैस परिसंपत्ति के अंतर्गत प्रमाणित संपत्ति अधिग्रहण लागत के रूप में पूंजीकृत किया जाता है और अंतर्निहित परिसंपत्तियों के प्रमाणित भंडारों पर उत्पादन पद्धति की इकाई का उपयोग करते हुए परिशोधित किया जाता है।

(iii) सर्वेक्षण लागत

तेल एवं गैस की खोज में की संपादित सर्वेक्षण और संभावना तलाश क्रियाकलापों की लागतों को अन्वेषण लागत के रूप में उसी वर्ष के व्यय में दर्शाया जाता है, जिस वर्ष में उन्हें व्यय किया जाता है।

(iv) विकासाधीन तेल और गैस परिसंपत्ति– निर्माणाधीन विकास कुएं

विकास कुओं से संबंधित सभी लागतों को प्रारंभ में ''निर्माणाधीन विकास कुए'' के रूप में पूंजीकृत किया जाता है और ''पूर्णता'' पर ''तेल और गैस परिसंपत्तियों'' के अंतर्गत अंतरित कर दिया जाता है।

(v) उत्पादन लागत

उत्पादन लागत में सहायक उपस्कर एवं सुविधाओं के मूल्यह्रास एवं लागू प्रचालन लागतों सहित कूप–पूर्व शीर्ष एवं कूप–पश्चात शीर्ष व्यय सम्मिलित रहते हैं।

3.10. प्रतिभागिता अधिकार से संबंधित अर्जन लागतों का क्षरण

क्षरण जॉच के प्रयोजनों के लिए, कंपनी के प्रत्येक सीजीयू (अथवा सीजीयू के समूह) जिन्हें संयोजन की सहक्रियाओं से लाभ प्राप्त होना अपेक्षित है, को अर्जन लागत आवंटित किया जाता है।

कोई सीजीयू जिसे अर्जन लागत आवंटित किया जाता है, का वार्षिक रूप से क्षरण के लिए जॉच की जाती है, जब यह संकेत मिलता है कि उस सीजीयू मे क्षरण हो सकता है। यदि रोकड़ सजक इकाई की वसूली योग्य राशि इसके बही मूल्य से कम होता है, क्षरण हानि पहले उस इकाई को आवंटित किसी अर्जक लागत के बही मूल्य को कम करने के लिए आवंटित किया जाता है और फिर इस इकाई के प्रतयेक परिसंपत्ति के बही मूल्य के आधार पर अनुपातिक आधार पर सीजीयू की अन्य परिसंपत्तियों को आवंटित किया जाता है। अर्जन लागत के लिए स्वीकृत क्षरण हानि को बाद की अवधियों में वापस नहीं किया जाता है।

संबंधित सीजीयू के निपटान पर, अर्जन लागत पर आरोप्य बही मूल्य को निपटान पर लाभ अथवा हानि के निर्धारण में शामिल किया जाता है।

3.11. तेल एवं गैस परिसंपत्तियां

तेल एवं गैस परिसंपत्तियों को ऐतिहासिक लागत में सेसंचित निःशेषण और क्षरण हानियों को घटाकर दर्शायाजाता है। जब किसी क्षेत्र/परियोजना में कोई कूप वाणिज्यिक उत्पादन के लिए तैयार हो जाता है, तब इन्हें प्रमाणित विकसित तेल एवं गैस भंडारों वाले क्षेत्र/परियोजना के वास्ते सजित किया जाता है।

भूमि के अस्थायी अधिभोग, सफल अन्वेषणात्मक कूपों,सभी विकसित कूप (सेवा कूप सहित), वेधन हेतु प्रयुक्त सम्बद्ध उपस्कर पर मूल्यह्रास एवं अनुमानित भावी अप्रवर्तन लागतों को पूंजीगत किया जाता है तथा इन्हें तेल एवं गैस संपत्तियों के रूप में वर्गीकृत किया जाता है।

तेल तथा गैस परिसंपत्तियों का निःशेषण "उत्पादन की यूनिट पद्धति" का उपयोग करते हुए किया जाताहै। निःशेषण के दर की गणना रक्षित संपत्ति मूल्य के निवल आकलित भावी अप्रवर्तन लागत सहित संबंधित प्रमाणित विकसित भंडारों और संबंधित पूंजीगत लागतों (सिवाय अधिग्रहण लागत) पर विचार कर किसी क्षेत्र / परियोजना / परिशोधन आधार के संदर्भ में की जाती है। तेल तथा गैस परिसंपत्तियों की अधिग्रहण लागत को प्रमाणित भण्डारोंपर विचार करते हुए निःशेषण किया जाता है। इन भण्डारों का अनुमानन वार्षिक आधार पर मूल कम्पनी ओएनजसी द्वारा गठित भण्डार आकलन समिति (आरईसी) द्वारा किया जाता है जो अंतर्राष्ट्रीय भण्डार अभियांत्रिकी प्रक्रियाओं का पालन करती है।

3.12. साइड ट्रैकिंग

अन्वेषणात्मक कुएं के मामले में, साइड ट्रैकिंग की लागत के साथ वैसा ही व्यवहार किया जाता है जैसा कि किसी नए अन्वेषणात्मक कुएं पर व्यय की गई लागत के साथ। साइड ट्रैक किए गए अन्वेषणात्मक कुओं के परित्यक्त कूप की लागत को ''अपलिखित अन्वेषणात्मक कूप लागत'' के रूप में व्यय दर्शाया जाता है।

विकास कुएं के मामले में, परित्यक्त भाग और साइड ट्रैकिंग की समूची लागत को पूंजीकृत किया जाता है।

उत्पादक कुओं और सेवा कुओं के मामले में, यदि साइड ट्रैकिंग अतिरिक्त प्रमाणित विकसित तेल तथा गैस भण्डारों में परिणत होती है या कार्य–निष्पादन के पूर्व में आकलित मानक से परे भविष्य के आर्थिक लाभों में वद्धि करती है, तो साइड ट्रैकिंग पर व्ययित लागत को पूंजीकृत किया जाता है, जबकि कुएं के परित्यक्त भाग की लागत का निःशेषण टिप्पण ी 3.11 में उल्लिखित लेखांकन नीति के अनुसार किया जाता है। अन्यथा साइड ट्रैकिंग की लागत को''वर्क–ओवर व्यय'' के रूप में व्यय दर्शाया जाता है।

3.13. अप्रवर्तन लागतें

अप्रवर्तन लागतों में पुनःस्थापन की लागत शामिल होती है। अप्रवर्तन लागतों हेतु प्रावधानों को मान्यता तब दी जाती है जब कंपनी की किसी कुएं को प्लग तथा परित्याग करने, किसी सुविधा अथवा संपत्ति,संयंत्र तथा उपकरण की मद को हटाना हो और जिस स्थल पर वह स्थित था उसका पुनःस्थापन करनेका कोई संविदात्मक, कानूनी या निर्माण संबंधी बाध्यता हो।

स्वीकृत राशि वर्तमान मूल्यों पर मौजूदा प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हुए निर्धारित अनुमानित भावी व्यय है और अप्रवर्तन की प्रत्याशित तिथि तक उपयुक्त मुद्रास्फीति दर का उपयोग करते हुए बढ़ाई जाती है और उपयुक्त जोखिम रहित बट्टा दर का उपयोग करते हुए संसूचना तिथि तक कम की जाती है।

अप्रवर्तन प्रावधान की समतुल्य राशि को संबंधित परिसंपत्तियों के साथ स्वीकति दी जाती है। शुष्क अन्वेषणात्मक कुएंसे संबंधित अप्रवर्तन लागत को अन्वेषणात्मक कूप लागत के रूप में व्यय दर्शाया जाता है।

आवधिक छूट वापसी के अलावा प्राक्कलित अप्रवर्तन व्यय के वर्तमान मूल्य में किसी परिवर्तन को संबंधित परिसंपत्ति के अप्रवर्तन प्रावधान और बही मूल्य में समायोजित किया जाता है। यदि प्रावधान वापसी संबंधित परिसंपत्ति के बही मूल्य से अधिक होती है, आधिक्य राशि को लाभ और हानि एकल लेखा विवरण में दर्शाया जाता है। प्रावधान पर छूट वापसी को लाभ और हानि के एकल लेखा विवरण में प्रभारित किया जाता है।

संयुक्त प्रचालनों के अधीन आने वाली परिसंपत्तियों के मामले में अप्रवर्तन लागत के लिए किए गए प्रावधान को कंपनी के प्रतिभागी हित के अनुरूप लिया जाता है।

3.14. मालसूची

पाइपलाइन / टंकियों की मालसूची सहित और खनिज तेल तथा कन्डेसंट को लागत मूल्य या शुद्ध वसूली योग्य मूल्य, जो भी कम हो, पर मूल्य निर्धारित किया जाता है। तैयार माल की लागत अवाषीषण लागत निर्धारण विधि से निर्धारित किया जाता है। मालसूची के मूल्य में रॉयल्टी भी शामिल होती है (जहॉ कहीं भी लागू हो)।

समूह एकत्रीकरण स्टेशनों (जीजीएस) पर अर्द्ध–परिशोधित कच्चे तेल को अवशोषण लागत पद्धति से अथवा शुद्ध प्राप्यमूल्य, जो भी कम हो, पर मूल्यांकित किया जाता है।

भंडारों की मालसूची और अतिरिक्त पूर्जों को भारित औसत लागत अथवा निवल प्राप्य मूल्य, जो भी कम हो, पर मूल्यांकित किया जाता है।

गैर–सेवायोज्य तथा निष्प्रयोज्य मदों के निर्धारण पर अनुमानित निवल वसूली योग्य मूल्य पर उनकी गणना की जाती है।

3.15. राजस्व स्वीकति

उत्पादों की बिक्री से प्राप्त राजस्वों को तब स्वीकति दी जाती है जब इन्हें ग्राहको की अभिरक्षा में सौंप दिए जाते हैं, जो ग्राहकों को अभिरक्षा के अंतरण बिन्दु पर होती है और राजस्व की राशि की गणना विश्वसनीय ढंग से किया जा सकता है तथा यह संभावना रहती है कि कारोबार से संबंद्ध आर्थिक लाभ कंपनी को प्राप्त होंगे।

सेवाओं से प्राप्त राजस्व को तब स्वीकति दी जाती है जब सेवाओं के परिणाम का विश्वसनीय तौर पर प्राक्कलन किया जा सके और यह संभावना हो कि सेवाओं की प्रदानगी से संबद्ध आर्थिक लाभ कंपनी को प्राप्त होंगे और राजस्व की राशि की गणना विश्वसनीय ढंग से की जा सकेगी।

राजस्व की गणना, प्राप्त या प्राप्य मूल्य के उचित मान पर किया जाता है और यह व्यापार के सामान्य चालन के दौरान प्रावधान की गई वस्तुओं तथा सेवाओं हेतु प्राप्यराशि को दर्शाता है जो छूट, सेवाकर तथा वैट आदि के निवल होगी।

बिक्री में,संबंधित फील्ड / परियोजना में कंपनी के क्रिया – कलापों को शासित करने वाले अनुबंधों के अंतर्गत प्रावधानों के आधार पर मेजबान सरकार द्वारा भुगतान की गई कंपनी की सभी व्यय शामिल होती हैं।

प्रतिवेदन की तिथि को खनिज तेल (कंडेसेंट सहित) सें संबंधित पात्र परिमाण घटाव बेचे गए परिमाण के बीच का कोई अंतर, यदि धनात्मक होता है (अर्थात् कमतर लिफ्ट परिमाण) तो समानुपातिक उत्पादन व्यय को पूर्व भुगतान व्यय माना जाता है और यदि ऋणात्मक होता है (अर्थात् ओवर लिफ्ट परिमाण), तो लाभ तथा हानि के एकल विवरण में संगत प्रभार के साथ खनिज तेल के ओवर लिफ्ट परिमाण के निपटान की दिशा में भावी अवधि में परित्याग किए गए खनिज तेल के परिमाण के संबंध में संयुक्त प्रचालन समझौता (जेओए) / उत्पादन साझीदारी समझौता (पीएसए) के अनुसार उत्पादन व्यय में कंपनी के समानुपातिक उत्पादन हिस्से के सर्वोत्तम आकलन के लिए एक देयता सजित की जाती है।

गैस की उठायी गयी अल्प मात्रा, जिसके लिए ऐसी गैस को बाद की अवधि में आपूर्ति करने के लिए दायित्व रहता है, के संबंध में प्राप्त किसी भुगतान को प्राप्ति वर्ष में आस्थगित राजस्व के रूप मे स्वीकार किया जाता है। उक्त को उस वर्ष, जिसमें ऐसी गैस की मात्रा के लिए वास्तविक रूप से आपूर्ति कर दी जाती है या उस वर्ष जिसमें ऐसी गैस की आपूर्ति करने का दायित्व समाप्त हो जाता है, जो भी पहले हो, राजस्व के उस वर्ष में राजस्व माना जाता है।

वित्तीय पट्टे पर दी गयी परिसंपत्तियों से संबंधित वित्त आयको वित्तीय पट्टे के संबंध में निवल निवेश बकाया पर सत्त आवधिक प्रति आय दर प्रतिबिंबित करने वाले पैटर्न के आधार पर स्वीकति दी जाती है।

लाभांश और ब्याज आय

निवेशों से प्राप्त लाभांश आय को तब मान्यता दी जाती है जब शेयर धारक का भुगतान प्राप्त करने का अधिकार

स्थापित हो जाता है।

वित्तीय परिसपंत्तियों से ब्याज आय को लागू प्रभावी ब्याजदर पद्धति पर प्रारंभिक मान्यता दी जाती है। विलंबित उगाही पर ब्याज के संबंध में राजस्व को तब स्वीकार किया जाता है जब अंतः संग्रहण के संबंध में यूक्तिसंगत निश्चित्ता होती है।

3.16. पट्टे

पट्टे तब वित्तीय पट्टों के रूप में वर्गीकृत किए जाते हैं जहां पट्टा अंतरण की शर्तें किसी परिसंपत्ति के स्वामित्व से प्रासंगिक सभी जोखिमों तथा प्रतिफलों को व्यापक रूप से कंपनी को अंतरित कर दिए जाते हैं। अन्य सभी पट्टों को प्रचालन पट्टों के रूप में वर्गीकृत किया जाता है।

स्थायी पट्टे के अंतर्गत आने वाली भूमि को वित्तीय पटटे के रूप में लेखांकित किया जाता है जिन्हें पटटे हेतु अदा किए गए एकमुश्त प्रीमियम तथा पट्टा किराया बाध्यता के वर्तमान मूल्य पर मान्यता दी जाती है। ऐसे पट्टाधारित भूमि को संपत्ति, संयंत्र और उपकरण के रूप में प्रस्तुत किया जाता है और उनमें मूल्यह्रास नहीं किया जाता है। संगत देयता को वित्तीय पटटा देयता के रूप में मान्यता दी जाती है।

अस्थायी पट्टे जिनके स्वामित्व पट्टा अवधि के पश्चात कंपनी को हस्तांतरित नहीं किए जाएंगे, को प्रचालनगत पट्टों के रूप में वर्गीकृत किया जाता है। अग्रिम प्रचालन पट्टा भुगतानों को अग्रिम भुगतान के रूप में स्वीकार किया जाता है और पूरी पट्टा अवधि के दौरान सीधी रेखा के आधार पर परिशोधित किया जाता है।

भूमि के लिए प्रचालन पट्टा भुगतानों को अग्रिम भुगतानों के रूप में स्वीकार किया जाता है और पूरी पट्टा अवधि के दौरान सीधी रेखा आधार पर परिशोधित किया जाता है। प्रचालन पट्टों के अंतर्गत उत्पन्न प्रासंगिक किरायों, यदि कोई, उस अवधि के व्यय में लेखांकित किया जाता है, जिस अवधि में व्ययित किए जाते हैं।

3.17. विदेशी मुद्रा में लेन–देन

कंपनी की व्यावहारिक मुद्रा अमेरिकी डॉलर ('यूएसडी') हैजो प्राथमिक आर्थिक परिवेश, जिसमें यह परिचालित होता है, की मुद्रा दर्शाता है।

कंपनी की व्यावहारिक मुद्रा (विदेशी मुद्रा) के अलावा किसी अन्य मुद्रा में लेन–देन को लेन–देन की तिथियों को प्रचलित विनिमय दरों पर स्वीकार किया जाता है। प्रत्येक रिपोर्टिंग अवधि के अंत में विदेशी मुद्राओं में दर्शायी गई मौद्रिक मदों को रिपोर्टिंग अवधि के अंतिम दिवस को प्रचलित विनिमय दर का उपयोग करके परिवर्त्ति किया जाता है। गैर मौद्रिक मदों जिन्हें विदेशी मुद्रा में ऐतिहासित दरों पर मापा जाता है, को पुनः रूपांतरित नहीं किया जाता है।

मौद्रिक मदों पर विनिमय अंतरों को उस अवधि के लाभ तथा हानि के एकल विवरण में मान्यता दी जाती है जिस अवधि में वे उत्पन्न होते हैं।

वैसे मौद्रिक मदों पर उत्पन्न विनिमय अंतर जो कंपनी के विदेशी प्रचालन में निवल निवेश के भाग होते हैं, को लाभ एवं हानि के एकल लेखा विवरण में दर्शाया जाता है।

प्रारंभिक स्वीकति मिलने पर, विदेशी मुद्रा संचालनों की संचालन की तिथि पर प्रचलित विनिमय दरों पर प्रतिवेदन मुद्रा कारोबार की गणनाकी जाती है।

3.18. प्रस्तुति मुद्रा में रूपांतरण

कंपनी ने इन एककल वित्तीय विवरणों को भारतीय रूपये (₹) में प्रस्तुत किया है। कंपनी ने अपने परिणामों और वित्तीय स्थितियों को व्यावहारिक मुद्रा (यूएसडी) से प्रस्तुति मुद्रा (₹) में रूपांतरित करने के लिए निम्नलिखित सिद्धांतों का अनुप्रयोग किया है :

- प्रत्येक प्रस्तुत तुलन–पत्र के लिए परिसंपत्तियों और देनदारियों (इक्विटी शेयर पूंजी और अन्य आरक्षित निधि को छोड़ कर) को तुलन पत्र की तिथि की अंतिम दर पर रूपांतरित किया गया है;
- इक्विटी शेयर पूंजी, लंबित शेयर आवंटन के शेयरधारक अग्रिम सहित, को लेन–देन की तिथियों की विनिमय दरों पर रूपांतरित किया गया है। पूंजीगत आरक्षित निधि को लेन–देन की तिथि की विनिमय दरों पर रूपांतरित किया गया है। अन्य आरक्षित निधियों को उस अवधि के दौरान, जिससे वह संबंधित है, की औसत विनिमय दरों का उपयोग करते हुए रूपांतरित किया गया है।
- लाभ तथा हानि के प्रत्येक एकल विवरण के लिए आय एवं व्यय को लेन–देन की तिथि की विनिमय दरों पर रूपांतरित कर प्रस्तुत किया गया है सिवाय कुछ मदों को, जिनके लिए उस अवधि के औसत विनिमय दरों का उपयोग किया गया है।
- सभी परिणामी विनिमय अंतरों को 'विदेशी प्रचालनों के वित्तीय विवरणों के रूपांतरण में विनिमय अंतर' के रूप में अन्य व्यापक आय में दर्शाया गया है, जिन्हें बाद में विदेशी प्रचालनों के निपटान पर लाभ अथवा हानि के रूप में पुनर्वर्गीकृत किया जाएगा।

3.19. कर्मचारी हितलाभ

कर्मचारी हितलाभ में भविष्य निधि, उपदान, प्रतिपूरक अनुपस्थिति, सेवानिवृत्ति पश्च चिकित्सा हितलाभ शामिल होते हैं।

निर्धारित अंशदान योजनाएं

निर्धारित अंशदान योजनाओं के अंतर्गत कर्मचारी लाभ में निर्धारित अंशदायी भविष्य निधि, कर्मचारी पेंशन योजना–1995, एकीकृत सामाजिक सुरक्षा योजना आदिको योजना में मूल कंपनी ओएनजीसी के माध्यम से अंशदान की बाध्यताओं राशि के आधार पर मान्यता प्रदान कीजाती है। उक्त का भुगतान एक पृथक न्यास के माध्यम सेप्रशासित निधि द्वारा किया जाता है, जिसे वर्ष के दौरान व्यय किया जाता है।

निर्धारित हितलाभ योजनाएं

निर्धारित हितलाभ योजनाएं, जिसमें उपदान, सेवानिवृत्ति पश्च चिकित्सा हितलाभ और सेवानिवृत्तियों पश्च स्थानांतरण हितलाभ शामिल हैं, को निर्धारित हितलाभ दायित्व के वर्तमान मूल्य के आधार पर स्वीकृति दी जाती है, जिसकी गणना प्रस्तावित इकाई क्रेडित पद्धति द्वारा की जाती है, और बीमांकित मूल्यांकन प्रत्येक वार्षिक प्रतिवेदन अवधि के अंत में किए जाते हैं। इन्हें या तो वर्तमान कर्मचारी लागत के रूप में लेखांकित किया जाता है अथवा परिसंपत्तियों की लागत में शामिल किया जाता है, जैसा भी अनुमेय हो।

निवल निर्धारित देयता पर निवल ब्याज की गणना निवल निर्धारित हितलाभ देयता या परिसंपत्ति के प्रारंभ में छूट दर को लागू करके की जाती है और इसे एकल लाभ एवं हानि विवरण में मान्यता प्रदान की जाती है सिवाय यथा अनुमेय परिसंपत्तियों की लागत में शामिल किए गए।

पुनर्मापन, जिसमें बीमांकित लाभ तथा हानियां शामिल होती हैं, परिसंपत्ति सीमा (यदि लागू हो) में परिवर्तन के प्रभाव और नियोजित परिसंपत्तियों पर प्रतिआय (ऊपर परिभाषित निवल ब्याज के अतिरिक्त), को अन्य व्यापक आय में दर्शाया जाता है।

कंपनी उपदान से संबंधित सभी सुनिश्चित देनदारियों के संबंध में ओएनजीसी की उपदान निधि न्यास में योगदान करती है। अन्य निर्धारित हितलाभ योजनाएं गैर निधिबद्ध हैं।

एकल वित्तीय विवरणों में मान्यता प्रदान की गई सेवानिवृत्ति लाभ बाध्यता कंपनी की निर्धारित हितलाभ योजनाओं में वास्तविक कमी या अधिशेष को दर्शाते हैं। इस गणना से उत्पन्न होने वाला कोई अधिशेष योजनाओं को भविष्य के अंशदान में कमी के रूप में उपलब्ध किसी आर्थिक लाभ के वर्तमान मूल्य तक सीमित है।

अल्पावधिक कर्मचारी हितलाभ

कर्मचारियों द्वारा दी गयी सेवाओं के बदले भुगतान किए जाने वाले अल्पावधिक कर्मचारी हितलाभ की गैर छूट प्राप्त राशि को वर्ष के दौरान तब मान्यता दी जाती है जब कर्मचारी सेवा देता है। इन हितलाभों में प्रदर्शन प्रोत्साहन राशि और अनुपस्थिति प्रतिपूर्ति जो उस अवधि के अंत के पश्चात्, जिसमें कर्मचारी संबंधित सेवा प्रदान करता है, बारह माह के अंदर होना अपेक्षित होता है।

अल्पावधिक अनुपस्थिति प्रतिपूर्ति की लागत को निम्नवत लेखांकित किया जाता है :

- संचित अनुपस्थिति प्रतिपूर्ति के मामले में, जब कर्मचारी की वे सेवाएं प्रदान करते हैं जो उनके भावी अनुपस्थिति क्षतिपूर्ति की हकदारी में वद्धि करती हैं; और
- गैर संचित अनुपस्थिति क्षतिपूर्ति के मामले में, जब अनुपस्थिति होती है।

अन्य दीर्घावधिक कर्मचारी हितलाभ

वे क्षतिपूर्ति अनुपस्थितियां जो उस अवधि की समाप्ति के पश्चात् जिसमें कर्मचारी सेवाएं प्रदान करता है, के बारह माह के अंदर घटित होना अपेक्षित नहीं होती हैं, को तुलन पत्र तिथि को उन दायित्वों, जिनसे दायित्वों का निपटान अपेक्षित होता है, में से नियोजन परिसंपत्तियों का उचित मूल्य घटाकर निर्धारित हितलाभ दायित्व के वर्तमान मूल्य पर देनदारियों के रूप में मान्यता दी जाती है।

3.20. स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना

स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना (वीआरएस) के प्रति व्यय को व्ययकिए जाने के समय लाभ तथा हानि के विवरण में प्रभारितकिया जाता है।

3.21. बीमा दावे

कंपनी के बीमा दावों का लेखा इस प्रकार होता है:

परिसंपत्तियों की कुल हानि के मामलों में या तो संबंधित परिसंपत्ति की बही लागत अथवा बीमा मूल्य (छूट के अध्यधीन) जो भी 'वसूली योग्य दावा – बीमा' शीर्ष के अंतर्गत कम है, बीमाकर्ता को सूचित कर अंतरित किए जाते है। जहां बीमा दावे से बही लागत से कम है, इस अंतर को लाभ तथा हानि लेखा मे प्रभारित किया जाता है।

आंशिक अथवा अन्य हानियों के मामले में, ऐसी परिसंपत्ति को उपयोग में लाने के लिए उपगत व्यय/भुगतान तीसरी पार्टी अथवा अन्य देयताओं (पॉलिसी छूट को कम करके), अगर कोई है तो, बीमाकर्ता से 'वसूली योग्य दावा – बीमा' माना गया है। बीमा पॉलिसी कटौतियां संगत व्यय वर्ष में व्यय की जाती हैं।

आंशिक अथवा अन्य हानियों के मामले में, तृतीय पक्ष अथवा अन्य देनदारियों, यदि कोई, (पॉलिसी कटौतियों को कम कर) को पूरा करने के लिए, ऐसी परिसंपत्तियों को वापस उपयोग

में लाने के लिए किए गए व्यय / भुगतान को 'वसूली योग्य दावे – बीमा' के रूप में लेखांकित किया जाता है। बीमा पॉलिसी कटौतियों को उस वर्ष में, जिस वर्ष में संगत व्यय किए जाते हैं, व्यय के रूप में दर्शाया जाता है।

जब और ज्यों दावे अंत: बीमाकर्ता से प्राप्त होते हैं, प्राप्य दावे – बीमा और प्राप्त दावों के बीच अंतर, यदि कोई को एकल लाभ एवं हानि विवरण में समयोजित किया जाता है।

3.22. आय कर

आय कर व्यय वर्तमान कर और आस्थगित कर के योग को दर्शाता है।

(i) वर्तमान कर

वर्तमान में देय कर वर्ष के लिए कर योग्य लाभ पर आधारित होता है। कर योग्य लाभ, लाभ एवं हानि के विवरण में यथा सूचित "कर पूर्व लाभ" से भिन्न होता है क्योंकि किसी एक वार्ष में आय या व्यय की कर योग्य अथवा कटौती योग्य होने वाली मदें किसी अन्य वर्ष में कर योग्य तथा कटौती योग्य नहीं भी हो सकती हैं। कंपनी के वर्तमान कर की गणना रिपोर्टिंग अवधि के अंत तक अधिनियमित या व्यापक रूप से अधिनियमित कर दरों तथा नियमों का उपयोग करके की जाती है।

(ii) आस्थगित कर

आस्थगित कर को वित्तीय विवरणों में परिसंपत्तियों तथा देयताओं की वहन राशि के मध्य अस्थायी अंतर के रूप में मान्यता प्रदान की जाती है और कर योग्य लाभ की गणना में प्रयुक्त तदनुरूपी कर आधारों का उपयोग किया जाता है। सामान्यत: आस्थगित कर देयताओं की पहचान सभी कर योग्य अस्थायी अंतरों हेतु की जाती है। आस्थगित कर देयताओं को आम तौर पर सभी कटौती योग्य अस्थायी अंतरों के लिए इस सीमा तक मान्यता प्रदान की जाती है कि यह संभव है कि कर योग्य लाभ उपलब्ध होंगे जिनके प्रति कटौती योग्य अस्थायी अंतरों का उपयोग किया जा सकता है।

आस्थगित कर परिसपत्तियों की वहन राशि की प्रत्येक रिपोर्टिंग अवधि के अंत में समीक्षा की जाती है और उसे उस सीमा तक कम किया जाता है जहां इसकी और संभावना न हो कि पर्याप्त कर योग्य लाभ प्रयुक्त की जाने वाली समूची या आंशिक आस्थगित कर परिसंपत्ति के लिए उपलब्ध होंगे।

आस्थगित कर देयताओं तथा परिसंपत्तियों का मापन उन कर दरों पर किया जाता है जिनके उस अवधि में लागू होने की संभावना होती है जिनमें देयता का निपटान किया जाता है अथवा परिसंपत्ति की उगाही की जाती है, और यह बनाई गई कर दरों (और कर कानूनों) या रिपोर्टिंग अवधि के अंत तक बनाई गई कर दरों के आधार पर किया जाता है।

आस्थगित कर देयताओं तथा परिसंपत्तियों का मापन ऐसे कर परिणामों को प्रदर्शित करता है जो रिपोर्टिंग अवधि के अंत में कंपनी की प्रत्याशा के अनुसार इसकी परिसंपत्तियों तथा देयताओं की वहन राशि की वसूली या निपटान के लिए कंपनी द्वारा प्रत्याशित किए गए तरीके से निकलता है।

विलबित कर परिसंपत्तियों में भारत के कर कानूनों के अनुसार अदा किया गया न्यूनतम वैकल्पिक कर (एमएटी) शामिल है जिसके भविष्य की आय कर देयता के प्रति समायोजन की उपलब्धता के रूप में भविष्य के आर्थिक लाभ देने की संभावना है। तदनुसार, एमएटी को तुलन–पत्र में आस्थगित कर परिसंपत्ति के रूप में मान्यता दी जाती है जब परिसंपत्ति का मापन विश्वसनीय ढंग से किया जा सके और यह संभावना हो कि परिसंपत्ति से संबद्ध भविष्य के आर्थिक लाभ को वसूल किया जाएगा।

(iii) वर्ष हेतु वर्तमान तथा आस्थगित कर

वर्तमान तथा आस्थगित कर व्यय को एकल लाभ और हानि के विवरण में मान्यता दी जाती है, सिवाय जब वे ऐसी मदों से संबंधित हों जिन्हें अन्य व्यापक आय या सीधे इक्विटी में मान्यता दी गई हो, उस मामले में वर्तमान और आस्थगित कर को क्रमश: अन्य व्यापक आय या सीधे इक्विटी में मान्यता प्रदान की जाती है।

3.23. उधार लागतें

अधिग्रहण के लिए विशेष रूप से पहचान की गई अथवा विर्षेषक परिसम्पत्तियों के निर्माण से संबंधित उधार लागतों को इस प्रकार की परिसम्पत्तियों के भाग के रूप में पूंजीकृत किया जाता है। विशेष अर्हक परिसम्पत्ति वह है जो अभिप्रेत उपयोग के लिए तैयार होने में काफी समय लेती है। सभी अन्य उधार लागतों को एकल लाभ तथा हानि लेखों में प्रभारित किया जाता है।

3.24. असमान्य रिग दिवस लागतें

असामान्य रिग दिवस लागतों को गैर–आबंटन योग्य के रूप में माना जाता है तथा इन्हें एकल लाभ एवं हानि के विवरण में प्रभारित किया जाता है।

3.25. प्रावधान, आकस्मिक देयताएं और आकस्मिक परिसंपत्तियां

प्रावधानों को तब मान्यता दी जाती है जब किसी पूर्व की घटना के परिणामस्वरूप कंपनी की कोई वर्तमान बाध्यता (विधिक या रचनात्मक) हो और यह संभावना हो कि कंपनी

द्वारा बाध्यता का निपटान अपेक्षित होगा और बाध्यता की राशि का एक विश्वसनीय अनुमान लगाया जा सकता है।

प्रावधान के रूप में मान्यता दी गई राशि बाध्यता से जुड़े जोखिमों तथा अनिश्चित्ताओं को ध्यान में रखते हुए रिपोर्टिंग अवधि के अंत में वर्तमान बाध्यता के निपटान हेतु अपेक्षित मूल्य का श्रेष्ठ अनुमान होता है। जब किसी प्रावधान का मापन वर्तमान बाध्यता के निपटान के लिए अनुमानित नकदी प्रवाहों का उपयोग करके किया जाता है, तो इसकी वहन राशि उन नकदी प्रवाहों का वर्तमान मूल्य होता है (जब राशि के समय मूल्य का प्रभाव भौतिक हो)।

आकस्मिक परिसंपत्तियों को एकल वित्तीय विवरणों में लेखे की टिप्पणियों के रूप में प्रकट किया जाता है जब आर्थिक लाभों का अंतरवाह संभाव्य हो।

आकस्मिक देयताओं को वित्तीय विवरणों में लेखे की टिप्पणियों के रूप में प्रकट किया जाता है, यदि आर्थिक लाभ अंतर्ग्रस्त होने वाले संसाधनों के बहिर्प्रवाह बहुत कम हो।

3.26. वित्तीय लिखत

वित्तीय परिसंपत्तियों तथा वित्तीय देयताओं को मान्यता कंपनी के लिखत के संविदात्मक प्रावधानों का पक्षकार बनने पर की जाती है।

वित्तीय परिसंपत्तियों तथा वित्तीय देयताओं का मापन प्रारंभ में उचित मूल्य पर किया जाता है। लेन–देन लागतें जो प्रत्यक्ष रूप से अधिग्रहण अथवा वित्तीय परिसंपत्तियों (लाभ अथवा हानि के माध्यम से उचित मूल्य पर वित्तीय परिसंपत्तियों तथा वित्तीय देयताओं को छोड़कर) के अधिग्रहण या निर्गम पर सीधे आरोप्य होते हैं, को प्रारंभिक मान्यता पर, यथा उपयुक्त, वित्तीय परिसंपत्तियों अथवा वित्तीय देनदारियों के उचित मूल्य में जोड़ा जाता है या घटाया जाता है। लाभ या हानि के माध्यम से उचित मूल्य पर वित्तीय परिसंपत्तियों या वित्तीय देयताओं के अधिग्रहण को सीधे आरोप्य संव्यवहार लागतों को एकल लाभ एवं हानि विवरण में तत्काल मान्यता प्रदान की जाती है।

3.27. वित्तीय परिसंपत्तियां

(i) नकदी तथा नकदी तुल्य

कंपनी सभी अत्यधिक नकदी वाले वित्तीय लिखतों, जो नकदी की ज्ञात मात्रा में तत्काल परिवर्तनीय होते हैं, जो मूल्य में परिवर्तन के अत्यल्प जोखिमों के अधीन होते हैं तथा जिनकी मूल परिपक्वता क्रय तिथि से तीन माह अथवा कम समय की होती है, को नकदी समतुल्य मानती है। नकदी तथा नकदी समतुल्य में बैंकों में शेष राशि आती है जो आहरण तथा उपयोग हेतु अप्रतिबंधित होते हैं

(ii) परिशोधित लागत पर वित्तीय परिसंपत्तियां

वित्तीय परिसंपत्तियों का मापन बाद में परिशोधित लागत पर प्रभावी ब्याज पद्धति का उपयोग करके किया जाता है यदि ये वित्तीय परिसंपत्तियां उसी व्यापार में धारित है जिसका उद्देश्य संविदात्मक नकदी प्रवाहों को एकत्र करना है और वित्तीय परिसंपत्ति की संविदात्मक शर्तें निर्दिष्ट तिथियों पर ऐसे नकदी प्रवाहों को उत्पन्न करती हैं जो पूर्णतः मूल धन तथा मूल धन की बकाया राशि पर ब्याज का भुगतान है।

(iii) अन्य व्यापक आय के माध्यम से उचित मूल्य पर वित्तीय परिसंपत्तियां

वित्तीय परिसंपत्तियों का मापन उचित मूल्य पर अन्य व्यापक आय के माध्यम से किया जाता है यदि ये वित्तीय परिसंपत्तियां उसी व्यापार में धारित है जिसका उद्देश्य संविदात्मक नकदी प्रवाहों को एकत्र करना है और वित्तीय परिसंपत्तियों की बिक्री करना है तथा वित्तीय परिसंपत्ति की संविदात्मक शर्तें निर्दिष्ट तिथियों पर ऐसे नकदी प्रवाहों को उत्पन्न करती हैं जो पूर्णतः मूल धन तथा मूलधन की बकाया राशि पर ब्याज का भुगतान है।

(iv) लाभ अथवा हानि के माध्यम से उचित मूल्य पर वित्तीय परिसंपत्ति

वित्तीय परिसंपत्तियों को लाभ या हानि के माध्यम से उचित मूल्य पर मापा जाता है जब तक कि इसका मापन परिशोधित लागत पर या उचित मूल्य पर प्रारंभिक मान्यता पर अन्य व्यापक आय के माध्यम से न किया जाए।

(v) वित्तीय परिसंपत्तियों का क्षरण

कंपनी प्रत्येक तुलन–पत्र तिथि को यह आकलन करती है कि क्या कोई वित्तीय परिसंपत्ति अथवा वित्तीय परिसंपत्तियों का समूह में क्षरण तो नहीं हुआ है। इंड एएस 109 "वित्तीय लिखत" के अनुसार प्रत्याशित जमा हानियों को अनुमत हानि के माध्यम से मापा जाना अपेक्षित है। अन्य सभी वित्तीय परिसंपत्तियों के लिए, प्रत्याशित जमा हानियों को 12 माह की समान राशि पर या जीवनकालीन प्रत्याशित हानियों पर मापा जाता है, यदि प्रारंभिक मान्यता के बाद से वित्तीय परिसंपत्तियों पर जमा जोखिम में काफी वृद्धि हो गयी हो।

(vi) वित्तीय परिसंपत्तियों को विमान्य करना

कंपनी किसी वित्तीय परिसंपत्ति को तब विमान्य करती है जब परिसंपत्ति से नकदी प्रवाह के संविदात्मक अधिकार समाप्त हो जाए, अथवा जब यह वित्तीय परिसंपत्ति को और व्यापक रूप से परिसंपत्ति के स्वामित्व के सभी जोखिमों तथा प्रतिफल को किसी अन्य पक्ष को अंतरित कर दे।

किसी वित्तीय परिसंपत्ति को पूर्ण रूप से विमान्य किए जाने पर (सिवाय अन्य व्यापक आय के माध्यम से उचित मूल्य के रूप में निर्दिष्ट इक्विटी लिखतो (एफवीटीओसीआई) के लिए), परिसंपत्ति की वहन राशि और प्राप्त और प्राप्य के योग के बीच अंतर को एकल लाभा एवं हानि विवरण में दर्शाया जाता है।

3.28. वित्तीय देयताएं और इक्विटी लिखत

क) कर्ज अथवा इक्विटी लिखतों के रूप में वर्गीकरण

कंपनी द्वारा निर्गत कर्ज और इक्विटी लिखतों को संविदात्मक व्यवस्थाओं के सार और वित्तीय देयताओं और किसी इक्विटी लिखत की परिभाषाओं के अनुसार या तो वित्तीय देयताओं के रूप में या इक्विटी के रूप में वर्गीकृत किया जाता है।

ख) इक्विटी लिखत

एक इक्विटी लिखत किसी ऐसी संविदा को कहते हैं जिसमें किसी कंपनी की परिसंपत्तियों में से इसकी सभी देयताओं की कटौती करने के पश्चात् अवार्षेष हित का साक्ष्य होता है। कंपनी द्वारा जारी इक्विटी लिखतों को प्राप्त राशि पर मान्यता दी जाती है। नये साधारण इक्विटी शेयरों के निर्गम पर प्रत्यक्ष रूप से आरोप्य वृद्धिशील लागतों को कर प्रभावों के निवल इक्विटी से एक कटौती के रूप में दर्शाया जाता है।

ग) संयुक्त वित्तीय लिखत

कंपनी द्वारा जारी संयुक्त वित्तीय लिखतों के घटक भागों को संविदात्मक व्यवस्थाओं के सार के अनुरूप अलग अलग वित्तीय देयताओं और इक्विटी में वर्गीकृत किया जाता है। कोई परिवर्तन विकल्प जिसे एक निश्चित नकद राशि अथवा कंपनी के स्वयं के इक्विटी लिखतों की निश्चित संख्या के लिए किसी अन्य वित्तीय आस्ति से विनिमय द्वारा भुगतान किया जाएगा, एक इक्विटी लिखत है।

निर्गम की तिथि को, देयता घटक का उचित मूल्य का आकलन उसी तरह के गैर परिवर्तनीय लिखतों के मौजूदा बाजार ब्याज दर का उपयोग करते हुए किया जाता है। इस राशि को परिवर्तन उपरांत समाप्त होने तक अथवा लिखत की परिपक्वता तिथि को प्रभावी ब्याज पद्धति का उपयोग करते हुए एक परिशोधित लागत आधार पर एक देयता के रूप में मान्यता दी जाती है। इक्विटी के रूप में वर्गीकृत रूपांतरण विकल्प का निर्धारण संपूर्ण रूप में संयुक्त वित्तीय लिखत के उचित मूल्य से देयता घटक की राशि की कटौती कर किया जाता है। यह मान्यता दी जाती है और आय कर प्रभावों के निवल इक्विटी में शामिल किया जाता है और बाद में इसका पुनर्मापन नहीं किया जाता है। इसके अलावा, इक्विटी के रूप में वर्गीकृत रूपांतरण विकल्प रूपांतरण विकल्प का उपयोग करने तक इक्विटी में बना रहेगा, जिस मामले में, इक्विटी में मान्य शेष को इक्विटी के अन्य घटक में अंतरित किया जाएगा। जब परिवर्तनीय नोट की परिपक्वता तिथि को परिवर्तन विकल्प अप्रयुक्त रह जाता है, इक्विटी के रूप में मान्य शेष को प्रतिधारित आय में अंतरित कर दिया जाएगा। रूपांतरण विकल्प के रूपांतरण अथवा समाप्ति पर एकल लाभ एवं हानि विवरण में किसी लाभ अथवा हानि को दर्शाया नहीं जाता है।

अंतरण लागत जो परिवर्तनीय नोट के निर्गम से संबंधित होता है, को देयता और सकल प्राप्ति के आवंटन के अनुपात मे इक्विटी घटकों में आवंटित किया जाता है। इक्विटी घटक से संबंधित अंतरण लागतों को प्रत्यक्षतः इक्विटी में मान्य की जाती है। देयता घटक से संबंधित अंतरण लागतों देयता घटक की वहन राशि में शामिल किया जाता है और प्रभावी ब्याज पद्धति का उपयोग करते हुए परिवर्तनीय लिखतों के जीवन कालों पर परिशोधित किया जाता है।

वित्तीय गारंटी संविदाएं

कोई वित्तीय गारंटी संविदा एक ऐसी संविदा है जिसमें जारी कर्ता को धारक द्वारा वहन किसी गई किसी हानि के लिए उसे निर्दिष्ट भुगतान की प्रतिपूर्ति करनी होती है क्योंकि निर्धारित देनदार ऋण लिखत की शर्तों के अनुसार देय होने पर भुगतान को करने में विफल रहा था।

(ख) वित्तीय देयताएं

वित्तीय देयताओं का मापन प्रभावी ब्याज पद्धति का उपयोग करते हुए परिशोधित मूल्य पर किया जाता है।

ओएनजीसी द्वारा प्रदत्त ब्याज मुक्त ऋणों को संवितरण की तिथि को उचित मूल्य पर दर्शाया जाता है और उचित मूल्य निर्धारण के अंतर को नियंत्रक कंपनी से स्वीकृत पूंजी योगदान के रूप में मान्य होता है। नियंत्रक से प्रापत मान्य पूंजीगत योगदान को इक्विटी परिवर्तन विवरण में प्रस्तुत किया जाता है।

देयता घटक को प्रभावी ब्याज दर का प्रयोग करते हुए परिशोधित लागत पद्धति पर लेखांकित किया जाता है। यदि ऋण का पहले पुनर्भुगतान हो जाता है तो पहले मान्य नियंत्रक कंपनी से मान्य पूंजीगता योगदान की अनुपातिक राशि को समायोजित किया जाता है।

(ड) वित्तीय देयताओं को विमान्य करना

कंपनी केवल और केवल अपने दायित्वों के निपटान, निरस्त या समाप्त होने पर ही वित्तीय देयताओं को विमान्य करती है। विमान्य की गई वित्तीय देयता के वहन मूल्य और प्राप्त तथा प्राप्य प्रतिफल की राशि के रूप में मान्यता प्राप्त अंतर को लाभ एवं हानि के एकल विवरण में मान्यता दी जाती है।

3.29. व्युत्पन्न वित्तीय लिखतों

यह समूह विदेशी मुद्रा विनिमय अग्रिम संविदा और ब्याज दर अदला बदली सहित ब्याज दर और विदेशी मुद्रा विनिमय दर जोखिमों से अपने निवेश का प्रबंधन करने के लिए विभिन्न प्रकार के व्युत्पन्न वित्तीय लिखतों में प्रवेश करता है।

व्युत्पन्नों को प्रारंभ में व्युत्पन्न करार में प्रवेश करने की तिथि को उचित मूल्य पर मान्यता दी जाती है और बाद में इसे प्रत्येक प्रतिवेदन अवधि के अंत में उनके उचित मूल्य पर पुनर्मापन किया जाता है। परिणामी लाभ एवं हानि को तत्काल लाभ एवं हानि के समेकित विवरणों में दर्शाया जाता है, जब तक व्युत्पन्न निर्दिष्ट नहीं किए जाते हैं और प्रतिरक्षा लिखत के रूप में प्रभावी होते हैं, जिस दशा में लाभ एवं हानि के समेकित वित्तीय विवरण में मान्यता का समय प्रतिरक्षा संबंध की प्रकृति और प्रतिरक्षित मद पर निर्भर करता है।

व्युत्पन्नों को वित्तीय परिसंपत्तियों में रखा जाता है जब उचित मूल्य धनात्मक होता है और वित्तीय देयताओं के रूप में रखा जाता है जब उचित मूल्य ऋणात्मक होते हैं।

3.30. प्रति शेयर अर्जन

प्रति शेयर आधारभूत अर्जनों की गणना कर पश्चात निवल लाभ को उस अवधि के दौरान बकाया इक्विटी शेयरों की भारित औसत संख्या द्वारा भाग देकर की जाती है। प्रति शेयर तनुकरण अर्जन की गणना कर पश्चात लाभ को आधारभूत अर्जन प्रति शेयर निकालने के लिए लिए गए इक्विटी शेयरों की भारित औसत संख्या और सभी कम किए गए संभाव्य इक्विटी शेयरों के परिवर्तन पर जारी की जा सकने वाली इक्विटी शेयरों की भारित औसत सख्या को भी भाग देकर की जाती है।

3.31. नकदी प्रवाह विवरण

नकदी प्रवाहों को अप्रत्यक्ष पद्धति का उपयोग करके सूचित किया जाता है जिसके द्वारा वार्ष हेतु लाभ को किसी गैर–नकदी प्रकृति के संव्यवहारों, पूर्व या भविष्य की प्रचालन नकदी प्राप्तियों या भुगतानों के विलंबन अथवा प्रोदभवन और नकदी प्रवाहों के निवेश या वित्त–पोषण से संबद्ध आय या व्यय की मद हेतु समायोजित किया जाता है। नकदी प्रवाह को प्रचालन, निवेश तथा वित्त पोषण क्रियाकलापों में पृथक किया जाता है।

3.32. खंड प्रतिवेदन

प्रचालनशील खंडों की पहचान की जाती है और उन्हें विभिन्न जोखिमों तथा प्रतिफलों, संगठन ढांचे तथा आंतरिक रिपोर्टिंग प्रणालियों और जिस आधार पर संसाधनों के बारे में यह निर्णय लिया जाता है कि इसे किन खंडों में आवंटित किया जाना है, प्रचालन परिणामों की नियमित रूप से समीक्षा करने और इसके प्रदर्शन का आकलन करने के लिए ध्यान में रखते हुए सूचित किया जाता है।

3.33. पहली बार अपनाया जाना – बाध्यकारी अपवाद और वैकल्पिक छूट

(i) समग्र सिद्धांत :

कंपनी ने प्रारंभिक एकल तुलन–पत्र को 1 अप्रैल, 2015 (परिवर्तन की तिथि) को इंड एएस के अनुसार ऐसी सभी परिसंपत्तियों तथा देयताओं को मान्यता देते हुए, जिन्हें मान्यता दिया जाना इंड एएस के तहत अपेक्षित है, परिसंपत्तियों या देयताओं की उन मदों की पहचान न करना जो इंड एएस द्वारा अनुमेय नहीं हैं, इंड एएस के अंतर्गत अपेक्षानुसार पिछले जीएएपी से इड एएस में कुछ मदों के पुनः वर्गीकरण, और इंड एएस को मान्यता प्राप्त परिसंपत्तियों तथा देयताओं के मापन में लागू करके तैयार किया है। तथापि, यह सिद्ध ांत कुछ बाध्यकारी अपवादों और कंपनी द्वारा ली गई कुछ वैकल्पिक छूटों के अधीन है जिनका ब्यौरा नीचे दिया गया है।

(ii) वित्तीय परिसंपत्तियों तथा वित्तीय देयताओं को विमान्य करना :

कंपनी ने 1 अप्रैल, 2015 (परिवर्तन तिथि) को या उसके पश्चात होने वाले कारोबार हेतु संदर्शी रूप से वित्तीय परिसंपत्तियों तथा वित्तीय देयताओं की विमान्य की जाने वाली आवश्यकताओं को लागू किया है।

(iii) ऋण लिखतों का वर्गीकरण

कंपनी ने ऋण लिखत का वर्गीकरण इस आधार पर निर्धारित किया है कि क्या वे परिवर्तन तिथि को विद्यमान तथ्यों तथा परिस्थितियों के आधार पर परिशोधित लागत मानदण्ड अथवा अन्य व्यापक आय के माध्यम से उचित मूल्य (एफवीटीओसीआई) मानदंड को पूरा करते हैं।

(iv) वित्तीय परिसंपत्तियों में क्षरण

कंपनी ने इंड एएस 109 'वित्तीय लिखत' की क्षति अपेक्षाओं को पश्चगामी प्रभाव से लागू किया है; तथापि, इंड एएस 101 'भारतीय लेखांकन मानक का प्रथम बार अंगीकरण' द्वारा अनुमेय किए गए के अनुसार इसने ऐसी तर्कसंगत तथा समर्थन योग्य जानकारी का उपयोग किया है जो वित्तीय लिखत की तिथि को ऋण जोखिम के निर्धारण हेतु बिना किसी अनुचित लागत या प्रयास के उपलब्ध है तथा उसे प्रारंभ में परिवर्तन तिथि को ऋण जोखिम के साथ तुलना करने के लिए मान्यता प्रदान की गई थी। इसके अतिरिक्त, कंपनी ने इंड एएस में परिवर्तन की तिथि के निर्धारण के समय सूचना हेतु इस संबंध में कोई व्यापक खोज नही की है कि क्या इंड एएस 101 द्वारा अनुमेय किए गए अनुसार प्रारंभिक मान्यता प्रदान किए जाने से ऋण जोखिम में कोई बड़ी वृद्धि हुई है।

(v) कारोबार संयोजन

कंपनी ने पूर्ववर्ती कारोबार संयोजनों, जो परिवर्तन तिथि से पूर्व हुए थे, पर इंड एएस 103 'कारोबार संयोजन' प्रवर्तित नहीं करने का विकल्प चुना है।

(vi) किसी व्यवस्था में किसी पट्टे के होने का निर्धारण

कंपनी ने परिवर्तन तिथि को विद्यमान तथ्यों तथा परिस्थितियों के आधार पर किसी व्यवस्था में पट्टा होने के निर्धारण हेतु इंड एएस 17 "पट्टे" के परिशिष्ट–ग 'यह निर्धारण कि इस व्यवस्था में पट्टा है या नहीं' को लागू किया है।

(vii) अप्रवर्तन लागत

कंपनी ने तेल तथा गैस परिसंपत्तियों में शामिल अप्रवर्तन लागतों के संबंध में उपलब्ध वैकल्पिक छूट का लाभ उठाया है। तदुनसार, कंपनी ने परिवर्तन तिथि को इंड एएस 37 "प्रावधान, आकस्मिक देयताएं

और आकस्मिक परिसंपत्तियां" के अनुसार अप्रवर्तन के प्रावधान का मापन किया है। कंपनी ने उस राशि के अनुमान की गणना की है जिसे अप्रवर्तन की देयता प्रथम बार उत्पन्न होने की तिथि पर ऐतिहासिक जोखिम समायोजित छूट दर के अपने श्रेष्ठ अनुमान का उपयोग करते हुए परिवर्तन तिथि को गणना किए गए अनुसार अप्रवर्तन के प्रावधान को छूट देकर तेल तथा गैस परिसंपत्तियों से संबंधित लागत में शामिल किया गया होगा। उसके पश्चात, कंपनी ने उपर्युक्त अनुमानित राशि पर तेल तथा गैस परिसंपत्तियों संबंधी निःशेषण/मूल्यह्रास की गणना उपर्युक्त टिप्पणी संख्या 3.11 में उल्लिखित लेखांकन नीति का उपयोग करते हुए की है।

4. महत्वपूर्ण लेखांकन निर्णय, मान्यताएं और अनिश्चित्ता के अनुमानन के प्रमुख स्रोत

वित्तीय विवरणों को तैयार करने में प्रयुक्त कई लेखांकन नीतियों के उपयोग में निर्णय लेने, अनुमान तथा मान्यताओं को लेने की प्रबंधन की आवश्यकताएं निहित हैं जो परिसंपत्तियों तथा देयताओं की सूचित राशि, आकस्मिक परिसंपत्तियों तथा देयताओं के प्रकटीकरण और राजस्व तथा व्यय की सूचित राशियों को प्रभावित करते हैं। वास्तविक परिणाम प्रयुक्त अनुमानों तथा मान्यताओं से भिन्न हो सकता है।

अनुमानों तथा निहित मान्यताओं की समीक्षा सत्त आधार पर की जाती है। लेखांकन मानकों में संशोधनों को उस अवधि में मान्यता दी जाती है जिनमें अनुमान संशोधित होते हैं तथा भविष्य की अवधियां प्रभावित होती हैं।

वित्तीय विवरणों को तैयार करने में निर्णय, मान्यताओं तथा अनुमानन अनिश्चित्ता के प्रमुख स्रोत जो अगले वित्तीय वार्ष के भीतर परिसंपत्तियों तथा देयताओं की वहन राशि में कोई भौतिक समायोजन कर सकते हैं, वे कार्यात्मक मुद्रा, तेल तथा गैस भंडारों, क्षति, संपत्ति, संयंत्र तथा उपकरण के उपयोगी जीवनकाल, तेल तथा गैस परिसंपत्तियों के निःशेषण, चालू न किए जाने के प्रावधान, कर्मचारी लाभ बाध्यताओं, प्रावधान, आयकर हेतु प्रावधान, आस्थगित कर परिसंपत्तियों और आकस्मिक परिसंपत्तियों तथा देयताओं के मापन से संबंधित हो सकते हैं।

4.1. लेखांकन नीतियों को लागू करने में महत्वपूर्ण निर्णय

उन अनुमानों (टिप्पणी 4.2 देखें) को शामिल करने के अलावा प्रबंधन द्वारा कंपनी की लेखांकन नीतियों को लागू करने की प्रक्रिया मे निम्नलिखित प्रमुख निर्णय लिए गए हैं, जिनका वित्तीय विवरणों में दर्शाए गयी राशियों पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ा है।

(क) व्यावहारिक मुद्रा का निर्धारण

कंपनी के प्राथमिक आर्थिक परिवेश, जिसमें कंपनी प्रचालन करती है, की मुद्रा ('व्यावहारिक मुद्रा') अमेरिकी डॉलर (यूएसडी)है, जिसमे कंपनी मुख्य रूप से नकदी का सृजन और व्यय करती है। तदनुसार, प्रबंधन ने अपनी व्यावहारिक मुद्रा अमेरिकी डॉलर निर्धारित किया है।

(ख) तेल तथा गैस परिसंपतियों में क्षरण के संकेतकों का मूल्यांकन

परिसंपत्तियों की क्षति के संकेतकों की प्रयोजनीयता के मूल्यांकन में बाहरी कारकों (परिसंपत्ति के मूल्य में भारी कमी, प्रौद्योगिकीय, बाजार, आर्थिक या विधिक परिवेश, बाजार ब्याज दरों में बड़े परिवर्तन आदि) और आंतरिक कारकों (किसी परिसंपत्ति का अप्रचलित होना या उसमें भौतिक क्षति, परिसंपत्ति का खराब आर्थिक निष्पादन आदि) का आकलन अपेक्षित होता है जो तेल तथा गैस परिसंपत्तियों की प्राप्ति योग्य मात्रा में बड़े परिवर्तनों में परिणत हो सकते हो।

(ख) अन्वेषणात्मक कूप

यह निर्धारण कि क्या किसी अन्वेषण कुएं द्वारा खोज किए गए संभाव्य आर्थिक तेल तथा प्राकृतिक गैस भंडार आमतौर पर कूप पूर्णता के पहले वर्ष में हो जाते हैं, पर इसमें भू–वैज्ञानिक ढांचे की जटिलता पर निर्भर करते हुए अधिक समय भी लग सकता है। तेल तथा प्राकृतिक गैस की संभाव्य आर्थिक मात्राओं की खोज करने वाले अन्वेषण कुएं तथा ऐसे क्षेत्रों में जहां उत्पादन को प्रारंभ करने से पूर्व प्रमुख पूंजीगत व्यय (जैसे कि कोई अपतटीय प्लेटफार्म अथवा पाइपलाइन), की आवश्यकता होगी, अथवा जहां प्रमुख पूंजीगत व्यय की आर्थिक व्यवहार्यता उस क्षेत्र में और अन्वेषण कार्य को सफलतापूर्वक पूरा करने पर निर्भर करती हो, एकल तुलन–पत्र में तब तक पूंजीकृत रहती है जब तक कि अतिरिक्त अन्वेषण या मूल्यांकन कार्य जारी हो अथवा उसकी ठोस आयोजना बनाई गई हो।

कई वर्ष तक तुलन–पत्र में अन्वेषण कुओं तथा अन्वेषणात्मक प्रकार के स्ट्रेटीग्राफिक जांच कुओं का स्थगित रहना असमान्य नहीं है जबकि संभाव्य तेल तथा प्राकृतिक गैस फील्डों में अतिरिक्त मूल्यांकन ड्रिलिंग और भूकंपीय कार्य को निष्पादित किया जाता है अथवा ईष्टतम विकास योजनाओं तथा समय सारणी को स्थापित किया जा रहा होता है। ऐसी सभी वहन की जा सकने वाली लागतें कम से कम वार्षिक आधार पर नियमित तकनीकी, वाणिज्यिक तथा प्रबंधन समीक्षा के अधीन है ताकि खोज को विकसित करने या अन्यथा उससे मूल्य के निष्कर्षण हेतु सत्त मंशा की पुष्टि की जा सके। जहां ऐसा मामला न हो, लागतों को त्तकाल व्यय के रूप में दिखाया जाता है।

4.2. अनिश्चित्ता आकलन की मान्यताएं और प्रमुख स्रोत

वे आकलन और पूर्वानुमान जिनका परिसंपत्तियों, देयताओं, आय तथा व्यय की मान्यता तथा मापन पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है, नीचे दी गई है। वास्तविक परिणाम इन अनुमानों

से भिन्न हो सकते हैं।

(क) अप्रवर्तन हेतु प्रावधान का आकलन

कंपनी तेल तथा गैस परिसपंत्तियों को उनके आर्थिक जीवनकाल की समाप्ति पर अप्रवर्तन करने हेतु इंड एएस 37 "प्रावधान, आकस्मिक देयताएं और आकस्मिक परिसंपत्तियां" के सिद्धांतों के अनुसार अप्रवर्तन प्रावधानों का अनुमान लगाती है। इनमें से अधिकांश अप्रवर्तन क्रियाकलाप भविष्य में होंगे, हटाए जाने की क्रियाओं के समय पूरा की जाने वाली ठीक ठीक अपेक्षाओं में अनिश्चित्ता शामिल होती है। अप्रवर्तन हेतु प्रौद्योगिकी तथा लागतों में लगातार बदलाव हो रहे हैं। भविष्य के नकदी प्रवाहों का समय तथा राशि काफी अनिश्चित्तापूर्ण है।

भविष्य के व्ययों का समय तथा राशि की समीक्षा प्रत्येक रिपोर्टिंग अवधि के अंत में वर्तमान लागत अनुमानों की वृद्धि हेतु मुद्रास्फीति की दर तथा नकदी प्रवाहों की छूट में प्रयुक्त ब्याज दरों के साथ की जाती है। तेल तथा गैस परिसंपत्तियों के आर्थिक जीवनकाल का अनुमान संगत तेल तथा गैस परिसपंत्ति की दीर्घावधि उत्पादन प्रोफाइल के आधार पर अनुमानित किया जाता है।

(ख) परिसंपत्तियों का क्षरण

यह निर्धारित करना में कि क्या किसी सीजीयू में कोई क्षरण हुआ है, और कितना हुआ है, में भविष्य के मूल्यों, प्रचालन व्ययों पर मुद्रास्फीति के प्रभाव, छूट दरों, खनिज तेल, प्राकृतिक गैस तथा मूल्यवर्धित उत्पादों की उत्पादन प्रोफाइल जैसे अनिश्चित मामलों पर प्रबंधन के अनुमान अंतर्ग्रस्त होते हैं। तेल तथा गैस परिसंपत्तियों हेतु प्रत्याशित भावी नकदी प्रवाहों का अनुमान भविष्य के खनिज तेल और प्राकृतिक गैस मूल्यों, उत्पादन तथा आरक्षित प्रमात्राओं के प्रबंधन के श्रेष्ठ अनुमानों का उपयोग करके लगाया जाता है।

कपंनी के नकदी प्रवाहों के वर्तमान मूल्यों का निर्धारण कर पूर्व छूट दरों को अनुप्रयोग कर किया जाता है जो प्रत्येक सीजीयू से संबंधित धन के समय मान और देयता के विशिष्ट जोखिम के वर्तमान बाजार आकलन को दर्शाता है। खनिज तेल की बिक्री से भावी नकदी अंतर्प्रवाह की गणना ब्लूमबर्ग द्वारा किए गए आकलन के अनुसार डेटेड ब्रेंट खनिज तेल के बाजार आधारित अग्रिम मूल्यों और बेंचमार्क खनिज तेल और अन्य पेट्रोलियम उत्पादों के साथ इसके सहसंबद्ध के आधार पर किया जाता है। प्राकृतिक गैस की बिक्री भावी नकदी प्रवाह की भी गणना संबंधित समझौतों और / अथवा बाजार अनुमान के अनुसार निर्धारित मूल्यों के आधार पर प्रत्याशित भावी मूल्यों के आधार पर की जाती है।

प्रयुक्त छूट दर एक स्थापित मॉड्ल से पूंजी लागत पर आधारित होती है।

उत्पादनकारी / विकासशील सीजीयू के उपयोग के मूल्य को प्रमाणित और संभावित भंडारों के आधार पर आकलित भावी नकद प्रवाह पर विचार करते हुए निर्धारित किया जाता है। उपयोग के मूल्य का निर्धारण करते समय मूल्यांकन / विकास की प्रत्याशित लागत के पूर्ण आकलन पर भी विचार किया जाता है।

क्षरण गणना के आकलन में अनुप्रयुक्त छूट दरों का प्रत्येक वर्ष पुनर्मूल्यांकन किया जाता है।

(ग) भंडारों का आकलन

कंपनी के वर्ष के अंत में भंडारों का आकलन नियंत्रक कंपनी ऑयल एण्ड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन लिमिटेड (ओएनजीसी) की क्षेत्रीय आकलन समिति (आरईसी) द्वारा किया जाता है, जो सत्त रूप से अतर्राष्ट्रीय भंडार अभियांत्रिकी प्रक्रियाओं का पालन करती है।

कंपनी अपने भंडारों का वार्षिक रूप से आकलन करती है और भंडारों का प्रकटन वित्त वर्ष के अंत में अर्थात् 1 अप्रैल को किया जाता है। इस कंपनी का गैर प्रचालक, संयुक्त प्रचालक और प्रचालक के रूप में भागीदारी हित के साथ पूरे विश्व में विभिन्न उत्पादनकारी और अन्वेषित परिसंपत्तियों में विश्व प्रमुख कंपनियों के साथ साझीदारी है। प्रत्येक परिसंपत्ति के प्रचालक / संयुक्त प्रचालक कंपनी वार्षिक आधार पर संबंधित परिसंपत्तियों के भंडारों का मूल्यांकन करता है, और कंपनी के प्रतिनिधि तकनीकी / प्रचालन समिति बैठकों के माध्यम से उत्साह पूर्वक अंतःक्रिया करते हैं, जिनमें भंडारों के आकलन पर चर्चा की जाती है और इसे अंतिम रूप दिया जाता है। प्रत्येक परिसंपत्ति के लिए अनुमोदित भंडारों की प्राप्ति पर, कंपनी मूल कंपनी ओएनजीसी के ई एंड डी निदेशालय के भंडार आकलन विशेषज्ञों के साथ इस पर चर्चा करती है और इसे मूल कंपनी ओएनजीसी के निदेशक (अन्वेषण) की अध्यक्षता में भंडार आकलन समिति (आरईसी) के विमर्श और अनुमोदन के लिए प्रस्तुत करती है।

परिमाणात्मक आकलन, आकलन की मुख्य प्रक्रिया होती जो इन–प्लेस हाईड्रोकार्बन की गणना करने के लिए कुंड चट्टानों और द्रव्य गुणधर्मों का उपयोग करती है और फिर यह आकलन करती है कि जो भाग एक दी हुई तिथि से, मौजूदा आर्थिक स्थितियों के तहत, स्थापित प्रचालन संव्यवहारों और विद्यमान सरकारी विनियमों के तहत दोहन के परिमाण का आकलन करती है। ज्यों ज्यों वे क्षेत्र जिनका यूक्तिसंगत अच्छा उत्पादन इतिहास होता है, निष्पादन पद्धतियों जैसे सामग्री शेष, उत्प्रेरण, गिरावट आलेख विश्लेषण का भंडारों के सटीक आकलन के लिए अनुप्रयोग किया जाता है। कई उत्पादनकारी और अन्वेषित परिसंपत्तियों के लिए जिनमें कंपनियों का पण होता है, संबंधित प्रचालक और संयुक्त प्रचालक कंपनियां विधिवत जॉच और लेखा परीक्षा के लिए तृतीय पक्ष एजेंसियों की सेवाओं का उपयोग किया जाता

है। इसके अतिरिक्त, कंपनी को अपनी परिसंपत्तियों के भंडारों का सावधिक रूप से अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त परामर्शदाताओं, जो अपने मूल्यांकन के लिए नवीनतम उद्योग संव्यवहारों का प्रयोग करते हैं, द्वारा तृतीय पक्ष द्वारा लेख परीक्षण करवाते हैं।

आकलनों का वार्षिक संशोधन वार्षिक अन्वेषणात्मक तथा विकास क्रियाकलापों और तत्संबंधी परिणामों पर आधारित होता है। नई इन–प्लेस मात्रा और अंतिम भंडारों का आकलन पहले से खोज किए गए क्षेत्रों में नई फील्ड खोजों या नई पूल खोजों हेतु लगाया जाता है। साथ ही मूल्यांकन क्रियाकलाप नए उप–सतह डाटा के कारण अनुमानों में संशोधन में भी परिणत होते हैं। इसी प्रकार, पेट्रो–भौतिक पैरामीटरों में बदलाव, स्थिर तथा परिवर्तनशील मॉडलों को अद्यतन करने और भंडारों में परिवर्तन में परिणत होने वाले निष्पादन विश्लेषण के कारण पुराने फील्डों हेतु पुनः व्याख्या क्रिया भी की जाती है। नई प्रौद्योगिकी के अंतर्क्षेप, वर्गीकरण तथा संविदात्मक प्रावधानों में परिवर्तन के चलते भी भंडारों के अनुमानन में संशोधन आवश्यक हो जाता है।

(ङ) निर्धारित लाभ बाध्यता (डीबीओ)

प्रबंधन का डीबीओ अनुमान कई महत्वपूर्ण निहित मान्यताओं पर निर्भर है जैसे कि मुद्रास्फीति की मानक दरें, चिकित्सा लागत प्रवृत्तियां, मृत्यु दर, छूट दर और भविष्य की वेतन वृद्धि प्रत्याशाएं। इन पूर्वानुमानों में अंतर डीबीओ राशि और वार्षिक निर्धारित लाभ व्ययों को काफी हद तक प्रभावित कर सकते हैं।

5. तेल एवं गैस परिसंपत्तियां

(₹ मिलियन में)

विवरण	31 मार्च 2017 को		31 मार्च 2016 को	
लागत				
प्रारंभिक शेष ;टिप्पणी 5.1 देखें	**390,574.59**		**350,393.21**	
निर्माणाधीन अन्वेषणात्मक कुएं से अंतरण	11,447.44		23,841.25	
परित्याग लागत में वृद्धि / (कमी)	2,248.82		5,018.56	
वर्ष के दौरान वर्द्धन	35,109.31		1,217.61	
वर्ष के दौरान विलोपन / सेवानिवृत्ति विनिमय	(12,124.22)		(1,532.26)	
विनिमय अंतर का प्रभाव (टिप्पणी 5.2 देखें)	(10,046.54)	**417,209.40**	11,636.22	**390,574.59**
घटाएं :संचित निःशेषण एवं क्षति				
संचित निःशेषण				
प्रारंभिक शेष (टिप्पणी 5.1 देखें)	**139,673.47**		**106,032.06**	
वर्ष के दौरान निःशेषण (टिप्पणी 32 देखें)	24,857.16		27,004.00	
विनिमय अंतर का प्रभाव (टिप्पणी 5.2 देखें)	(3,982.14)	**160,548.49**	6,637.41	**139,673.47**
संचित क्षरण				
प्रारंभिक शेष (टिप्पणी 5.1 देखें)	**18,221.77**		-	
वर्ष के दौरान प्रावधान (टिप्पणी 52 देखें)	-		17,983.75	
क्षरण का प्रतिलेखन	(8,073.62)		-	
विनिमय अंतर का प्रभाव (टिप्पणी 5.2 देखें)	(144.15)	**10,004.00**	238.02	**18,221.77**
तेल एवं गैस परिसंपत्तियों की बही राशि		**246,656.91**		**232,679.35**

5.1. इसमें 1 अप्रैल, 2015 को उत्पादन और संबद्ध सुविधाओं से संबंधित परिसंपत्तियां शामिल हैं जिन्हें भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) द्वारा जारी ईएसी मत के अनुसार संपत्ति, संयंत्र तथा उपकरण के अंतर्गत "तेल तथा गैस परिसंपत्तियों" के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

5.2. वित्तीय विवरणों को व्यावहारिक मुद्रा से प्रस्तुति मुद्रा में रूपांतरित करने के कारण विनिमय अंतर को दर्शाता है। टिप्पणी 3.18 और 4.1 (क) देखें।

6. अन्य परिसंपत्तियां, संयंत्र और उपकरण

(₹ मिलियन में)

निनिम्नलिखित की वहनराशिलि	31 मार्च 2017 को	31 मार्च 2016 को	1 अप्रैल 2015 को
पूर्ण स्वामित्व भूमि	4.04	4.13	3.90
स्थायी पट्टा भूमि	2,968.71	3,037.38	2,867.54
भवन	6,605.60	5,175.95	5,386.02
संयंत्र और उपकरण	5,624.48	7,318.75	8,743.55
फर्निचर एवं जुड़नार	226.83	159.70	216.08
वाहन	163.51	163.87	120.72
कार्यालय उपकरण	786.23	607.53	724.45
कुल	**16,379.40**	**16,467.31**	**18,062.26**

लागत	पूर्ण स्वामित्व भूमि	स्थायी पट्टा भूमि	भवन	संयंत्र और उपकरण	फर्निचर और जुड़नार	वाहन	कार्यालय उपकरण	कुल
1 अप्रैल, 2015 को शेष	**3.90**	**2,867.54**	**8,293.51**	**50,123.28**	**509.43**	**632.22**	**6,150.79**	**68,580.67**
वर्ष के दौरान वर्द्धन	-	-	48.42	587.01	15.52	128.37	45.68	825.40
निपटान / समायोजन / अंतरण	-	-	(3.46)	(13,467.51)	(4.06)	(34.93)	(41.03)	(13,550.99)
विनिमय अंतर प्रभाव (देखें टिप्पणी सं. 6.2)	0.23	169.84	491.81	2,798.18	30.33	38.68	364.35	3,893.42
31 मार्च, 2016 को शेष	**4.13**	**3,037.38**	**8,830.68**	**40,040.96**	**551.22**	**764.34**	**6,519.79**	**59,748.50**
वर्ष के दौरान वर्द्धन	-	-	2,154.49	944.58	159.76	85.09	517.31	3,861.23
निपटान / समायोजन / अंतरण	-	-	-	(2.68)	(0.74)	(0.58)	(5.23)	(9.23)
विनिमय अंतर का प्रभाव (देखें टिप्पणी सं. 6.2)	(0.09)	(68.67)	(271.10)	(862.52)	(17.77)	(20.09)	(164.38)	(1,404.62)
31 मार्च, 2017 को शेष	**4.04**	**2,968.71**	**10,714.07**	**40,120.34**	**692.47**	**828.76**	**6,867.49**	**62,195.88**

lfpr eY;gkl vkj {kj.k	i.k LokfeRo Hkkfe	LFkk;h iVVk Hkkfe	Hkou	l;;= vkj midj.k	Qfu'pj vkj tMukj	okgu	dk;kZy; midj.k	dqy
1 vi'y] 2015 dk "k'k	-	-	**2,907.49**	**41,379.73**	**293.35**	**511.50**	**5,426.34**	**50,518.41**
मूल्यह्रास व्यय	-	-	561.35	1,976.85	82.19	62.24	199.66	2,882.29
निपटान / समायोजन / अंतरण पर निरसन	-	-	(0.77)	(12,964.55)	(3.47)	(5.10)	(39.75)	(13,013.64)
विनिमय अंतर का प्रभाव (देखें टिप्पणी सं. 6.2)	-	-	186.66	2,330.18	19.45	31.83	326.01	2,894.13
31 ekp] 2016 dk "k'k	-	-	**3,654.73**	**32,722.21**	**391.52**	**600.47**	**5,912.26**	**43,281.19**
मूल्यह्रास व्यय			312.87	1,723.32	86.43	39.02	291.32	2,452.96
निपटान / समायोजन / अंतरण पर निरसन	-	-	-	(1.98)	(0.61)	(0.56)	(4.16)	(7.31)
विनिमय अंतर का प्रभाव (देखें टिप्पणी सं. 6.2)	-	-	140.87	52.31	(11.70)	26.32	(118.16)	89.64
31 ekp] 2017 dk "k'k	-	-	**4,108.47**	**34,495.86**	**465.64**	**665.25**	**6,081.26**	**45,816.48**

6.1. 1 अप्रैल, 2015 के अनुसार उत्पादन तथा संबद्ध सुविधाओं से संबंधित परिसंपत्तियों के वहन मूल्य को अन्य संपत्ति, संयंत्र तथा उपकरण से "तेल तथा गैस परिसंपत्तियों " में पुनः समूहबद्ध किया गया है ताकि तेल तथा गैस परिसंपत्तियों की कुल मात्रा को दर्शाया जा सके।

6.2. वित्तीय विवरणों को व्यावहारिक मुद्रा से प्रस्तुति मुद्रा में रूपांतरित करने के कारण विनिमय अंतर को दर्शाता है। टिप्पणी 3.18 और 4.1 (क) देखें।

6.3. कंपनी प्रत्यक्ष रूप से अथवा अन्य भागीदारों के साथ परिसंघीय (कंसोर्टियम) रूप में आयोजक सरकारों के साथ समझौते के तहत हाइड्रोकार्बन के अन्वेषण, विकास और उत्पादन से संबंधित अपना व्यवसाय कर रही हैं। कार्य क्षेत्रों / परियोजनाओं में कंपनी की गतिविधियों के संचालन कर रहे ऐसे कई समझौतों में ये प्रावधान हैं कि इस प्रकार की परिसंपत्तियों के अर्जन / प्रथम उपयोग पर अथवा ''लागततेल'' और ''लागत गैस'' के आवंटन के माध्यम से इन लागतों की 100 प्रतिशत वसूली पर अथवा संबंधित संविदा क्षेत्रों के परित्याग या संबंधित समझौते के निरस्तीकरण पर इस प्रकारकी परिसंपत्तियों तथा अन्य सहायक प्रतिष्ठानों का स्वामित्व आयोजक सरकार या इसके द्वारा नामित कंपनियों के नाम हस्तांतरित हो जाएंगे। तथापि, समझौतों की शर्तों के अनुसार, परिसंघ और/ अथवा ऑपरेटर के पास इस प्रकार की सभी परिसंपत्तियों की धारिता होती है और वह संबंधित समझौतों की संपूर्ण अवधि के दौरान निःशुल्क रूप से पेट्रोलियम के संचालन के लिए इस प्रकार कीसभी परिसंपत्तियों का निःशुल्क उपयोग करने का हकदार होता है। परिसंघ के पास इस प्रकार की परिसंपत्तियों का अभिरक्षण व अनुरक्षण अधिकार भी होता है और यह इनसे संबंधित सभी प्रकार के आकस्मिक घाटों व क्षतियों केजोखिमों को वहन करता है और इन परिसंपत्तियों का रखरखाव करने तथा इनके क्षतियों व हानियों की प्रतिपूर्ति व मरम्मत के लिए सभी आवष्यक लागतों को भी वहन करता है। इन सभी परिस्थितियोंके तहत, इस प्रकार की परिसंपत्तियों को संबंधित समझौतों की वैद्यता अवधि के दौरान कंपनी के अभिलेखों में भी रखा जाता है।

7. चालू पूंजीगत कार्य

(₹ मिलियन में)

विवरण	31 मार्च 2017 की स्थिति के अनुसार		31 मार्च 2016 की स्थिति के अनुसार	
क) तेल और गैस परिसंपत्तियां				
(i) निर्माणाधीन विकास कुएं				
प्रारंभिक शेष	**6991.94**		**7,951.99**	
वार्ष के दौरान व्यय	11,418.04		19,019.65	
तेल एवं गैस परिसंपत्तियों में अंतरण	(11,447.44)		(23,841.25)	
विनिमय अंतर का प्रभाव (देखें टिप्पणी सं. 7.3)	(494.71)	**6,467.83**	3,861.55	**6,991.94**
घटाएं : संचित क्षरण (देखें टिप्पणी सं. 7.1)				
प्रारंभिकशेष	110.37		**104.20**	
विनिमय अंतर का प्रभाव (देखें टिप्पणी सं. 7.3)	(2.50)	107.87	6.17	110.37
निर्माणाधीन विकास कुओं की वहन राशि		**6,359.96**		**6,881.57**
(i) निर्माणाधीन तेल एवं गैस सुविधाएं				
तेल एवं गैस सुविधाएं (देखें टिप्पणी सं. 7.2)		16,956.20		29,786.39
निर्माणाधीन तेल एवं गैस सुविधाओं की वहन राशि		**16,956.20**		**29,786.39**
ख) अन्य				
भवन		23.40		2,848.85
संयंत्र एवं उपकरण		-		294.48
निर्माणाधीन अन्य पूंजीगत कार्यों की वहन राशि		**23.40**		**3,143.33**

7.1. ब्लॉक 24, सीरिया में कंपनी की 60 प्रतिशत भागीदारी है। सीरिया में खराब कानून एवं व्यवस्था की स्थिति के मद्देनजर, इस परियोजना के परिचालन 29 अप्रैल 2012 से अस्थायी रूप से निलंबित हैं। इसी कारण से, निर्माणाधीन विकास कूपों के लिए ₹ शून्य मिलियन की क्षरण हानि (31 मार्च 2016 को समाप्त वर्ष के लिए ₹ शून्य) की गयी थी। 31 मार्च 2017 की स्थिति के अनुसार इस परियोजना में संचयी क्षरण ₹107.87 मिलियन (31 मार्च 2016 की स्थिति के अनुसार ₹110.37 मिलियन) किया गया था।

7.2. 31 मार्च 2017 को समाप्त वर्ष के दौरान ₹101.97 (31 मार्च 2016 को समाप्त वर्ष में ₹92.83 मिलियन) मिलियन राशि की उधार लागत को निर्माणाधीन तेल एवं गैस सुविधाओं के तहत पूंजीकृत किया गया है। उधार ली गयी निधियों पर भारित औसत पूंजीकरण दर 2.23 प्रतिशत प्रति वर्ष है (31 मार्च 2016 को समाप्त वर्ष के दौरान 2.56 प्रतिशत प्रति वर्ष)।

7.3. वित्तीय विवरणों को व्यावहारिक मुद्रा से प्रस्तुति मुद्रा में रूपांतरित करने के कारण विनिमय अंतर को दर्शाता है। टिप्पणी 3.18 और 4.1 (क) देखें।

ओएनजीसी विदेश बोर्ड के कार्यकारी सदस्यों द्वारा हिन्दी गृह पत्रिका आधारषिला का विमोचन

8. अमूर्त परिसंपत्तियां

(₹ मिलियन में)

विवरण	31 मार्च 2017 की स्थिति के अनुसार		31 मार्च 2016 की स्थिति के अनुसार	
अनुप्रयोग सॉफ्टवेयर लागत				
प्रारंभिक शेष	681.95		564.79	
वर्ष के दौरान वर्द्धन	330.15		83.66	
निपटान / समायोजन / अंतरण	(0.32)		(0.51)	
विनिमय अंतर का प्रभाव (देखें टिप्पणी सं. 8.1)	(26.36)	**985.42**	34.01	**681.95**
घटाएं : संचितपरिशोधन				
प्रारंभिक शेष	516.98		455.16	
वर्ष के दौरान वर्द्धन	69.72		35.17	
निपटान / समायोजन / अंतरण	(0.22)		(0.51)	
विनिमय अंतर का प्रभाव (देखें टिप्पणी सं. 8.1)	(13.99)	**572.49**	27.16	**516.98**
अमूर्त परिसंपत्तियों की वहन राशि		**412.93**		**164.97**

8.1. वित्तीय विवरणों को व्यावहारिक मुद्रा से प्रस्तुति मुद्रा में रूपांतरित करने के कारण विनिमय अंतर को दर्शाता है। टिप्पणी 3.18 और 4.1 (क) देखें।

9. निर्माणाधीन अमूर्त परिसंपत्तियां

(₹ मिलियन में)

विवरण	31 मार्च 2017 की स्थिति के अनुसार		31 मार्च 2016 की स्थिति के अनुसार	
क. निर्माणाधीन अन्वेषणात्मक कूप				
सकल लागत				
प्रारंभिक शेष	**23,920.72**		**21,161.95**	
वर्ष के दौरान व्यय (टिप्पणी सं. 9.4 देखें)	840.73		4,503.46	
वार्ष के दौरान अपलिखित कूप	(23.50)		(787.76)	
विनिमय अंतर का प्रभाव (दिप्पणी सं. 9.6 देखें)	(648.08)	**24,089.87**	(956.93)	**23,920.72**
घटाएं : संचितक्षरण (टिपपणी सं. 9.1, 9.2 देखें)				
प्रारंभिक शेष	4,981.69		4,680.53	
वर्ष के दौरान प्रावधान(टिपपणी सं. 34 देखें)	5.42		23.63	
विनिमय अंतर का प्रभाव(टिपपणी सं. 9.6 देखें)	(112.80)	**4,874.31**	277.53	**4,981.69**
निर्माणाधीन अन्वेषणात्मक कूपों की वहन राशि		**19,215.56**		**18,939.04**
ख. अर्जन लागत (टिपपणी सं. 9.3 देखें)				
लागत				
प्रारंभिक शेष	166,269.81		152,718.04	
वर्ष के दौरान व्यय(टिपपणी सं. 9.5 देखें)	3,089.69		2,817.81	
विनिमय अंतर का प्रभाव(टिपपणी सं. 9.6 देखें)	(3,839.62)	**165,519.88**	10,733.96	**166,269.81**
घटाएं : क्षरण				
प्रारंभिक शेष	15,780.70		626.40	
वर्ष के दौरान व्यय(टिपपणी सं. 48.1 देखें)	856.13		14,919.73	
विनिमय अंतर का प्रभाव(टिपपणी सं. 9.6 देखें)	(554.17)	**16,082.66**	234.57	**15,780.70**
अर्जन लागत की वहन राशि		**149,437.22**		**150,489.11**

9.1. ब्लॉक 24, सीरिया में कंपनी की 60 प्रतिशत भागीदारी है। सीरिया में खराब कानून एवं व्यवस्था की स्थिति के मद्देनजर, इस परियोजना

के परिचालन 29 अप्रैल 2012 से अस्थायी रूप से निलंबित हैं। इसी कारण से, निर्माणाधीन विकास कूपों के लिए प्रावधान किए गए थे। 31 मार्च 2017 की स्थिति के अनुसार इस परियोजना में संचयी क्षरण ₹2,663.39 मिलियन (31 मार्च 2016 की स्थिति के अनुसार ₹2,572. 80 मिलियन) था।

9.2. फारसी ब्लॉक, ईरान के संबंध में, कंपनी ने अन्य भागीदारों के साथ, परिसंघ के रूप में 25 दिसंबर, 2002 को नेशनल ईरानी कंपनी (एनआईओसी) के साथ एक अन्वेषण सेवा संविदा (ईएससी) की थी। अन्वेषणात्मक वेधन के पश्चात्, ब्लाक के एफबी क्षेत्र में गैस की खोज की गई और जिसे तत्पश्चात फरज़द बीका नाम दिया गया। एनआईओसी ने फरज़द बी की वाणिज्यिकता की तिथि 18 अगस्त, 2008 के रूप में घोषित की। तथापि, विकास सेवा संविदा को अब तक अंतिम रूप नहीं दिया जा सका है। फारसी ब्लाक में अन्वेषण में कंपनी के निवेश के लिए क्षरण प्रावधान किए गए हैं। 31 मार्च 2017 की स्थिति के अनुसार यह क्षरण ₹2,210.92 मिलियन (31 मार्च 2016 की स्थिति के अनुसार ₹2,408.89 मिलियन) है।

9.3. अर्जन लागत संपत्ति अथवा प्रमाणित या अप्रमाणित तेल एवं गैस संपत्तियों के खनिज अधिकार के अर्जन से संबंधित है, जो वर्तमान में अन्वेषण / विकास चरण में है; ऐसी लागतों को इस परियोजना से वाणिज्यिक उत्पादन की शुरुआत पर तेल एवं गैस परिसंपत्तियों में अंतरित कर दिया जाएगा अथवा अन्वेषण परियोजना के परित्याग के मामले में बट्टे खाते डाल दिया जाएगां।

9.4. ₹241.18 मिलियन की राशि की उधार लागत को 31 मार्च 2017 को समाप्त वर्ष के दौरान निर्माणाधीन अन्वेषणात्मक कूपों में पूंजीकृत किया गया (31 मार्च 2016 को समाप्त वर्ष के लिए ₹219.95 मिलियन) है। उधार ली गयी निधि पर भारित औसत पूंजीकरण दर 2.23 प्रतिशत प्रति वर्ष है (31 मार्च 2016 को समाप्त वर्ष के दौरान 2.56 प्रतिशत प्रति वर्ष)।

9.5. ₹3,089.69 मिलियन की राशि की उधार लागत को 31 मार्च 2017 को समाप्त वर्ष के दौरान अर्जन लागतं में पूंजीकृत किया गया (31 मार्च 2016 को समाप्त वर्ष के लिए ₹2,817.81 मिलियन) है। उधार ली गयी निधि पर भारित औसत पूंजीकरण दर 2.23 प्रतिशत प्रति वर्ष है (31 मार्च 2016 को समाप्त वर्ष के दौरान 2.56 प्रतिशत प्रति वर्ष)।

9.6. वित्तीय विवरणों को व्यावहारिक मुद्रा से प्रस्तुति मुद्रा में रूपांतरित करने के कारण विनिमय अंतर को दर्शाता है। टिप्पणी 3.18 और 4.1 (क) देखें।

10. निवेश

(₹ मिलियन में)

विवरण	31 मार्च 2017 की स्थिति के अनुसार	31 मार्च 2016 की स्थिति के अनुसार	1 अप्रैल 2015 की स्थिति के अनुसार
लागत पर ह्रास क्षरण :			
(क) इक्विटी लिखतों में निवेश(टिप्पणी सं. 10.1 देखें)	147,293.55	143,063.07	140,196.09
(ख) अधिमान शेयर में निवेश(टिप्पणी सं. 10.2 देखें)	115,476.43	119,546.01	124,901.84
(ग) ब्यास रोवुमा इनर्जी मोजाम्बिक लिमिटेड में मान्य इक्विटी निवेश	741.94	-	-
लाभ तथा हानि के माध्यम से उचित मूल्य :			
(क) म्युचुअल निधियों में निवेश			
. स्थल पुनर्स्थापन निधि के लिए (टिप्पणी सं. 10.3 देखें)	18,332.42	13,664.70	11,933.69
निवेश	**281,844.34**	**276,273.78**	**277,031.62**

10.1. इक्विटी लिखतों में निवेश

(₹ मिलियन में)

विवरण	31 मार्च 2017 की स्थिति के अनुसार		31 मार्च 2016 की स्थिति के अनुसार		1 अप्रैल 2015 की स्थिति के अनुसार	
	शेयरों की सं.	राशि	शेयरों की सं.	राशि	शेयरों की सं.	राशि
गैर उद्धृत निवेश(पूर्णतः चूकता)						
क. अनुषंगी कंपनियों में निवेश						
(क) ओएनाजीसी नर्मदा लिमिटेड	20,000,000	10.07	20,000,000	10.31	20,000,000	9.73

(ख) ओएनजीसी अमेजन अलकनंदा लिमिटेड	12,000	0.78	12,000	0.80	12,000	0.75
(ग) इंपेरियल इनर्जी लिमिटेड	1,450	20,362.99	1,450	20,833.99	1,450	19,669.04
(घ) कारावोबो वन एबी	377,678	3,692.73	377,678	3,778.14	377,678	3,566.89
(ड) ओएनजीससी (बीटीसी) लिमिटेड	1,021,044	384.76	1,237,502	477.12	7,398,001	2,692.80
(च) ओएनजीसी विदेश रोवुमा लिमिटेड	25,000	1.62	20,000	1.33	10,000	0.19
(छ) ओएनजीसी विदेश एटलांटिक इंक, यूएसए	2,040,000	132.29	2,040,000	135.35	40,000	2.51
(ज) ओएनजीसी नाइल गंगा बी. वी. (श्रेणी क)	40	12,295.04	40	12,579.43	40	11,876.04
(झ) ओएनजीसी नाइल गंगा बी. वी. (श्रेणी ख)	100	28,339.75	100	28,995.26	100	27,373.97
(ञ) ओएनजीसी नाइल गंगा बी. वी. (श्रेणी ग)	880	1,188.74	880	1,216.23	880	1,148.23
(ट) ब्यास रोवुमा इनर्जी मोजाम्बिक लिमिटेड	7,680	104,987.04	7,680	99,712.11	7,680	94,682.92
(ठ) ओएनजीसी विदेश सिगापुर प्रि लि.	10,000	0.65	-	-	-	-
अनुषंगी कंपनियों में कुल निवेश		**171,396.46**		**167,740.07**		**161,023.07**
घटाएं : संचितक्षरण(टिप्पणी सं. 10.1.1 देखें)		24,119.14		24,677.02		20,827.00
अनुषंगी कंपनी में निवेश **(I)**		**147,277.32**		**143,063.05**		**140,196.07**
ग. संयुक्त उद्यमों में निवेश						
क) मोजाम्बिक एलएनजीआई कंपनी प्रि. लि.	250	16.21	-	-	-	-
सहयोगी कंपनियों में कुल निवेश		**16.21**		**-**		**-**
घटाएं : संचितक्षरण		-		-		-
सहयोगी कंपनियों में निवेश **(II)**		**16.21**		-		-
ग. संयुक्त उद्यमों में निवेश						
क) सड पेट्रोलियम ऑपरेटिंग कंपनी	24	0.02	24	0.02	24	0.02
ख) ओएनजीसी मित्तल इनर्जी लिमिटेड	24,990,000	1,620.60	24,990,000	1,658.09	24,990,000	1,565.37
संयुक्त उद्यमों में कुल निवेश		**1,620.62**		**1,658.11**		**1,565.39**
घटाएं : संचितक्षरण(टिप्पणी सं. 10.1.1 देखे)		1,620.60		1,658.09		1,565.37
चूंकि उद्योग की विशेष प्रकृति के कारण सामान्य क्रम में प्रचालन चक्र को चिन्हित नहीं किया जा सकता है इसलिए यह माना गया है कि इसकी अवधि 12 माह होगी। तदनुसार, इंड एएस 1 'वित्तीय विवरणों की प्रस्तुति' और कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची III में वर्णित प्रचालन चक्र एवं अन्य कसौटियों के अनुसार सभी परिसंपत्तियों एवं देयताओं को मौजूदा या गैर मौजूदा परिसंपत्तियों एवं देयताओं के में वर्गीकृत किया गया है।

कंपनी की कार्यसाधक मुद्रा अमरीकी डालर (यूएसडी) है (कृपया टिप्पणी 4.1 (क) देखें)। समेकित इंड एएस वित्तीय विवरण भारतीय रुपया ('₹') में प्रस्तुत किए गए हैं (कृपया टिप्पणी 3.22 देखें) और सभी मूल्यों को निकटतम दो दशमलव मिलियन में पूर्णांकित किया गया है, केवल उसे छोड़कर जहां अन्यथा उल्लेख किया गया है।

उचित मूल्य का मापन

उचित मूल्य वह मूल्य होता है जो बाजार की वर्तमान स्थितियों के तहत मापन की तिथि को बाजार के प्रतिभागियों के बीच किसी क्रमबद्ध लेनदेन में किसी संपत्ति की बिक्री पर प्राप्त होगा या किसी देयता के अंतरण पर भुगतान किया जाएगा।

समूह ने उचित मूल्य पर मापी गई परिसंपत्तियों और देयताओं को उनके मापन में प्रयुक्त इनपुट का अवलोकन करने की सामर्थ्य के आधार पर तीन स्तरों में से एक में वर्गीकृत किया गया है, जिनका वर्णन नीचे किया गया है:

स्तर 1 के इनपुट समान परिसंपत्तियों या देयताओं के लिए सक्रिय बाजारों में उद्धृत मूल्य (असमायोजित) हैं।

स्तर 2 के इनपुट ऐसे इनपुट हैं जो प्रत्यक्ष या परोक्षःप से सुस्पष्ट हैं, जो परिसंपत्ति या देयता के लिए स्तर 1 के तहत शामिल उद्धृत मूल्यों से भिन्न हैं।

स्तर 3 के इनपुट सुस्पष्ट संबंधित बाजार डाटा या बाजार के प्रतिभागियों द्वारा मूल्य निर्धारण के बारे में समूह की धारणाओं में महत्वपूर्ण संशोधनों को दर्शाने वाली परिसंपत्ति या देयता के लिए अस्पष्ट इनपुट हैं।

3.3. भारतीय लेखा मानक

वित्तीय विवरण में कंपनी तथा इसकी सहायक कंपनियों (सामूहिक से "समूह" कहा गया है) के वित्तीय विवरणों को शामिल किया गया है। समूह ने संयुक्त उद्यमों और सहयोगियों में निवेश किया है जिनको इन समेकित इंड एएस वित्तीय विवरणों में इक्विटी विधि का प्रयोग करके लेखांकित किया गया है। समेकित इंड एएस विवरणों में संयुक्त उद्यमों एवं सहयोगियों में निवेश के लेखांकन की नीति के लिए कृपया टिप्पणी 3.7 देखें।

सहायक कंपनियां ऐसी संस्थाएं हैं जो कंपनी द्वारा नियंत्रित हैं। कंपनी किसी संस्था को नियंत्रित तब करती है जब संस्था के साथ अपनी भागीदारी से उसके पास परिवर्ती प्रतिफल का अधिकार होता है और संस्था की संगत गतिविधियों का निर्देशन करने के लिए अपनी शक्ति के माध्यम से उन प्रतिफलों को प्रभावित करने की सामर्थ्य होती है। सहायक कंपनियों को उनके अधिग्रहण की तिथि से समेकित किया जाता है जो वह तिथि होती है जब कंपनी नियंत्रण प्राप्त करती है और तब तक समेकित करना जारी रखा जाता है जब तक कि ऐसा नियंत्रण समाप्त नहीं हो जाता है।

इंड एएस के समेकित वित्तीय विवरणों में निम्नलिखित सहायक कंपनियों (सीधे या कंपनी की सहायक कंपनियों के

क्र. सं.	सहायक कंपनी का नाम	निगमन का देश	स्वामित्व अधिकार का अनुपात	
			31 मार्च, 2017 की स्थिति के अनुसार	31 मार्च, 2016 की स्थिति के अनुसार
1.1	ओएनजीसी नील गंगा बी.वी.	नीदरलैंड्स	वर्ग क : 100% वर्ग ख : 100%	वर्ग क : 100% वर्ग ख : 100%
1.1 (i)	ओएनजीसी कैंपोस लिमिटाडा	ब्राजील	100%	100%
1.1 (ii)	ओएनजीसी नील गंगा (साइप्रस) लिमिटेड	साइप्रस	100%	100%
1.1 (iii)	ओएनजीसी नील गंगा (सैन क्रिस्टोबा) बी.वी.	नीदरलैंड्स	100%	100%
1.1 (iv)	ओएनजीसी सत्पायेव ई एंड पी बी.वी.	नीदरलैंड्स	-	-
1.1 (v)	(01 फरवरी, 2016 से परिसमाप्त)	नीदरलैंड्स	100%	100%
1.2	ओएनजीसी कैस्पियन ई एंड पी बी.वी.	नीदरलैंड्स	वर्ग ग : 55%	वर्ग ग : 55%
2	ओएनजीसी नील गंगा बी.वी.	नाइजीरिया	100%	100%
3	ओएनजीसी नर्मदा लिमिटेड	बरमूडा	100%	100%
4	ओएनजीसी अमेजॅन अलकनंदा लिमिटेड	साइप्रस	100%	100%
4 (i)	इंपीरियल एनर्जी लिमिटेड	साइप्रस	100%	100%
4 (ii)	इंपीरियल एनर्जी टॉम्स्क लिमिटेड	साइप्रस	100%	100%
4 (iii)	इंपीरियल एनर्जी (साइप्रस) लिमिटेड	साइप्रस	100%	100%
4 (iv)	इंपीरियल एनर्जी नॉर्ड लिमिटेड	साइप्रस	100%	100%
4 (v)	बियांकस होल्डिंग्स लिमिटेड	साइप्रस	100%	100%
4 (vi)	रेडक्लिफ होल्डिंग्स लिमिटेड	साइप्रस	100%	100%
4 (vii)	इंपीरियल फ्रेक सर्विसेज (साइप्रस) लिमिटेड	साइप्रस	100%	100%
4 (viii)	सैन एजीओ इंवेस्टमेंट्स लिमिटेड	रूस	55.90%	55.90%
4 (ix)	एलएलसी सिबिनटेनेफ्ट	रूस	100%	100%
4 (x)	एलएलसी एलियांसीनेफ्टेगाज	रूस	100%	100%
4 (xi)	एलएलसी नॉर्ड इंपीरियल	रूस	100%	100%
4(xii)	एलएलसी रस इम्पीरियल ग्रुप	रूस	50%	50%
5	एलएलसी इंपीरियल फ्रेक सर्विसेज	स्वीडन	100%	100%
5 (i)	कैरोबोबो वन ए बी	नीदरलैंड्स	100%	100%
6	पेट्रो कार्बोबो गंगा बी.वी.	केमैन द्वीप	100%	100%
7	ओएनजीसी (बी टी सी) लिमिटेड	ब्रिटिश वर्जिन आइलैंड	60%	60%
8	ब्यास रोवुमा एनर्जी मोजांबिक लिमिटेड	मॉरीशस	100%	100%
9	ओएनजीसी विदेश रोवुमा लिमिटेड (ओवीआरएल)	टेक्सास	100%	100%

क्र. सं.	सहायक कंपनी का नाम	निगमन का देश	स्वामित्व अधिकार का अनुपात	
			31 मार्च, 2017 की स्थिति के अनुसार	31 मार्च, 2016 की स्थिति के अनुसार
10	ओएनजीसी विदेश अटलांटिक इंक (ओवीएआई)	सिंगापुर	100%	-
10.1	ओएनजीसी विदेश सिंगापुर प्राइवेट लिमिटेड (15 अप्रैल, 2016 को निगमित)	सिंगापुर	100%	-

समान लेखांकन नीतियों का प्रयोग करके तैयार किए जाते हैं और यथा संभव उसी ढंग से प्रस्तुत किए जाते हैं जिस तरह कंपनी के अकेले वित्तीय विवरण प्रस्तुत किए जाते हैं, केवल उसे छोड़कर जिसका अन्यथा उल्लेख किया जाता है। जहां आवश्यक समझा गया है, सहायक कंपनियों की लेखांकन नीतियों को समूह की लेखांकन नीतियों के अनुरूप बनाने के लिए उनके वित्तीय विवरणों में समायोजन किए जाते हैं।

इंड एएस के समेकित वित्तीय विवरण अंतर समूह लेनदेन तथा अतृप्त लाभ से संबंधित अंतर समूह परिसंपत्तियों, देयताओं, इक्विटी, आय और व्यय का पूरी तरह उन्मूलन करने के पश्चात परिसंपत्तियों, देयताओं, इक्विटी, आय और व्यय की समान मदों के बही मूल्य को एक साथ शामिल करके पंक्ति दर पंक्ति आधार पर कंपनी तथा इसकी सहायक कंपनियों के वित्तीय विवरणों को संयोजित करके तैयार किए जाते हैं। अतृप्त क्षतियों का भी उन्मूलन किया जाता है, जब तक कि लेनदेन अंतरित परिसंपत्ति की खराबी का साक्ष्य प्रदान नहीं करता है।

लाभ या हानि तथा अन्य व्यापक आय के प्रत्येक घटक को कंपनी के स्वामियों तथा गैर नियंत्रण अधिकारों पर आरोपित किया जाता है। कुल व्यापक आय को कंपनी के स्वामियों तथा गैर नियंत्रण अधिकारों पर आरोपित किया जाता है, भले ही इससे गैर नियंत्रण अधिकारों में घाटे का संतुलन उत्पन्न होता है।

सहायक कंपनियों में समूह के स्वामित्व के अधिकारों में ऐसे परिवर्तनों को इक्विटी लेनदेन के:प में लेखांकित किया जाता है जो सहायक कंपनियों पर समूह का नियंत्रण समाप्त होने के:प में परिणत नहीं होते हैं। समूह के अधिकारों तथा गैर नियंत्रण अधिकारों की अग्रनीत राशियों को सहायक कंपनियों में उनके सापेक्षिक अधिकारों को प्रतिबिंबित करने के लिए समायोजित किया जाता है। गैर नियंत्रण अधिकारों को जितनी राशि से समायोजित किया जाता है और भुगतान किए गए या प्राप्त किए गए प्रतिफल के उचित मूल्य के बीच किसी अंतर को इक्विटी में सीधे मान्य किया जाता है और कंपनी के स्वामियों पर आरोपित किया जाता है।

जब समूह किसी सहायक कंपनी पर अपना नियंत्रण खो देता है, तो लाभ और हानि के समेकित विवरण में अभिलाभ या हानि को स्वीकार किया जाता है तथा (i) प्राप्त प्रतिफल के उचित मूल्य तथा किसी प्रतिधारित ब्याज के उचित मूल्य के योग और (ii) सहायक कंपनी की परिसंपत्तियों (सद्भाव सहित) और देयताओं की पिछली अग्रनीत राशि तथा गैर नियंत्रण अधिकारों के बीच अंतर के:प में गणना की जाती है। उस सहायक कंपनी के संबंध में अन्य व्यापक आय में पिछली स्वीकृत सभी राशियों का लेखांकन इस तरह किया जाता है जैसे कि समूह ने सहायक कंपनी की संबंधित परिसंपत्तियों या देयताओं का सीधे निस्तारण किया हो (अर्थात लागू इंड एएस द्वारा यथा निर्दिष्ट/अनुमत लाभ और हानि के समेकित विवरण में पुनरू वर्गीकृत या इक्विटी की किसी अन्य श्रेणी में अंतरित किया गया हो)। जिस तिथि को नियंत्रण समाप्त होता है उस तिथि को पूर्व सहायक कंपनी में प्रतिधारित किसी निवेश के उचित मूल्य को इंड एएस 109 के तहत परवर्ती लेखांकन के लिए आरंभिक मान्यता पर उचित मूल्य या लागू होने पर किसी सहयोगी या संयुक्त उद्यम में किसी निवेश की आरंभिक मान्यता पर लागत के:प में माना जाता है।

3.4. व्यवसाय के संयोजन

अधिग्रहण की विधि का प्रयोग करके व्यवसायों के अधिग्रहणों को लेखांकित किया जाता है। किसी व्यवसाय संयोजन में अंतरित प्रतिफल को उचित मूल्य पर मापा जाता है जिसकी गणना अधिग्रहण की तिथि को समूह द्वारा अंतरित परिसंपत्तियों के उचित मूल्य, अधिग्रहिती के पूर्व स्वामियों पर समूह द्वारा वहन की गई देयताओं तथा अधिग्रहिती के नियंत्रण के बदले में समूह द्वारा जारी किए गए इक्विटी अधिकारों की राशि (₹) में की जाती है। अधिग्रहण से संबंधित लागतों को सामान्यतया यथा उत्पन्न लाभ और हानि के समेकित विवरण में मान्य किया जाता है।

अधिग्रहण की तिथि को अधिग्रहीत अभिज्ञेय परिसंपत्तियों तथा प्रकल्पित देयताओं को उनके उचित मूल्य पर मान्य किया जाता है, केवल यह छोड़कर कि:

– आस्थगित कर की परिसंपत्तियों या देयताओं तथा कर्मचारियों के हितलाभ से संबंधित परिसंपत्तियों एवं देयताओं को क्रमशः इंड एएस 12 'आयकर' और इंड एएस 19 'कर्मचारी हितलाभ' के अनुसरण में स्वीकार किया जाता है और मापा जाता है।

– परिसंपत्तियों (या निस्तारण समूहों) जिनको इंड एएस 105 'बिक्री तथा बंद प्रचालनों के लिए धारित गैर मौजूदा परिसंपत्तियां' के अनुसरण में बिक्री के लिए धारित के:प में वर्गीकृत किया जाता है, को उस मानक के अनुसरण में मापा जाता है।

सद्भाव को अधिग्रहण की तिथि को अधिग्रहीत अभिज्ञेय परिसंपत्तियों तथा प्रकल्पित देयताओं की राशि के जाल पर अधिग्रहिती (यदि कोई हो) में अधिग्रहणकर्ता के पूर्व में धारित इक्विटी अधिकार के उचित मूल्य, अधिग्रहिती में किसी गैर नियंत्रण अधिकार की राशि तथा अंतरित प्रतिफल की राशि के आधिक्य के:प में मापा जाता है।

कम कीमत पर क्रय के मामले में, उसके संबंध में किसी अभिलाभ को मान्य करने से पूर्व समूह निर्धारित करता है कि क्या कम कीमत पर क्रय के:प में व्यवसाय संयोजन को वर्गीकृत करने के लिए अंतर्निहित कारणों का कोई स्पष्ट साक्ष्य मौजूद है। इसके पश्चात, समूह फिर से आकलन करता है कि क्या उसने सभी अधिग्रहीत परिसंपत्तियों तथा सभी प्रकल्पित देयताओं को ठीक ढंग से चिन्हित किया है तथा किसी अतिरिक्त परिसंपत्ति या देयता को मान्य करता है जो उस पुनः आकलन में अभिचिन्हित की जाती है। इसके बाद समूह ऐसी राशियों को मापने के लिए प्रयुक्त प्रक्रियाओं की समीक्षा करता है जिनकी कम कीमत पर क्रय की गणना के प्रयोजनार्थ इंड एएस को जरूरत पड़ती है। यदि इस पुनः आकलन और समीक्षा के पश्चात अभिलाभ बना रहता है, तो समूह उसे अन्य व्यापक आय में मान्य करता है और उसे पूंजीगत आरक्षित निधि के:प में इक्विटी में संचित करता है। यह अभिलाभ अधिग्रहणकर्ता पर आरोपित किया जाता है। यदि कम कीमत पर क्रय (₹) में व्यवसाय संयोजन को वर्गीकृत करने के लिए अंतर्निहित कारणों का स्पष्ट साक्ष्य नहीं होता है, तो समूह पुनरू आकलन एवं समीक्षा (जैसा कि ऊपर वर्णन किया गया है) के बाद अभिलाभ को पूंजीगत आरक्षित निधि (₹) में इक्विटी में सीधे मान्य करता है।

जब किसी व्यवसाय संयोजन में समूह द्वारा अंतरित प्रतिफल में किसी सांयोगिक प्रतिफल व्यवस्था से उत्पन्न परिसंपत्तियां या देयताएं शामिल होती हैं, तो सांयोगिक प्रतिफल को अधिग्रहण की तिथि को उसके उचित मूल्य पर मापा जाता है तथा व्यवसाय संयोजन में अंतरित प्रतिफल के अंग (₹) में शामिल किया जाता है। सांयोगिक प्रतिफल के उचित मूल्य में परिवर्तनों जो मापन अवधि के संयोजन के:प में अर्हक होते हैं, को यथास्थिति सद्भाव या पूंजीगत आरक्षित निधि के विरूद्ध समतुल्य समायोजनों के साथ भूतलक्षी प्रभाव से समायोजित किया जाता है। मापन अवधि के समायोजन ऐसे समायोजन हैं जो अधिग्रहण की तिथि को मौजूद तथ्यों एवं परिस्थितियों के बारे में मापन अवधि के दौरान समूह द्वारा प्राप्त अतिरिक्त सूचना से उत्पन्न होते हैं। मापन अवधि अधिग्रहण की तिथि से एक वर्ष से अधिक नहीं होती है।

सांयोगिक प्रतिफल जो मापन अवधि के समायोजन (₹) में अर्हक नहीं होती है, के उचित मूल्य में परिवर्तनों के लिए परवर्ती लेखांकन इस बात पर निर्भर होता है कि सांयोगिक प्रतिफल को किस तरह वर्गीकृत किया जाता है। सांयोगिक प्रतिफल जिसे इक्विटी (₹) में वर्गीकृत किया जाता है, को रिपोर्टिंग की परवर्ती तिथियों पर फिर से मापा नहीं जाता है तथा उसके परवर्ती निस्तारण को इक्विटी के अंग के अंदर लेखांकित किया जाता है। सांयोगिक प्रतिफल जिसे किसी परिसंपत्ति या देयता (₹) में वर्गीकृत किया जाता है, को लाभ और हानि के समेकित विवरण में स्वीकार किए जा रहे समतुल्य अभिलाभ या हानि के साथ रिपोर्टिंग की परवर्ती तिथियों को उचित मूल्य पर फिर से मापा जाता है।

जब व्यवसाय संयोजन चरणों में प्राप्त होता है, तो अधिग्रहिती में समूह के पिछले धारित इक्विटी अधिकार को अधिग्रहण की तिथि को उसके उचित मूल्य के अनुसार फिर से मापा जाता है तथा परिणामी अभिलाभ या हानि, यदि कोई हो, को लाभ एवं हानि के समेकित विवरण में स्वीकार किया जाता है। अधिग्रहण की तिथि से पूर्व अधिग्रहिती में अधिकारों से उत्पन्न राशियों जिनको पहले अन्य व्यापक आय में स्वीकार किया गया है, को लाभ और हानि के समेकित विवरण में फिर से वर्गीकृत किया जाता है जहां ऐसा व्यवहार उचित होगा यदि उस अधिकार का निस्तारण किया गया हो।

यदि रिपोर्टिंग अवधि जिसमें संयोजन घटित होता है, के अंत तक किसी व्यवसाय संयोजन का आरंभिक लेखांकन अपूर्ण रहता है, तो समूह ऐसी मदों के लिए अनंतिम राशियों की सूचना देता है जिनका लेखांकन अपूर्ण होता है। इन अनंतिम राशियों को मापन अवधि के दौरान अतिरिक्त परिसंपत्तियों या देयताओं (यदि कोई हो) को स्वीकार करते हुए समायोजित किया जाता है ताकि अधिग्रहण की तिथि को मौजूद तथ्यों एवं परिस्थितियों के बारे में प्राप्त नई सूचनाओं को प्रतिबिंबित किया जा सके जो ज्ञात होने पर उस तिथि को स्वीकार की राशियों को प्रभावित करती।

3.5. गैर नियन्त्रण अधिकार

गैर नियंत्रण अधिकार सहायक कंपनियों में आय, अन्य व्यापक आय तथा निवल परिसंपत्तियों के ऐसे अनुपात को दर्शाते हैं जिनको कंपनी के शेयरधारकों पर आरोपित नहीं किया जा सकता है।

गैर नियंत्रण अधिकारों को शुरू में अधिग्रहिती की अभिज्ञेय निवल परिसंपत्तियों की स्वीकृत राशियों के गैर नियंत्रण अधिकारों के अनुपातिक शेयर पर मापा जाता है। अधिग्रहण के बाद गैर नियंत्रण अधिकारों की अग्रनीत राशि आरंभिक स्वीकृति पर अधिकार की राशि तथा इक्विटी में परवर्ती परिवर्तनों के गैर नियंत्रण अधिकारों का शेयर है।

3.6. सद्भाव

किसी व्यवसाय के अधिग्रहण पर उत्पन्न सद्भाव को संचित खराबी हानि, यदि कोई हो, को घटाकर व्यवसाय के अधिग्रहण की तिथि

को यथा स्थापित लागत पर अग्रनीत किया जाता है।

खराबी की जांच के प्रयोजनों के लिए सद्भाव को समूह की नकदी का सृजन करने वाली प्रत्येक यूनिट (या नकदी का सृजन करने वाली यूनिटों के समूह) को आवंटित किया जाता है, जिनके संयोजन के सिनर्जी से लाभांवित होने की उम्मीद होती है।

नकदी सृजन यूनिट (सी जी यू) जिसे सद्भाव आवंटित किया गया है, की वार्षिक आधार पर या अधिक बारंबारता के साथ खराबी के लिए जांच की जाती है जब इस बात का संकेत होता है कि सीजीयू पंगु हो सकती है। यदि सीजीयू की वसूली योग्य राशि उसकी अग्रनीत राशि से कम होती है, तो खराबी क्षति को सबसे पहले सीजीयू को आवंटित किसी सद्भाव की अग्रनीत राशि को कम करने के लिए आवंटित किया जाता है और फिर यूनिट में प्रत्येक परिसंपत्ति की अग्रनीत राशि पर यथानुपात आधार पर यूनिट की अन्य परिसंपत्तियों पर आवंटित किया जाता है। सद्भाव के लिए किसी खराबी क्षति को लाभ और हानि के समेकित विवरण में सीधे स्वीकार किया जाता है। सद्भाव के लिए स्वीकृत किसी खराबी क्षति को परवर्ती अवधियों में पलटा नहीं जाता है।

संगत सीजीयू के निस्तारण पर, सद्भाव की आरोप्य राशि को निस्तारण पर लाभ या हानि के निर्धारण में शामिल किया जाता है।

3.7. संयुक्त उद्यमों एवं सहयोगियों में निवेश

सहयोगी ऐसी संस्था होता है जिसके ऊपर समूह का महत्वपूर्ण प्रभाव होता है। महत्वपूर्ण प्रभाव निवेशिती के वित्तीय एवं प्रचालन संबंधी नीतिगत निर्णयों में भागीदारी करने की शक्ति है परंतु यह इन नीतियों पर नियंत्रण या संयुक्त नियंत्रण नहीं है।

संयुक्त उद्यम एक संयुक्त व्यवस्था है जिसके माध्यम से पक्षकारों जिनका व्यवस्था पर संयुक्त नियंत्रण है, को संयुक्त व्यवस्था की निवल परिसंपत्तियों पर अधिकार होता है। संयुक्त नियंत्रण किसी व्यवस्था के नियंत्रण की संविदात्मकःप से सहमत हिस्सेदारी है, जो तभी मौजूद होता है जब संगत गतिविधियों के बारे में निर्णय के लिए नियंत्रण में हिस्सा रखने वाले पक्षकारों की सर्वसम्मत सहमति की आवश्यकता होती है।

सहयोगियों या संयुक्त उद्यमों के परिणामों और परिसंपत्तियों एवं देयताओं को समेकित इंड एएस वित्तीय विवरणों में लेखांकन की इक्विटी विधि का प्रयोग करके समाविष्ट किया जाता है, केवल उसे छोड़कर जब निवेश या उसके किसी भाग को बिक्री के लिए धारित रुप में वर्गीकृत किया जाता है, जिसमें उसे इंड एएस 105 'बिक्री तथा बंद प्रचालनों के लिए धारित गैर मौजूदा परिसंपत्तियां' के अनुसरण में लेखांकित किया जाता है। इक्विटी विधि के तहत किसी सहयोगी या संयुक्त उद्यम में निवेश को शुरू में लागत पर समेकित तुलनपत्र में स्वीकार किया जाता है और इसके बाद सहयोगी या संयुक्त उद्यम के लाभ या हानि तथा अन्य व्यापक आय में समूह के शेयर को स्वीकार करने के लिए समायोजित किया जाता है। किसी सहयोगी या संयुक्त उद्यम से प्राप्त वितरण निवेश की अग्रनीत राशि को कम करते हैं। जब किसी संयुक्त उद्यम या सहयोगी की हानि में समूह का शेयर उस सहयोगी या संयुक्त उद्यम में समूह के अधिकार से अधिक होता है (जिसमें कोई दीर्घावधिक अधिकार शामिल होता है जो सारवान रुप से सहयोगी या संयुक्त उद्यम में समूह के निवल निवेश का अंग होता है), तो समूह अग्रेतर हानियों में अपने शेयर को स्वीकार करना बंद कर देता है। अतिरिक्त हानियों को केवल उस हद तक स्वीकार किया जाता है जिसे समूह ने विधिक या निर्माणकारी बाध्यताओं रुप में वहन किया है या सहयोगी अथवा संयुक्त उद्यम की ओर से भुगतान किया है।

यदि कोई संयुक्त उद्यम या सहयोगी समान परिस्थितियों में समान लेनदेन एवं घटनाओं के लिए समूह की लेखांकन नीतियों से भिन्न लेखांकन नीतियों का प्रयोग करता है, तो इक्विटी विधि का प्रयोग करने से पूर्व सहयोगी या संयुक्त उद्यम के वित्तीय विवरणों को समूह की लेखांकन नीतियों के अनुरूप बनाने के लिए समायोजन किए जाते हैं, जब तक कि किसी सहयोगी के मामले में ऐसा करना अव्यवहारिक न हो।

किसी सहयोगी या संयुक्त उद्यम में निवेश को तिथि जिसको निवेशिती सहयोगी या संयुक्त उद्यम बनता है, से इक्विटी विधि का प्रयोग करके लेखांकित किया जाता है। किसी सहयोगी या संयुक्त उद्यम में निवेश के अधिग्रहण पर निवेशिती की अभिज्ञेय परिसंपत्तियों एवं देयताओं के निवल उचित मूल्य के समूह के शेयर से अधिक निवेश की लागत के किसी आधिक्य को सद्भाव रुप में मान्य किया जाता है, जो निवेश की अग्रनीत राशि के अंदर शामिल होता है। पुनः आकलन के बाद निवेश की लागत की तुलना में अभिज्ञेय परिसंपत्तियों एवं देयताओं के निवल उचित मूल्य के कंपनी के शेयर के किसी आधिक्य को अवधि जिसमें निवेश का अधिग्रहण होता है, में पूंजीगत आरक्षित निधि केःप में इक्विटी में सीधे स्वीकार किया जाता है।

लेखांकन की इक्विटी विधि के प्रयोग के बाद समूह यह निर्धारित करता है कि क्या एक या अधिक घटनाओं के फलस्वरूप खराबी का कोई निरपेक्ष साक्ष्य है जो किसी सहयोगी या संयुक्त उद्यम में निवल निवेश की आरंभिक स्वीकृति के बाद घटित हुई है और यह कि घटना (या घटनाओं) का निवल निवेश से अनुमानित भावी नकदी प्रवाह जिसका विश्वसनीय ढंग से अनुमान लगाया जा सकता है, पर

कोई प्रभाव है। यदि खराबी का ऐसा कोई निरपेक्ष साक्ष्य मौजूद होता है, तो समूह किसी सहयोगी या संयुक्त उद्यम में समूह के निवेश के संबंध में खराबी क्षति को मान्य करता है। आवश्यक होने पर, इंड एएस 36 श्परिसंपत्तियों की खराबीश के अनुसरण में उसकी अग्रनीत राशि के साथ उसकी वसूली योग्य राशि (प्रयोग में मूल्य तथा निस्तारण की लागत को घटाकर उचित मूल्य का उच्चतर) की तुलना करके एकल परिसंपत्ति के रुप में निवेश की संपूर्ण अग्रनीत राशि (सद्भाव सहित) की खराबी के लिए जांच की जाती है। कोई स्वीकृत खराबी क्षति निवेश की अग्रनीत राशि का हिस्सा होती है। इंड एएस 36 के अनुसरण में उस खराबी क्षति के किसी पलटाव को उस हद तक स्वीकार किया जाता है जिस हद तक निवेश की वसूली योग्य राशि आगे चलकर बढ़ती है।

समूह उस तिथि से इक्विटी विधि का प्रयोग करना बंद कर देता है जब निवेश सहयोगी या संयुक्त उद्यम नहीं रह जाता है या जब निवेश को बिक्री के लिए धारित केःप में वर्गीकृत किया जाता है। जब समूह पूर्व सहयोगी या संयुक्त उद्यम में अधिकार प्रतिधारित करता है और प्रतिधारित अधिकार वित्तीय परिसंपत्ति के रुप में होता है, तो समूह उस तिथि को उचित मूल्य पर प्रतिधारित अधिकार को मापता है तथा उचित मूल्य को इंड एएस 109 'वित्तीय लिखत' के अनुसरण में आरंभिक स्वीकृति पर उसके उचित मूल्य के रुप में माना जाता है। इक्विटी विधि का प्रयोग बंद होने की तिथि को सहयोगी या संयुक्त उद्यम की अग्रनीत राशि तथा किसी प्रतिधारित अधिकार के उचित मूल्य और सहयोगी या संयुक्त उद्यम में अधिकार के किसी भाग के निस्तारण से किसी आय के बीच अंतर को सहयोगी या संयुक्त उद्यम के निस्तारण पर अभिलाभ या हानि के निर्धारण में शामिल किया जाता है। इसके अलावा, समूह उस सहयोगी या संयुक्त उद्यम के संबंध में अन्य व्यापक आय में पहले स्वीकृत सभी राशियों को उसी आधार पर लेखांकित करता है जो ऐसी स्थिति में अपेक्षित होगा यदि उस सहयोगी या संयुक्त उद्यम ने संबंधित परिसंपत्तियों या देयताओं का सीधे निस्तारण किया होता। अतरू यदि उस सहयोगी या संयुक्त उद्यम द्वारा अन्य व्यापक आय में पहले स्वीकृत किसी अभिलाभ या हानि को संबंधित परिसंपत्तियों या देयताओं के निस्तारण पर लाभ और हानि के समेकित विवरण के अनुसार पुनरू वर्गीकृत किया जाता है, तो समूह लाभ और हानि के समेकित विवरण में इक्विटी से अभिलाभ या क्षति को पुनरू वर्गीकृत करता है (पुनः वर्गीकरण के समयोजन के रुप में) जब इक्विटी विधि का प्रयोग बंद हो जाता है।

समूह इक्विटी विधि का प्रयोग उस समय जारी रखता है जब किसी सहयोगी में निवेश किसी संयुक्त उद्यम में निवेश बन जाता है या संयुक्त उद्यम में निवेश किसी सहयोगी में निवेश बन जाता है। स्वामित्व के अधिकारों में ऐसे परिवर्तनों पर उचित मूल्य का कोई पुनरू मापन नहीं होता है।

जब समूह किसी सहयोगी या संयुक्त उद्यम में स्वामित्व के अपने अधिकार को कम करता है परंतु समूह इक्विटी विधि का प्रयोग करना जारी रखता है, तो समूह उस अभिलाभ या क्षति के अनुपात को लाभ और हानि के समेकित विवरण में पुनरू वर्गीकृत करता है जिसे पहले स्वामित्व के अधिकार में उस कटौती से संबंधित अन्य व्यापक आय में स्वीकृत किया गया है, यदि उस अभिलाभ या क्षति को संबंधित परिसंपत्तियों या देयताओं के निस्तारण पर लाभ या हानि के समेकित विवरण में पुनः वर्गीकृत किया जाएगा।

जब समूह की कोई संस्था समूह के किसी सहयोगी या संयुक्त उद्यम के साथ लेनदेन करती है, तो सहयोगी या संयुक्त उद्यम के साथ लेनदेन से उत्पन्न लाभ और हानि को समूह के इंड एएस के समेकित वित्तीय विवरणों में सहयोगी या संयुक्त उद्यम में अधिकारों के केवल उस हद तक स्वीकार किया जाता है जो समूह से संबंधित नहीं होते हैं।

3.8. संयुक्त प्रचालन में अधिकार

संयुक्त प्रचालन एक संयुक्त व्यवस्था है जिसके माध्यम से पक्षकारों जिनका व्यवस्था पर संयुक्त नियंत्रण है, को व्यवस्था से संबंधित देयताओं के लिए परिसंपत्तियों एवं बाध्यताओं पर अधिकार होता है।

अन्वेषण, विकास और उत्पादन की गतिविधियों के लिए समूह के विभिन्न कारपोरेट निकायों और/या मेजबान देश की सरकार के साथ विदेशी संयुक्त प्रचालन हैं।

संयुक्त प्रचालनों के आरोप्य आय और व्यय के साथ परिसंपत्तियों एवं देयताओं में समूह के शेयर का विलय व्यवस्था के अनुसार आउटपुट में उसके शेयर की बिक्री एवं किसी देयता से समूह की आय और व्यय जिसे समूह ने संयुक्त प्रचालनों के संबंध में किया है, के साथ समूह के समेकित इंड एएस वित्तीय विवरणों में समान मदों के साथ पंक्ति दर पंक्ति आधार पर होता है, केवल समूह की लेखांकन नीतियों के अनुसरण में पट्टा, मूल्यह्रास, शुष्क कूप, सेवामुक्ति देयता, खराबी तथा साइड ट्रैकिंग के मामलों को छोड़कर।

ऐसे क्षेत्रों में हाइड्रो कार्बन के भंडारों को समूह के प्रतिभागी अधिकार के अनुपात में दिया जाता है।

किसी संयुक्त प्रचालन में अधिकार की बिक्री पर अभिलाभ या हानि को लाभ और हानि के समेकित विवरण में स्वीकार किया जाता है, सिवाय इसके कि ऐसी बिक्री के समय किसी अभिलाभ को स्वीकार नहीं किया जाता है यदि प्रतिधारित अधिकार पर लागू लागतों की वसूली के बारे में पर्याप्त अनिश्चितता मौजूद होती है या यदि भावी निष्पादन के लिए समूह पर्याप्त में बाध्य होता है।

3.9. बिक्री के लिए धारित गैर मौजूदा परिसंपत्तियां

बिक्री के लिए धारित केःप में वर्गीकृत गैर मौजूदा परिसंपत्तियों या निस्तारण समूहों को अग्रनीत राशि तथा बिक्री की लागत को घटाकर उचित मूल्य के निम्न स्तर पर मापा जाता है।

गैर मौजूदा परिसंपत्तियों या निस्तारण समूहों को बिक्री के लिए धारित केःप में वर्गीकृत किया जाता है, यदि उनकी अग्रनीत राशियां प्रधानःप से बिक्री के लेनदेन के माध्यम से न कि सतत प्रयोग के माध्यम से बरामद की जाएंगी। इस शर्त का पालन होना तभी समझा जाता है जब बिक्री की संभावना बहुत अधिक होती है तथा परिसंपत्ति या निस्तारण समूह केवल उन्हीं शर्तों के अधीन जो ऐसी परिसंपत्तियों की बिक्री के लिए स्वाभाविक एवं प्रचलित होते हैं, अपनी वर्तमान स्थिति में तत्काल बिक्री के लिए उपलब्ध होता है। प्रबंधन बिक्री के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए, जिससे बिक्री के लिए धारित के रुप में वर्गीकरण की तिथि से एक साल के अंदर पूर्ण बिक्री के रुप में स्वीकृति के लिए अर्हक होने की अपेक्षा की जानी चाहिए और बिक्री की योजना को पूरा करने के लिए अपेक्षित कार्रवाइयों से इस बात का संकेत मिलना चाहिए कि इस बात की संभावना नहीं है कि योजना में महत्वपूर्ण परिवर्तन किए जाएंगे या यह कि योजना वापस ले ली जाएगी।

बिक्री के लिए धारित केःप में वर्गीकृत हो जाने पर संपत्ति, संयंत्र एवं उपकरण तथा अमूर्त परिसंपत्तियों का मूल्यह्रास या परिशोधन नहीं होता है

3.10. संपत्ति, संयंत्र और उपकरण (तेल और गैस की परिसंपत्तियों से भिन्न)

माल या सेवाओं की आपूर्ति या उत्पादन में प्रयोग के लिए अथवा प्रशासनिक प्रयोजनों के लिए धारित भूमि एवं भवनों का उल्लेख समेकित तुलनपत्र में संचित मूल्यह्रास तथा खराबी क्षति, यदि कोई हो, को घटाकर किया जाता है। फ्री होल्ड भूमि तथा शाश्वत पट्टे के अधीन भूमि का मूल्यह्रास नहीं होता है।

उत्पादन, आपूर्ति या प्रशासनिक प्रयोजनों के लिए निर्माण के अधीन संपत्ति, संयंत्र एवं उपकरण (पी पी ई) को किसी स्वीकृत खराबी क्षति को घटाकर लागत पर अग्रनीत किया जाता है। किसी परिसंपत्ति की लागत में टिप्पणी 3.17 के अनुसार उसका क्रय मूल्य या उसकी निर्माण लागत (लागू कर क्रेडिट का निवल), प्रबंधन द्वारा आशयित ढंग से उसे प्रचालन के लिए सक्षम बनाने हेतु आवश्यक स्थिति और स्थान पर परिसंपत्ति को लाने पर प्रत्यक्ष रुप से आरोप्य कोई लागत तथा सेवामुक्ति लागत शामिल होती है। इसमें पेशेवर शुल्क और अर्हक परिसंपत्तियों के लिए समूह की लेखांकन नीति के अनुसरण में पूंजीकृत उधारी लागत शामिल होती है। ऐसी संपत्तियों को पी पी ई की उपयुक्त श्रेणियों में तब वर्गीकृत किया जाता है जब वे आशयित प्रयोग के लिए पूर्ण और तैयार हो जाती हैं। पीपीई की किसी मद के ऐसे भागों को अलग घटक केःप में लेखांकित किया जाता है जिनका उपयोगी कार्यकाल और महत्वपूर्ण मूल्य भिन्न होता है तथा पूंजी सुधार या अन्य कारकों के कारण उत्पन्न संपत्ति, संयंत्र और उपकरण पर परवर्ती व्यय होता है।

इन पीपीई का मूल्यह्रास तब शुरू होता है जब परिसंपत्तियां अपने आशयित प्रयोग के लिए तैयार हो जाती हैं।

मूल्यह्रास कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची 2 में उल्लेख के अनुसार या समूह द्वारा तकनीकी आकलन के आधार पर पीपीई के उपयोगी कार्यकाल पर मूल्य कम होने की विधि का प्रयोग करके उनके अवशिष्ट मूल्यों को घटाकर पीपीई (फ्री होल्ड भूमि, तेल और गैस की परिसंपत्तियों तथा निर्माण के अधीन संपत्तियों से भिन्न) की लागत पर प्रदान किया जाता है। इन परिसंपत्तियों का अनुमानित उपयोगी कार्यकाल निम्नानुसार है:

विवरण	वर्ष
बिल्डिंग	3 to 60
संयंत्र एवं उपकरण	3 to 40
फर्नीचर और फिक्सचर	3 to 10
वाहन	5 to 20
कार्यालय उपकरण	3 to 15

अनुमानित उपयोगी कार्यकाल, अवशिष्ट मूल्य तथा मूल्यह्रास विधि की वार्षिक आधार पर समीक्षा की जाती है तथा आवश्यक होने पर भावी प्रभाव से अनुमानों में परिवर्तनों को लेखांकित किया जाता है।

वर्ष के दौरान पीपीई (तेल एवं गैस की परिसंपत्तियों से भिन्न) में अभिवृद्धियों/विलोपों पर मूल्यह्रास अभिवृद्धि/विलोप की तिथि के संदर्भ में यथानुपात आधार पर प्रदान किया जाता है, ऐसी मदों को छोड़कर जिनका मूल्य 100' अमरीकी डालर से अधिक नहीं होता है जिनका अभिवृद्धि के समय पूर्णतरू मूल्यह्रास किया जाता है।

' 100 अमरीकी डालर = 6,485.00 रूपए, 31 मार्च, 2017 की स्थिति के अनुसार

पूंजी सुधार या अन्य कारकों के कारण उत्पन्न पीपीई (तेल एवं गैस की परिसंपत्तियों से भिन्न) पर परवर्ती व्यय पर मूल्यह्रास शेष उपयोगी कार्यकाल पर भावी प्रभाव से प्रदान किया जाता है।

पुनर्निर्मित/मरम्मत की गई पीपीई (तेल एवं गैस की परिसंपत्तियों से भिन्न) जिनको अलग से पूंजीकृत किया जाता है, पर मूल्यह्रास पुनरू मूल्यांकित उपयोगी कार्यकाल पर प्रदान किया जाता है।

अन्वेषण/विकास ड्रिलिंग के लिए प्रयुक्त सहायक उपकरणों एवं सुविधाओं सहित पीपीई (तेल एवं गैस की परिसंपत्तियों से भिन्न) पर मूल्यह्रास को शुरू में टिप्पणी 3.13 के अनुसार ड्रिलिंग की लागत तथा व्यय/रिक्तीकरण के अंग के रूप में पूंजीकृत किया जाता है। सर्वेक्षण की गतिविधियों के लिए लगाए गए उपकरणों/परिसंपत्तियों पर मूल्यह्रास को लाभ और हानि के विवरण में प्रभारित किया जाता है।

वित्तीय पट्टा के तहत धारित परिसंपत्तियों पर मूल्यह्रास स्वामित्व वाली परिसंपत्तियों की तरह उनके अपेक्षित उपयोगी कार्यकाल पर प्रदान किया जाता है।

निस्तारण पर या परिसंपत्ति का प्रयोग जारी रखने से भविष्य में कोई आर्थिक लाभ प्राप्त होने की उम्मीद न होने पर पीपीई की किसी मद को अमान्य किया जाता है। पीपीई की किसी मद के निस्तारण या कार्यमुक्ति पर उत्पन्न किसी अभिलाभ या हानि का निर्धारण बिक्री की निवल आय तथा परिसंपत्ति की अग्रनीत राशि के बीच अंतर के रूप में किया जाता है और उसे लाभ और हानि के विवरण में मान्य किया जाता है।

3.11 . अमूर्त परिसंपत्तियां

(i) अलग से अधिग्रहीत की गई अमूर्त परिसंपत्तियां

निश्चित उपयोगी कार्यकाल वाली अमूर्त परिसंपत्तियों जिनका अधिग्रहण अलग से किया जाता है, को संचित परिशोधन तथा संचित खराबी क्षति को घटाकर लागत पर अग्रनीत किया जाता है। परिशोधन को उनके अनुमानित उपयोगी कार्यकाल जो पूंजीकरण की तिथि से 5 वर्ष से अधिक नहीं होता है, पर सीधी रेखा के आधार पर मान्य किया जाता है। प्रत्येक रिपोर्टिंग अवधि के अंत में अनुमानित उपयोगी कार्यकाल की समीक्षा की जाती है तथा अनुमान में किसी परिवर्तन के प्रभाव को भावी प्रभाव के लिए लेखांकित किया जाता है।

निस्तारण पर या जब प्रयोग अथवा निस्तारण से किसी भावी आर्थिक लाभ की उम्मीद नहीं होती है तब अमूर्त परिसंपत्तियों को अमान्य किया जाता है। किसी अमूर्त परिसंपत्ति की अमान्यता से उत्पन्न किसी अभिलाभ या हानि का निर्धारण निस्तारण की निवल आय तथा परिसंपत्ति की अग्रनीत राशि के बीच अंतर के रूप में किया जाता है और उसे लाभ और हानि के विवरण में मान्य किया जाता है।

(ii) विकास के अधीन अमूर्त परिसंपत्तियां – अन्वेषण कूप प्रगति पर

अन्वेषण तथा मूल्यांकन कूपों को ड्रिल करने तथा सुसज्जित करने पर व्यय की गई सभी अन्वेषण तथा मूल्यांकन लागतों को शुरू में श्विकास के अधीन अमूर्त परिसंपत्तियां – अन्वेषण कूप प्रगति परश के रूप में तब तक पूंजीकृत किया जाता है जब तक कि टिप्पणी 3.13 के अनुसार पूर्ण होने पर तेल एवं गैस की परिसंपत्तियों में अंतरित नहीं किया जाता है या यथास्थिति शुष्क होने या भावी प्रयोग के अयोग्य होने के रूप में निर्धारण होने पर व्ययित किया जाता है।

अन्वेषणनुमा स्तरित जांच कूपों की ड्रिलिंग की लागत को शुरू में श्विकास के अधीन अमूर्त परिसंपत्तियां – अन्वेषण कूप प्रगति परश के रूप में तब तक पूंजीकृत किया जाता है जब तक कि टिप्पणी 3.13 के अनुसार पूर्ण होने पर तेल एवं गैस की परिसंपत्तियों में अंतरित नहीं किया जाता है या शुष्क होने के रूप में निर्धारण होने पर व्ययित किया जाता है या फील्ड/परियोजना अभ्यर्पित की जाती है।

अन्वेषण कूपों की लागत अग्रनीत नहीं की जाती है जब तक कि तर्कसंगत रूप से यह निर्धारण न हो सके कि पर्याप्त मात्रा में भंडारों के संकेत हैं और भंडारों तथा परियोजना की आर्थिक एवं प्रचालन लाभप्रदता का आकलन करने में पर्याप्त प्रगति हुई है। ऐसी सभी अग्रनीत लागतें समूह की नीति के अनुसार खराबी के लिए समीक्षा के अधीन होती हैं।

3.12. सद्भाव से भिन्न मूर्त एवं अमूर्त परिसंपत्तियों की खराबी

यह निर्धारित करने के लिए कि क्या इस बात का कोई संकेत है कि इन परिसंपत्तियों को कोई खराबी क्षति हुई है, प्रत्येक रिपोर्टिंग अवधि के अंत में समूह श्नकदी सृजन यूनिटश (सी जी यू) की अपनी मूर्त (तेल एवं गैस की परिसंपत्तियां, विकास कूप प्रगति पर (डी

डब्ल्यू आई पी), और संपत्ति, संयंत्र एवं उपकरण (पूंजी कार्य प्रगति पर सहित) और अमूर्त परिसंपत्तियों की अग्रनीत राशि की समीक्षा करता है। यदि ऐसा कोई संकेत मौजूद होता है, तो खराबी क्षति (यदि कोई हो) की मात्रा का निर्धारण करने के उद्देश्य से परिसंपत्ति की वसूली योग्य राशि का अनुमान लगाया जाता है। जब किसी व्यक्तिगत परिसंपत्ति की वसूली योग्य राशि का अनुमान लगाना संभव नहीं होता है, तो समूह उस नकदी सृजन यूनिट की वसूली योग्य राशि का अनुमान लगाता है, जिससे परिसंपत्ति संबंधित होती है।

वसूली योग्य राशि निस्तारण की लागत तथा प्रयोग में मूल्य को घटाकर उचित मूल्य का उच्चतर होती है। प्रयोग में मूल्य का आकलन करने में कर पूर्व छूट दर का प्रयोग करके अनुमानित भावी नकदी प्रवाह को उनके वर्तमान मूल्य पर डिस्काउंट किया जाता है जो उस समय धन के मूल्य के वर्तमान बाजार आकलन तथा परिसंपत्ति जिसके लिए भावी नकदी प्रवाह के अनुमानों को समायोजित नहीं किया गया है, के विशिष्ट जोखिम को दर्शाता है।

यदि अनुमान लगाया जाता है कि किसी परिसंपत्ति (या नकदी सृजन यूनिट) की वसूली योग्य राशि उसकी अग्रनीत राशि से कम है, तो परिसंपत्ति (या नकदी सृजन यूनिट) की अग्रनीत राशि को उसकी वसूली योग्य राशि से घटाया जाता है। किसी खराबी क्षति को लाभ और हानि के विवरण में तुरंत स्वीकार किया जाता है।

प्रत्येक वित्त वर्ष के अंत में यह देखने के लिए आकलन किया जाता है कि क्या इस बात का कोई संकेत है कि पहले मान्य की गई खराबी क्षति अब मौजूद नहीं हो सकती है या कमतर हो चुकी हो सकती है। खराबी क्षति को पलटा जाता है, यदि पिछली खराबी क्षति को मान्य करने के बाद परिसंपत्ति की वसूली योग्य क्षति का निर्धारण करने के लिए प्रयुक्त अनुमानों में कोई परिवर्तन होता है। यदि ऐसा होता है, तो परिसंपत्ति की अग्रनीत राशि उसकी वसूली योग्य राशि तथा अग्रनीत राशि जो निर्धारित की गई है, निबल मूल्य ह्रास के निम्नतर के अनुसार बढ़ाई जाती है, यदि पिछले वर्षों में परिसंपत्ति के लिए कोई खराबी क्षति मान्य नहीं की गई होती है। पलटाव के बाद, उसके शेष उपयोगी कार्यकाल पर सुव्यवस्थित आधार पर किसी अवशिष्ट मूल्य को घटाकर परिसंपत्ति की संशोधित अग्रनीत राशि का आवंटन करने के लिए भावी अवधियों में मूल्यह्रास प्रभार को समायोजित किया जाता है। खराबी क्षति के पलटावों को लाभ एवं हानि के विवरण में मान्य किया जाता है।

अन्वेषण चरण के दौरान खराबी जांच फील्ड/परियोजना स्तर पर की जाती है जब निकट भविष्य में अन्वेषण की अग्रेत्तर गतिविधियों की योजना नहीं होती है या जब यह संकेत देने के लिए पर्याप्त आंकड़े उपलब्ध होते हैं कि यद्यपि विशिष्ट फील्ड/परियोजना में विकास के आगे बढ़ने की संभावना है, अन्वेषण परिसंपत्ति की अग्रनीत राशि के सफल विकास से या बिक्री द्वारा पूर्णतरू वसूल होने की संभावना नहीं है। इसके बाद खराबी क्षति को खराबी के लिए स्थितियों के मौजूद न होने की सीमा तक पलटा जाता है।

3.13. अन्वेषण और मूल्यांकन, विकास और उत्पादन लागत

(i) अधिग्रहण पूर्व लागत

तेल और गैस का अन्वेषण, विकास और उत्पादन करने के लिए अधिकार (अधिकारों) को प्राप्त से पूर्व किए गए व्यय को तब खर्च किया जाता है जब वह होता है।

(ii) अधिग्रहण की लागत

अधिग्रहण की लागतों में तेल और गैस की परिसंपत्तियों में प्रतिभागी अधिकार प्राप्त करने के मामले में किसी संपत्ति या खनिज का प्रमाणित या अप्रमाणित अधिकार खरीदने, पट्टा पर लेने या अन्यथा अधिग्रहण करने पर व्यय की गई सभी लागतें शामिल होती हैं तथा उनको निम्नानुसार लेखांकित किया जाता है:

अन्वेषण एवं विकास चरण

अन्वेषण या विकास के अधीन परियोजनाओं से संबंधित अधिग्रहण लागत को शुरू में क्रमशरू विकास के अधीन अमूर्त परिसंपत्ति या श्पूंजी कार्य प्रगति पर – तेल एवं गैस की परिसंपत्तियांश के रूप में लेखांकित किया जाता है। ऐसी लागतों को तेल एवं गैस की परिसंपत्तियों पर अंतरित करके पूंजीकृत किया जाता है जब फील्ड/परियोजना का कोई कूप वाणिज्यिक उत्पादन शुरू करने के लिए तैयार हो जाता है। परित्याग/स्वत्व–त्याग के मामले में ऐसी लागतों को बट्टे खाते में डाला जाता है।

उत्पादन चरण

तेल और गैस का उत्पादन करने वाली परिसंपत्तियों की अधिग्रहण लागतों को तेल एवं गैस की परिसंपत्तियों के तहत पूंजीकृत किया जाता है और अंतर्निहित परिसंपत्तियों के प्रमाणित भंडारों पर उत्पादन की यूनिट विधि का प्रयोग करके परिशोधित किया जाता है।

(iii) सर्वेक्षण लागत

तेल और गैस की तलाश में संचालित सर्वेक्षण तथा पूर्वेक्षण की गतिविधियों की लागत को वर्ष जिसमें उनका व्यय होता है, में अन्वेषण लागत के रूप में व्यय किया जाता है।

(iv) विकास के अधीन तेल और गैस की परिसंपत्ति – विकास कूप प्रगति पर

विकास कूपों से संबंधित सभी लागतों को शुरू में 'विकास कूप प्रगति पर' के रूप में पूंजीकृत किया जाता है तथा पूर्ण होने पर उनको तेल एवं गैस की परिसंपत्तियों में अंतरित किया जाता है।

(v) उत्पादन लागत

उत्पादन की लागतों में सहायक उपकरणों एवं सुविधाओं का मूल्यह्रास तथा लागू प्रचालन लागत सहित कूप पूर्व शीर्ष और कूप पश्चात शीर्ष व्यय शामिल होते हैं।

3.14. प्रतिभागी अधिकारों से संबंधित अधिग्रहण लागतों की खराबी

खराबी की जांच के प्रयोजनों के लिए अधिग्रहण लागत को समूह की नकदी का सृजन करने वाली प्रत्येक यूनिट (या नकदी का सृजन करने वाली यूनिटों के समूह) पर आवंटित किया जाता है, जिनके संयोजन की सिनर्जी से लाभांवित होने की उम्मीद होती है।

नकदी सृजन यूनिट (सी जी यू) जिसे अधिग्रहण लागत आवंटित की गई है, की वार्षिक आधार पर खराबी के लिए जांच की जाती है जब इस बात का संकेत होता है कि सी जी यू पंगु हो सकती है। यदि नकदी प्रचालन यूनिट की वसूली योग्य राशि उसकी अग्रनीत राशि से कम होती है, तो खराबी क्षति को सबसे पहले सीजीयू को आवंटित किसी अधिग्रहण लागत की अग्रनीत राशि को कम करने के लिए आवंटित किया जाता है और फिर यूनिट में प्रत्येक परिसंपत्ति की अग्रनीत राशि पर यथानुपात आधार पर यूनिट की अन्य परिसंपत्तियों पर आवंटित किया जाता है। अधिग्रहण लागत के लिए स्वीकृत किसी खराबी क्षति को परवर्ती अवधियों में पलटा नहीं जाता है।

संगत सीजीयू के निस्तारण पर, अधिग्रहण लागत की आरोप्य अग्रनीत राशि को निस्तारण पर लाभ या हानि के निर्धारण में शामिल किया जाता है।

3.15. तेल एवं गैस की परिसंपत्तियाँ

तेल एवं गैस की परिसंपत्तियों को संचित अवक्षय तथा खराबी क्षतियों को घटाकर ऐतिहासिक लागत पर व्यक्त किया जाता है। इनका सृजन प्रमाणित विकसित तेल एवं गैस भंडारों वाली परियोजना/फील्ड के संबंध में होता है जब फील्ड/परियोजना में कूप वाणिज्यिक उत्पादन शुरू करने के लिए तैयार हो जाता है।

भूमि पर अस्थाई कब्जा, सफल अन्वेषण कूप, सभी विकास कूप (सेवा कूप सहित), संबद्ध सुविधाओं की लागत, ड्रिलिंग के प्रयुक्त सहायक उपकरणों पर मूल्यह्रास तथा अनुमानित भावी कार्यमुक्ति लागत को तेल एवं गैस की परिसंपत्तियों के रूप में पूंजीकृत एवं वर्गीकृत किया जाता है।

'उत्पादन की यूनिट विधि' का प्रयोग करके तेल एवं गैस की परिसंपत्तियों को अवक्षयित किया जाता है। कार्यमुक्ति की भावी अनुमानित लागत, निवल उद्धारण मूल्य (अधिग्रहण लागत को छोड़कर) सहित संबंधित प्रमाणित विकसित भंडारों तथा खर्च की गई संबंधित पूंजी लागतों को ध्यान में रखते हुए अवक्षय की दर की गणना फील्ड/परियोजना/परिशोधन आधार के संदर्भ में की जाती है। प्रमाणित भंडारों को ध्यान में रखते हुए तेल एवं गैस की परिसंपत्तियों की अधिग्रहण लागत को अवक्षयित किया जाता है। मूल कंपनी ओएनजीसी जो अंतर्राष्ट्रीय जलाशय इंजीनियरिंग प्रक्रियाओं का अनुसरण करती है, द्वारा गठित भंडार अनुमान समिति (आर ई सी) द्वारा वार्षिक आधार पर इन भंडारों का अनुमान लगाया जाता है।

3.16. साइड ट्रैकिंग

किसी अन्वेषण कूप के मामले में साइड ट्रैकिंग की लागत को किसी नए अन्वेषण कूप पर खर्च की गई लागत के रूप में माना जाता है। साइड ट्रैक किए गए अन्वेषण कूपों के परित्यक्त भाग की लागत 'बट्टे खाते में अन्वेषण लागत' के रूप में व्ययित की जाती है।

विकास कूपों के मामले में, परित्यक्त भाग तथा साइड ट्रैकिंग की संपूर्ण लागत पूंजीकृत की जाती है।

उत्पादन कूपों तथा सेवा कूपों के मामले में यदि साइड ट्रैकिंग से अतिरिक्त प्रमाणित विकसित तेल एवं गैस भंडार उत्पन्न होते हैं या उससे निष्पादन के पिछले आकलित मानक के अलावा भावी आर्थिक लाभों में वृद्धि होती है, तो साइड ट्रैकिंग पर खर्च की गई लागत पूंजीकृत की जाती है, जबकि कूप के परित्यक्त भाग की लागत टिप्पणी 3.15 में उल्लिखित लेखांकन नीति के अनुसरण में अवक्षयित की जाती है। अन्यथा साइड ट्रैकिंग की लागत 'व्यय पर कार्य' के रूप में व्ययित की जाती है।

3.17. कार्यमुक्ति की लागतें

कार्यमुक्ति की लागत में बहाली की लागत शामिल होती है। कार्यमुक्ति की लागतों के लिए प्रावधान को तब मान्य किया जाता है जब किसी कूप को बंद करने या छोड़ने, किसी सुविधा या संपत्ति, संयंत्र एवं उपकरण की किसी मद को ध्वस्त करने एवं हटाने तथा स्थल जिस पर वह स्थित है, को बहाल करने के लिए समूह की कोई संविदात्मक, कानूनी या निर्माणकारी बाध्यता होती है।

स्वीकृत राशि वर्तमान कीमतों पर विद्यमान प्रौद्योगिकी का प्रयोग करके निर्धारित तथा कार्यमुक्ति की संभावित तिथि तक मुद्रास्फीति की उपयुक्त दर का प्रयोग करके परिवर्धित तथा उपयुक्त जोखिम मुक्त डिस्काउंट दर का प्रयोग करके रिपोर्टिंग की तिथि तक बट्टाकृत अनुमानित भावी व्यय का वर्तमान मूल्य होती है।

कार्यमुक्ति के प्रावधान के समतुल्य राशि को संबंधित परिसंपत्तियों की लागत के साथ मान्य किया जाता है। शुष्क अन्वेषण कूप के संबंध में कार्यमुक्ति की लागत को अन्वेषण कूप लागत के रूप में व्ययित किया जाता है।

डिस्काउंट की आवधिक अनवाइंडिंग से भिन्न कार्यमुक्ति के अनुमानित व्यय के वर्तमान मूल्य में किसी परिवर्तन को कार्यमुक्ति के प्रावधान और समतुल्य परिसंपत्ति के अग्रनीत मूल्य में समायोजित किया जाता है। यदि प्रावधान का पलटाव संबंधित परिसंपत्ति की अग्रनीत राशि से अधिक होता है, तो लाभ और हानि के विवरण में अतिरिक्त राशि मान्य की जाती है। प्रावधान पर डिस्काउंट की अनवाइडिंग को वित्तीय लागत के रूप में लाभ और हानि के विवरण में प्रभारित किया जाता है।

संयुक्त प्रचालन के अधीन परिसंपत्तियों के संबंध में कार्यमुक्ति लागत के लिए प्रावधान पर समूह के प्रतिभागी अधिकार के अनुसार विचार किया जाता है।

3.18. माल सूची

पाइप लाइन/टैंक में इंवेंट्री सहित कच्चे तेल तथा संघनन का मूल्य लागत या निवल वसूली योग्य मूल्य, जो भी कम हो, पर निर्धारित किया जाता है। तैयार माल की लागत अवशोषित लागत विधि के आधार पर निर्धारित की जाती है। रायल्टी सहित इंवेंट्री का मूल्य (जहां लागू हो)।

ग्रुप गैदरिंग स्टेशन (जी जी एस) पर अर्ध तैयार हालत में कच्चे तेल का मूल्य अवशोषित लागत विधि पर लागत या निवल वसूली योग्य मूल्य, जो भी कम हो, पर निर्धारित किया जाता है।

जीजीएस/प्लेटफार्म तक प्रवाह लाइनों में अनिर्मित हालत में कच्चे तेल का मूल्य निर्धारित नहीं किया जाता है क्योंकि उसे मापा नहीं जा सकता है। प्राकृतिक गैस का मूल्य निर्धारित नहीं किया जाता है क्योंकि उसका भंडारण नहीं होता है।

स्टोर और अतिरिक्त पुर्जों की इंवेंट्री का मूल्य भारित औसत लागत या वसूली योग्य निवल मूल्य, जो भी कम हो, पर निर्धारित किया जाता है। बेकार और रूकी हुई इंवेंट्री के लिए प्रावधान किए जाते हैं।

निर्धारण होने पर मरम्मत के अयोग्य तथा स्क्रैब मदों का मूल्य अनुमानित निवल वसूली योग्य मूल्य पर निर्धारित किया जाता है।

3.19. राजस्व की मान्यता

उत्पादों की बिक्री से उत्पन्न राजस्व को तब मान्य किया जाता है जब स्वामित्व के महत्वपूर्ण जोखिम और इनाम ग्राहकों पर अंतरित हो जाते हैं, जो ग्राहकों को अभिरक्षा अंतरण बिंदु पर होता है, तथा राजस्व की राशि विश्वसनीय ढंग से आंकी जा सकती है और इस बात की संभावना होती है कि लेनदेन से संबंधित आर्थिक लाभ समूह को प्रवाहित होंगे।

सेवाओं से राजस्व को तब मान्य किया जाता है जब सेवाओं के परिणाम का विश्वसनीय ढंग से अनुमान लगाया जा सकता है और इस बात की संभावना होती है कि सेवाएं प्रदान करने से संबंधित आर्थिक लाभ समूह को प्रवाहित होंगे तथा राजस्व की राशि विश्वसनीय ढंग से आंकी जा सकती है।

राजस्व प्राप्त या प्राप्य प्रतिफल के उचित मूल्य पर आंका जाता है तथा यह व्यवसाय के सामान्य क्रम में प्रदान की गई सेवाओं एवं माल के बदले में प्राप्य राशियों, डिस्काउंट के जाल, सेवा कर तथा वैट आदि को दर्शाता है।

बिक्री में समूह के सभी संबंधित व्यय शामिल होते हैं जिनका संबंधित फील्ड/परियोजना में समूह की गतिविधियों को अभिशासित करने वाले करारों के तहत प्रावधानों के आधार पर मेजबान सरकार द्वारा भुगतान किया जा सकता है।

कच्चे तेल (संघनन सहित) के संबंध में अधिकार की मात्रा और बेची गई मात्रा के बीच रिपोर्टिंग तिथि के अनुसार कोई अंतर, यदि सकारात्मक हो (अर्थात उठान की मात्रा से कम हो), तो आनुपातिक उत्पादन व्यय को पूर्वदत्त व्यय के रूप में माना जाता है और यदि नकारात्मक हो (अर्थात उठान की मात्रा से अधिक हो), तो संयुक्त प्रचालन करार (जे ओ ए)/उत्पादन हिस्सेदारी करार (पी एस ए) के अनुसार उत्पादन व्यय में समूह के आनुपातिक शेयर के सर्वोत्तम अनुमान के लिए देयता लाभ और हानि के विवरण में समतुल्य प्रभार के साथ कच्चे तेल की अधिक उठान की मात्रा के निस्तारण के लिए भविष्य में परित्याग किए जाने वाले कच्चे तेल की मात्रा के संबंध में सृजित की जाती है।

गैस की कम उठान की गई मात्रा जिसके लिए परवर्ती अवधियों में ऐसी गैस की आपूर्ति करने की बाध्यता मौजूद होती है, के संबंध में प्राप्त किसी भुगतान को प्राप्ति के वर्ष में आस्थगित राजस्व के रूप में मान्य किया जाता है। उसे वर्ष जिसमें आपूर्त की गई मात्रा के लिए ऐसी गैस की वस्तुतः आपूर्ति की जाती है उसमें अथवा वर्ष जिसमें ऐसी गैस की आपूर्ति करने की वाध्यता समाप्त होती है उसमें, जो भी पहले हो, राजस्व के रूप में मान्य किया जाता है।

वित्तीय पट्टे पर दी गई परिसंपत्तियों के संबंध में वित्तीय आय को वित्तीय पट्टे के संबंध में निवल बकाया निवेश पर प्रतिफल की लगातार आवधिक दर को दर्शाने वाली पद्धति के आधार पर मान्य किया जाता है।

लाभांश और ब्याज आय

निवेशों से लाभांश आय को तब मान्य किया जाता है जब भुगतान प्राप्त करने के लिए शेयर धारक का अधिकार स्थापित हो जाता है।

वित्तीय परिसंपत्तियों से ब्याज आय को शुरूआती मान्यता पर लागू प्रभावी ब्याज दर पर मान्य किया जाता है। विलंबित वसूली पर ब्याज के संबंध में राजस्व को तब मान्य किया जाता है जब अंतिम संग्रहण के संबंध में तर्कसंगत निश्चितता होती है।

3.20. पट्टे

पट्टों को वित्तीय पट्टे के रूप में तब वर्गीकृत किया जाता है, जब पट्टे की शर्तें किसी परिसंपत्ति के स्वामित्व से प्रासंगिक सभी जोखिमों और इनामों को पर्याप्त रूप से समूह को अंतरित करती हैं। सभी अन्य पट्टों को प्रचालन पट्टा के रूप में वर्गीकृत किया जाता है।

वित्तीय पट्टों के तहत धारित परिसंपत्तियों को शुरू में पट्टे की शुरूआत के समय उनके उचित मूल्य पर या उचित मूल्य के कम होने पर न्यूनतम पट्टा भुगतान के वर्तमान मूल्य पर समूह की परिसंपत्ति के रूप में मान्य किया जाता है। पट्टाकार की समतुल्य देयता को वित्तीय पट्टा बाध्यता के रूप में समेकित तुलनपत्र में शामिल किया जाता है।

पट्टा भुगतान को वित्तीय व्यय तथा पट्टे की बाध्यता में कटौती के बीच संविभाजित किया जाता है ताकि देयता के शेष बैलेंस पर सतत ब्याज दर प्राप्त हो सके। लाभ या हानि में वित्तीय व्यय को तुरंत मान्य किया जाता है, जब तक कि वे अर्हक परिसंपत्तियों पर सीधे आरोप्य नहीं होते हैं तथा ऐसे मामले में उधारी लागत पर समूह की सामान्य नीति के अनुसरण में उनको पूंजीकृत किया जाता है।

शाश्वत पट्टा के अधीन भूमि को वित्तीय पट्टा के रूप में लेखांकित किया जाता है जिसे पट्टे के लिए भुगतान किए गए अग्रिम प्रीमियम तथा पट्टा किराया बाध्यता के वर्तमान मूल्य पर मान्य किया जाता है। लीज होल्ड की ऐसी भूमि को संपत्ति, संयंत्र और उपकरण के तहत दर्शाया जाता है तथा मूल्यह्रास नहीं किया जाता है। समतुल्य देयता को वित्तीय पट्टा बाध्यता के रूप में मान्य किया जाता है।

लीज होल्ड की भूमि जहां भूमि का स्वामित्व पट्टा अवधि के अंत में समूह को अंतरित नहीं किया जाएगा, प्रचालन पट्टा के रूप में वर्गीकृत की जाती है। अग्रिम प्रचालन पट्टा भुगतान को पूर्व भुगतान के रूप में मान्य किया जाता है तथा पट्टा की अवधि में सीधी रेखा आधार पर परिशोधित किया जाता है।

भूमि के लिए प्रचालन पट्टा भुगतान को पूर्व भुगतान के रूप में मान्य किया जाता है तथा पट्टा की अवधि में सीधी रेखा आधार पर परिशोधित किया जाता है। प्रचालन पट्टा के तहत उत्पन्न प्रासंगिक किराए, यदि कोई हो, को अवधि जिसमें उनका व्यय होता है, में व्यय के रूप में मान्य किया जाता है।

3.21. विदेशी मुद्रा के लेनदेन

समूह की प्रत्येक संस्था के वित्तीय विवरण में शामिल मदों को प्राथमिक आर्थिक परिवेश जिसमें संस्था प्रचालन करती है, की मुद्रा (कार्यसाधक मुद्रा) का प्रयोग करके मापा जाता है। कंपनी की कार्यसाधक मुद्रा अमरीकी डालर (यू एस डी) है जो प्राथमिक आर्थिक परिवेश जिसमें यह प्रचालन करती है, की मुद्रा को दर्शाती है। टिप्पणी 3.22 में उल्लिखित लेनदेन के सिद्धांतों का प्रयोग करके समेकित इंड एएस वित्तीय विवरण भारतीय रूपए (₹) में दर्शाए जाते हैं।

संबंधित संस्थाओं की कार्यसाधक मुद्रा से भिन्न मुद्रा (विदेशी मुद्रा) में लेनदेन को लेनदेन की तिथि को प्रचलित विनिमय दर पर मान्य किया जाता है। प्रत्येक रिपोर्टिंग अवधि के अंत में विदेशी मुद्रा में वर्णित मौद्रिक मदों को रिपोर्टिंग अवधि की अंतिम तिथि को प्रचलित औसत विनिमय दर का प्रयोग करके फिर से अनूदित किया जाता है। उचित मूल्य पर अग्रनीत गैर मौद्रिक मदों जो विदेशी मुद्रा में वर्णित है, को तिथि जब उचित मूल्य का निर्धारण किया गया, को प्रचलित दर पर फिर से अनूदित किया जाता है। गैर मौद्रिक मदों जिनको विदेशी मुद्रा में ऐतिहासिक लागत के अनुसार मापा जाता है, को लेनदेन की तिथि को विनिमय दर का प्रयोग करके अनूदित किया जाता है।

मौद्रिक मदों पर विनिमय दर में अंतरों को लाभ और हानि के समेकित विवरण में उस अवधि में मान्य किया जाता है जिसमें वे उत्पन्न होते हैं, केवल ऐसी मौद्रिक मद पर विनिमय दर में अंतर को छोड़कर जो किसी विदेशी प्रचालन में समूह के निवेश का अंग होती है तथा इसे शुरू में अन्य व्यापक आय में मान्य किया जाता है और मौद्रिक मदों के पुनर्भुगतान पर लाभ और हानि के समेकित विवरण में इक्विटी से पुनः वर्गीकृत किया जाता है।

विदेशी मुद्रा की दीर्घावधिक मौद्रिक मदों (वित्तीय पट्टा के तहत परिसंपत्तियों सहित) के संबंध में विनिमय दर में उत्पन्न अंतर को लाभ और हानि के विवरण में मान्य किया जाता है, केवल 31 मार्च, 2016 की स्थिति के अनुसार स्वीकृत विदेशी मुद्रा की दीर्घावधिक मौद्रिक मदों के संबंध में विनिमय दर में अंतर को छोड़कर, जहां तक वे मूल्यह्रास्य परिसंपत्तियों के अधिग्रहण से संबंधित हैं, जिनको ऐसी परिसंपत्तियों की लागत के विरूद्ध समायोजित किया जाता है तथा परिसंपत्ति के शेष कार्यकाल पर मूल्यह्रास किया जाता है तथा अन्य मामलों में विदेशी मुद्रा की दीर्घावधिक परिसंपत्तियों या देयताओं की शेष अवधि पर परिशोधन किया जाता है।

3.22. प्रस्तुत करने की मुद्रा में परिवर्तन

समूह ने इन वित्तीय विवरणों को भारतीय रूपए (₹) में प्रस्तुत किया है। समूह ने कार्यसाधक मुद्रा से प्रस्तुति मुद्रा (₹) में समूह के विदेशी प्रचालनों के परिणामों और वित्तीय स्थिति को परिवर्तित करने के लिए निम्नलिखित सिद्धांतों का प्रयोग किया हैः

- प्रस्तुत किए गए प्रत्येक तुलनपत्र के लिए परिसंपत्तियों एवं देयताओं (इक्विटी शेयर पूंजी तथा अन्य आरक्षित निधियों को छोड़कर) को उस तुलनपत्र की तिथि को अंत दर पर परिवर्तित किया जाता है।

- होल्डिंग कंपनी से मानित पूंजी अंशदान सहित इक्विटी शेयर पूंजी को लेनदेन की तिथि को विनिमय दरों पर परिवर्तित किया गया है। पूंजीगत आरक्षित निधि को लेनदेन की तिथियों को विनिमय दर पर परिवर्तित किया गया है। अन्य आरक्षित निधियों को अवधि जिससे वे संबंधित हैं, की औसत विनिमय दरों को प्रयोग करके परिवर्तित किया गया हैय

- लाभ और हानि के प्रत्येक समेकित विवरण के लिए आय और व्यय को लेनदेन की तिथियों को विनिमय दर पर परिवर्तित किया गया है, केवल कुछ मदों हेतु अवधि के लिए औसत दर का प्रयोग किया गया है।

- विनिमय दर में सभी परिणामी अंतरों को 'विदेशी प्रचालनों के वित्तीय विवरणों को परिवर्तित करने में विनिमय दर में अंतर' के रूप में अन्य व्यापक आय में मान्य किया गया है, जिनको बाद में विदेशी प्रचालनों के निस्तारण पर लाभ और हानि के समेकित विवरण में पुनः वर्गीकृत किया जाएगा।

किसी विदेशी प्रचालन के निस्तारण पर (अर्थात किसी विदेशी प्रचालन में समूह के संपूर्ण अधिकार का निस्तारण, ऐसा निस्तारण जिसमें किसी सहायक कंपनी पर नियंत्रण खोना शामिल है जिसमें विदेशी प्रचालन शामिल होता है, या संयुक्त व्यवस्था या सहयोगी में किसी अधिकार का आंशिक निस्तारण जिसमें कोई ऐसा विदेशी प्रचालन शामिल होता है जिसके प्रतिधारित अधिकार वित्तीय परिसंपत्ति बनते हैं), उस प्रचालन के संबंध में कंपनी के स्वामियों पर आरोप्य इक्विटी में संचित विनिमय दर के सभी अंतरों को लाभ और हानि के समेकित विवरण में पुनः वर्गीकृत किया जाता है।

इसके अलावा, किसी सहायक कंपनी जिसमें कोई विदेशी प्रचालन शामिल होता है, के आंशिक निस्तारण के संबंध में, जो सहायक कंपनी

पर समूह का नियंत्रण खोने में परिणत नहीं होता है, विनिमय दर में संचित अंतरों के आनुपातिक शेयर को गैर नियंत्रण अधिकारों पर फिर से आरोपित किया जाता है तथा लाभ और हानि के समेकित विवरण में मान्य नहीं किया जाता है। सभी अन्य आंशिक निस्तारणों के लिए (अर्थात सहयोगियों या संयुक्त व्यवस्थाओं के आंशिक निस्तारण जिसके फलस्वरूप समूह महत्वपूर्ण प्रभाव या संयुक्त नियंत्रण नहीं खोता है), विनिमय दर में संचित अंतरों के आनुपातिक शेयर को लाभ और हानि के समेकित विवरण में पुनः वर्गीकृत किया जाता है।

किसी विदेशी प्रचालन के अधिग्रहण के माध्यम से अधिग्रहीत अभिज्ञेय परिसंपत्तियों तथा प्रकल्पित देयताओं में सद्भाव और उचित मूल्य के समयोजनों को विदेशी प्रचालन की परिसंपत्तियों एवं देयताओं के रूप में समझा जाता है तथा प्रत्येक रिपोर्टिंग अवधि के अंत में प्रचलित विनिमय दर पर परिवर्तित किया जाता है। विनिमय दर में उत्पन्न अंतरों को अन्य व्यापक आय में मान्य किया जाता है।

3.23. dkfeZd ykHkkZ'k

कर्मचारी लाभों में भविष्य निधि, उपदान, क्षतिपूरित अनुपस्थिति तथा सेवानिवृत्ति पश्चात चिकित्सा लाभ शामिल हैं।

निश्चित अंशदान योजनाए

अंशदायी भविष्य निधि, कर्मचारी पेंशन योजना, 1995, संयुक्त सामाजिक सुरक्षा योजना से युक्त निश्चित अंशदान योजनाओं के तहत कर्मचारी लाभ को मूल कंपनी ओएनजीसी के माध्यम से अंशदान करने के लिए समूह की बाध्यता की राशि के आधार पर मान्य किया जाता है। उसका किसी अलग न्यास के माध्यम से प्रशासित निधि में भुगतान किया जाता है, जिनको वर्ष के दौरान व्ययित किया जाता है।

निश्चित लाभ योजनाएं

उपादान, सेवानिवृत्ति पश्चात चिकित्सा लाभ और सेवानिवृत्ति पश्चात स्थानांतरण लाभ से युक्त निश्चित सेवानिवृत्ति लाभ योजनाओं को निश्चित लाभ बाध्यता के वर्तमान मूल्य के आधार पर मान्य किया जाता है, जिसकी गणना प्रक्षेपित यूनिट क्रेडिट विधि का प्रयोग करके की जाती है तथा बीमांकिक मूल्यांकन प्रत्येक वार्षिक रिपोर्टिंग अवधि के अंत में किए जाते हैं। इनको मौजूदा कर्मचारी लागत के रूप में लेखांकित किया जाता है या अनुमति के अनुसार परिसंपत्तियों की लागत में शामिल किया जाता है।

निवल निश्चित लाभ देयता या परिसंपत्ति की अवधि की शुरूआत पर डिस्काउंट दर का प्रयोग करके निवल निश्चित देयता पर निवल ब्याज की गणना की जाती है और अनुमति के अनुसार परिसंपत्तियों की लागत में शामिल देयता को छोड़कर लाभ और हानि के समेकित विवरण में मान्य किया जाता है।

बीमांकिक अभिलाभ एवं हानि से युक्त पुनः मापन, परिसंपत्तियों की सीलिंग में परिवर्तनों के प्रभाव (यदि लागू हो) तथा नियोजित परिसंपत्तियों पर प्रतिफल (ऊपर यथापरिभाषित निवल ब्याज को छोड़कर) को अन्य व्यापक आय में मान्य किया जाता है।

समूह ओएनजीसी के उपदान निधि न्यास को उपदान के संबंध में सभी निर्धारित बाध्यताओं का योगदान करता है। अन्य निश्चित लाभ योजनाएं गैर वित्त पोषित हैं।

समेकित इंड एएस वित्तीय विवरणों में स्वीकृत सेवानिवृत्ति लाभ बाध्यता समूह की निश्चित लाभ योजनाओं में वास्तविक घाटा या आधिक्य को दर्शाती है। इस गणना से उत्पन्न कोई आधिक्य योजनाओं में भावी अंशदानों में कटौतियों के रूप में उपलब्ध किसी आर्थिक लाभ के वर्तमान मूल्य तक सीमित है।

अल्पावधिक कर्मचारी लाभ

अल्पावधिक कर्मचारी लाभों जिनका कर्मचारियों द्वारा प्रदान की गई सेवाओं के बदल में भुगतान किया जाना अपेक्षित है, की डिस्काउंटरहित राशि को उस वर्ष के दौरान मान्य किया जाता है जिसमें कर्मचारियों ने सेवाएं प्रदान की हैं। इन लाभों में निष्पादन प्रोत्साहन तथा क्षतिपूरित अनुपस्थितियां शामिल हैं जिनके अवधि जिसमें कर्मचारी ने संबंधित सेवा प्रदान की है, के अंत के बाद 12 माह के अंदर घटित होने की अपेक्षा होती है।

अल्पावधिक क्षतिपूरित अनुपस्थितियों की लागत को निम्नानुसार लेखांकित किया जाता है:

- संचित क्षतिपूरित अनुपस्थितियों के मामले में, जब कर्मचारी ऐसी सेवाएं प्रदान करते हैं जिससे भावी क्षतिपूरित अनुपस्थितियों के उनके अधिकार में वृद्धि होती है और

- गैर संचित क्षतिपूरित अनुपस्थितियों के मामले में, जब अनुपस्थितियां घटित होती हैं।

दीर्घावधिक कर्मचारी लाभ

क्षतिपूरित अनुपस्थितियों जिनके अवधि जिसमें कर्मचारी संबंधित सेवा प्रदान करता है, के अंत के बाद 12 माह के अंदर घटित होने की अपेक्षा होती है, को योजनागत परिसंपत्तियों जिसमें से बाध्यताओं का निस्तारण करने की अपेक्षा होती है, के उचित मूल्य को घटाकर तुलनपत्र की तिथि के अनुसार निश्चित लाभ बाध्यता के वर्तमान मूल्य पर बाध्यता के रूप में मान्य किया जाता है।

3.24. स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना

स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना (वी आर एस) पर व्यय को लाभ और हानि के समेकित विवरण में उस समय प्रभारित किया जाता है जब व्यय किया जाता है।

3.25. बीमा के दावे

समूह बीमा के दावों को निम्नानुसार लेखांकित करता है

संगत परिसंपत्ति की अग्रनीत लागत या बीमा मूल्य (कटौती योग्य राशियों के अधीन), जो भी कम हो, के अंतरण द्वारा परिसंपत्ति की कुल क्षति के मामले में बीमाकर्ता को सूचित करते हुए 'वसूली योग्य दावे – बीमा' शीर्ष के तहत। यदि बीमे के दावे की राशि अग्रनीत राशि से कम होती है, तो अंतर को लाभ और हानि के समेकित विवरण में प्रभारित किया जाता है।

आंशिक या अन्य क्षति के मामले में, तीसरे पक्षकार या अन्य देयताओं (पॉलिसी की कटौती योग्य राशियों को घटाकर) यदि कोई हो, को पूरा करने के लिए ऐसी परिसंपत्तियों को वापस प्रयोग में लाने के लिए किए गए भुगतान/व्यय को श्वसूली योग्य दावे – बीमाश के रूप में लेखांकित किया जाता है। बीमा पॉलिसी की कटौती योग्य राशियों को उस वर्ष में व्ययित किया जाता है जिसमें समतुल्य व्यय किया जाता है।

जब भी बीमाकर्ता से दावे अंततः प्राप्त होते हैं, 'वसूली योग्य दावे – बीमा' और प्राप्त दावे के बीच अंतर, यदि कोई हो, को लाभ और हानि के समेकित विवरण में मान्य किया जाता है।

3.26. आयकर

आयकर के व्यय मौजूदा कर और आस्थगित कर के योग को दर्शाते हैं।

(i) ekSt nk dj

फिलहाल संदेय कर वर्ष के लिए कराधेय लाभ पर आधारित होता है। कराधेय लाभ आय या व्यय की मदों जो अन्य वर्षों में कराधेय या कटौती योग्य होती हैं तथा मदों जो कभी भी कराधेय या कटौती योग्य नहीं होती हैं, के कारण लाभ और हानि के समेकित विवरण में यथा सूचित 'कर पूर्व लाभ' से भिन्न होता है। कर की दरों तथा कानूनों जो अधिनियमित किए गए हैं अथवा रिपोर्टिंग अवधि के अंत तक बाद में अधिनियमित किए जाएंगे, का प्रयोग करके समूह के मौजूदा कर की गणना की जाती है।

(ii) आस्थगित कर

आस्थगित कर को समेकित इंड एएस वित्तीय विवरणों में परिसंपत्तियों एवं देयताओं की अग्रनीत राशियों तथा कराधेय लाभ की गणना में प्रयुक्त समतुल्य कर आधारों के बीच अस्थाई अंतरों पर मान्य किया जाता है। आस्थगित कर की देयताओं को सामान्यतया सभी कराधेय अस्थाई अंतरों के लिए मान्य किया जाता है। आस्थगित कर की परिसंपत्तियों को सामान्यतया सभी कटौती योग्य अस्थाई अंतरों के लिए उस सीमा तक मान्य किया जाता है जहां तक इस बात की संभावना होती है कि कराधेय लाभ उपलब्ध होंगे जिनके विरूद्ध उन कटौती योग्य अस्थाई अंतरों का प्रयोग किया जा सकता है। आस्थगित कर की ऐसी परिसंपत्तियों एवं देयताओं को मान्य नहीं किया जाता है यदि अस्थाई अंतर ऐसे किसी लेनदेन में परिसंपत्तियों और देयताओं की शुरूआती मान्यता (किसी व्यवसाय संयोजन से भिन्न) से उत्पन्न होता है जो न तो कराधेय लाभ को प्रभावित करता है और न ही लेखांकन लाभ को। इसके अलावा, आस्थगित कर की परिसंपत्तियों को मान्य नहीं किया जाता है यदि अस्थाई अंतर सद्भाव की आरंभिक मान्यता से उत्पन्न होता है।

प्रत्येक रिपोर्टिंग अवधि के अंत में आस्थगित कर की परिसंपत्तियों की अग्रनीत राशि की समीक्षा की जाती है तथा उसमें उस हद तक कटौती की जाती है जिस हद तक इस बात की संभावना नहीं रह जाती है कि आस्थगित कर की सभी परिसंपत्तियों या कुछ भाग के प्रयोग को अनुमत करने के लिए पर्याप्त कराधेय लाभ उपलब्ध होंगे।

आस्थगित कर की परिसंपत्तियों एवं देयताओं को ऐसी कर दर पर मापा जाता है जिनके कर की ऐसी दरों (और कर कानूनों) के आधार पर अवधि जिसमें बाध्यता का निस्तारण किया जाता है या परिसंपत्ति प्राप्त होती है, में लागू होने की अपेक्षा होती है, जो

अधिनियमित किए गए हैं या रिपोर्टिंग अवधि के अंत तक बाद में अधिनियमित किए गए हैं।

आस्थगित कर की परिसंपत्तियों और देयताओं को समेकित तुलनपत्र में अलग से प्रस्तुत किया जाता है, केवल उसे छोड़कर जहां राजकोषीय क्षेत्राधिकारों के अंदर प्रतितुलन का अधिकार होता है और निवल आधार पर ऐसे अधिशेषों का निस्तारण करने की मंशा होती है।

आस्थगित कर की देयताओं और परिसंपत्तियों का मापन ऐसे कर परिणामों को दर्शाता है जो उसकी परिसंपत्तियों और देयताओं की अग्रनीत राशि की वसूली या निस्तारण करने के लिए रिपोर्टिंग अवधि के अंत में ऐसे ढंग से प्राप्त होंगे जिस ढंग से समूह अपेक्षा करता है।

आस्थगित कर की परिसंपत्तियों में भारत में कर कानूनों के अनुसरण में संदत्त न्यूनतम वैकल्पिक कर (मैट) शामिल है जिससे आयकर की भावी देयता के विरूद्ध प्रतितुलन की उपलब्धता के रूप में भावी आर्थिक लाभ प्राप्त होने की संभावना होती है। तदनुसार, समेकित तुलनपत्र में मैट को आस्थगित कर की परिसंपत्ति के रूप में उस समय मान्य किया जाता है, जब परिसंपत्ति को विश्वसनीय ढंग से मापा जा सकता है तथा इस बात की संभावना होती है कि परिसंपत्ति से संबद्ध भावी आर्थिक लाभ प्राप्त होगा।

(iii) वर्ष के लिए मौजूदा और आस्थगित कर व्यय

मौजूदा तथा आस्थगित कर व्यय को लाभ और हानि के समेकित विवरण में मान्य किया जाता है, केवल उसे छोड़कर, जब वे ऐसी मदों से संबंधित होते हैं जिनको अन्य व्यापक आय में या सीधे इक्विटी में मान्य किया जाता है तथा ऐसे मामले में मौजूदा एवं आस्थगित कर को क्रमशरू अन्य व्यापक आय में या सीधे इक्विटी में भी मान्य किया जाता है।

3.27. उधारी की लागतें

विशिष्ट रूप से अर्हक परिसंपत्तियों के अधिग्रहण या निर्माण पर चिन्हित उधारी की लागतों को ऐसी परिसंपत्तियों के अंग के रूप में पूंजीकृत किया जाता है। अर्हक परिसंपत्ति ऐसी परिसंपत्ति होती है जो आशयित प्रयोग के लिए तैयार होने में अनिवार्य रूप से पर्याप्त समय लेती है। उधारी की अन्य सभी लागतों को लाभ और हानि के समेकित विवरण में प्रभारित किया जाता है।

3.28. रिग के असामान्य दिनों की लागत

रिग के असामान्य दिनों की लागतों को गैर आवंटनीय लागत के रूप में माना जाता है तथा लाभा और हानि के समेकित विवरण में प्रभारित किया जाता है।

3.29. प्रावधान, आकस्मिक देयताएं तथा आकस्मिक परिसंपत्तियां

प्रावधानों को तब मान्य किया जाता है जब किसी पिछली घटना के फलस्वरूप समूह की कोई मौजूदा बाध्यता (कानूनी या निर्माणकारी) होती है, इस बात की संभावना होती है कि समूह से बाध्यता का निस्तारण करने की अपेक्षा होगी और बाध्यता की राशि के लिए विश्वसनीय ढंग से अनुमान लगाया जा सकता है।

प्रावधान के रूप में स्वीकृत राशि बाध्यता से जुड़े जोखिमों और अनिश्चितताओं को ध्यान में रखते हुए रिपोर्टिंग अवधि के अंत में मौजूदा बाध्यता के निस्तारण के लिए अपेक्षित प्रतिफल का सर्वोत्तम अनुमान होती है। जब मौजूदा बाध्यता का निस्तारण करने के लिए अनुमानित नकदी प्रवाह का प्रयोग करके प्रावधान का मापन किया जाता है, तो उसकी अग्रनीत राशि उन नकदी प्रवाहों का वर्तमान मूल्य होती है (जब धन के सामयिक मूल्य का प्रभाव सारवान होता है)।

जब आर्थिक लाभों के अंतरूप्रवाह की संभावना होती है तब टिप्पणियों के रूप में समेकित इंड एएस वित्तीय विवरणों में उनके वित्तीय प्रभाव के अनुमान, जहां व्यावहारिक हो, के साथ आकस्मिक परिसंपत्तियों का खुलासा किया जाता है।

जब तक कि आर्थिक लाभ प्रदान करने वाले संसाधनों के वर्हिप्रवाह की संभावना बहुत कम नहीं होती है, टिप्पणियों के रूप में समेकित इंड एएस वित्तीय विवरणों में उनके वित्तीय प्रभाव के अनुमान, जहां व्यावहारिक हो, के साथ आकस्मिक देयताओं का खुलासा किया जाता है।

3.30. वित्तीय लिखत

वित्तीय परिसंपत्तियों और वित्तीय लिखतों को तब मान्य किया जाता है, जब समूह लिखतों के संविदात्मक प्रावधानों का पक्षकार बन

जाता है।

वित्तीय परिसंपत्तियों और वित्तीय देयताओं को शुरू में उचित मूल्य पर मापा जाता है। लेनदेन की लागतों जो वित्तीय परिसंपत्तियों और वित्तीय देयताओं (लाभ या हानि के माध्यम से उचित मूल्य पर वित्तीय परिसंपत्तियों एवं वित्तीय देयताओं से भिन्न) के अधिग्रहण या निर्गम पर सीधे आरोप्य होती हैं, को शुरूआती मान्यता पर उपयुक्तता के अनुसार वित्तीय परिसंपत्तियों या वित्तीय देयताओं के उचित मूल्य में शामिल किया जाता है या उससे घटाया जाता है। लाभ या हानि के माध्यम से उचित मूल्य पर वित्तीय परिसंपत्तियों या वित्तीय देयताओं के अधिग्रहण पर सीधे आरोप्य लेनदेन की लागतों को लाभ और हानि के समेकित विवरण में तुरंत मान्य किया जाता है।

3.31. वित्तीय परिसंपत्तियाँ

(i) नकदी और नकद समतुल्य

समूह सभी अत्यधिक तरल वित्तीय लिखतों जो नकदी की ज्ञात राशियों में आसानी से परिवर्तनीय होते हैं जो मूल्य में परिवर्तन के किसी महत्वहीन जोखिम के अधीन होते हैं और मूल परिपक्वता अवधि क्रय की तिथि से तीन माह या कम होती है, पर नकदी समतुल्य के रूप में विचार करता है। नकदी और नकदी समतुल्य में बैंक में अधिशेष शामिल होते हैं जिन पर आहरण और प्रयोग के लिए कोई प्रतिबंध नहीं होता है।

(ii) परिशोधित लागत पर वित्तीय परिसंपत्तियां

इसके बाद वित्तीय परिसंपत्तियों को प्रभावी ब्याज विधि का प्रयोग करके परिशोधित लागत पर मापा जाता है, यदि ये वित्तीय परिसंपत्तियां किसी व्यवसाय के अंदर धारित होती हैं जिसका उद्देश्य संविदात्मक नकदी प्रवाह एकत्र करने के उद्देश्य से इन परिसंपत्तियों का धारण करना है और वित्तीय परिसंपत्ति की संविदात्मक शर्तें निर्दिष्ट तिथियों को नकदी प्रवाह उत्पन्न करती हैं जो केवल मूलधन का भुगतान और बकाया मूलधन पर ब्याज होते हैं।

(iii) अन्य व्यापक आय के माध्यम से उचित मूल्य पर वित्तीय परिसंपत्तियां

अन्य व्यापक आय के माध्यम से उचित मूल्य पर वित्तीय परिसंपत्तियों को मापा जाता है यदि ये वित्तीय परिसंपत्तियां किसी व्यवसाय के अंदर धारित होती हैं जिसका उद्देश्य संविदात्मक नकदी प्रवाह एकत्र करके और वित्तीय परिसंपत्तियों की बिक्री करके भी प्राप्त होता है और वित्तीय परिसंपत्ति की संविदात्मक शर्तें निर्दिष्ट तिथियों को नकदी प्रवाह उत्पन्न करती हैं जो केवल मूलधन का भुगतान और बकाया मूलधन पर ब्याज होते हैं।

(iv) लाभ या हानि के माध्यम से उचित मूल्य पर वित्तीय परिसंपत्तियां

लाभ या हानि के माध्यम से उचित मूल्य पर वित्तीय परिसंपत्तियों को मापा जाता है जब तक कि शुरूआती मान्यता पर अन्य व्यापक आय के माध्यम से परिशोधित लागत पर या उचित मूल्य पर उसका मापन नहीं किया जाता है।

(v) वित्तीय परिसंपत्तियों की खराबी

समूह प्रत्येक तुलनपत्र की तिथि को इस बात का आकलन करता है कि क्या कोई वित्तीय परिसंपत्ति या वित्तीय परिसंपत्तियों का समूह दोषपूर्ण हो गई है। इंड एएस 109 'वित्तीय लिखत' यह अपेक्षा रखता है कि अपेक्षित क्रेडिट क्षति को किसी क्षति छूट के माध्यम से मापा जाए। समूह व्यापार से प्राप्य राशियों के लिए आजीवन अपेक्षित क्रेडिट क्षति को मान्य करता है जो किसी वित्तीय लेनदेन का निर्माण नहीं करती हैं। सभी अन्य वित्तीय परिसंपत्तियों के लिए अपेक्षित क्रेडिट क्षति को 12 माह की अपेक्षित क्रेडिट क्षति के बराबर राशि पर या आजीवन अपेक्षित क्षति के बराबर राशि पर मापा जाता है यदि वित्तीय परिसंपत्ति पर क्रेडिट जोखिम आरंभिक मान्यता के बाद से काफी बढ़ गया है।

(vi) वित्तीय परिसंपत्तियों की विमान्यता

समूह किसी वित्तीय परिसंपत्ति को तब विमान्य करता है जब संपत्ति से नकदी प्रवाह के संविदात्मक अधिकार समाप्त हो जाते हैं या जब यह किसी दूसरे पक्षकार को वित्तीय परिसंपत्ति तथा परिसंपत्ति के स्वामित्व के सारवान रूप से सभी जोखिमों एवं इनामों को अंतरित कर देता है।

किसी वित्तीय परिसंपत्ति (अन्य व्यापक आय के माध्यम से उचित मूल्य के रूप में पदनामित इक्विटी लिखतों (एफ वी टी ओ सी आई) को छोड़कर) की पूर्णरूपेण विमान्यता पर परिसंपत्ति की अग्रनीत राशि तथा प्राप्त एवं प्राप्य प्रतिफल के योग के बीच अंतर

को लाभ और हानि के समेकित विवरण में मान्य किया जाता है।

3.32. वित्तीय देयताएं और इक्विटी लिखत

(क) कर्ज या इक्विटी लिखत के रूप में वर्गीकरण

समूह द्वारा जारी किए गए कर्ज और इक्विटी लिखतों को संविदात्मक व्यवस्थाओं के सार तथा वित्तीय देयता एवं इक्विटी लिखत की परिभाषाओं के अनुसरण वित्तीय देयता या इक्विटी लिखत के रूप में वर्गीकृत किया जाता है।

(ख) इक्विटी लिखत

इक्विटी लिखत ऐसी संविदा होती है जो उसकी सभी देयताओं की कटौती के बाद इक्विटी की परिसंपत्तियों में अवशिष्ट अधिकार का साक्ष्य होता है। समूह द्वारा जारी किए गए इक्विटी लिखतों को प्राप्त आय पर मान्य किया जाता है। नए साधारण इक्विटी शेयरों के निर्गम पर सीधे आरोप्य वर्धमान लागतों को इक्विटी से कटौती, कर प्रभाव के जाल के रूप में मान्य किया जाता है।

(ग) चक्रवृद्धि वित्तीय लिखत

समूह द्वारा जारी किए गए चक्रवृद्धि वित्तीय लिखतों के संघटक भागों को संविदात्मक व्यवस्थाओं के सार के अनुसरण में वित्तीय देयता और इक्विटी के रूप में अलग से वर्गीकृत किया जाता है। परिवर्तन का ऐसा विकल्प इक्विटी लिखत होता है जिसे नकदी की नियत राशि या समूह के अपने इक्विटी लिखतों की नियत संख्या के बदले में अन्य वित्तीय परिसंपत्ति के विनिमय द्वारा निस्तारित किया जाएगा।

निर्गम की तिथि को समान अपरिवर्तनीय लिखितों के लिए बाजार में प्रचलित ब्याज दर का प्रयोग करके देयता घटक के उचित मूल्य का अनुमान लगाया जाता है। परिवर्तन पर समाप्त होने तक या लिखत की परिपक्वता तिथि को प्रभावी ब्याज विधि का प्रयोग करके इस राशि को परिशोधित लागत आधार पर देयता के रूप में मान्य किया जाता है। संपूर्ण चक्रवृद्धि वित्तीय लिखत उचित मूल्य से देयता घटक की राशि काटकर इक्विटी के रूप में वर्गीकृत परिवर्तन के विकल्प का निर्धारण किया जाता है। इसे इक्विटी, आयकर प्रभाव के जाल में मान्य और शामिल किया जाता है तथा बाद में इसे पुनरू मापा नहीं जाता है। इसके अलावा, इक्विटी के रूप में वर्गीकृत परिवर्तन का विकल्प इक्विटी में तब तक बना रहेगा, जब तक कि परिवर्तन के विकल्प का प्रयोग नहीं किया जाता है तथा ऐसे मामले में इक्विटी में स्वीकृत अधिशेष को इक्विटी के अन्य घटक में अंतरित किया जाएगा। जब परिवर्तनीय नोट की परिपक्वता तिथि तक परिवर्तन के विकल्प का प्रयोग नहीं किया जाता है, तो इक्विटी में स्वीकृत अधिशेष को प्रतिधारित अर्जन में अंतरित किया जाएगा। परिवर्तन के विकल्प के परिवर्तन या समापन पर लाभ और हानि के समेकित विवरण में किसी अभिलाभ या हानि को मान्य नहीं किया जाता है।

परिवर्तनीय नोट के निर्गम से संबंधित लेनदेन की लागतें सकल आगम के आवंटन के अनुपात में देयता और इक्विटी के घटकों में आवंटित की जाती हैं। इक्विटी घटक से संबंधित लेनदेन की लागतें सीधे इक्विटी में मान्य की जाती हैं। देयता घटक से संबंधित लेनदेन की लागतों को देयता घटक की अग्रनीत राशि शामिल किया जाता है तथा प्रभावी ब्याज विधि का प्रयोग करके परिवर्तनीय नोट के कार्यकाल पर परिशोधित किया जाता है।

(घ) वित्तीय देयताएं

वित्तीय देयताओं को प्रभावी ब्याज विधि का प्रयोग करके परिशोधित लागत पर मापा जाता है।

ओएनजीसी द्वारा प्रदान किए गए ब्याज मुक्त ऋणों को संवितरण की तिथि को उचित मूल्य पर मान्य किया जाता है तथा उचित मूल्य के निर्धारण में अंतर को नियंत्रक कंपनी से मानित पूंजीगत अंशदान के रूप में मान्य किया जाता है। नियंत्रक कंपनी से मानित पूंजीगत अंशदान को इक्विटी में परिवर्तन के विवरण में प्रस्तुत किया जाता है।

देयता के घटक को प्रभावी ब्याज दर का प्रयोग करके परिशोधित लागत विधि से लेखांकित किया जाता है। यदि ऋण की समय से पहले वापसी होती है, तो नियंत्रक कंपनी से पहले स्वीकृत मानित पूंजीगत अंशदान की आनुपातिक राशि का समायोजन किया जाता है।

(ड) वित्तीय देयताओं की विमान्यता

समूह वित्तीय देयताओं को तब और केवल तभी विमान्य करता है जब समूह की बाध्यताएं उन्मुक्त, रद्द या समाप्त हो जाती हैं। विमान्य वित्तीय देयता की अग्रनीत राशि और संदत्त एवं संदेय प्रतिफल के बीच अंतर को लाभ और हानि के समेकित विवरण में मान्य किया जाता है।

3.33. व्युत्पन्न वित्तीय लिखत

समूह ब्याज दर तथा विदेशी मुद्रा के विनिमय दर से जुड़े जोखिमों के प्रति अपनी अरक्षिता का प्रबंधन करने के लिए विदेशी मुद्रा वायदा संविदा और ब्याज दर स्वैप सहित कई तरह के व्युत्पन्न वित्तीय लिखतों के करार करता है।

व्युत्पन्न लिखतों को शुरू में तिथि जब व्युत्पन्न लिखत के करार किए जाते हैं, को उचित मूल्य पर मान्य किया जाता है और इसके बाद प्रत्येक रिपोर्टिंग अवधि के अंत में उनके उचित मूल्य पर पुनरू मापा जाता है। परिणामी अभिलाभ या हानि को लाभ और हानि के समेकित विवरण में तुरंत मान्य किया जाता है जब तक कि व्युत्पन्न लिखत प्रतिरक्षा लिखत के रूप में नामित और प्रभावी न हो तथा ऐसी स्थिति में लाभ और हानि के समेकित विवरण में मान्यता का समय प्रतिरक्षा संबंध के स्वरूप और प्रतिरक्षा मद के स्वरूप पर निर्भर होता है।

व्युत्पन्न लिखतों को वित्तीय परिसंपत्तियों के रूप में तब अग्रनीत किया जाता है जब उचित मूल्य सकारात्मक होता है और वित्तीय देयता के रूप में तब अग्रनीत किया जाता है जब उचित मूल्य नकारात्मक होता है।

3.34. प्रति शेयर अर्जन

कर पश्चात निवल लाभ में अवधि के दौरान बकाया इक्विटी शेयरों की औसत भारित संख्या से भाग देकर प्रति शेयर औसत अर्जन की गणना की जाती है। तनुकारी संभाव्य इक्विटी शेयरों से संबंधित लाभांश, ब्याज तथा व्यय या आय से संबंधित अन्य प्रभारों (किसी आरोप्य कर जाल) के लिए यथा समायोजित कर पश्चात लाभ में प्रति शेयर बुनियादी अर्जन प्राप्त करने के लिए विचारित इक्विटी शेयरों की भारित औसत संख्या तथा इक्विटी शेयरों की भारित औसत संख्या जो सभी तनुकारी संभाव्य इक्विटी शेयरों के परिवर्तन पर जारी हो सकते हैं, से भी भाग देकर प्रति शेयर तनुकृत अर्जन की गणना की जाती है।

3.35. नकदी प्रवाह का विवरण

परोक्ष विधि का प्रयोग करके नकदी प्रवाहों को सूचित किया जाता है जिसके माध्यम से वर्ष के लिए लाभ/(हानि) को गैर नकदी स्वरूप के लेनदेन, प्रचालन की पिछली या भावी नकद प्राप्ति या भुगतानों के किसी आस्थगन या प्रोद्भवन तथा निवेश या वित्त पोषण के नकदी प्रवाह से संबद्ध आय या व्यय के प्रभावों के लिए समायोजित किया जाता है। नकदी प्रवाहों को प्रचालन, निवेश और वित्त पोषण की गतिविधियों में विभाजित किया जाता है।

3.36. सिग्मेंट रिपोर्टिंग

विभिन्न जोखिमों और प्रतिफलों, आंतरिक रिपोर्टिंग प्रणालियों और आधार जिस पर प्रचालन के परिणामों की सिग्मेंट पर संसाधनों को आवंटित करने के बारे में निर्णय लेने तथा उसके निष्पादन का आकलन करने के लिए नियमित रूप से समीक्षा की जाती है, को ध्यान में रखकर प्रचालन के सिग्मेंट चिन्हित और सूचित किए जाते हैं।

3.37. पहली बार अपनाना – अनिवार्य छूटें और वैकल्पिक छूटें

(i) समग्र सिद्धांत :

सभी परिसंपत्तियों और देयताओं जिनकी मान्यता इंड एएस द्वारा अपेक्षित है, को मान्य करके, परिसंपत्तियों या देयताओं की मदों जो इंड एएस द्वारा अनुमत नहीं हैं, को मान्य न करके, इंड एएस के तहत यथा अपेक्षित इंड एएस में पिछले जीएएपी से कतिपय मदों का पुनरू वर्गीकरण करके और स्वीकृत परिसंपत्तियों एवं देयताओं के पुनरू मापन में इंड एएस का प्रयोग करके समूह ने 1 अप्रैल, 2015 (पारगमन की तिथि) के अनुसार प्रारंभिक समेकित तुलनपत्र तैयार किया है। तथापि, यह सिद्धांत समूह द्वारा प्राप्त की गई कतिपय अनिवार्य छूटों और कतिपय वैकल्पिक छूटों के अधीन है, जिसका व्यौरा नीचे दिया गया है

(ii) वित्तीय परिसंपत्तियों और वित्तीय देयताओं की विमान्यता

समूह ने 01 अप्रैल, 2015 (पारगमन की तिथि) को या इसके बाद हुए लेनदेन के लिए भावी प्रभाव से वित्तीय परिसंपत्तियों और

वित्तीय देयताओं की विमान्यता की आवश्यकताओं का प्रयोग किया है।

(iii) कर्ज के लिखतों का वर्गीकरण

समूह ने कर्ज के लिखतों के वर्गीकरण का निर्धारण इस शर्त पर किया है कि क्या उन्होंने पारगमन की तिथि को मौजूद तथ्यों एवं परिस्थितियों के आधार पर अन्य व्यापक आय (एफ वी टी ओ सी आई) की कसौटी के माध्यम से परिशोधित लागत के मापदंड या उचित मूल्य की आवश्यकता को पूरा किया है।

(iv) वित्तीय परिसंपत्तियों की खराबी

समूह ने इंड एएस 109 'वित्तीय लिखत' के खराबी संबंधी आवश्यकताओं को भूतलक्षी प्रभाव से प्रयुक्त किया हैय तथापि, इंड एएस 101 श्भारतीय लेखांकन मानकों को पहली बार अपनानाश द्वारा प्रदान की गई अनुमति के अनुसार इसने पारगमन की तिथि को क्रेडिट जोखिम से उसकी तुलना करने के उद्देश्य से वित्तीय लिखतों को शुरूआती तौर पर मान्य किए जाने की तिथि को क्रेडिट जोखिम का निर्धारण करने के लिए अनुचित लागत या प्रभाव के बगैर तर्कसंगत एवं सहायक सूचना जो उपलब्ध है, का प्रयोग किया है। इसके अलावा, समूह ने इंड एएस में पारगमन की तिथि को इस बात का निर्धारण करते समय कि क्या इंड एएस 101 द्वारा प्रदान की गई अनुमति के अनुसार आरंभिक मान्यता के बाद से क्रेडिट जोखिम में महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है, सूचना की व्यापक रूप से तलाशी नहीं की है।

(v) व्यवसाय के संयोजन

समूह ने पिछले व्यवसाय संयोजनों जो पारगमन की तिथि से पूर्व उत्पन्न हुए हैं, पर भूतलक्षी प्रभाव से इंड एएस 103 श्व्यवसाय संयोजनश को लागू न करने का चुनाव किया है।

(vi) यह निर्धारण करना कि किसी व्यवस्था में कोई पट्टा निहित है या नहीं

समूह ने यह निर्धारित करने के लिए कि किसी व्यवस्था में उस तिथि को मौजूद तथ्यों एवं परिस्थितियों के आधार पर पारगमन तिथि को कोई पट्टा निहित है या नहीं, इंड एएस 17 के श्यह निर्धारण करना कि किसी व्यवस्था में कोई पट्टा निहित है या नहींश के परिशिष्ट (ग) का प्रयोग किया है।

(vii) कार्यमुक्ति की लागतें

समूह ने तेल एवं गैस की परिसंपत्तियों में शामिल की गई कार्यमुक्ति की लागतों के संबंध में उपलब्ध वैकल्पिक छूट प्राप्त की है। तदनुसार, समूह ने पारगमन की तिथि के अनुसार इंड एएस 37 श्प्रावधान, आकस्मिक देयताएं और आकस्मिक परिसंपत्तियांश के अनुसरण में कार्यमुक्ति के प्रावधान का मापन किया है। समूह ने उस राशि के अनुमान की गणना की है जो तिथि जब पहली बार कार्यमुक्ति देयता उत्पन्न हुई, को समायोजित डिस्काउंट दर के ऐतिहासिक जोखिम के अपने सर्वोत्तम अनुमान का प्रयोग करके पारगमन की तिथि को परिगणित कार्यमुक्ति के प्रावधान को डिस्काउंट करके तेल एवं गैस की संबंधित परिसंपत्तियों की लागत में शामिल होगी। इसके बाद, समूह ने उपर्युक्त टिप्पणी 3.15 में उल्लिखित लेखांकन नीति का प्रयोग करके उपर्युक्त अनुमानित राशि पर तेल और गैस की परिसंपत्तियों के अवक्षय/मूल्यह्रास की गणना की है।

(vii) संयुक्त उद्यमों एवं सहयोगियों की परिसंपत्तियां एवं देयताएं

आनुपातिक समेकन से इक्विटी विधि में परिवर्तन के समय समूह ने अधिग्रहण से उत्पन्न कोई सद्भाव सहित परिसंपत्तियों और देयताओं जिनको समूह ने पहले आनुपातिक रूप से समेकित किया था, की अग्रनीत राशियों के योग के रूप में निवेश का मापन करते हुए इंड एएस में पारगमन की तिथि को संयुक्त उद्यम में समूह के निवेश के शेयर को मान्य किया है

(viii) विदेशी मुद्रा की दीर्घावधिक मौद्रिक मदें

समूह ने वित्तीय पट्टा के अधीन परिसंपत्तियों सहित विदेशी मुद्रा की दीर्घावधिक मौद्रिक मदों के परिवर्तन से उत्पन्न विनिमय दर में अंतरों के व्यवहार के लिए पिछले जीएएपी के अनुसार लेखांकन की वही नीति अपनाई है, जो 31 मार्च, 2016 की स्थिति के अनुसार मान्य थी।

(x) गैर नियन्त्रण अधिकार

समूह ने पारगमन की तिथि से भावी प्रभाव से इंड एएस 110 की आवश्यकताओं को लागू किया है।

4. लेखांकन के महत्वपूर्ण निर्णय, मान्यताएं और अनिश्चितता का अनुमान लगाने के प्रमुख स्रोत

समेकित इंड एएस के वित्तीय विवरणों को तैयार करने में प्रयुक्त अनेक लेखांकन नीतियों के प्रयोग में यह आवश्यकता छिपी होती है कि प्रबंधन ऐसे निर्णयों, अनुमानों और मान्यताओं का सहारा लेगा जो परिसंपत्तियों एवं देयताओं की सूचित राशियों, आकस्मिक परिसंपत्तियों एवं देयताओं के प्रकटीकरण और राजस्व एवं व्यय की सूचित राशियों को प्रभावित करते हैं। वास्तविक परिणाम प्रयुक्त अनुमानों एवं मान्यताओं से भिन्न हो सकते हैं।

अनुमानों और अंतर्निहित मान्यताओं की सतत आधार पर समीक्षा की जाती है। लेखांकन के अनुमानों में संशोधनों को उस अवधि में मान्य किया जाता है जिसमें अनुमान संशोधित होते हैं तथा भावी अवधियां प्रभावित होती हैं।

समेकित इंड एएस के वित्तीय विवरणों को तैयार करने में निर्णयों, मान्यताओं तथा अनिश्चितता का अनुमान लगाने का मुख्य स्रोत अगले वित्त वर्ष के अंदर परिसंपत्तियों एवं देयताओं की अग्रनीत राशियों में सारवान समायोजन उत्पन्न कर सकता है, ये तेल एवं गैस के भंडारों, खराबी, संपत्ति, संयंत्र एवं उपकरण के उपयोगी कार्यकाल, तेल एवं गैस की परिसंपत्तियों के अवक्षय, कार्यमुक्ति के प्रावधान, कर्मचारी लाभ बाध्यता, प्रावधान, आयकर के लिए प्रावधान, आस्थगित कर की परिसंपत्तियों तथा आकस्मिक परिसंपत्तियों एवं देयताओं के मापन के संबंध में होते हैं।

4.1 लेखांकन की नीतियों को लागू करने में महत्वपूर्ण निर्णय

अनुमान लगाने में शामिल महत्वपूर्ण निर्णयों (कृपया टिप्पणी 4.2 देखें) के अलावा महत्वपूर्ण निर्णय निम्नलिखित हैं जिन्हें प्रबंधन ने समूह की लेखांकन नीतियों का प्रयोग करने की प्रक्रिया में लिया है और इंड एएस के समेकित वित्तीय विवरणों में स्वीकृत राशियों पर उनका महत्वपूर्ण प्रभाव है।

क) कार्यसाधक मुद्रा का निर्धारण

प्राथमिक आर्थिक परिवेश जिसमें कंपनी प्रचालन करती है, की मुद्रा (कार्यसाधक मुद्रा) अमरीकी डालर (यू एस डी) है जिसमें कंपनी प्राथमिक रूप से नकदी सृजित करती है और व्यय करती है। तदनुसार, प्रबंधन ने अपनी कार्यसाधक मुद्रा को यूएसडी के रूप में आकलित किया है।

ख) तेल एवं गैस की परिसंपत्तियों की खराबी के संकेतकों का मूल्यांकन

परिसंपत्तियों की खराबी के संकेतकों की प्रयोज्यता के मूल्यांकन के लिए बाहरी कारकों (परिसंपत्ति के मूल्य में महत्वपूर्ण गिरावट, प्रौद्योगिकीय, बाजार, आर्थिक या कानूनी परिवेश, बाजार ब्याज दर आदि में महत्वपूर्ण परिवर्तन) और आंतरिक कारकों (किसी परिसंपत्ति का पुराना या भौतिक रूप से क्षतिग्रस्त हो जाना,परिसंमपत्ति का खराब आर्थिक निष्पादन आदि) का आकलन करने की आवश्यकता होती है जो तेल एवं गैस की परिसंपत्तियों से वसूली योग्य राशि में महत्वपूर्ण परिवर्तन उत्पन्न कर सकते हैं।

ग) अन्वेषण कूप

क्या किसी अन्वेषण कूप द्वारा तेल और प्राकृतिक गैस के संभावित रूप से मितव्ययी भंडारों की खोज की गई है, इसका निर्धारण आमतौर पर कूप के पूरा होने के एक साल के अंदर किया जाता है, परंतु भूविज्ञानी संरचना में जटिलता के आधार पर इससे अधिक समय लग सकता है। अन्वेषण कूप जो तेल और प्राकृतिक गैस के संभावित रूप से मितव्ययी भंडारों की खोज करते हैं तथा ऐसे क्षेत्रों में होते हैं जहां उत्पादन शुरू होने से पूर्व भारी पूंजी व्यय (उदाहरण के लिए, ऑफशोर प्लेटफार्म या पाइपलाइन) की जरूरत होगी और जहां उस भारी पूंजी व्यय की आर्थिक लाभप्रदता उस क्षेत्र में अग्रेतर अन्वेषण कार्य की सफल समाप्ति पर निर्भर होती है, समेकित तुलनपत्र में तब तक पूंजीकृत बने रहते हैं जब तक कि अतिरिक्त अन्वेषण या मूल्यांकन कार्य चलता है या दृढ़तापूर्वक नियोजित किया जाता है।

तेल और प्राकृतिक गैस की संभावित खदान पर अतिरिक्त मूल्यांकन ड्रिलिंग और भूकंपीय कार्य के निष्पादित होने के दौरान या इष्टतम विकास योजनाओं एवं समय सारणी के स्थापित होने के दौरान कई वर्ष तक समेकित तुलनपत्र में अन्वेषण कूपों तथा अन्वेषण ानुमा स्तरिक जांच कूपों को निलंबित रखना कोई अस्वाभाविक घटना नहीं हैं। ऐसी सभी अग्रनीत लागतें खोज का विकास करने

या अन्यथा उससे मूल्य खींचने की सतत मंशा की पुष्टि के लिए कम से कम वार्षिक आधार पर नियमित तकनीकी, वाणिज्यिक और प्रबंधकीय समीक्षा के अधीन होती हैं। जहां ऐसी स्थिति नहीं रह जाती है, लागतों को तुरंत व्ययित किया जाता है।

घ) प्रबंधन सहायक कंपनियों, शाखाओं के अवितरित लाभों/हानियों, सहयोगियों एवं संयुक्त उद्यमों में निवेशों के संबंध में समूह के निवेश के संबंध में आस्थगित कर देयता/आस्थगित कर परिसंपत्ति के लेखांकन में में आस्थगित कर देयता/आस्थगित कर परिसंपत्तियां

प्रबंधन सहायक कंपनियों, शाखाओं के अवितरित लाभों/हानियों, सहयोगियों एवं संयुक्त उद्यमों में निवेशों के संबंध में समूह के निवेश के संबंध में आस्थगित कर देयता/आस्थगित कर परिसंपत्ति के लेखांकन में अपने विवेक का प्रयोग करता है। सहायक कंपनियों, शाखाओं के अवितरित लाभों/हानियों, सहयोगियों एवं संयुक्त उद्यमों में निवेशों के संबंध में प्रबंधन के निर्णय में, प्रबंधन अस्थाई अंतरों के पलटाव के समय को नियंत्रित करने में समर्थ होता है तथा पूर्वाभासी भविष्य में अस्थाई अंतरों को पलटा नहीं जाएगा।

तदनुसार, समूह सहायक कंपनियों, शाखाओं में निवेश तथा संयुक्त उद्यमों में अधिकारों से संबद्ध सभी कराधेय अस्थाई अंतरों के लिए आस्थगित कर देयता को मान्य नहीं करता है।

ङ) प्रतिभागी शेयर के 20 प्रतिशत से कम होने के बावजूद सहयोगी के रूप में निवेश का वर्गीकरण

लागू करारों और अन्यथा के अनुसरण में समूह द्वारा निवेशिती के वित्तीय एवं प्रचालन के नीतिगत निर्णयों में प्रयुक्त प्रतिभागिता की शक्ति को ध्यान में रखते हुए निम्नलिखित संस्थाओं को समूह के सहयोगी के रूप में माना गया है, हालांकि प्रतिभागी अधिकार/शेयर होल्डिंग का प्रतिशत/अधिकार का प्रतिशत 20 प्रतिशत से कम है:

जेएससी वैंकोरनेफ्ट (31 मई, 2016 से 28 अक्टूबर, 2016 तक की अवधि के लिए समूह की शेयर होल्डिंग 15 प्रतिशत थीय 28 अक्टूबर, 2016 से समूह की शेयर होल्डिंग बढ़कर 26 प्रतिशत हो गई है)

साउथ ईस्ट एशिया गैस पाइपलाइन (समूह की शेयर होल्डिंग 8.347 प्रतिशत)

पेट्रो कैराबोबो एस.ए., वेनेजुएला (समूह की शेयर होल्डिंग 11 प्रतिशत)

4.2. अनिश्चितता का अनुमान लगाने की मान्यताएं और मुख्य स्रोत

ऐसे अनुमानों एवं मान्यताओं के बारे में सूचना नीचे प्रदान की गई है जिनका परिसंपत्तियों, देयताओं, आय और व्यय की मान्यता और मापन पर महत्वपूर्ण प्रभाव है। वास्तविक परिणाम इन अनुमानों से भिन्न हो सकते हैं।

क) कार्यमुक्ति के लिए प्रावधान का अनुमान

समूह तेल एवं गैस की परिसंपत्तियों के आर्थिक कार्यकाल के अंत में उनकी भावी कार्यमुक्ति के लिए इंड एएस 37 'प्रावधान, आकस्मिक देयताएं और आकस्मिक परिसंपत्तियां' के सिद्धांतों के अनुसार कार्यमुक्ति के लिए प्रावधान का अनुमान लगाता है। कार्यमुक्ति की इन गतिविधियों में से अधिकांश गतिविधियां भविष्य में होंगी, सटीक आवश्यकताओं जो हटाने के समय पूरी करनी पड़ सकती है, में अनिश्चितता शामिल है। कार्यमुक्ति के लिए प्रौद्योगिकी एवं लागत में निरंतर परिवर्तन होते रहते हैं। भावी नकदी प्रवाहों की राशि एवं समय महत्वपूर्ण अनिश्चितता के अधीन होते हैं।

प्रत्येक रिपोर्टिंग अवधि के अंत में नकदी प्रवाहों को डिस्काउंट करने में प्रयुक्त ब्याज दर तथा मौजूदा लागत के अनुमानों को बढ़ाने के लिए मुद्रास्फीति की दर के साथ भावी व्यय के समय एवं राशि की समीक्षा की जाती है। तेल एवं गैस की परिसंपत्ति की दीर्घावधिक उत्पादन प्रोफाइल के आधार पर तेल एवं गैस की परिसंपत्तियों के मितव्ययी कार्यकाल का अनुमान लगाया जाता है।

ख) परिसंपत्तियों की खराबी

इस बात का निर्धारण करने के लिए कि क्या कोई सीजीयू खराब है और कितना खराब है, इसमें कच्चे तेल एवं प्राकृतिक गैस की भावी कीमतें, प्रचालन व्यय पर मुद्रास्फीति के प्रभाव, डिस्काउंट दर, उत्पादन प्रोफाइल आदि जैसे अनिश्चित मामलों पर प्रबंधन के अनुमान शामिल होते हैं। तेल एवं गैस की परिसंपत्तियों के लिए, तेल एवं प्राकृतिक गैस की भावी कीमतों, उत्पादन तथा भंडारों के आयतन के बारे में प्रबंधन के सर्वोत्तम अनुमान का प्रयोग करके अपेक्षित भावी नकद प्रवाहों का अनुमान लगाया जाता है।

कर पूर्व डिस्काउंट दरों जो धन के उस समय बाजार में प्रचलित आकलन तथा प्रत्येक सीजीयू के संबंध में देयता से जुड़े जोखिमों

को दर्शाते हैं, का प्रयोग करके नकद प्रवाहों के वर्तमान मूल्यों का निर्धारण किया जाता है। ब्लूमबर्ग द्वारा आकलन के अनुसार डेटेड ब्रेंट क्रूड ऑयल के बाजार आधारित वायदा मूल्यों तथा बेंचमार्क क्रूड एवं अन्य पेट्रोलियम उत्पादों के साथ उसके संबंधों के आधार पर भावी कीमतों का प्रयोग करके कच्चे तेल की बिक्री से भावी नकदी अंतरूप्रवाहों की गणना की जाती है। संबंधित करारों और/या बाजार की भविष्यवाणी के अनुसरण में निर्धारित कीमतों के आधार पर प्राकृतिक गैस की बिक्री से भावी नकदी प्रवाहों की भी गणना की जाती है जो अपेक्षित भावी कीमतों पर आधारित होते हैं।

प्रयुक्त डिस्काउंट दर किसी स्थापित मॉडल से पूंजी की लागत पर आधारित होती है।

प्रमाणित एवं संभाव्य भंडारों के आधार पर अनुमानित भावी नकदी प्रवाहों को ध्यान में रखते हुए सीजीयू के उत्पादन/विकास में प्रयुक्त मूल्य का निर्धारण किया जाता है। प्रयोग में मूल्य का निर्धारण करते समय मूल्यांकन/विकास की अपेक्षित लागत के पूर्ण अनुमान पर भी विचार किया जाता है।

खराबी की गणना के आकलन में प्रयुक्त डिस्काउंट की दरों का हर साल पुनरू आकलन किया जाता है।

ग) भंडारों का अनुमान लगाना

नियंत्रक कंपनी ऑयल एंड नेचुरल गैस कारपोरेशन लिमिटेड (ओ एन जी सी) की भंडार अनुमान समिति (आर ई सी) जो लगातार अंतर्राष्ट्रीय जलाशय इंजीनियरिंग प्रक्रियाओं का अनुसरण करती है, द्वारा वर्ष के अंत में समूह के भंडारों का अनुमान लगाया जाता है।

समूह अपने भंडारों का वार्षिक आधार पर अनुमान लगाता है तथा वित्त वर्ष के अंत में अर्थात 1 अप्रैल की स्थिति के अनुसार भंडारों का प्रकटीकरण किया जाता है। पूरी दुनिया में उत्पादन और खोज करने वाली विभिन्न परिसंपत्तियों में वैश्विक दिग्गजों के साथ समूह की साझेदारी है, जिनके गैर प्रचालक, संयुक्त प्रचालक और प्रचालक के रूप में प्रतिभागी अधिकार हैं। प्रत्येक परिसंपत्ति का प्रचालक/संयुक्त प्रचालन कंपनी वार्षिक आधार पर संबंधित परिसंपत्ति के भंडारों का मूल्यांकन करती है और समूह के प्रतिनिधि तकनीकी/प्रचालन समिति की बैठकों के माध्यम से गतिशील ढंग से अंतरूक्रिया करते हैं जिनमें भंडारों के अनुमानों पर चर्चा होती है और अंतिम रूप दिया जाता है। प्रत्येक परिसंपत्ति के लिए अनुमोदित भंडारों की प्राप्ति पर समूह मूल कंपनी ओएनजीसी के अन्वेषण और विकास निदेशालय के भंडार प्राक्कलन विशेषज्ञों के साथ उन पर चर्चा करता है और मूल कंपनी ओएनजीसी के निदेशक (अन्वेषण) की अध्यक्षता में भंडार अनुमान समिति (आर ई सी) द्वारा विचार – विमर्श एवं अनुमोदन के लिए उसे प्रस्तुत करता है।

अनुमान लगाने की मुख्य प्रक्रिया अनुमापी अनुमान है जो मौजूद हाइड्रोकार्बन की गणना करने के लिए जलाशय के शैल और द्रव के गुणों का प्रयोग करती है और फिर उस अंश का अनुमान लगाती है जो प्रचालन की प्रथाओं को स्थापित करके तथा विद्यमान सरकारी विनियमों के तहत, विद्यमान आर्थिक स्थितियों के तहत किसी निश्चित तिथि से आगे इससे प्राप्त होगा। जैसा कि खदान तर्कसंगत रूप से अच्छे उत्पादन इतिहास के साथ परिपक्व होती जाती है, भंडारण के अधिक सटीक अनुमान प्राप्त करने के लिए सारवान बैलेंस, अनुकरण, गिरावट वक्र विश्लेषण जैसी निष्पादन की विधियों का प्रयोग किया जाता है। उत्पादन करने वाली और अन्वेषित की गई अनेक परिसंपत्तियों के लिए जिनमें समूह के शेयर होते हैं, संबंधित प्रचालक और संयुक्त प्रचालन कंपनियां समुचित अध्यवसाय और लेखापरीक्षा के लिए तीसरे पक्षकार की एजेंसियों की सेवाओं का प्रयोग करती हैं। इसके अलावा, समूह अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित परामर्शदाताओं जो अपने मूल्यांकन के लिए उद्योग की नवीनतम प्रथाओं का प्रयोग करते हैं, द्वारा आवधिक आधार पर तीसरे पक्षकार द्वारा अपनी परिसंपत्तियों के भंडारों की लेखापरीक्षा कराता है।

अनुमानों में वार्षिक संशोधन अन्वेषण और विकास की वार्षिक गतिविधियों तथा उनके परिणामों पर आधारित होता है। खदान की नई खोजों या पहले से खोजी गई खदानों में नए पूल की खोजों के लिए नए स्थापित आयतन और अंतिम भंडारों का अनुमान लगाया जाता है। इसके अलावा, मूल्यांकन की गतिविधियों से अधस्तल के नए आंकड़ों के कारण अनुमानों में संशोधन का मार्ग प्रशस्त होता है। इसी तरह, पेट्रो फिजिकल पैरामीटर में संशोधन, स्थिर एवं गतिशील माडलों के अपडेशन तथा भंडारों में परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त करने वाले निष्पादन विश्लेषण की आवश्यकता के कारण पुरानी खदानों के लिए पुनरू व्याख्या की कवायद भी संपन्न की जाती है। नई प्रौद्योगिकी के आने, वर्गीकरणों तथा संविदात्मक प्रावधानों में परिवर्तन के कारण भी भंडारों के अनुमान में संशोधन आवश्यक हो जाता है।

घ) नकदी सृजन यूनिट (सी जी यू) का निर्धारण

समूह मुख्य रूप से तेल और गैस के अन्वेषण तथा ऑनशोर और ऑफशोर में उत्पादन के व्यवसाय में शामिल है। जहां खदानें उत्पादन/परिवहन की सामान्य सुविधाओं का प्रयोग कर रही हैं तथा आर्थिक दृष्टि से पर्याप्त रूप से परस्पर निर्भर हैं वहां एकल नकदी सृजन यूनिट (सी जी यू) का निर्माण करने के लिए इस पर विचार किया जाता है।

ङ) निश्चित लाभ बाध्यता (डी बी ओ)

निश्चित लाभ बाध्यता के बारे में प्रबंधन का अनुमान अनेक महत्वपूर्ण अंतर्निहित मान्यताओं पर आधारित होता है जैसे कि मुद्रास्फीति की मानक दरें, चिकित्सा लागत की रूझानें, नश्वरता, डिस्काउंट दर तथा भावी वेतन वृद्धि के पूर्वानुमान। इन मान्यताओं में विचलन से निश्चित लाभ बाध्यता की राशि तथा वार्षिक निश्चित लाभ व्यय महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित हो सकता है।

5. r|y ,o x|l ifj|ifÙk;k

(₹ मिलियन में)

विवरण	31 मार्च 2017 की स्थिति के अनुसार		31 मार्च 2016 की स्थिति के अनुसार	
लागत				
प्रारंभिक शेष (कृपया टिप्पणी 5–1 देखें)	**618,379.90**		**549,596.01**	
'विकास के अधीन अमूर्त परिसंपत्तियां – अन्वेषण कूप प्रगति पर' से अंतरण	**268.01**		**752.31**	
'विकास कूप प्रगति पर' से अंतरण	**13,281.80**		**35,608.80**	
कार्यमुक्ति की लागतों में वृद्धि/(कमी)	**956.18**		**5,803.31**	
वर्ष के दौरान परिवर्धन	**35,847.67**		**14,253.59**	
वर्ष के दौरान विलोपन/सेवामुक्ति	**(12,124.22)**		**(10,902.68)**	
वर्ष के दौरान विलोपन/सेवामुक्ति	**(9,508.57)**		**28,550.38**	
अन्य समायोजन	**(11,840.04)**	635,260.73	**(5,281.82)**	618,379.90
घटाएं: संचित विलोपन और खराबी				
संचित विलोपन	**258,029.76**		**211,615.89**	
प्रारंभिक शेष (कृपया टिप्पणी 5–1 देखें)	**40,006.37**		**39,712.77**	
वर्ष के लिए अवक्षय (कृपया टिप्पणी 5–1 देखें)	**(4,108.85)**		**9,256.03**	
विनिमय दर में अंतर के प्रभाव (कृपया टिप्पणी 5–2 देखें)	**(16,090.23)**	277,837.05	**(2,554.93)**	258,029.76
अन्य समायोजन				
संचित खराबी	**18,221.77**		**-**	
प्रारंभिक शेष (कृपया टिप्पणी 5–1 देखें)	**720.15**		**17,983.75**	
वर्ष के दौरान प्रदत्त (कृपया टिप्पणी 37 और 50 देखें)	**-**		**-**	
खराबी का प्रतिलेखन करना	**(435.83)**	18,506.09	**238.02**	18,221.77
विनिमय दर में अंतर के प्रभाव (कृपया टिप्पणी 5–2 देखें)		**338,917.59**		**342,128.37**

5.1. 01 अप्रैल, 2015 की स्थिति के अनुसार उत्पादन एवं संबद्ध सुविधाओं से संबंधित परिसंपत्तियां शामिल हैं जिनको भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आई सी ए आई) द्वारा जारी किए गए ईएसी मत के अनुसार संपत्ति, संयंत्र एवं उपकरण के तहत ''तेल एवं गैस की परिसंपत्तियां'' के रूप में वर्गीकृत किया गया।

5.2. कंपनी की कार्यसाधक मुद्रा ''अमरीकी डालर'' (यू एस डी) में तैयार किए गए वित्तीय विवरणों को प्रस्तुति की मुद्रा (₹) में परिवर्तित करने के कारण विनिमय दर में अंतर को दर्शाता है। कृपया टिप्पणी 3.22 और 4.1 (क) देखें।

5.3. बीसी–10, ब्राजील (जो समूह का गैर निगमित संयुक्त प्रचालन है) ने टाम्बा बीवी के साथ दीर्घावधिक वित्तीय पट्टा करार किया है। नीदरलैंड (जो समूह की एक संयुक्त उद्यम कंपनी है), जिसमें संयुक्त कंपनी समूह को ऑयल फील्ड के प्रमुख उपकरण जैसे कि प्लवमान उत्पादन भंडारण तथा ऑफलोडिंग वेजल (एफ पी एस ओ) तथा अन्य अधरू समुद्रीय परिसंपत्तियां प्रदान कर रही है। गैर मौजूदा वित्तीय पट्टा देयता के पुनर्मूल्यांकन के कारण उत्पन्न विदेशी मुद्रा के अभिलाभ/हानि को तेल एवं गैस की परिसंपत्तियों पर पूंजीकृत किया जाता है तथा उत्पादन की यूनिट विधि का प्रयोग करके अवक्षयित किया जाता है। दीर्घावधिक वित्तीय पट्टा करार के संबंध में परिशोधन के लिए शेष तेल एवं गैस की परिसंपत्तियों का ब्यौरा नीचे दिया गया है:

मूल्यह्रास योग्य परिसंपत्तियों से संबंधित विदेशी मुद्रा की दीर्घावधिक मौद्रिक मदों की रिपोर्टिंग पर विनिमय दर में उत्पन्न अंतर

(₹ मिलियन में)

	31 मार्च, 2016 को समाप्त वर्ष	31 मार्च, 2016 को समाप्त वर्ष
वर्ष के शुरू में परिशोधित करने के लिए बची राशि		**5,454.66**
जोड़ें रू वर्ष के दौरान उत्पन्न विनिमय हानि/(अभिलाभ)	**(2,935.67)**	**1,473.46**
घटाएं रू वर्ष के लिए लाभ और हानि के विवरण में प्रभारित अवक्षय	**537.53**	**554.54**
जोड़ें: विनिमय दर में अंतर के प्रभाव	**562.11**	**(661.85)**
वर्ष के अंत में परिशोधित करने के लिए बची राशि	**2,800.64**	**5,711.73**

6. अन्य संपत्ति, संयंत्र और उपकरण

(₹ मिलियन में)

निम्नलिखित की अग्रनीत राशि रू	31 मार्च 2017 की स्थिति के अनुसार	31 मार्च 2016 की स्थिति के अनुसार	01 अप्रैल 2015 की स्थिति के अनुसार
फ्रीहोल्ड भूमि	**4.04**	**4.13**	3.90
शाश्वत पट्टा भूमि	**2,969.36**	**3,037.91**	2,868.11
बिल्डिंग	**6,692.35**	**5,266.80**	5,514.08
संयंत्र एवं उपकरण	**5,665.40**	**7,354.98**	8,805.25
फर्नीचर और फिक्सचर	**298.70**	**267.69**	384.08
वाहन	**311.56**	**325.86**	323.56
कार्यालय उपकरण	**819.69**	**659.78**	767.18
कुल	**16,761.10**	**16,917.15**	**18,666.16**

(₹ मिलियन में)

लागत	फ्रीहोल्ड भूमि	शाश्वत पट्टा भूमि	बिल्डिंग	संयंत्र एवं उपकरण	फर्नीचर और फिक्सचर	वहन	कार्यालय उपकरण	कुल
01 अप्रैल, 2015 की स्थिति के अनुसार अधिशेष	**3.90**	**2,868.11**	**8,577.94**	**54,951.87**	**5,566.67**	**1,877.83**	**6,570.45**	**80,416.77**
वर्ष के दौरान परिवर्धन	-	-	51.29	666.38	39.13	183.56	79.33	1,019.69
निस्तारण/समायोजन/अंतरण	-	-	(3.46)	(13,572.94)	(8.12)	(84.64)	(42.02)	(13,711.18)
विनिमय दर में अंतर के प्रभाव	0.23	169.80	473.78	3,026.30	297.66	29.92	389.64	4,387.33
31 मार्च, 2016 की स्थिति के अनुसार अधिशेष	**4.13**	**3,037.91**	**9,099.55**	**45,071.61**	**5,895.34**	**2,006.67**	**6,997.40**	**72,112.61**
वर्ष के दौरान परिवर्धन	-	-	2,157.56	1,144.80	174.01	184.76	520.48	4,181.61
निस्तारण/समायोजन/अंतरण	-	-	(0.27)	(51.51)	(5.86)	(5.54)	(3.85)	(67.03)
विनिमय दर में अंतर के प्रभाव	(0.09)	(68.55)	(232.47)	(978.10)	(98.00)	62.89	(175.33)	(1,489.65)
31 मार्च, 2017 की स्थिति के अनुसार अधिशेष	**4.04**	**2,969.36**	**11,024.37**	**45,186.80**	**5,965.49**	**2,248.78**	**7,338.70**	**74,737.54**

(₹ मिलियन में)

संचित विलोपन और खराबी	फ्रीहोल्ड भूमि	शाश्वत पट्टा भूमि	बिल्डिंग	संयंत्र एवं उपकरण	फर्नीचर और फिक्सचर	वाहन	कार्यालय उपकरण	कुल
01 अप्रैल, 2015 की स्थिति के अनुसार अधिशेष	-	-	3,063.86	46,146.62	5,182.59	1,554.27	5,803.27	61,750.61
मूल्यह्रास व्यय	-	-	599.97	2,043.77	174.81	171.27	227.91	3,217.73
लाभ और हानि में मान्य की गई खराबी क्षति	-	-	(0.77)	(13,006.01)	(7.01)	(41.70)	(39.75)	(13,095.24)
विनिमय दर में अंतर के प्रभाव	-	-	169.69	2,532.25	277.26	(3.03)	346.19	3,322.36
31 मार्च, 2016 की स्थिति के अनुसार अधिशेष	**-**	**-**	**3,832.75**	**37,716.63**	**5,627.65**	**1,680.81**	**6,337.62**	**55,195.46**
मूल्यह्रास व्यय	-	-	333.01	1,845.34	138.20	161.33	314.09	2,791.97
लाभ और हानि में मान्य की गई खराबी क्षति	-	-	241.89	834.65	(5.97)	37.07	21.72	1,129.36
विनिमय दर में अंतर के प्रभाव	-	-	(75.63)	(875.22)	(93.09)	58.01	(154.42)	(1,140.35)
31 मार्च, 2017 की स्थिति के अनुसार अधिशेष	**-**	**-**	**4,332.02**	**39,521.40**	**5,666.79**	**1,937.22**	**6,519.01**	**57,976.44**

6.1. तेल एवं गैस की परिसंपत्तियों की सकल राशि को दर्शाने के लिए 1 अप्रैल, 2015 की स्थिति के अनुसार उत्पादन और संबद्ध सुविधाओं से संबंधित परिसंपत्तियों के अग्रनीत मूल्य को अन्य संपत्ति, संयंत्र और उपकरण (पी पी ई) से पुनरू वर्गीकृत किया गया है।

6.2. कंपनी की कार्यसाधक मुद्रा ''अमरीकी डालर'' (यू एस डी) में तैयार किए गए वित्तीय विवरणों को प्रस्तुति की मुद्रा (₹) में परिवर्तित करने के कारण विनिमय दर में अंतर को दर्शाता है। कृपया टिप्पणी 3.22 और 4.1 (क) देखें।

6.3. कंपनी सीधे या अन्य साझेदारों के साथ कंसोर्टियम (कंसोर्टियम) में मेजबान सरकारों के साथ करारों के तहत हाइड्रोकार्बन के अन्वेषण, विकास और उत्पादन के संबंध में अपने व्यवसाय को जारी रखती है। खदानों/परियोजनाओं में कंपनी की गतिविधियों को अभिशासित करने वाले इन करारों में से अनेक करारों में यह प्रावधान होता है कि ऐसी परिसंपत्तियों के अधिग्रहण/प्रथम प्रयोग पर या ''लागत तेल'' और ''लागत गैस'' के आवंटन के माध्यम से ऐसी लागतों की 100 प्रतिशत वसूली पर या संगत संविदा के क्षेत्रों के समाप्त हो जाने या संगत करार की समाप्ति पर संपत्ति, संयंत्र और उपकरण तथा अन्य सहायक संस्थापनों का स्वामित्व मेजबान सरकार या उसकी नामिती संस्थाओं को अंतरित हो जाएगा। तथापि, करारों की शर्तों के अनुसार, कंसोर्टियम और/या प्रचालक के पास ऐसी सभी परिसंपत्तियों की अभिरक्षा होती है तथा संबंधित करारों के संपूर्ण कार्यकाल के दौरान पेट्रोलियम के प्रचालनों के लिए ऐसी सभी संपत्तियों का प्रभार के बगैर प्रयोग करने का हकदार होता है। कंसोर्टियम के पास ऐसी परिसंपत्तियों की अभिरक्षा और अनुरक्षण भी होता है तथा वह सांयोगिक हानि एवं क्षति के सभी जोखिमों और ऐसी परिसंपत्तियों के अनुरक्षण के लिए तथा ऐसी क्षति या हानि के प्रतिस्थापन या मरम्मत के लिए आवश्यक सभी लागतों को वहन करता है। इन परिस्थितियों में, ऐसी परिसंपत्तियों को संबंधित करारों के प्रचलन में होने के दौरान कंपनी के अभिलेखों में रखा जाता है।

7. पूंजी कार्य प्रगति पर

(₹ मिलियन में)

विवरण	31 मार्च 2017 की स्थिति के अनुसार		31 मार्च 2016 की स्थिति के अनुसार	
क) तेल एवं गैस की परिसंपत्तियाँ				
(प) विकास कूप प्रगति पर				
प्रारंभिक शेष	8,183.22		17,897.49	
वर्ष के दौरान व्यय	13,149.27		25,761.98	
तेल एवं गैस की परिसंपत्तियों में अंतरण	(13,281.80)		(35,608.80)	
विनिमय दर में अंतर के प्रभाव (कृपया टिप्पणी 7.3 देखें)	(12.38)		608.17	
अन्य समायोजन	-	**8,038.31**	(475.62)	**8,183.22**
घटाएं रू संचित खराबी (कृपया टिप्पणी 7.1 देखें)				
प्रारंभिक शेष	110.37		104.20	

विनिमय दर में अंतर के प्रभाव (कृपया टिप्पणी 7.3 देखें)	(2.50)	**107.87**	6.17	**110.37**
प्रगति पर विकास कूप की अग्रनीत राशि		**7,930.44**		**8,072.85**
प्रगति पर तेल एवं गैस की सुविधाएं (कृपया टिप्पणी 7.2 देखें)		27,749.27		39,865.48
प्रगति पर तेल एवं गैस की सुविधाओं की अग्रनीत राशि		**27,749.27**		**39,865.48**
ख) अन्य बिल्डिंग		23.40		2,848.85
संयंत्र एवं उपकरण		-		294.48
प्रगति पर अन्य पूंजी कार्य की अग्रनीत राशि		**23.40**		**3,143.33**

7.1. ब्लाक ग्प्ट, सीरिया में कंपनी के 60 प्रतिशत प्रतिभागी अधिकार हैं। सीरिया में कानून एवं व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति को ध्यान में रखते हुए 29 अप्रैल, 2012 से परियोजना के प्रचालन अस्थाई रूप में निलंबित हैं। उपर्युक्त को ध्यान में रखते हुए, प्रगति पर विकास कूपों के संबंध में खराबी के लिए शून्य मिलियन रूपए का प्रावधान किया गया था (31 मार्च, 2016 को समाप्त वर्ष – शून्य रूपए)। परियोजना के संबंध में 31 मार्च 2017 की स्थिति के अनुसार खराबी के लिए संचयी प्रावधान 107.87 मिलियन रूपए है (31 मार्च, 2016 की स्थिति के अनुसार 110.37 मिलियन रूपए)

7.2. 31 मार्च, 2017 को समाप्त वर्ष के दौरान प्रगति पर तेल और गैस की सुविधाओं के तहत 101.79 मिलियन रूपए की उधारी लागत को पूंजीकृत किया गया है (31 मार्च, 2016 को समाप्त वर्ष के लिए 92.83 मिलियन रूपए)। उधार ली गई निधियों पर पूंजीकरण की भारित औसत दर 2.23 प्रतिशत प्रतिवर्ष है (31 मार्च, 2016 को समाप्त वर्ष के दौरान 2.56 प्रतिशत प्रतिवर्ष)।

7.3. कंपनी की कार्यसाधक मुद्रा 'अमरीकी डालर' (यू एस डी) में तैयार किए गए वित्तीय विवरणों को प्रस्तुति की मुद्रा (₹) में परिवर्तित करने के कारण विनिमय दर में अंतर को दर्शाता है। कृपया टिप्पणी 3.22 और 4.1 (क) देखें।

8. सद्भाव

(₹ मिलियन में)

विवरण	31 मार्च 2016 की स्थिति के अनुसार		31 मार्च 2017 की स्थिति के अनुसार	
प्रारंभिक शेष	**200,811.83**		**192,821.33**	
विनिमय दर में अंतर के प्रभाव (कृपया टिप्पणी 8–2 देखें)	(4,637.74)	**196,174.09**	7,990.50	**200,811.83**
घटाएं रू संचित परिशोधन एवं खराबी				
प्रारंभिक शेष	**56,570.12**		**39,762.93**	
वर्ष के दौरान परिवर्धन (कृपया टिप्पणी 50 देखें)	8,486.50		14,263.36	
विनिमय दर में अंतर के प्रभाव (कृपया टिप्पणी 8–2 देखें)	(1,560.39)	**63,496.23**	2,543.83	**56,570.12**
कुल सद्भाव		**132,677.86**		**144,241.71**

8.1. समेकन पर उत्पन्न सद्भाव को दर्शाता है। टिप्पणी 3.6 में उल्लिखित लेखांकन नीति के अनुसरण में नकदी सृजन यूनिटों पर सद्भाव का आवंटन किया जाता है।

8.2. कंपनी की कार्यसाधक मुद्रा ''अमरीकी डालर'' (यू एस डी) में तैयार किए गए वित्तीय विवरणों को प्रस्तुति की मुद्रा (₹) में परिवर्तित करने के कारण विनिमय दर में अंतर को दर्शाता है। कृपया टिप्पणी 3.22 और 4.1 (क) देखें।

9. अन्य अमूर्त परिसंपत्तियाँ

(₹ मिलियन में)

विवरण	31 मार्च 2017 की स्थिति के अनुसार		31 मार्च 2016 की स्थिति के अनुसार	
अप्लीकेशन साफ्टवेर				
प्रारंभिक शेष	869.51		569.71	
वर्ष के दौरान परिवर्धन	330.84		263.09	

निस्तारण/समायोजन/अंतरण	(0.32)		(0.51)	
विनिमय दर में अंतर के प्रभाव	(30.62)	**1,169.41**	37.22	**869.51**
(कृपया टिप्पणी 9–1 देखें)				
घटाएं : संचित परिशोधन	525.85		455.20	
प्रारंभिक शेष	107.02		43.89	
वर्ष के दौरान परिवर्धन	(0.22)		(0.77)	
निस्तारण/समायोजन/अंतरण	(15.43)	**617.22**	27.53	**525.85**
		552.19		**343.66**

9.1. कंपनी की कार्यसाधक मुद्रा "अमरीकी डालर" (यू एस डी) में तैयार किए गए वित्तीय विवरणों को प्रस्तुति की मुद्रा (₹) में परिवर्तित करने के कारण विनिमय दर में अंतर को दर्शाता है। कृपया टिप्पणी 3.22 और 4.1 (क) देखें।

10. विकास के अधीन अमूर्त परिसंपत्तियाँ

(₹ मिलियन में)

fooj.k	31 ekpZ 2017 dh fLFkfr ds vuqlkj		31 ekpZ 2016 dh fLFkfr ds vuqlkj	
क) अन्वेषण कूप प्रगति पर				
सकल लागत				
प्रारंभिक शेष	**39,886.88**		36,844.06	
वर्ष के दौरान व्यय (कृपया टिप्पणी 10.4 देखें)	**974.58**		4,227.87	
तेल एवं गैस की परिसंपत्तियों में अंतरण	**(268.01)**		(752.31)	
वर्ष के दौरान बट्टे खाते डाले गए कूप	**(25.19)**		(2,035.96)	
वर्ष के दौरान समायोजन	**-**		(580.38)	
विनिमय दर में अंतर के प्रभाव	**(899.57)**	**39,668.69**	2,183.60	39,886.88
घटाएं रू संचित खराबी				
(कृपया टिप्पणी 10.1, 10.2 देखें)	**4,981.68**		4,680.53	
प्रारंभिक शेष	**5.42**		23.63	
वर्ष के दौरान प्रदत्त	**(112.80)**	**4,874.30**	277.53	4,981.69
विनिमय दर में अंतर के प्रभाव (कृपया टिप्पणी 10.6 देखें)		**34,794.39**		**34,905.19**
प्रगति पर अन्वेषण कूप की अग्रनीत राशि				
सकल लागत				
प्रारंभिक शेष	**166,269.81**		152,718.04	
वर्ष के दौरान परिवर्धन (कृपया टिप्पणी 10–5 देखें)	**3,089.69**		2,817.81	
विनिमय दर में अंतर के प्रभाव (कृपया टिप्पणी 10–6 देखें)	**(3,839.63)**	**165,519.87**	10,733.96	166,269.81
घटाएं रू संचित खराबी				
प्रारंभिक शेष	**15,780.70**		626.40	
प्रारंभिक शेष	**856.13**		14,919.73	
वर्ष के दौरान प्रदत्त (कृपया टिप्पणी 37 देखें)	**(554.17)**	**16,082.66**	234.57	15,780.70
अधिग्रहण लागत की अग्रनीत राशि		**149,437.21**		**150,489.11**

10.1. सीरिया में कंपनी के 60 प्रतिशत प्रतिभागी अधिकार हैं। सीरिया में कानून एवं व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति को ध्यान में रखते हुए 29 अप्रैल, 2012 से परियोजना के प्रचालन अस्थाई रूप में निलंबित हैं। इसे ध्यान में रखते हुए प्रगति पर अन्वेषण कूपों के संबंध में प्रावधान किया गया था। परियोजना के संबंध में 31 मार्च 2017 की स्थिति के अनुसार खराबी के लिए प्रावधान 2,663.39 मिलियन रूपए है (31 मार्च, 2016 की स्थिति के अनुसार 2,572.80 मिलियन रूपए)।

10.2. ब्लाक फारसी, ईरान के संबंध में अन्य साझेदारों के साथ कंसोर्टियम में कंपनी ने 25 दिसंबर, 2002 को राष्ट्रीय ईरानी तेल कंपनी (एन आई ओ सी) के साथ एक अन्वेषण सेवा संविदा (ई एस सी) की। अन्वेषणात्मक ड्रिलिंग के बाद साबित हुआ कि एफबी क्षेत्र में गैस के भंडार हैं और आगे चलकर उसका नाम बदलकर फरजाद–बी रखा गया। एनआईओसी ने फरजाद–बी के लिए 18 अगस्त, 2008 को वाणिज्यिक उत्पादन की तिथि के रूप में घोषित किया। तथापि, विकास से संबंधित संविदात्मक व्यवस्था को अभी तक अंतिम रूप नहीं दिया गया है। फारसी ब्लाक में अन्वेषण में कंपनी के निवेश के संबंध में खराबी के लिए प्रावधान किया गया है। 31 मार्च 2017 की स्थिति के अनुसार खराबी के लिए प्रावधान 2,210.91 मिलियन रूपए है (31 मार्च, 2016 की स्थिति के अनुसार 2,408.89 मिलियन रूपए)।

10.3. अधिग्रहण लागत तेल और गैस की प्रमाणित या अप्रमाणित संपत्तियों के संपत्ति या खनिज अधिकारों का अधिग्रहण करने की लागत से संबंधित है, जो इस समय अन्वेषण/विकास चरण के अधीन हैं, ऐसी लागत को परियोजना से वाणिज्यिक उत्पादन आरंभ होने पर तेल एवं गैस की परिसंपत्तियों में अंतरित किया जाएगा अथवा अन्वेषण परियोजना की समाप्ति के मामले में बट्टे खाते में डाला जाएगा।

10.4. 31 मार्च, 2017 को समाप्त वर्ष के दौरान 241.18 मिलियन रूपए की उधारी लागत को पूंजीकृत किया गया है (31 मार्च, 2016 को समाप्त वर्ष के लिए 219.95 मिलियन रूपए)। उधार ली गई निधियों पर पूंजीकरण की भारित औसत दर 2.23 प्रतिशत प्रतिवर्ष है (31 मार्च, 2016 को समाप्त वर्ष के दौरान 2.56 प्रतिशत प्रतिवर्ष)।

